आषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 जुलाई 2024
वर्ष 2, अंक 327, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ओलंपिक में एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज 17

अनुष्का ने ननद के पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन 18



**एक पेड़ मां के नाम**

लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत लाल चंदन का पौधा रोपा, इस मौके पर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना भी उपस्थित थे।

# बदलेगी मलिन बस्तियों की सूरत, बनेंगे बहुमंजिला भवन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार की योजना मलिन बस्तियों की सूरत बदलने की है। इस बदलाव में न केवल बहुमंजिला आवासीय परिसर होगा बल्कि परिसर के समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि भी होंगे। शहरी जीवन बेहतर हो, इसके मद्देनजर शहरी हरित और उद्यान विकास नीति भी तैयार की जा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुझाव दिया है कि हर नगर निगम में एक-एक मलिन बस्ती को चिन्हित कर वहां बहुमंजिला आवासीय परिसर के विकास की योजना तैयार हो। इसके समीप स्कूल, मार्केट, पार्क, आदि बुनियादी सुविधाएं रहें। यहां जो बाजार विकसित करें, उसमें इसी मलिन बस्ती के परिवार को दुकानें आवंटित करें। जो पार्क बनाएं, उसके संचालन की जिम्मेदारी भी इन्हें ही दी जाए। इस तरह चरणबद्ध रूप से प्रदेशभर में मलिन बस्तियों की तस्वीर बदल सकेगी। मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर गुरुवार को नगर विकास विभाग के साथ एक बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और तमाम भावी योजनाओं को लेकर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चिंता प्रकट की कि शहरों में वाहनों की पार्किंग एक चुनौती बन गई है।

### मुख्यमंत्री का निर्देश



- हर नगर निगम में एक मलिन बस्ती चिन्हित करें, बनाएं बहुमंजिला भवन, पास में हो बाजार, पार्क

### नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन हो

योगी के मुताबिक, शहरी आबादी में बढ़ोतरी के मद्देनजर नगरीय निकायों में कैडर पुनर्गठन की आवश्यकता है। सभी नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों की सुचारु व्यवस्था के लिए वहां पर्याप्त मैनपॉवर रहे। ईओ हो या सफाईकर्मी कहीं भी किसी की रिक्तता न हो। हर काम की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए बने विशेष केंद्र

मुख्यमंत्री ने बताया कि, राज्य में 17 नगरों को स्मार्ट सिटी को रूप में अपग्रेड किए जाने की कवायद चल रही है। हर एक योजना समय से पूरी हो, हर एक कार्य की गुणवत्ता का भौतिक सत्यापन भी कराएं। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के व्यायाम, पठन-पाठन, जलपान, चर्चा-विमर्श और बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा करने आदि के लिए विशेष केंद्र की स्थापना कराई जा रही है।

### होर्डिंग नहीं, एलईडी डिस्प्ले को दें प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा, शहरी क्षेत्रों में लगे विज्ञापन होर्डिंग न केवल नगर की सुंदरता खराब करते हैं बल्कि आए दिन दुर्घटना का कारक बन रहे हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी नगरीय क्षेत्र में किसी भवन के ऊपर होर्डिंग नहीं लगाई जानी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि होर्डिंग के स्थान पर एलईडी डिस्प्ले को स्थान दें।

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
MK TRADE MARK
बन्धानी हींग
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# हाथरस हादसे में 6 सेवादार गिरफ्तार

## गिरफ्तार सेवादारों में 2 महिलाएं शामिल, मुख्य आयोजक पर 1 लाख का इनाम

- सेवादारों का कबूलनामा, भोले बाबा की चरणरज लेने के लिए भीड़ को छोड़ा, जिसके बाद मची भगदड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** हाथरस में सत्संग के दौरान हुई भगदड़ को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मोर्चा संभालने के बाद ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गुरुवार को 6 सेवादारों की गिरफ्तारी की।

इनमें सत्संग आयोजन समिति से जुड़े चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। वहीं, पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में राम लडैते यादव (मैनपुरी), मंजू यादव (हाथरस), उपेंद्र सिंह यादव (फिरोजाबाद), मंजू देवी यादव (हाथरस), मेघ सिंह (हाथरस) और मुकेश कुमार (हाथरस) शामिल हैं। ये सभी सेवादार हैं। अभियुक्तों ने पूछताछ में कई बड़े खुलासे किए हैं।

उन्होंने श्रद्धालुओं को भोले बाबा के चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिसके बाद भगदड़ मच गई। हालात खराब देखकर ये सेवादार भाग निकले। मालूम हो कि सोमवार को घटी इस घटना में उत्तर प्रदेश के साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के कुल 121 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई थी, जिसमें अधिकांश महिलाएं शामिल हैं।

### आगरा में 17 शवों का किया गया अंतिम संस्कार, कई गांवों में नहीं जले चूल्हे



रहनकलां गांव पहुंचे केंद्रीय मंत्री बघेल ने परिजनों को बंधाया ढांढस।

**आगरा।** हाथरस में हुए मौत के सत्संग ने हर किसी को दहला दिया है। आगरा के ही 17 लोगों की हादसे में मौत हो गई और कई लोगों जिंदगी और मौत से जंग लड़ रहे हैं। अधिकांश शवों के अंतिम संस्कार कर दिए गए। कई गांवों में हादसे के बाद चूल्हे नहीं जले हैं। बुधवार को एत्मादपुर के रहनकलां में परिवारीजनों को ढांढस बंधाने के लिए केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल और सपा नेता वीरेंद्र सिंह चौहान भी पहुंचे। आगरा में सर्वाधिक मौत एत्मादपुर क्षेत्र में हुई है। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि इस मामले में सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

### महिला-पुरुष सेवादारों को मिलती है कमांडो ड्रेस

कार्यक्रम के आयोजन के लिए इन लोगों को विभिन्न प्रकार की वर्दी दी गई है। भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा के लिए महिलाओं एवं पुरुषों को काले रंग की कमांडो ड्रेस व एकरूपता के लिए पिंक ड्रेस भी दी जाती है, जिससे वो भीड़ को अपने हिसाब से नियंत्रित कर सकें।

### भीड़ और चंदा इकट्ठा करना था सेवादारों का काम

अलीगढ़ मंडल के आईजी शलभ माथुर ने बताया कि अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया है कि वे आयोजन समिति के सदस्य हैं एवं सेवादार के रूप में कार्य करते हैं। इनका मुख्य कार्य सत्संग कमेटी में भीड़ इकट्ठा करना और चंदा इकट्ठा करना है। साथ ही ये बैरिकेटिंग द्वारा भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं को धूप व गर्मी से बचाने के लिए पंडाल की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर खड़ंजा, बिजली की आपूर्ति हेतु जेनरेटर की व्यवस्था, सफाई इत्यादि की व्यवस्था भी करते हैं।

### अनियंत्रित भीड़ को छोड़कर भाग निकले सेवादार

पूछताछ में यह जानकारी भी सामने आई कि बाबा के अनुयायियों में बाबा के बारे में काफी मान्यताएं हैं। बाबा के चरणरज से बहुत सारे संकट दूर हो जाते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया है कि हम लोग बाबा के काफिले को भीड़ के बीच से निकालने के लिए आगे व पीछे दौड़ते हैं। उस दिन भी बाबा की चरणरज के लिए भीड़ गाड़ी के पास आई तो सेवादारों ने भीड़ को रोका और जैसे ही काफिला आगे निकल गया तो सेवादारों ने भीड़ को चरणरज लेने के लिए अनियंत्रित छोड़ दिया, जिससे वहां पर महिलाएं व बच्चे एक-दूसरे के ऊपर गिरने लगे और अफरा-तफरी मच गई। यह देखकर सेवादार वहां से जल्दी निकल गए। विवेचना में यह भी प्रकाश में आया है कि यह लोग पुलिस प्रशासन को आयोजन की फोटो, वीडियो बनाने से रोकते थे एवं उनके साथ अभद्रता करते थे। पुलिस द्वारा ये भी विवेचना की जा रही है कि इन सेवादारों में से किसी के द्वारा कोई आपराधिक साजिश तो नहीं की गई है।

**बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात हुआ हादसा**

# झोपड़ी पर पलटा ट्रक मां व दो बेटों की मौत

- पुलिस ने ट्रक को क्रेन से उठवाकर निकाले तीनों के शव

संवाददाता बांगरमऊ (उन्नाव)

**अमृत विचार :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात चावल से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़ी पर पलट गया। इससे ट्रक के नीचे दबकर मां और दो बेटों की मौत हो गई। बाद में पुलिस ने ट्रक को क्रेन से सीधा कराया और तीनों शव निकाले। हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया।

बेहटा मुजावर में बांगरमऊ-संडीला रोड स्थित पुराना पुलिस थाना भवन के पास गांव की सरला झोपड़ी में मिठाई व नमकीन आदि की दुकान चलाकर अपने दो बच्चों का भरण-पोषण करती थी। बुधवार देर रात सरला बच्चों विक्की (13) व करन (15) के साथ झोपड़ी में सो रही थी। देररात करीब डेढ़ बजे संडीला जा रहा चावल से लदा ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर झोपड़ी पर पलट गया। इसमें मां व उसके दोनों बेटे ट्रक के नीचे दब गए। घटना की सूचना पर सीओ अरविंद कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और क्रेन से पलटे ट्रक को सीधा कराया। तब तक मां व उसके दोनों बेटों की मौत हो चुकी थी। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला। सीओ ने बताया कि ट्रक कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।




सरला, करन और विक्की।



झोपड़ी पर पलटा ट्रक।

### आडवाणी को अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिली



**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को गुरुवार शाम यहां अपोलो अस्पताल से छुट्टी मिल गई। आडवाणी (96) को बुधवार को अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# हेमंत सोरेन बने झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री

रांची, एजेंसी



- राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने दिलाई शपथ

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने गुरुवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। झारखंड के राज्यपाल सीपी. राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन, उनकी मां रूपी सोरेन, पत्नी कल्पना सोरेन तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा की अगुवाई वाले गठबंधन के वरिष्ठ नेता भी शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित थे। बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले चंपई सोरेन भी इस अवसर पर मौजूद थे। हेमंत सोरेन को झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में जमानत दिए जाने के बाद 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया था।

# नीट-यूजी रद नहीं करने की सुप्रीम कोर्ट में अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

- 50 से अधिक सफल अभ्यर्थियों ने दाखिल की याचिका

नीट-यूजी में सफल हुए गुजरात के 50 से अधिक परीक्षार्थियों ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर केंद्र व एनटीए को पांच मई को हुई परीक्षा रद नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। उन्होंने शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों में शामिल छात्रों तथा अन्य लोगों की जांच व पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देने की भी मांग की है। गुजरात के 56 छात्रों ने यह याचिका ऐसे समय में दायर की है, जब कुछ ही दिन पहले मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। इन याचिकाओं में दोबारा परीक्षा कराने और पहले हुई परीक्षा की जांच की मांग की है।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी का आयोजन करती है। इस साल पांच मई को 4,750 केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी।

# प्रधानमंत्री से मिली टीम इंडिया, मोदी बोले-शाबाश मेरे शेरों...



**नई दिल्ली।** टी-20 विश्वकप जीतने के बाद गुरुवार को सुबह स्वदेश लौटी भारतीय क्रिकेट टीम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने प्रधानमंत्री को नमो वन की जर्सी भेंट की। रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम के सदस्य टी-20 ट्रॉफी के साथ मोदी से जोश और उत्साह से मिले। प्रधानमंत्री ने टीम को भारत की झोली में एक और ट्रॉफी डालने के लिए शाबासी दी। खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट के अपने अनुभव साझा किए और हंसी मजाक करते दिखे।

# बिहार के सारण में एक और पुल ढहा

पटना, एजेंसी

बिहार के सारण जिले में गुरुवार को एक और पुल गिर गया जो राज्य में पिछले एक पखवाड़े में पुल ढहने की 10वीं घटना है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि यह पिछले 24 घंटे के भीतर सारण में पुल ढहने की तीसरी घटना है। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पूर्व स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाया गया पुल गुरुवार सुबह गिर गया जिसमें किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उच्च स्तरीय जांच के निर्देश दिए गए हैं। गंडकी नदी पर बनयपुर प्रखंड में बना यह छोटा पुल सारण के कई गांवों को पड़ोसी सिवान जिले से जोड़ता था। इसका निर्माण 15 साल पहले हुआ था। बुधवार को सारण जिले में जनता बाजार क्षेत्र और लहलादपुर क्षेत्र में दो छोटे पुल ढह गए थे। सिवान, सारण, मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जिलों में पिछले 16 दिन में 10 पुल ढह गए हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य में सभी पुराने पुलों का सर्वेक्षण करने तथा तत्काल मरम्मत की जरूरत वाले पुलों की पहचान करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। पुलों के लिए रखरखाव नीति भी तैयार करने को कहा है। उधर, राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि राज्य में 18 जून से अब तक 12 पुल गिर चुके हैं...प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दोनों ही इन घटनाओं पर चुप हैं।

### राज्य में एक पखवाड़े के भीतर यह 10वीं घटना

### सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल कर बिहार सरकार को पुलों का संरचनात्मक ऑडिट कराने तथा एक विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है ताकि उन पुलों की पहचान की जा सके जिन्हें या तो मजबूत किया जा सकता है या जिन्हें गिराया जाना चाहिए। अधिवक्ता ब्रजेश सिंह की ओर से दाखिल जनहित याचिका में राज्य के पुलों की सुरक्षा तथा मजबूती को लेकर चिंता व्यक्त की गई है।

# चिंता का सबब : मानसून शुरू होते ही दरकने लगे हैं पहाड़

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** जर्जर होते पर्वत मानसून की शुरुआत में ही दरकने लगे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस बार पहाड़ों से मलबा शुरुआती दौर में ही अधिक संख्या में आया है। नैनीताल को जोड़ने वाले वाले तीनों राज मार्गों पर दर्जनों जगहों पर बोल्डर व मलबा आने का क्रम कुछ दिनों से जारी है। यह बड़ी चिंता का विषय है।

राज्य में 28 जून को मानसून ने दस्तक दे दी थी। तब से रोजाना बारिश का क्रम जारी है। हल्द्वानी, कालाढुंगी व भवाली मार्ग में तमाम जगहों पर निरंतर मलबा सड़कों पर आ रहा है। गंभीर बात है कि गत वर्षों की तुलना में इस बार मलबा काफी अधिक आ रहा है। मलबा आना स्वभाविक हो सकता है, लेकिन बोल्डरों का गिरना गंभीर है। बोल्डरों के ऊपर पहाड़ टिके होते हैं। इनके लगातार गिरने से पहाड़ों के मजबूती से टिके रह पाना मुश्किल हो जाता है और यह आपदा चिंता का बड़ा कारण है। जिसे लेकर चर्चा आम हो चली है। बोल्डरों के खिसकने का वैज्ञानिक कारणों का आज भी पुख्ता जानकारी का अभाव बना हुआ है। हालांकि माना जाता है कि जंगलों की आग पहाड़ों को कमजोर बना देती है। जिस कारण बरसात होते ही भूस्खलन होने लगता है। वहीं, ग्रीष्म सीजन में पहाड़ों में वाहनों का अत्यधिक दबाव भी अब बढ़ने लगा है, जिससे पहाड़ों से बोल्डरों व मलबा के गिरने का क्रम निरंतर बढ़ रहा है।

### ग्रीष्म सीजन में वाहनों के अत्यधिक दबाव व कंपन के भूगर्भीय अध्ययन की जरूरत



- तीन राजमार्गों पर दर्जनों स्थानों पर गिरे बोल्डर व मलबा

### अत्यधिक वाहनों का कंपन हो सकता है बड़ा कारण

पहाड़ों में आने वाले बड़ी संख्या में वाहनों के कारण पहाड़ों में कंपन होना स्वाभाविक है। नैनीताल में इस बार ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन के दौरान पिछले तीन माह के दौरान एक लाख से अधिक वाहन पहुंचे। इतनी बड़ी संख्या में आए वाहनों से अत्यधिक कंपन पहाड़ों को झेलना पड़ा है और जिस कारण इस बार बरसात शुरू होते ही मलबा के अलावा बोल्डर गिरने में वृद्धि होना संभव है।

### शोध के बाद ही पता चल सकेगा पहाड़ों के दरकने का कारण

डीएसबी परिसर के भूगर्भ विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो सीसी पंत कहते हैं कि पहाड़ों में आने वाले वाहनों से होने वाले कंपन का अभी तक भूगर्भीय दृष्टि से अध्यन नहीं हुआ है। जिस कारण वाहनों द्वारा कंपन से पहाड़ों को होने वाले नुकसान के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इस दिशा में शोध के बाद ही सही पता चल पाएगा। उन्होंने इस संदर्भ में शोध किए जाने की आवश्यकता जताई।

## एक नजर

### शारदा सहायक नहर में मिली लापता युवक की लाश

**रुदौली, अयोध्या।** कोतवाली के ग्राम ऐहार से बुधवार को तीन जुलाई लापता युवक शुभम रावत पुत्र जगत लाल की लाश कोतवाली रौनाही के पिरखौली गांव के निकट शारदा सहायक नहर में पाई गई है। चौकी प्रभारी एसएन सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### आरक्षित भूमि पर बनी दीवार ढहाई

**रुदौली, अयोध्या।** तहसील के ग्राम रौजागांव में ग्राम सभा की नवीन परती की आरक्षित भूमि पर बनाई गई अवैध दीवार गुरुवार को गिरा दी गई। उप जिलाधिकारी प्रवीण यादव ने बताया की तहसील के ग्राम रौजागांव की नवीन परती पर संतोष कुमार यादव निवासी बैनामा का पुरवा मजरे रौजागांव में कब्जा करने के लिए दीवार बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। तहसीलदार राजेश वर्मा और नायब तहसीलदार रेशू जैन ने पुलिस टीम के साथ अवैध निर्माण गिरवा दिया है।

# गुम हो रहा उत्तर प्रदेश का राजकीय पुष्प पलाश

**वनीकरण में मिले जगह, चाहते हैं प्रकृति के प्रेमी व वैद्य**

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश का राजकीय पुष्प पलाश बाग-बगीचों और जंगलों से गुम हो रहा है। यह औषधीय गुणों की खान है। पलाश का पेड़ 94 प्रजातियों के पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। मांग कम होने के कारण नर्सरियों में भी यह न के बराबर है। प्रकृति प्रेमी और वैद्य चाहते हैं कि संरक्षण के लिए वनीकरण में इसको स्थान दिया जाए। इसका संरक्षण किया जाना चाहिए।



**94**
**प्रजातियों के पक्षियों को आकर्षित करता है पलाश का पेड़**

कवियों और साहित्यकारों ने पलाश को प्रतीकों में प्रयोग किया। टेसू के फूल ने कविताओं का आकर्षण बढ़ाया। कभी यह आम लोगों की पहली पंसद का फूल हुआ करता था। इसे टेसू, ढाक, छूल, परसा आदि नामों से भी जाना जाता है। उतराखंड बनने के बाद ब्रह्मकमल के स्थान पर पलाश को यूपी का राज्य पुष्प घोषित किया गया, लेकिन अब यह बाग-बगीचों और जंगलों से गुम हो रहा है।

अयोध्या, पलाश के पेड़ों से समृद्ध था। जगह-जगह इसके बड़े-बड़े पेड़ मिलते थे। मंदिरों और घरों में पूजा पाठ में इसका प्रयोग होता था। गांव में इसके दातून से ही लोगों की सुबह होती थी। औषधियों के रूप में प्रयोग किए जाने की परंपरा रही। लेकिन अब इसे खोजना पड़ रहा है। वन विभाग की नर्सरियों में भी यह न के बराबर है। विभाग के लोग कहते हैं कि इसकी मांग न होने के कारण इसके पौधे तैयार नहीं किए जाते। वह दिन दूर नहीं है आम लोगों के दिलों पर राज करने वाला राज्य पुष्प पलाश खोजे से भी नहीं मिलेगा। इसके संरक्षण की जरूरत है।

### पलाश का छाल, गोंद, फूल सभी में औषधीय गुण

वैद्य डॉ. हरीश सिंह बताते हैं कि पलाश के पेड़ की छाल, गोंद, फूल सभी में औषधीय गुण पाए जाते हैं। यह औषधीय गुणों की खान है। यह त्वचा रोग, मूत्र रोग, ज्वर नाशक सहित कई अन्य बीमारियों के इलाज में प्रयोग किया जाता है। छाल, गोंद स्तंभन, बीज और छाल प्रमेह रोग, बीज रक्त शोधन के साथ बच्चों में कृमि नाशक के साथ इसका फूल पेशाब कम होने या जलन रोकने के लिए प्रयोग किया जाता है। इसी तरह कई अन्य बीमारियों में इसका प्रयोग दूसरी दवाओं के साथ किया जाता है लेकिन यह एक जानकार वैद्य के संरक्षण में ही करना चाहिए। वह इसके संरक्षण की बात भी करते हैं।

### वनीकरण में मिले जगह, किया जाए जाए संरक्षण

गोरैया संरक्षण के लिए निशुल्क घोसला वितरण और पौधरोपण कराने वाले प्रकृति प्रेमी आचार्य शिवेंद्र कहते हैं कि पक्षियों के संरक्षण और भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद की मजबूती बनाए रखने के लिए पौधरोपण में पलाश को भी रोपित किया जाए तो बेहतर होगा। वह स्वयं भी अब इसके संरक्षण के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि पौधरोपण में पलाश को स्थान मिले, इसके संरक्षण की व्यवस्था हो।

### पक्षियों को अपनी ओर करता है आकर्षित

प्रकृति प्रेमी व पर्यावरण पर काम करने वाले प्रदीप त्रिपाठी बताते हैं कि पलाश का पेड़ पक्षियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। गोल्डन सनबर्ग, कोयल, छोटे छोटे बाई, हमिंग बर्ड जैसे 94 प्रजातियों के पक्षी इसकी ओर आकर्षित होते हैं। पक्षी इस पेड़ पर घोंसले बनाना और आराम करना ज्यादा पंसद करते हैं।

> पौधरोपण के लिए लोग इसकी मांग कम करते हैं। पौधरोपण में भी इसे नहीं लगाया जाता। बावजूद इसके जिले की 26 में आधी नर्सरियों में कुछ न कुछ पलाश के पौधे डाले गए हैं। -केएन सुधीर, एसडीओ, वन विभाग।

### आम महोत्सव 12 से 14 जुलाई तक, प्रतिभाग करें किसान

**अयोध्या। अमृत विचार:** लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम अवध बिहार योजना, सेक्टर-नौ, अमर शहीद पथ में 12 से 14 जुलाई तक आम महोत्सव का आयोजन होगा। इसमें विभिन्न प्रकार की आम के प्रजातियों के प्रदर्शन के साथ आम की उन्नतिशील तकनीक की जानकारी विषय विशेषज्ञों देंगे। जिले के कृषकों को आम महोत्सव में भाग लेने के लिए 11 जुलाई को 10 बजे पहुंचना होगा। उसी दिन मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें आम उत्पादक कृषकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी दिया जाएगा। उद्यान विभाग से 13 जुलाई को ले जाने के लिए साधन की व्यवस्था की जा रही है। अधिक जानकारी के लिए उद्यान निरीक्षक आरके वर्मा के मो.न. 9415061225 और कार्य अवधि में कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।



# सड़क चौड़ीकरण : अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर

## उप जिलाधिकारी की मौजूदगी में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** चौड़ीकरण हो रहे रौनाही ड्योढ़ी बाजार मार्ग पर निर्माण की चपेट में आ रही अवैध रूप से बनी दुकानों और मकानों के ध्वस्तीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग ने उपजिला अधिकारी की मौजूदगी में गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

अभियान में दो दुकानों का ही ध्वस्तीकरण हो पाया। पीड़ित परिवारों के सैकड़ों लोगों ने विरोध जताया और अपना अतिक्रमण हटा लेने का भरोसा दिया। इस पर प्रशासन ने अभियान रोक कर चेतावनी देते हुए दो दिन की मोहलत दी है। लगभग नौ किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण में गत सप्ताह प्रशासन ने रौनाही पड़ाव से शेखपुर गांव तक अभियान चलाया था। दोनों तरफ 50 से ज्यादा दुकानों को हटाया था। दूसरे चरण में गुरुवार का दिन ड्योढ़ी बाजार के लिए तय किया गया था जिसे लेकर गुरुवार को अभियान चलाया गया।



चौड़ीकरण को लेकर अतिक्रमण हटाती जेसीबी व मौजूद पुलिसकर्मी।



सोहावल में अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान एसडीएम।

> निर्धारित दूरी बीचों बीच सड़क से साढ़े चार मीटर की चपेट में आ रहीं दुकानों के अतिक्रमण को स्वयं हटा लेने के लिए अतिक्रमण करने वालों को दो दिन का समय दिया गया है। रविवार को फिर अभियान की शुरुआत होगी। - अशोक कुमार सैनी, उपजिलाधिकारी

## ओवरब्रिज का सर्विस रोड बंद होने से परेशानी

**अमृत विचार:** निर्माण के चलते सहादतगंज ओवरब्रिज का सर्विस रोड बंद कर दिया गया। आने जाने वाले राहगीर अब परेशान है। उन्हें दो किमी. घूमकर जाना पड़ रहा है। परेशान बारिश के कारण भी ज्यादा है।

सहादतगंज में एक लेन ओवरब्रिज का निर्माण पहले से हो रहा है। अयोध्या से लखनऊ लेन इसके कारण पहले ही बंद की जा चुकी है। शहर से लखनऊ जाने वाले लोगों को सहादतगंज ओवरब्रिज से पीछे लौट एक अंडरपास से गुजारा जा रहा है। इसके कारण निर्माण स्थल के पास सर्विस रोड पर अक्सर वाहनों की लंबी कतार के कारण जाम की स्थिति बनती है।

अब लखनऊ से अयोध्या की ओर आने वाले ओवरब्रिज के सर्विस लेन को बंद कर दिया गया। इस पर आरसीसी की सड़क का निर्माण का काम शुरू कर दिया गया। निर्माण के चलते चार-पांच दिन से आने जाने वाले परेशान हैं। चार पहिया के साथ दो पहिया वाहन भी इधर से नहीं जा पा रहे हैं। परेशानी निर्माण से नहीं बल्कि दो कारणों से है एक तो सर्विस रोड बंद होने से दो किमी. घूमकर फिर राम पथ पर आ सकते हैं। दूसरी बारिश के समय को ही इसके लिए चुना गया। बारिश में वैसे भी लोगों को दिक्कत होती है। ऐसे में सर्विस रोड बंद होने से लोगों को भारी दिक्कत हो रही है। राहगीर अजय कुमार ने कहा कि बारिश के समय इसे बंद करने से ज्यादा दिक्कत हो रही है। संतोष कुमार ने कहा कि ओवरब्रिज की दूसरी लेन बनने के बाद इसको दुरुस्त किया जाना चाहिए था। निर्माण कराने वाले यहां मौजूद लोगों का कहना था कि उम्मीद थी कि दो ही दिन में काम पूरा हो जाएगा लेकिन बारिश के कारण देर हुई।



सहादतगंज ओवरब्रिज के पास बंद सर्विस रोड। अमृत विचार

## बर्बाद हुए 10 हजार बोरी आलू की पूंजी पर संकट

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** पखवारा भर पहले गैस रिसाव से ब्लास्ट हुए नूर कोल्ड स्टोर जगनपुर में जमा आलू किसानों की जमा पूंजी पर संकट खड़ा हो गया है। स्टोर में नष्ट हुई आलू की भरपाई में स्टोर मालिक ने 300 रुपये बोरी का रेट खोला है तो बीमा कंपनी प्रति बोरी 250 से ज्यादा देने को तैयार नहीं है।



ब्लास्ट के बाद ढही कोल्ड स्टोरेज की दीवार (फाइल फोटो)

**कोल्ड स्टोरेज में ब्लास्ट का मामला, 60 हजार बोरी थी जमा**

19 जून को धराशाई हुए इस स्टोर में 60 हजार बोरी से ज्यादा आलू हजारों किसानों ने जमा कराया था। स्टोर गिरने से किसानों का लगभग 10 हजार बोरी आलू बिखर कर गर्मी और पानी से सड़ गया। इसे स्टोर संचालकों को सड़क किनारे फेंकना पड़ा। आलू को लेकर चिंतित किसानों की सुनने वाला अब तक कोई सामने नही आया। मजबूर कुछ किसानों में से अब तक 30 फीसदी से ज्यादा ने स्टोर से ही औने पौने बेच कर अपनी जमा पूंजी निकाल ली है। स्टोर प्रबंधक फरीद अहमद ने बताया 12000 बोरी आलू दूसरे दिन ही अन्य स्टोर में जमा करा दिया है। जिन किसानों का आलू नष्ट हुआ है उन्हें राहत के तौर पर प्रबंधन 300 रुपये बोरी कीमत मौके पर दे रहा है। बीमा कंपनी ओरियंटल इंश्योरेंस से प्रति कुंतल 750 रुपये का बीमा होता है। यह 250 प्रति बोरी से ज्यादा देने को तैयार नहीं है। उन्होंने बताया कि किसान चाहें तो वह क्लेम के लिए दावा कर सकते है। स्टोरेज प्रबंधन किसानों की पूरी मदद करेगा।

# जीर्णोद्धार के बाद बदल गया पौराणिक विद्याकुंड

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम नगरी में मणि पर्वत के पूर्व दिशा में स्थित पौराणिक पर्यटन स्थल विद्याकुंड का लुक जीर्णोद्धार के बाद बदल गया। यहां पर्यटन सुविधाएं विकसित की जा रही है। लगभग 90 फीसदी काम पूरा हो गया है।



मणि पर्वत के पास स्थित विद्याकुंड। अमृत विचार

इस पर्यटन स्थल पर श्रद्धालु पर्यटकों के लिए विश्राम गृह, टॉयलेट ब्लॉक छतरी, बेंच सहित कुंड, बाउण्ड्रीवाल, स्तम्भ, गेट, साइनेज बोर्ड के साथ कुण्ड पर फ्लोटिंग एवं लाइटिंग सहित अन्य काम समाप्ति के स्तर पर है। काम पूरा होने के बाद इसका आकर्षण और बढ़ने की उम्मीद है। यह अयोध्या के 84 कोसी परिधि में एडवर्ड से सन् 1901 ई. में लगाया गया शिलालेख 54 नंबर का है। अयोध्या महात्म के अनुसार विद्याकुंड के दक्षिणी तट पर स्थित विद्या देवी के दर्शनर से पहले श्रद्धालु इसी कुंड में स्नान करते है। इसी करण इस कुंड का नाम विद्याकुंड पड़ा। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने गुरुवार को बताया कि अयोध्या धाम के ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व और विभिन्न ग्रंथों में उल्लिखित कुंडों, भवनों, मठ-मंदिरों आदि को चरणबद्ध तरीके से सजाने-संवारने के लिए जीर्णोद्धार और जन सुविधाओं के विकास कराया जा रहा है। उनमे से एक विद्याकुंड भी है।

## सरकारी अस्पतालों को बलगम परीक्षण व ओपीडी बढ़ाने के निर्देश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** जिला स्वास्थ्य समिति ने जिले के सभी चिकित्सालयों को अधिक से अधिक बलगम परीक्षण व ओपीडी बढ़ा पीटीआर में इजाफा करने के लिए निर्देशित किया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला ने बताया कि समिति की तरफ से जिला चिकित्सालय, महिला चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, 100 शैय्या चिकित्सालय कुमारगंज, श्रीराम चिकित्सालय एवं समस्त अधीक्षक को इसका आदेश दिया गया है। टीबी नोटीफिकेशन स्टेट द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप पाया गया कि स्टेट द्वारा निर्धारित मानक 100 प्रतिशत के सापेक्ष जनपद की उपलब्धि 100 प्रतिशत है, जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन, खंडासा, हैरिंग्टनगंज, मिल्कीपुर व अन्य टीबी यूनिट को मानक से बहुत कम पाया गया है। सभी अधीक्षक को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने नोटिफिकेशन मानक के अनुरूप कार्य करें। डॉ. संदीप शुक्ला ने बताया कि एचआईवी स्टेट द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। इसके अलावा यूडीएसटी स्टेट द्वारा निर्धारित मानक, आउटकम के लिए भी अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है।

**जिला स्वास्थ्य समिति ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को किया निर्देशित**

# किसान सम्मान निधि के लिए आठ से कराएं रजिस्ट्री

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले मे पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त नई व्यवस्था के तहत किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। शासन ने इसके लिए किसान रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी है। जिले में रजिस्ट्री का कार्य आठ जुलाई से शुरू हो जाएगा। जो 30 सितंबर तक चलेगा। किसान रजिस्ट्री न कराने पर सम्मान निधि या सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य सुविधाएं रुक सकती हैं।

जिला कृषि अधिकारी अयोध्या ओपी मिश्रा ने गुरुवार को बताया की यह एक बुनियादी रजिस्ट्री होगी। जिसमें किसानों का पूरा विवरण दर्ज होगा। किसान रजिस्ट्री, किसानों का डिजिटल डाटा बेस होगा। इसमें किसान की यूनीक आईडी बनाई जाएगी। इसके लिए खसरा खतौनी में दर्ज अभिलेख का उपयोग किया जाएगा। नई व्यवस्था के अनुसार यदि कोई किसान या उसका परिवार किसान रजिस्ट्री अभियान के तहत अपना नाम दर्ज नहीं कराता है, तो उसे भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। यही नहीं एक बार डाटा तैयार होने के बाद भविष्य में किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए अलग से सत्यापन नहीं कराना होगा। इस कार्य में राजस्व विभाग के लेखपाल, कृषि विभाग तकनीकी सहायक, उद्यान विभाग के कर्मचारियों का सहयोग लिया जाएगा।




**किसानों का डिजिटल डाटा बेस किया जाना है तैयार**

## सार-संक्षेप



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

### राहुल की फोटो जलाने का विरोध, सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की फोटो वाराणसी में प्रदेश अध्यक्ष के पुश्तैनी घर के सामने जलाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। डीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। पार्टी कार्यालय के पास हुए प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा के नकली हिन्दुत्व का पर्दाफाश किया, भ्रष्टाचार सहित नीट, यूजीसी की परीक्षा में अनियमितता और पेपर लीक का मामला उठाया। झूठ का खुलासा देख भाजपाई तिलमिला गए। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह, एआईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला व पीसीसी राजेंद्र प्रताप सिंह ने नेता की फोटो जलाने की घटना की निंदा की। इस मौके पर जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम, महिला जिलाध्यक्ष रेनू राय, पीसीसी उग्रसेन, राम अवध, रामसागर, मोहम्मद आरिफ आदि मौजूद रहे।

### राम की पैड़ी पर मियावाकी विधि से पौधरोपण

**अयोध्या। अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को राम की पैड़ी पर मियावाकी विधि से पौधरोपण किया गया। जिसमें लगभग 250 पौधे रोपित किए गए। नगर निगम की सहायक संस्था डिवाइन व नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा जागरुकता रैली का संचालन करते हुए कपड़े के थैलों का वितरण आम जन मानस को किया गया। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक की थैली का उपयोग न करने का अनुरोध किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह ने की। सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार गुप्ता, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार झा, सफाई निरीक्षक विजयेन्द्र वर्मा व स्वच्छ भारत मिशन टीम ने उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।



पौधरोपण करते अपर नगर आयुक्त अनिल सिंह।

### मानव जीवन का आधार पेड़-पौधे : रोली

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह एवं उनके प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने गुरुवार को सरायरासी में बने अमृतसर सरोवर पर एक पेड़ मां के नाम वन महोत्सव में पौधरोपण करके लोगों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधे धरती का श्रृंगार एवं मानव जीवन का आधार है। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि पौधरोपण अवश्य करें और धरा को समृद्ध बनाने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर प्रभारी दिनेश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल, मण्डल अध्यक्ष वरुण चौधरी, महामंत्री राजेश पाठक, शीतला प्रसाद सिंह, योगेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान सराय राशि आदि मौजूद रहे।



पौधरोपण करतीं जिपं अध्यक्ष रोली सिंह।

## प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ चलाया जाएगा अभियान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नगर निगम के अधिकारियों के साथ नाला सफाई, संचारी रोग नियंत्रण, वन महोत्सव, प्लास्टिक उन्मूलन महाभियान समेत अन्य विषयों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की। बैठक के दौरान नगर निगम सीमान्तर्गत 15 दिनों में मुख्य मार्गों, फुटपाथों, राजकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, सर्विस लेन आदि पर विशेष सफाई अभियान चलाने व अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि 15 दिन के अंदर जोनल अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के अन्तर्गत प्रतिबन्धित पॉलीथिन के विरुद्ध, अवैध होर्डिंगों को भी हटवाने व नालों पर किये गये अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जायेगी। इस संबंध में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त समस्त अपर नगर आयुक्त/वरिष्ठ प्रभारी को दैनिक रूप से एक-एक वार्ड का भ्रमण करने व क्षेत्रीय पार्षद से समन्वय स्थापित करते हुए जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये हैं। अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय, वागीश कुमार शुक्ला, अनिल कुमार सिंह व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**बैठक**

**नगर निगम के अधिकारियों को 15 दिन तक अभियान चलाने के निर्देश**



**नंदीग्राम महोत्सव** | 22 से 31 अक्टूबर तक रहेगी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

# महोत्सव में दिखेगी भरत के तप की जीवंत झलक

मसौधा, अयोध्या

**अमृत विचार :** भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम भरतकुंड पर होने वाले नौ दिवसीय नंदीग्राम महोत्सव में भरत के तप की जीवंत झलक दिखाने की तैयारी है। इसके लिए अयोध्या ही नहीं आसपास के तमाम पर्यटन केंद्रों व धार्मिक स्थलों के जाने-माने कलाकार बुलाये जा रहे हैं।

अयोध्या छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास जी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास जी की अगुवाई में बुधवार देर शाम भरतकुंड के भरत हनुमान मिलन मंदिर परिसर में बैठक हुई। इसमें यह भी निर्णय लिया गया कि इस बार विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा ऐसे कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही साथ हजारों महिलाओं का दुरदुरिया पूजन, 21 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ कलश यात्रा के साथ 1100 महिलाओं द्वारा जटा कुंड, शत्रुघ्न कुंड को समेटते हुए समूचे भरतकुंड परिसर की परिक्रमा कर अयोध्या होते हुए भरत हनुमान मिलन मंदिर परिसर में प्राचीन दक्षिण मुखी भरत गुफा पर होगी। महंत कमलनयन दास जी ने कहा कि प्रेम और त्याग की प्रतिमूर्ति भरत जी की तपस्या पर आधारित नंदीग्राम महोत्सव में सभी को बढ़ चढ़कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। कहा कि महोत्सव में ही यहां श्री कमलनयन दास महर्षि वेद वेदांग विद्यापीठ विद्यालय शुरू करने से आसपास के दिव्यांग छात्रों का भी सर्वांगीण विकास होगा।

बैठक में भरत हनुमान मिलन मंदिर के महंत परमात्मा दास ने महंत कमलनयन दास का आरती उतार और माल्यार्पण कर स्वागत किया। नंदीग्राम महोत्सव के अध्यक्ष रमाकांत पांडेय, सुनील पांडेय, राकेश मिश्र, योगेश तिवारी, लक्ष्मी सिंह, सूर्यकांत आदि मौजूद रहे।



नंदीग्राम महोत्सव को लेकर आयोजित बैठक में मौजूद संत-महंत।

### इस वर्ष 22 से 31 अक्टूबर तक चलेगा महोत्सव

इस वर्ष 22 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले नौ दिवसीय नंदीग्राम महोत्सव में सिर पर कलश लेकर 1100 मातृशक्तियाँ प्राचीन दक्षिण मुखी भरतगुफा नंदीग्राम से अयोध्या सरयू का जल लाने के लिए कलश यात्रा में शामिल होंगी। कुशवाहा समाज द्वारा नंदीग्राम महोत्सव में ही भव्य लव और कुश की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा, श्री राम कथा, दीप महोत्सव, विराट संत समागम, अखिल भारतीय स्तर का कवि सम्मेलन, भजन संध्या और संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश शासन, उत्तर मध्य क्षेत्र संस्कृति केंद्र और अयोध्या शोध संस्थान द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि विश्व कल्याणार्थ श्री राम चरित मानस महायज्ञ 21 कुंडीय होगा।

**आज का मौसम**

आगामी 24 घंटे में बादल छाए रहने एवं हल्की बारिश होने की संभावना है।

33.0⁰ अधिकतम तापमान | 25.5⁰ न्यूनतम तापमान

## एक नजर

### श्रम सम्मान योजना के आवेदन पत्रों की जांच पांच को

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना

**अयोध्या। अमृत विचार :** विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 में अयोध्या के लिए बढ़ई, नाई, कुम्हार, लोहार, राज मिस्त्री, हलवाई, धोबी, ट्रेड में भौतिक लक्ष्य आवंटित किया गया है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष-2024-25 के लिए जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन-पत्र ऑनलाइन भरें गये है। उनका सत्यापन पांच जुलाई को को 11 से शाम बजे तक जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, गद्दोपुर में होगा। उपायुक्त उद्योग अमरेश पांडेय ने बताया कि ट्रेडो के आवेदक अपने मूल प्रमाण-पत्र के साथ इस तिथि पर समय उपस्थित हों।

### संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली के पौशाला के काम्प्लेक्स के बेसमेंट में संदिग्ध हालात में ग्राम कसारी थाना बाबा बाजार निवासी दिनेश (35) पुत्र सरजू का शव पड़ा मिला। शव के पास एक पिट्ठू बैग मिला है( जिसमें कुछ कपड़े वगैरह मौजूद थे। मृतक के परिजनों ने बताया कि युवक दिल्ली में रहता था। इस समय घर आया था। उसके दिल्ली जाने की जिद पर परिजन उसे रुदौली तक छोड़कर वापस चले गए थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# नहीं उड़ा हेलीकॉप्टर, लागत न निकलने पर पैराग्लाइडिंग बंद

## अयोध्या-लखनऊ के बीच प्राण प्रतिष्ठा से हवाई सेवा शुरू करने का हुआ था दावा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले लखनऊ-अयोध्या के बीच हेलीकॉप्टर सेवा घोषणा के छह माह बाद भी न शुरू हो सकी। उधर, पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बालू घाट पर शुरू कराई गई पैराग्लाइडिंग खर्चा न निकल पाने की वजह से बंद हो गई। कंपनी अपना बोरिया-बिस्तर बांधकर निकल गई। यही हाल सरयू तट पर आए कुछ क्रूज व स्टीमर बोट का भी रहा है।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर 2023 को महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। इसके बाद यहां कई एयरलाइन कंपनियों ने अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दी थी। 22 जनवरी को समारोह से पहले 19 जनवरी को लखनऊ से अयोध्या के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने का एलान किया गया था। बीच में कुछ कारणों से यह कार्यक्रम टल गया था। इसके बाद प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के बाद हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने के दावे हुए थे। 22 जनवरी को समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ समेत उद्योग, फिल्म व राजनीति जगत की तमाम नामचीन हस्तियां शामिल हुई थीं। कार्यक्रम के समापन के एक दिन बाद आम श्रद्धालुओं के दर्शन का सिलसिला शुरू हुआ, लेकिन हेलीकॉप्टर सेवा अभी तक नहीं शुरू हो पाई।



पैराग्लाइडिंग का मंडलायुक्त गौरव दयाल व एडीए के तत्कालीन उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने किया था उद्घाटन (फाइल फोटो)

- पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किया गया था एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब का गठन
- सरयू के बालू घाट पर एक साल पहले पॉवर पैराग्लाइडिंग की हुई थी शुरुआत

### 30 से 40 मिनट में लखनऊ से अयोध्या

लखनऊ से अयोध्या की दूरी को कम करने के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू करने की बात कही गई थी। बताया गया था कि छह हेलीकॉप्टरों की व्यवस्था होगी, जिसमें तीन लखनऊ से और तीन अयोध्या से उड़ान भरेंगे। उस दौरान सूचना विभाग की ओर से जारी एक बयान में कहा गया था कि लखनऊ के रमाबाई मैदान से सेवा की शुरुआत होगी। एक हेलीकॉप्टर में आठ से 18 यात्रियों को ले जाने की क्षमता होगी। 30 से 40 मिनट में लखनऊ से अयोध्या के बीच सफर पूरा किया जा सकेगा।

### पैराग्लाइडिंग का 1300 से 1500 तक था किराया

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के बाद यहां आने वाले पर्यटकों का ज्यादा से ज्यादा ध्यान आकर्षित करने के लिए एडवेंचर स्पोर्ट्स क्लब का गठन किया गया था। इसी के तहत सरयू के बालू घाट पर एक साल पहले पॉवर पैराग्लाइडिंग का शुभारंभ हुआ था। मंडलायुक्त गौरव दयाल और विकास प्राधिकरण के तत्कालीन उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने सेवा का उद्घाटन किया था। दावा किया गया था कि अयोध्या आने वाले पर्यटक अब आसमान से रामनगरी का दीदार कर सकेंगे। इसके साथ ही युवाओं को भी बड़ा एडवेंचर मिलेगा। रोजाना सुबह छह से 10 तक और शाम चार से छह बजे तक इसकी सेवा शुरू की गई थी। किराया 1300 से 1500 तक था। चार किलोमीटर के दायरे में लगभग 15 मिनट तक पैराग्लाइडिंग कराई जाती थी। अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा पवनसुत एजेंसी के साथ इस योजना की शुरुआत की गई है, लेकिन यह योजना अब दिखाई नहीं पड़ रही है।

> हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत को लेकर कंपनियों में कुछ चल रहा है। मुख्यालय पर देखा जा रहा है। मीटिंग में ट्रायल को लेकर बातें चल रही थीं। हालांकि सेवा अभी शुरू नहीं हो सकी है। प्रोजेक्ट पर्यटन निगम का है। अधिक जानकारी वहीं से मिलेगी। **-राजेंद्र प्रसाद यादव, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी**

> पैराग्लाइडिंग के लिए लोग नहीं पहुंच रहे थे। कोई अपनी जेब से खर्च नहीं उठाएगा। जिस कंपनी ने पैराग्लाइडिंग शुरू की थी। उसके बारे में जानकारी नहीं है। हमारी तरफ से कंपनी को जगह दी गई थी और कई क्लीयरेंस दिलाई गई थी। **-सत्येंद्र सिंह, सचिव, अयोध्या विकास प्राधिकरण**

### मंदिर निर्माण समिति की बैठक आज से

**अयोध्या। अमृत विचार :** बारिश के बीच राम मंदिर निर्माण कार्य को दिसम्बर तक के लक्ष्य को पूरा करने के लिए निर्माण समिति दो दिवसीय बैठक पांच और छह जुलाई को होगी। जिसमें राम मंदिर के द्वितीय तल और शिखर निर्माण के साथ परकोटे के निर्माण कार्य और राम जन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन सप्त ऋषियों के मंदिर निर्माण को लेकर समीक्षा होगी। निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र बृहस्पतिवार को अयोध्या पहुंचे। राम मंदिर में दर्शन पूजन के बाद निर्माणाधीन राम जन्मभूमि परिसर के कार्यों का जायजा लिया। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक बैठक में आगामी कार्य योजना को लेकर मंथन होगा।



भाजपा सांसद खागेन मुर्मू का स्वागत करते कार्यकर्ता।

### प. बंगाल के सांसद खागेन मुर्मू ने किये रामलला के दर्शन

**अयोध्या। अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल मालदा के भाजपा सांसद खागेन मुर्मू बृहस्पतिवार सुबह अयोध्या पहुंचे। भाजपा के पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस में उनका स्वागत किया। इसके बाद राम जन्मभूमि परिसर में रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। खागेन मुर्मू ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि प्रभु राम की नगरी में आकर उनको बहुत ही अच्छा लग रहा है। मैंने कभी सोचा नहीं था कि इतनी अच्छी नगरी में आऊंगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जो पार्लियामेंट में पीएम मोदी के बारे में बोला, उनको ऐसा बोलना नहीं चाहिए। हाथरस की घटना पर सांसद ने दुख प्रकट करते हुए कहा कि यह बहुत ही दर्दनाक घटना है। ध्रुव सिंह, अशोक, आशीष, प्रत्यूष समेत बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# जांच को मेडिकल कॉलेज पहुंचे हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष, हलचल

मेडिकल कॉलेज के दो वरिष्ठ अफसरों के साथ की बैठक किया निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लोकायुक्त में अयोध्या मेडिकल कॉलेज को लेकर की गई शिकायत की जांच के लिए बनाई गई हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष राम भरत त्रिपाठी गुरुवार को मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के दो वरिष्ठ अफसरों के साथ गोपनीय बैठक की। वार्डों का निरीक्षण किया। इसके बाद रामलला का दर्शन कर लखनऊ लौट गए।

लोकायुक्त में लगभग तीन माह पहले सिद्धार्थनगर के रहने वाले सतीश चंद्र ने राजर्षि दशरथ राज्य चिकित्सालय के प्रधानाचार्य के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि प्रधानाचार्य ने विभिन्न प्रकार की बीमारियों की जांच के लिए मशीनें ली हैं। इसमें उन्होंने भ्रष्टाचार किया। निजी अस्पतालों के साथ मिलीभगत करके आईसीयू बंद कर दिया। वार्ड ब्वॉय की भर्ती में एक-एक लाख रुपये लेने का आरोप भी लगाया था। शिकायतकर्ता ने दवाइयों से लेकर हर मामले में प्रधानाचार्य पर भ्रष्टाचार पर आरोप लगाया। इसके बाद लोकायुक्त प्रशासन ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा को तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर जांच कराने का निर्देश दिया था। प्रमुख सचिव ने एडिशनल डायरेक्टर डीजीएमई लखनऊ राम भरत त्रिपाठी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय हाई पावर कमेटी गठित की थी। प्रमुख सचिव ने जांच कर 24 मई तक रिपोर्ट देने के लिए भी कहा था।



- लोकायुक्त में की गई थी मेडिकल कॉलेज के भ्रष्टाचार की शिकायत

### मेडिकल कॉलेज पहुंच गए एडीएम वित्त एवं राजस्व

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अफसर श्री त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। वो उनसे मिलने व रामलला के दर्शन करवाने के वो वहां पहुंचे थे। जांच व दूसरे बिंदुओं पर उनको जानकारी नहीं है।

हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष के पहुंचने के बाद यह चर्चा आम हो गई कि हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष लोकायुक्त में शिकायत की जांच करने पहुंचे थे। इस मुद्दे पर मेडिकल कॉलेज का कोई भी अफसर कुछ भी बोलने से परहेज कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि त्रिपाठी यहां लोकायुक्त की जांच के लिए ही आए थे। उन्होंने सबसे पहले वार्डों और मेडिकल कॉलेज के मशीन कक्षों का निरीक्षण किया। इसके बाद मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार और सीएमएस डॉ. अरविंद सिंह के साथ नए भवन में ही गोपनीय बैठक की। इस बैठक में मेडिकल कॉलेज का कोई दूसरा अधिकारी शामिल नहीं था। अंदर किन-किन मुद्दों पर चर्चा हुई इसके कयास लगाए जा रहे हैं। उनके साथ अपर जिलाधिकारी वित्त एवं महेंद्र कुमार सिंह भी पहुंचे थे। चर्चा है कि शिकायत में दर्शाए गए बिंदुओं के मुताबिक ही मेडिकल कॉलेज परिसर में उनका निरीक्षण था। इस बाबत मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य से संपर्क करने का कई बार प्रयास किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई।

# सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व महामंत्री पर केस

अयोध्या कार्यालय

- रामपथ का फर्जी वीडियो वायरल करने का मामला
- वायरल वीडियो में महिला को सड़क के गड्ढे में गिरते दिखाया

**अमृत विचार :** सआदतगंज से लेकर अयोध्या नया घाट तक बने रामपथ को लेकर सियासत के फेर में समाजवादी पार्टी के दो नेता फंस गए हैं। अपने फेसबुक अकाउंट पर रामपथ का फर्जी वीडियो वायरल करने के मामले में समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह कुशवाहा और साकेत महाविद्यालय के छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अवधेश यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में गुरुवार को कोतवाली नगर में केस दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन की ओर से दोनों को भविष्य में ऐसा कृत्य न करने की चेतावनी भी दी गई है।

कोतवाल नगर अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि सपा छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष और साकेत महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व महामंत्री द्वारा एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया था। जिसमें एक महिला को सड़क में बने गड्ढे में गिरते हुए दर्शाया गया था। पोस्ट में इसे रामपथ बताते हुए प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन पर कटाक्ष किया गया था। वीडियो काफी वायरल होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा इसकी जांच कराई गई जो रामपथ का नहीं निकला। इससे पहले भी सपा नेताओं की ओर से बारिश के दौरान रामपथ को लेकर काफी भ्रामक पोस्ट की जाती रही हैं। पुलिस की जांच में वीडियो फर्जी पाया गया है। जिसे संज्ञान में लेते हुए समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष मुलायम सिंह कुशवाहा व साकेत महाविद्यालय छात्र संघ के पूर्व महामंत्री अवधेश यादव के खिलाफ कोतवाली नगर में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मामले में किसी भी प्रकार की टिप्पणी से इनकार कर दिया।

> यह प्रकरण थाना कोतवाली नगर का है। फेसबुक पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसे रामपथ का बताया गया। इस संबंध में हरि शुक्ला ने दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। मामले की विवेचना की जा रही है। **-मधुबन सिंह, एसपी सिटी**

### संतों ने फर्जी वीडियो पर जताई नाराजगी

अयोध्या के संतों और विशिष्ट जनों ने फेक वीडियो पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या को बदनाम करने की साजिश बताया है। संतों ने कहा कि अयोध्या विश्व के मानचित्र पर स्थापित हो रही है। तेजी के साथ अयोध्या में विकास हो रहा है, ऐसे में कुछ देश के अंदर और देश के बाहर की विरोधी शक्तियां शहर को बदनाम कर रही है। वह चाह रही है कि अयोध्या में विकास की गति प्रभावित हो जाए।

# फर्जी मेडिकल स्टोर संचालक को तीन साल की सजा व जुर्माना

अयोध्या कार्यालय



**अमृत विचार:** फर्जी मेडिकल स्टोर संचालक को कोर्ट ने तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर एक लाख का जुर्माना भी हुआ है। फैसला विशेष न्यायाधीश औषधि प्रसाधन प्रेम प्रकाश की अदालत से गुरुवार को हुआ।

ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के विशेष लोक अभियोजक राम तिलक मिश्रा ने बताया कि 6 जनवरी 2020 को सहायक आयुक्त औषधि के निर्देश पर सुमित कुमार वर्मा व प्रबोध चंद्र रस्तोगी औषधि निरीक्षक ने संजय कुमार स्वामी मेसर्स संजय मेडिकल स्टोर सनेथू लाला का पुरवा थाना पूरा कलंदर में छापा मारा था। जिसमें संजय कुमार निवासी लक्ष्मणपुर को बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर संचालित करते हुए पाया। मांगने पर संजय कुमार न तो कोई लाइसेंस दिखा पाए और न ही अन्य कागजात दिखा पाए। इस पर ड्रग इंस्पेक्टर्स ने मेडिकल स्टोर सीज कर दिया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी करते हुए संजय को सजा सुनाई।

## सार-संक्षेप

### मिल्कीपुर उप चुनाव को लेकर बसपा ने शुरू की तैयारी



बैठक को संबोधित करते बसपा के पदाधिकारी।

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर क्षेत्र के सिद्धनाथन मंदिर पर गुरुवार को बसपा पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, छुट्टा मवेशी, लचर बिजली व्यवस्था, बिगड़ती कानून व्यवस्था, सड़कों के गड्ढे, पेपर लीक सहित अनेकों मुद्दों पर समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से होने वाले विधानसभा मिल्कीपुर के उपचुनाव में प्रत्याशी के चयन पर चर्चा की गई। तय किया गया कि प्रत्याशी के चयन में उच्च पदाधिकारियों की मनमानी नहीं चलेगी बल्कि विधान सभा स्तरीय पदाधिकारियों की सहमति आवश्यक होगी। बैठक में डॉ. विजय प्रताप, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर, प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल, जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी, विधानसभा क्षेत्र महासचिव योगेंद्र गौतम सहित सभी सेक्टर एवं बूथ कमेटी के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### शैक्षिक उन्नयन होगी प्राथमिकता : अवनीश



सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक का स्वागत करते संघ पदाधिकारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नव नियुक्त सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक के पद पर अवनीश पांडेय ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि शैक्षिक उन्नयन और पारदर्शी व्यवस्था प्राथमिकता होगी। सभी स्कूल-कॉलेजों से संवाद और समन्वय बनाकर कर कार्य होगा। माध्यमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष व मीडिया प्रभारी संजीव चतुर्वेदी और जिला मंत्री आलोक तिवारी के नेतृत्व में माध्यमिक शिक्षक संघ के शिक्षकों ने बुके भेंट करके स्वागत किया। शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण के लिए सहयोग की अपील भी की।

### शांति कमेटी की बैठक में व्यवस्था को लेकर चर्चा

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली में शांति समिति की बैठक गुरुवार को हुई। एसडीएम प्रवीण यादव ने शहर की सफाई और जलापूर्ति कराने का निर्देश दिए।विद्युत आपूर्ति और ढीले तार कसने के लिए कहा। सीओ आशीष निगम ने कहा कि प्रशासन मोहर्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रतिबद्ध है। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को बक्शा नहीं जायेगा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह ने कहा कि ताजिया परंपरागत स्थानों पर ही रखे। बैठक में पालिकाध्यक्ष जब्बार अली, सभासद, ताजुद्दीन पप्पू, गुफरान, गुलाम, मुमताज राइन, शाहिद भुलई, मुन्ने खां रहे।

### साप्ताहिक बाजार के जाम से लोग हुए हलकान

**अयोध्या। अमृत विचार :** नगर के गुलाब बाड़ी मैदान में प्रत्येक गुरुवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार के कारण सड़क पर लगने वाले भीषण जाम में लोग बहुत हलकान हुए। बारिश के कारण गुलाब बाड़ी मैदान में इन दिनों पानी भरा है, इसलिए साप्ताहिक बाजार के दिन दुकानदार मैदान के पास सड़क के किनारे दुकान लगाने लगे हैं। वैसे भी गुरुवार को उस मार्ग पर दोपहर बाद चलना मुश्किल होता है। मैदान में जलभराव के कारण सड़क के दोनों ओर लगी दुकानें और उस पर उमड़ी भीड़ से आवागमन बुरी तरह प्रभावित रहा। लोगों ने पुलिस-प्रशासन से साप्ताहिक बाजार के दिन उचित व्यवस्था कर जाम से निजात दिलाने की मांग की है।

### 30 हजार हेक्टेयर में होगी धान की खेती

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** इस वर्ष जिले में करीब 30 हजार हेक्टेयर में धान की खेती किसान करेंगे। अगार में डाले गए नर्सरी तैयार हो गई है, जिसकी रोपाई शुरू हो गई है। महिलाएं खेतों में सुहाना मौसम के बीच कजरी लोक गीत गुनगुनाते हुए धान रोपाई करतीं नजर आ रहीं। जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्र ने गुरुवार को बताया कि दो हजार हेक्टेयर में किसान धान की नर्सरी डाल चुके हैं। अगार में नर्सरी डालने वाले किसानों ने रोपाई का काम शुरू कर दिया है। अब तक 432 क्विंटल धान का बीज 33 सौ किसानों में बंट चुका है। गोदाम में करीब 18 क्विंटल से ज्यादा धान बीज अब भी वितरण करने को रखा गया है। जिन किसानों ने पीएम निधि में अपना पंजीयन कराया है। उन्हें उचित दर पर धान बीज दिया जा चुका है। धान बीज खरीदने के लिए किसी तरह का पंजीयन नहीं कराना होगा। उन्होंने बताया कि कृषक पीएम सम्मान निधि वाले रजिस्ट्रेशन का अभिलेख दिखाकर बीज ले सकते हैं। कृषि से जुड़ी किसी तरह की समस्या आए तो वह विभागीय अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।



गंगरैला से चकपुरवा जाने वाली कटी सड़क। अमृत विचार

### बारिश से गंगरेला- चकपुरवा मार्ग बहा, आवागमन बाधित

**मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** रुदौली तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अशरफपुर गंगरेला से होकर चकपुरवा गांव को जोड़ने वाली डामरीकरण सड़क पानी के तेज बहाव से आधी से ज्यादा सड़क बह गई, जो बची है उसके नीचे की भी मिट्टी बह गई और कभी भी बैठ सकती हैं जिससे बड़ा हादसा भी हो सकता है। चकपुरवा निवासी कुलदीप सिंह यादव, संग्राम सिंह यादव, रामबरन यादव ने बताया कि यह सड़क प्रत्येक वर्ष बारिश में बह जाती है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी खानापूर्ति कर मरम्मत करके अपनी इतिश्री कर लेते हैं। सूचना पर भी अभी तक पीडब्ल्यूडी विभाग के कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता लालमणि पटेल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। मौके पर विभाग के कर्मचारियों को भेज कर मरम्मत कराई जाएगी।

### कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए पांच अगस्त तक करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार:** ओ-लेवल और ट्रिपल सी कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 11 जुलाई से पांच अगस्त के बीच आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक छात्र/छात्रा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग से जारी जारी बेबसाइट backwardwelfare.up.gov.in पर दिए गए लिंक obecomputertraning.upsdc.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार आवेदन की प्रति का प्रिंट आउट प्राप्त कर सभी अभिलेखों/विवरणों को संलग्न करते हुये उसकी हार्डकॉपी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अयोध्या के कार्यालय में पांच अगस्त की साम पांच बजे तक उपलब्ध कराए जाने पर ही आवेदन पत्र मान्य होगा।

# अध्यक्ष व इंजीनियर के साथ जिला जज ने किया लिफ्टों का निरीक्षण

अयोध्या कार्यालय

- 120 केवीए जनरेटर खरीदने को मिली मंजूरी, आज से वकील करेंगे काम

**अमृत विचार :** अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने गुरुवार को जिला जज से मुलाकात की। इसके बाद बैठक बुलाई। जो काफी हंगामा खेज रही।

अध्यक्ष पारस नाथ पांडेय ने बताया कि जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव ने इंजीनियर और संघ की कमेटी तथा न्यायिक अधिकारियों के साथ लिफ्ट का निरीक्षण किया। जिसमें लिफ्ट का संचालन सही पाया गया। लिफ्ट में सबसे ज्यादा समस्या बिजली की है। आठ मंजिला इमारत में लगा जेनरेटर 80 केवीए का है, जबकि लिफ्टों के संचालन के लिए 120 केवीए जनरेटर की आवश्यकता है। ऐसे में 120 केवीए जनरेटर खरीदने के लिए मंजूरी मिल गई है।उसे जल्दी ही खरीद लिया जाएगा। जब तक जनरेटर नहीं खरीदा जाता तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत न्यायिक अधिकारियों की एक लिफ्ट और अधिवक्ताओं तथा वादकारियों की एक लिफ्ट बंद कर दी जाएगी। दो लिफ्टों से अधिवक्ता और वादकारी तथा एक लिफ्ट से न्यायिक अधिकारी काम चलाएंगे। इसके बाद सभी सदस्यों की राय लेने के बाद आठ मंजिला इमारत के बहिष्कार की घोषणा वापस ले ली। कहा कि शुक्रवार से सभी अदालतों में काम होगा। वहीं इससे पूर्व अधिवक्ता सुबह 11बजे साधारण सभा की बैठक बुलाने की मांग कर रहे थे। अध्यक्ष मंत्री के साथ जिला जज से मुलाकात करने चले गये। इसी बात पर नाराज होकर वकीलों ने नारेबाजी की और पूर्व अध्यक्ष अरविंद सिंह को कार्यवाहक अध्यक्ष और आलोक खरे को कार्यवाहक मंत्री बनाकर बैठक की। बैठक के बाद न्यायिक कार्य से विरत रहने की घोषणा कर दी थी। प्रभारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि बार और बेंच ने मिल बैठकर मामला सुलझा लिया है।

**अलर्ट** राम जन्मभूमि पर आतंकी हमले की 19वीं बरसी आज, सुरक्षा में तैनात जवानों ने सभी को मार गिराया था

# 5 आतंकियों ने की थी रामलला को क्षति पहुंचाने की कोशिश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भले ही दुनिया राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर उत्सव मना रही है, लेकिन पांच जुलाई 2005 को वो दिन आज भी लोगों के जेहन में है। लश्कर-ए-तोएबा के पांच आतंकवादियों ने रामलला को क्षति पहुंचाने के लिए रॉकेट लांचर चलाने की कोशिश की थी। अयोध्या इस घटना की शुक्रवार को 19वीं बरसी मनाएगी। इसके एक दिन पहले रामनगरी में सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त देखे गए।

अयोध्या में 5 जुलाई 2005 को विवादित परिसर में विराजमान रामलला के टेंट के अस्थाई मंदिर पर आतंकियों ने हमला किया था। परिसर के पास पहुंचते ही आतंकियों की मार्शल जीप में धमाका हुआ और परिसर की बैरिकेडिंग पूरी तरह से टूट गई थी, फिर पांच आतंकी अंदर दाखिल हुए। परिसर में गोलियां चलने लगीं, आतंकियों का उद्देश्य रामलला के टेंट को उड़ाना व विवादित स्थल के बगल मौजूद सीता रसोई में प्रवेश करना था। मंदिर की सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों एक-एक कर सभी आतंकियों को मार गिराया था।



राम मंदिर के दर्शन मार्ग पर रही कड़ी सुरक्षा व्यवस्था। अमृत विचार

### आधुनिक यंत्रों से हो रही राम मंदिर की सुरक्षा

राम जन्मभूमि पर हुए आतंकी हमले के बाद राम जन्मभूमि को रेड जोन और राम कोट क्षेत्र को यलो जोन एरिया घोषित करते हुए सभी गलियों व चौराहों पर बैरिकेडिंग लगा दी गई थी। जहां आज भी कड़ी सुरक्षा रहती है। बिना अनुमति कोई भी वाहन इस क्षेत्र में दाखिल नहीं हो सकता है। राम जन्मभूमि परिसर को आधुनिक सुरक्षा यंत्रों से लैस किया जा रहा है। परिसर के आसपास के क्षेत्रों स्क्रीन स्कैनिंग मशीन, सीसी टीवी कैमरा लगाया गया है। प्रदेश सरकार के द्वारा नवगठित एसएसएफ की भी टुकड़ियां सुरक्षा प्वॉइंट पर तैनात हैं। इंटेलिजेंस एजेंसियां राम मंदिर समेत पूरे अयोध्या क्षेत्र पर निगहबानी कर रही है।

### अयोध्या की सुरक्षा बेहद संवेदनशील : आईजी

आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या की सुरक्षा बेहद संवेदनशील है। आने वाले पर्व, त्यौहार और खास तिथियों पर राम मंदिर परिसर और अयोध्या की सुरक्षा को सख्त कर दिया जाता है। आसपास के क्षेत्र में आने वाले लोगों पर निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था में सभी एजेंसियों को पहले से ही अलर्ट कर दिया गया है। अब यह तिथि अयोध्या के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण नहीं रह गई है। यहां की सुरक्षा व्यवस्था बेहद सख्त है।

### माध्यमिक विद्यालयों में शैक्षिक पंचांग से होगी पढ़ाई

**अयोध्या कार्यालय।** जिले के 461 माध्यमिक विद्यालयों में अब शैक्षिक पंचांग के अनुसार पढ़ाई होगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद से जारी हुए पंचांग के अनुसार किस माह में कितना कोर्स पूरा कराना है और खेलकूद गतिविधियां कराई जानी है, यह पहले से तय होगा। डीआईओएस निरीक्षण कर सत्यापन करेंगे। सभी प्रधानाचार्यों को 10 बिंदुओं का पत्र भेजकर अनुपालन करने के लिए निर्देशित किया है। इस कार्य में लापरवाही पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है। डीआईओएस डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि विद्यालयों का संचालन 30 सितंबर तक सुबह 7.30 से दोपहर 1.30 बजे तक व एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह 9.30 बजे से शाम 3.30 बजे तक होगा।

## एक नजर

### 6 जुलाई तक बंद रहेंगे 8वीं तक के स्कूल

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। अमृत विचार। जनपद में लगातार हो रही बारिश के चलते जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कक्षा एक से आठ तक के सभी स्कूलों को 6 जुलाई तक बंद करने का आदेश जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक बिजली, गरजने और तेज बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। ऐसे में यदि कोई विद्यालय उक्त आदेश की अवहेलना करता है तो आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तक उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाइर की जाएगी।

### 54 केंद्रों पर होगी सीटेट परीक्षा, तैयारियां तेज

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। जनपद के 54 केंद्रों पर 7 जुलाई को केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा सीटेट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कुल 37 हजार 241 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इस बीच परीक्षा को बेहतर ढंग से संपन्न कराने के लिए जरूरी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी के बीच होने वाली परीक्षा के लिए कुल 54 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। डीआईओएस गिरीश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम पाली में 10 हजार 961 जबकि दूसरी पाली में 26 हजार 280 अभ्यर्थी परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे।

### रक्तदान शिविर 7 को

जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार। आगामी सात जुलाई को नगर के मिर्जा गालिब इंटर कॉलेज जलालपुर में कलम कबीला साहित्यिक एवं सामाजिक संस्थान द्वारा रक्तदान का शिविर आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम ने दी।

### नेटवर्क बाधिक, लोग परेशान

जलालपुर, अंबेडकरनगर,अमृत विचार। जियो सिम का जलालपुर नगर में गुरुवार को नेटवर्क बाधित होने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यह परेशानी नगर के उपभोक्ताओं को झेलनी पडी। नेटवर्क की समस्या के चलते उपभोक्ता न तो कही बातचीत कर पा रहे थे और न ही वाट्सएप चल रहा था। जबकि अन्य क्षेत्रों मे ऐसी समस्या नहीं थी।

### 15 जुलाई तक ओटीएस का लाभ ले सकते हैं किसान

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। जनपद में किसानों के लिए चलायी जा रही एक मुश्त समाधान योजना ओटीएस को 15 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। किसान 15 जुलाई तक रजिस्ट्रेशन कराकर योजना का लाभ ले सकते हैं। वहीं किसान बकाया बिल जमा करके प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही मुफ्त बिजली योजना का लाभ ले सकते हैं। सरकार ने किसानों को 1 अप्रैल 2023 से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दे रही है। मुफ्त बिजली योजना का लाभ उन्हीं किसानों को मिलेगा जिनका सम्पूर्ण बिजली बिल जमा होगा। अधीक्षण अभियंता संजय कुमार ने बताया कि निजी नलकूप उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए तीन से छह किस्तों में बकाया बिल जमा कराने का मौका 15 जुलाई तक है।

# समस्त पेंशनरों के सत्यापन की कार्यवाही शीघ्र करें : सीडीओ

## समाज कल्याण विभाग की समस्त स्कीमों जिला स्तरीय समिति की बैठक में सीडीओ ने जिम्मेदारों को दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समाज कल्याण विभाग की समस्त स्कीमों जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने विभाग के स्कीमों की समीक्षा की।

एससी-एसटी आर्थिक सहायता के लिए अब तक 100 प्रस्तावों की स्वीकृति जिला स्तरीय समिति से करा लिया गया है। बजट आवंटन प्राप्त होते ही भुगतान की कार्यवाही की जाएगी। सांसद प्रतिनिधि लवकुश वर्मा ने समस्त लाभार्थियों


जिला स्तरीय समिति की बैठक को संबोधित करते सीडीओ अनुराज जैन।

को जल्द भुगतान के लिए कहा है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनांतर्गत नए सत्र के लिए जल्द ही टीचर्स एप्वाइंटमेंट का कार्य पूर्ण करने के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया गया है। राजकीय आश्रम पद्धति बालिका विद्यालय के भोजन गुणवत्ता वा अन्य सुविधाओं के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि माह में कम से कम एक बार अवश्य निरीक्षण करें। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजनांतर्गत 186 आवेदन पत्रों पर जिला स्तरीय समिति के अनुमोदन के उपरांत जल्द ही लाभार्थियों के आधार बेस्ड खाते में भुगतान कर दिया जाएगा। वृद्धा आश्रम के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आगामी रक्षा बंधन त्योहार के पूर्व वृद्धा आश्रम के संवासियों को कच्चा समान उपलब्ध कराकर रक्षा बंधन बनवाकर स्व रोजगार की तरफ बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि समस्त पात्र-अपात्र पेंशनरों के सत्यापन की कार्यवही शीघ्र करें। जिससे लाभार्थियों को शीघ्र भुगतान किया जा सके। खंड विकास अधिकारी तहसील स्तर पर लंबित फार्मों को जल्द से जल्द पेंडिंग का कार्य पूर्ण करें। बैठक के दौरान एएसपी पूर्वी श्यामदेव, जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### लाभार्थियों का शत-प्रतिशत कराएं सत्यापन

सामूहिक विवाह के लिए जेम पोर्टल से बिडिंग कराकर ग्रामीण और शहरी लाभार्थियों का शत-प्रतिशत सत्यापन कराकर ही सामूहिक विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराए। छात्रवृत्ति के लिए सीडीओ ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि समस्त विद्यालयों को मास्टर डेटा, फीस, कोर्स वेरिफिकेशन के लिए अपने स्तर से निर्देशित करें। ट्रांसजेंडर योजना में आए हुए सदस्य प्रतिनिधि चंपा किन्नर, संध्या किन्नर द्वारा आधार कार्ड संशोधन के लिए कहा गया। पीएम अजय योजनांतर्गत ग्राम प्रधान बढ़ईपुर, कुर्चा द्वारा हैंड पंप ठीक कराने के लिए बताया गया।

# मारपीट में 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता,जलालपुर

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। जैतपुर पुलिस ने किराए का कमरा खाली करने को लेकर हुए विवाद में दलित की पिटाई करने व गले की चेन, नगदी छीनने के मामलें में चार ज्ञात और एक अज्ञात लोगों के विरुद्ध एससी-एसटी, डकैती मारपीट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

जैतपुर थाना अंतर्गत ढाखा गांव निवासी राम प्रसाद ने पुलिस से शिकायत किया है कि वह अपने मकान में किराए के कमरे में रह रहे किराएदार राम आसरे से कई माह से कमरा खाली करने को कहता रहा है। इसी बीच बीते मंगलवार को वह कमरा पुनः खाली करने की बात किरायेदार से कर ही रहा था, तभी रामआसरे का पुत्र शंकर, संतोष व उसकी पत्नी एक अज्ञात लोगों के साथ उसे जाति सूचक गाली देते हुए लात-घूसों और डंडे से पिटायी कर दिया। विपक्षी ने गले की चेन व 25 सौ रुपये भी छीन लिया। कहा दोबारा कमरा खाली करने को कहोगे तो जान से मार देंगे। मामलें में शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राम आसरे, शंकर, संतोष व रामआसरे की पत्नी समेत एक अज्ञात के विरुद्ध एससी-एसटी, डकैती मारपीट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष जैतपुर वंदना अग्रहरि में बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# विकास खंडों में लाभार्थियों को दें योजनाओं का लाभ : डीएम

## जिलाधिकारी व नीति आयोग के प्रतिनिधि ने की संपूर्णता अभियान की शुरुआत, कई विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अधिकारियों ने किया अवलोकन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा नामित सीनियर कंसलटेंट डॉ. साक्षी खुराना की उपस्थित में जनपद मुख्यालय स्थित लोहिया भवन में गुरुवार को संपूर्णता अभियान उत्सव का भव्य रूप से आयोजन किया गया।

डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा से जिले लगातार विकास की ऊंचाइयां छू रहा है। जिले में दो एक्सप्रेस-वे आते हैं, जिससे रोजगार की असीम संभावनाएं बन रही हैं। यहां पर देश के कई उद्योगपति अपने उद्योग की स्थापना करना चाह रहे हैं, साथ ही साथ मुख्यमंत्री द्वारा दो औद्योगिक विकास कॉरिडोर दिए गए हैं, जिस पर तेज गति से कार्य हो रहा है और इससे जनपद में रोजगार का सृजन होगा। अयोध्या का अभिन्न अंग होने के कारण यहां पर अयोध्या में आए हुए पर्यटकों के आने की संभावना को देखते हुए अनेक पर्यटक स्थलों का विकास किया जा रहा है, जिससे पर्यटकों के आने की संभावना बढ़ रही है। पर्यटकों के बढने से रोजगार का सृजन होगा। मुख्यमंत्री के एक ट्रिलियन इकोनामी के सपने को साकार करने में जनपद अपना योगदान प्रदान करेगा। डॉ. साक्षी खुराना ने कहा कि हमें आगामी तीन माह का एक खाका तैयार करना होगा। जिससे शासन की मंशा के अनुरूप पात्र व्यक्तियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा सके। उन्होंने यहां के कार्यक्रम को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जनपद के तीनों विकास खण्ड निर्धारित समय तक छह इंडिकेटर से संतृप्त होंगे। यह कार्यक्रम आगामी 5 व 6 जुलाई को आकांक्षी विकास खंडों में भी कराया जाएगा। इसके लिए जिलाधिकारी व नीति आयोग के प्रतिनिधि द्वारा वाहनों को हरी झंडी दिखाकर भियांव, टांडा व भीटी के लिए रवाना किया गया।

**अधिकारियों ने स्टॉलों का किया अवलोकन :** जिलाधिकारी और नीति आयोग के प्रतिनिधि द्वारा विभिन्न विभागों बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, पशुपालन विभाग, महिला कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण विभाग, खादी ग्रामोद्योग, मत्स्य विभाग, पंचायती राज विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल में रक्तदान, उपयोगी मेडिसिन, क्षय रोग, कुष्ठ रोग सहित अन्य स्टालों का भी अवलोकन किया।


संपूर्णता अभियान की शुरुआत करतीं डॉ. साक्षी खुराना व डीएम अविनाश सिंह।


लोहिया भवन में लगी प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते डीपीआरओ अवनीश श्रीवास्तव।


लोहिया भवन में प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते उद्यान अधिकारी सुनील तिवारी।


स्टॉलों के बारे में जानकारी करतीं डॉ. साक्षी खुराना व साथ में डीएम अविनाश सिंह।

### संपूर्णता अभियान उत्सव

- संपूर्णता अभियान उत्सव का किया गया भव्य आयोजन
- डीएम ने वाहनों को झंडी दिखाकर भियांव, टांडा व भीटी के लिए किया रवाना
- 30 सितंबर तक आकांक्षात्मक विकास खंडों को छह इंडिकेटर में होगा संतृप्ति

### महिलाओं की कराई गोदभराई

बाल विकास एवं पुष्टाहार के अन्तर्गत महिलाओं की गोद भराई, बच्चों का अन्न परासन कराया गया। इसके उपरांत विभिन्न विद्यालयों के छात्राओं द्वारा लोहिया भवन सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्षय रोग, संचारी रोग और कुष्ठ रोग से संबंधित नुक्कड़ नाटक कराया गया। इसके उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा लाभार्थियों को जिसमें मृदा स्वास्थ्य कार्ड, आयुष्मान कार्ड, विश्वकर्मा श्रम सम्मान के तहत टूल किट वितरण, डेमा चेक, क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार किट का वितरण किया गया।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास

मुख्यमंत्री के कॉमन मैन अवधारणा के तहत जिलाधिकारी ने मुसहर समुदाय के उत्थान के लिए रोजगार प्रदान करने के लिए दोना-पत्तल सहित अन्य व्यवसाय भी कराए गए हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व सम्मान पूर्ण जीवन जीने के लिए जिलाधिकारी द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा हैं। इसके तहत जिलाधिकारी द्वारा तहसील भीटी व जलालपुर में भी कई कार्यक्रम कराए गए हैं। सफलता की कहानी अपनी जुबानी के तहत वहां पर उपस्थित कई महिलाओं द्वारा अपनी सफलता का बयान किया गया। जिस पर जिलाधिकारी व नीति आयोग के प्रतिनिधि द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई।

**दिखाई गई डॉक्यूमेंट्री फिल्म :** जनपद के विकास की गाथा दिखाने के लिए एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम में निर्धारित इंडीकेटर्स में से छह इंडीकेटर्स के लक्ष्यों को संतृप्त करने के उद्देश्य से प्रदेश के आकांक्षात्मक विकास खण्डों में 30 सितंबर तक सम्पूर्णता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका तिवारी और अपर संख्या अधिकारी सर्वेंद्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, डीएसटीओ अनुपम सिंह तथा संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। अमृत विचार


गर्भवती महिलाओं की गोदभराई करतीं डॉ. साक्षी खुराना व डीएम अविनाश सिंह।

# पिता-पुत्र के खिलाफ दर्ज हुई एससी-एसटी की रिपोर्ट

संवाददाता,जलालपुर

अंबेडकरनगर, अमृत विचार। पूर्व ग्राम प्रधान के भाई और पिता द्वारा दलित के साथ मारपीट और गाली-गलौज किए जाने के मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत एससी-एसटी, मारपीट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

मामला मालीपुर थाना क्षेत्र के जगतूपुर बिल्टई गांव का है। पीड़ित आदित्य कुमार ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मैं अनुसूचित जाति का हूं। बीते बुधवार के शाम करीब 6 बजे ओंकार सिंह का अपने ट्रैक्टर से खेत जोतने के लिए अपने घर से ट्रैक्टर लेकर निकला, लेकिन जैसे ही ओंकार सिंह के घर के सामने रास्ते पर पहुंचा तभी प्रेम नारायण सिंह वह कामता प्रसाद सिंह ने ट्रैक्टर को रोक लिया और जाति सूचक गाली देते हुए अनाप-शनाप कहने लगे।

पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गांव के पूर्व प्रधान कन्हैया सिंह के पिता कामता सिंह व भाई प्रेम नारायण सिंह के ऊपर मारपीट एससी-एसटी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। क्षेत्राधिकार देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कांग्रेसियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी के पुतला फूंके जाने से नाराज कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा के झूठ का पर्दाफाश कर दिया। जिसके बाद भाजपा के लोग उनका पुतला फूंक रहे है।

अगर भाजपाईयों को न रोका गया तो कांग्रेसी कार्यकर्ता सडक़ पर उतर कर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। कांग्रेसियों ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च कर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष गुलाम रशूल छोटू ने कहा कि देश की संसद में बीते दिनों नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा के नकली हिंदुत्व का पर्दाफाश किया और भ्रष्टाचार सहित नीट के परीक्षाओं में अनियमितताओंऔर पेपर लीक का मामला उठाकर उनका झूठा चेहरा देश की जनता के सामने उजागर किया है।

अपने झूठ का खुलासा देख भाजपा के लोग इतना भडक़ गए हैं कि भाजपा के नेता कार्यकर्ता राहुल गांधी की फोटो को पुलिस और प्रशासन के संरक्षण में जलाने की नाकाम कोशिश की।



कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपने आए कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

# दुष्कर्म आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त

अंबेडकरनगर,अमृत विचार। विशेषज्ञ न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मोहन कुमार ने दुष्कर्म और अपहरण के एक आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी। मामला बीते दिनों इब्राहिमपुर थाना क्षेत्र का है। वादी ने दर्ज कराए मुकदमें में बताया था कि बीते 28 मई को वह एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे थे, तभी बिहार निवासी चीकू उसकी 16 वर्षीय पुत्र को भगा ले गया। पुलिस ने बाद में आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ किशोरी को खोज निकाला। वहां उसने बताया कि वह अपनी मर्जी से गई थी, उन दोनों ने विवाह भी कर लिया है। पीडिता के नाबालिग होने के कारण उसकी सहमति का विधिक महत्व नहीं माना गया। कोर्ट ने ऐसे में आरोपी की जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

# बारिश से लोगों ने ली राहत की सांस


जलालपुर क्षेत्र में बारिश का नजारा। अमृत विचार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। गुरुवार को सुबह से ही रुक-रुक कर बारिश पूरे दिन होती रही। वहीं शाम को जनपद में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया है। जिला मुख्यालय और ग्रामीणांचल में हुई बारिश के बाद तापमान में भी गिरावट देखने को मिला है।

गुरुवार को को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। लगातार चार दिनों से हो रही बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। धान की रोपाई के लिए किसान मेड़बंदी कर बारिश का पानी खेतों में रोकने और धान की रोपाई में जुट गए हैं। बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया। सरकारी कार्यालयों में पानी भरा होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर के मिर्जापुर, मौरानपुर, बनगांव मार्ग, पार्क रोड पर जलभराव के बीच से नागरिक आवागमन करने को मजबूर हुए। वहीं जहालपुर क्षेत्र में दोपहर बाद धीमी गति से शुरू हुआ बरसात धीरे-धीरे गति पकड़ लिया, जिसके चलते घंटों तक नगर में यातायात की व्यवस्था ठप हो गई। तीव्र गति से कई घंटे बरसात होने से नाली और अन्य स्थान पर जल का जमाव हो गया। इस बरसात से रामलीला मैदान मे काफी पानी इक्ट्ठा हो गया।

**उचित व्यवस्था नहीं होने से जमा होता है बारिश का पानी :** जलालपुर बिजली विभाग के कार्यालय में बाढ़ सी आ गई। फिलहाल हर वर्ष बरसात के मौसम में पानी की उचित निकास न होने से हल्की सी बरसात में पानी का जमाव हो जाता है। घंटों इंतजार के बाद जब बरसात बंद नहीं हुआ तो लोग भीगते हुए भी नजर आए। फिलहाल हुए भयंकर बरसात से जहां तापमान में गिरावट आयी है वहीं लोगों ने भीषण गर्मी से राहत की सांस लिया है। इस बरसात से किसानों मे खुशी छायी रही।

## भ्रष्टाचार

### भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ीं सड़कें, राहगीरों के सुगम आवागमन का सपना चकनाचूर हो रहा है, विभाग की खऊ -कमाऊ नीति पर लगा रही हैं मोहर

# ग्रामीण क्षेत्र की सड़कें गड्ढों में तब्दील, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की दशा में सुधार नहीं हो रहा है। इधर, सड़क का निर्माण कर ठेकेदार वापस जाता है, उधर सड़कों का टूटना शुरू हो जाता है। सड़कों के टूटने से जहां विभाग और शासन को आर्थिक नुकसान सहना पड़ता है, वहीं ग्रामीणों और राहगीरों के सुगम आवागमन का सपना चकनाचूर हो रहा है।

भ्रष्टाचार से बनी सड़कें जहां सरकार की बिफलता का परिचायक बन रही हैं, वहीं विपक्ष के लिए एक मुद्दा बन जाता है। जलालपुर तहसील में कुछ ऐसी ही सड़कें विभाग की खाऊं कमाऊ नीति को बयां कर रही हैं।

सुरहुरपुर से सेठा कला मार्ग सुरहूरपुर से टांडा को जोड़ने वाली यह प्रमुख सड़क है। वाराणसी-जौनपुर से टांडा-बरियावन बाजार, सम्मनपुर-पट्टी चौराहा तक आवागमन के लिए सबसे कम दूरी की सड़क होने के चलते इस पर हमेशा आवागमन रहता है। इतना ही नहीं रूधौली माफी रूधौली अदाई कुलहिया पट्टी और आजनपारा गांव तक पहुंचने की एक मात्र सड़क है। यह सड़क टांडा से सम्मनपुर तक टू लेन है वहीं,सम्मनपुर से सेठा कला गांव तक प्रधानमंत्री सड़क का दर्जा प्राप्त है। लेकिन सेठा कला से सुरहुरपुर तिराहे तक यह सड़क आज भी रोलर के जरिए बनाया जा रहा है। पिछले वर्ष मार्च-अप्रैल माह में इस सड़क का निर्माण लगभग 40 लाख रुपए से किया गया था। समाचार प्रकाशित होने के बाद चकती लगा दी गई। एक वर्ष के अंदर 40 फीसद सड़क टूटकर गड्ढों में तब्दील हो गई। इसकी कुल दूरी लगभग चार किलोमीटर है। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता से बात करने के लिए उन्हें फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

**ग्रामीण बोले :** स्थानीय निवासी मखंचू ने बताया कि सड़क निर्माण के समय मानक का ध्यान नहीं दिया गया। गड्ढों में गिट्टी डाल बगैर भस्सी और रोल किए सड़क बना दी गई। लिहाजा सड़क दो माह में ही टूटने लगी। वहीं क्षमा नाथ दुबे ने कहा कि ठेकेदार बाबा झारखंड के प्रकोप से नहीं डरे। इधर सड़क बना कर गए उधर उखड़ने लगी। शिकायत के बाद जगह-जगह चकती लगा कर खानापूर्ति कर दी है। दो वर्ष में इस सड़क पर चलना मुस्किल है।




सुरहुरपुर से सलाहुद्दीन पुर मार्ग पर जगह-जगह हुए गड्ढे। अमृत विचार

### दो वर्ष पूर्व 85 लाख रुपये से बनी थी सड़क

मालीपुर से बाबा झारखंड धाम के साथ ही सुल्तानपुर जिले के सीमावर्ती गांव कनकपुर, रामनगर के साथ दर्जनों गावों व खालिसपुर, भटौली, बरौली, आशानंदपुर समेत आधा दर्जन गावों के निवासियों के लिए एक मात्र सड़क है। इस सड़क की लंबाई लगभग पांच किलोमीटर है। यह सडक़ हरिशंकर के मकान तक प्रधानमंत्री सड़क और उसके आगे बाबा झारखंड धाम तक सामान्य सडक़ है। सोमवार और शनिवार को यहां हजारों श्रद्धालुओं का आना जाना होता है। आगामी सावन माह में कांवड़ियों के साथ ही भोलेनाथ के दर्शन पूजन के लिए भीड़ आती जाती है। दो वर्ष पहले लगभग 85 लाख रुपए से निर्मित सडक़ गड्ढों में तब्दील हो गई है। पिछले वर्ष इस सडक़ पर चकती रखी गई थी।

# कोटेदार प्रतिदिन 50 पात्रों की कराएं केवाईसी

## उपायुक्त खाद्य देवीपाटन मंडल ने जिलापूर्ति अधिकारी, एआरओ तथा निरीक्षकों के साथ की बैठक

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** सभी कोटेदार हर हाल में 50 लाभार्थियों को प्रतिदिन केवाईसी कराएं जो कोटेदार इसमें लापरवाही करेगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

उक्त निर्देश उपायुक्त खाद्य देवी पाटन मंडल सत्येंद्र कुमार सिंह ने मंडलीय कार्यालय में स्थानीय जिला पूर्ति कार्यालय में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों के साथ बैठक के दौरान दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सत्यापन का कार्य तेजी से हो, जिससे राशन कार्ड में मृतक व बाहरी लोगों का नाम हटाया जा सके। जिले की स्थिति केवाईसी को लेकर अच्छी नहीं है। यह ठीक बात नहीं है। सभी पूर्ति निरीक्षक पूरे मनयोग से इस कार्य में लग जाएं। शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिले में जो भी दुकान निलंबित हैं। उनको लेकर 20 दिन में निर्णय ले लिया जाए। पत्रावली का परीक्षण कर लें यदि बहाल होने लायक है तो बहाल किया जाए, अन्यथा की स्थिति में निरस्त करते हुए नई दुकानों के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाए। अभी भी जिले में हजारों की संख्या में यूनिट का सीडिंग नहीं हो पाया है। सभी यूनिट का तत्काल सीडिंग कराया जाए।

जिले के कोटेदार मोबाइल ऐप से राशन की रिसीविंग ट्रांसपोर्टर से नहीं कर रहे हैं। यह स्थिति अत्यंत खेत जनक है तत्काल इसमें सुधार लाया जाए। जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में समय व गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। सभी पूर्ति निरीक्षक व क्षेत्रीय अधिकारी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत दुकानों का निरीक्षण करते रहें वितरण में कहीं गड़बड़ी न होने पाये।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र सिंह , शिव प्रकाश तिवारी, रामशरण, पूर्ति निरीक्षक में बालेश्वर मणि तिवारी ,रवि रंजन, सुनील दिवाकर, रणधीर यादव, महेश प्रसाद, दिनेश कुमार, जुगल किशोर समेत अन्य लोग मौजूद।


अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त खाद्य। अमृत विचार

## एक नजर

### वकीलों ने बैठक कर प्रदर्शन की दी चेतावनी

**करनैलगंज, अमृत विचार :** करनैलगंज तहसील बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं की हड़ताल सोमवार से बड़े आंदोलन का रूप लेगी। जिसके लिए बृहस्पतिवार को बार एसोसिएशन की एक बैठक करके प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें कहा गया है कि 1 जुलाई से करनैलगंज तहसील के अधिवक्ता विभिन्न मांगों को लेकर हड़ताल पर है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल जी तिवारी ने प्रस्ताव में लिखा है कि उप जिलाधिकारी का वार्ता के लिए पत्र आया। जिस पर धरना स्थल पर संघ के सभी पदाधिकारी के बीच निर्णय लिया गया कि जिले स्तर का कोई अधिकारी जब आएगा तो उनके साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में बातचीत की जाएगी और यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सोमवार से इस कार्मिक अनशन को बड़े आंदोलन का रूप दे दिया जाएगा।

### शिविर लगाकर सुनीं किसानों की समस्याएं

**करनैलगंज, अमृत विचार :** ब्लाक मुख्यालय पर शिविर लगाकर पीएम किसान निधि की तकनीकी खामियों को दूर करने का प्रयास किया गया। बृहस्पतिवार को नरायनपुर माझा में किसानों की समस्याओं के निदान व किसान सम्मान निधि न पाने वाले लोगों की समस्या के निस्तारण के लिए ब्लॉक तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) प्रमोद कुमार की अगुवाई में शिविर लगाया गया। शिविर में आए 120 किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं जिसमें 52 का निस्तारण कराया गया। शिविर में विभाग के हाशिम अली, सरताज अहमद व पंकज पाठक ने लोगों की समस्या का समाधान कराया। दिनेश कुमार, बाबू लाल, विनोद कुमार, सीताराम दूबे, रामकला, लीलावती आदि ने अपनी समस्याएं रखीं और न्याय की गुहार लगाई।

# घर के सामने से जर्जर पोल हटाए जाने की मांग

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** शहर के कई मोहल्ले में अनावश्यक रूप से बिजली के जर्जर खंभे लगे हुए हैं, इनको हटाया जाना अत्यंत आवश्यक है। जिम्मेदारों की लापरवाही कभी भी खम्भे के आसपास रहने वाले परिवारों के लिए मुसीबत बन सकती है। ऐसे ही एक खम्भा शहर के बीचो-बीच गुड्डू मल चौराहे के समीप लगा हुआ है। यहां के रहने वाले मालवीय नगर निवासी सुधीर शाह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जर्जर खम्भे को हटाने की मांग की है। गुड्डू मल चौराहे पर जो एक खंभा लगा हुआ है यह पूरी तरीके से बेकार है। इसका उपयोग बिजली विभाग के द्वारा भी नहीं किया जा रहा है। कुछ प्राइवेट कंपनी वाले जरूर इस खंबे के सहारे इधर-उधर तार दौड़ाये हुए हैं। यदि खम्भे को यहां से हटाया नहीं गया तो कभी भी बरसात के इस मौसम में गंभीर दुर्घटना हो सकती है। यदि खंभा किसी के मकान पर गिरता है तो वह मकान क्षतिग्रस्त तो होगा ही कोई भी व्यक्ति भी इस जर्जर खम्भे के चपेट में आकर चोटिल हो सकता है। पीड़ित की ओर से जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि जनहित में इस जर्जर पोल को हटाया जाना जरूरी है।

# स्कूल चलो अभियान के तहत बंजरिया के बच्चों ने निकाली रैली

**संवाददाता, मनकापुर**

**अमृत विचार:** कंपोजिट विद्यालय बंजरिया स्कूल के छात्रों ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों से अपने बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया।

गुरुवार को कंपोजिट विद्यालय बंजरिया प्रधानाचार्य पारसनाथ जायसवाल के नेतृत्व में विद्यालय के छात्रों ने रैली के माध्यम से उन बच्चों को जो स्कूल नहीं जाते हैं उन्हें स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान झिलाही, बंजरिया, परसौनी सहित अन्य गांवों में बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया व विद्यालय के अध्यापकों ने ऐसे बच्चे जो स्कूल नहीं आते उनके माता-पिता से मिलकर उन्हें विद्यालय में अपने बच्चों का नामांकन करने की सलाह दी। रैली के दौरान बच्चों ने प्रदूषण को खत्म करने का भी बीड़ा उठाया और पर्यावरण को शुद्ध रखने का संकल्प लिया। स्कूल चलो रैली में पुनीत वर्मा, सतीश चौधरी, वीरेंद्र तिवारी, अखिलेश चौबे, रतेंद्र शुक्ला, रविन्द्र यादव, पूजा मनमोहिनी, मीनाक्षी सिंह, सावित्री देवी आदि रहीं।


स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

# गले से चेन छीनने का लगाया आरोप

**परसपुर, अमृत विचार:** दवा कराने जा महिला के साथ रास्ते में रोककर अभद्रता एवं मटरमाला छीनने वालों के खिलाफ कार्रवाई न किये जाने पर पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर गुहार लगायी है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनौरा निवासी महिला नीलम पत्नी गुड्डु ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बुधवार की शाम 4 बजे अपने घर से परसपुर बाजार की तरफ अकेले पैदल दवा लेने जा रही थी। रास्ते में मधईपुर तालाब के पास उसके गांव निवासी रमेश यादव, सूरज लाल यादव तथा उनके साथ एक व्यक्ति अज्ञात ने बाइक सामने खड़ी कर अभद्रता की और गले में पहनी माला छीन ली।

# राहुल का पुतला फूंकने पर भड़के कांग्रेस कार्यकर्ता, भेजा ज्ञापन

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के घर के सामने जलाने के मामले को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष की अगुवाई में कांग्रेसियों ने कचहरी परिसर में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी लगातार भाजपा सरकार की पोल खोल रहे हैं। संसद भवन में राहुल गांधी लगातार भाजपा को घेर रहे हैं जिससे पूरी पार्टी तिलमिलाई है। लगातार परीक्षाओं में भाजपा सरकार असफल होती जा रही है जिससे देश में गुस्सा है। भाजपा पार्टी के लोग कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की फोटो प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के घर के सामने जलाने का प्रयास किया है। वह भी प्रशासन के सामने यह स्थिति अत्यंत निंदनीय है। मांग पत्र में कहा गया है कि भाजपा का तानाशाही रवैया पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी। ज्ञापन देने वालों में रफीक रैनी, अब्दुल रहमान, हरिश्चंद्र सोनी, प्रदुमन शुक्ला, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, अनिल कुमार दुबे, ओमप्रकाश सोनकर आदि रहे।


ज्ञापन देते कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

# बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** जिले में संभावित बाढ़ से निपटने को जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली गई है। लघु वीडियो के माध्यम से जन जागरूकता फैलाई जा रही है। जनपद में पांच प्रमुख नदियां बहती हैं जिसमें घाघरा, सरयू, बिसुही, टेढ़ी एवं कुआनो शामिल है। डीएम कार्यालय के ईओसी में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है जिनका टेलीफोन नंबर 05262-230125 है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील है। तरबगंज में 12 बाढ़ चौकी तथा मनकापुर में एक तथा कर्नलगंज में 11 तथा सदर तहसील में तीन सहित कुल 27 बाढ़ चौकियों निर्धारित कर ली गई है। बाढ़ से निपटने के लिए जनपद में कुल 31 बाढ़ शरणालय भी निर्धारित किए गए हैं जिसमें तरबगंज में 20, मनकापुर में एक तथा कर्नलगंज में 10 बाढ़ शरणालय निर्धारित किए गए हैं। वहीं नाव व नाविक की बात की जाए तो बाढ़ में राहत एवं बचाव कार्य के लिए कुल 334 नावें उपलब्ध हैं जिसमें तरबगंज में 304, मनकापुर में छह तथा कर्नलगंज में 24 नावें उपलब्ध हैं। इसके अलावा राहत और बचाव कार्य के सहयोग के लिए पीएसी फ्लड टीम भी उपलब्ध है।

# नए कानून के तहत दर्ज हुआ मुकदमा

**नवाबगंज, अमृत विचार:** भारतीय न्याय संहिता के तहत बृहस्पतिवार को थाने में मार-पीट तथा दलित उत्पीड़न के तहत पहला मुकदमा पुलिस कप्तान के निर्देश पर दर्ज किया गया। नवाबगंज थाना क्षेत्र के माझा राठ गांव निवासी तिलकराम चमार ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि बीते सोमवार को दोपहर में करीब 11 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के कालीचरण यादव तथा उनकी पत्नी गुड़िया यादव ने उनके लड़के विक्रम को जातिसूचक गाली देने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारा-पीटा। शोर सुनकर गांव वालों के बीच-बचाव करने पर उसकी जान बच पाई।

# पहली ही बरसात में तालाब बन गया ब्लॉक मुख्यालय बेलसर

**संवाददाता, बेलसर**

**अमृत विचार:** पहली बरसात में विकास कार्यों की पोल खुल गई। ब्लॉक मुख्यालय में बने कार्यालय से लेकर आवास तक में जल जमाव हो गया। बाल विकास परियोजना कार्यालय, राजकीय बीज गोदाम, पशु चिकित्सालय, सीएचसी अधीक्षक आवास, स्टाफ नर्स आवास, सामुदायिक शौचालय एवं सड़क पर पानी भर गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी वंदना ने बताया कि कार्यालय तक पहुंचने में काफी दिक्कत होती है। पशु चिकित्सा अधिकारी सुमित वर्मा ने बताया कि जलभराव से मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। स्टाफ नर्स पुष्पा मिश्रा ने बताया कि जलभराव से दुर्गंध से सांस लेना मुश्किल हो रहा है। ललित ने कहा कि सामुदायिक शौचालय तक पहुंचने में भी काफ़ी दिक्कत होती है। राजकीय बीज गोदाम प्रभारी आदर्श वर्मा ने बताया कि सरकार के खर्चे से करोड़ों रुपए से भवन का निर्माण करा दिया गया लेकिन जलभराव दूर करने की कोई योजना नहीं बनाई गई।


बेलसर ब्लॉक परिसर में भरा पानी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### 40 साल सभासद रहे रजा कुरैशी का निधन



**करनैलगंज, अमृत विचार :** गंगा–जमुनी तहजीब की मिसाल एवं 40 साल से लगातार सभासद रहे रजा कुरैशी का निधन हो गया। उनके निधन पर हजारों लोगों ने पहुंच कर शोक प्रकट किया। करनैलगंज नगर पालिका परिषद के पिछले 40 वर्षों से लगातार सभासद व धार्मिक अंजुमन सज्जादिया कमेटी के सदर अकबाल रजा कुरैशी (60) का दिल का दौरा पड़ने से गुरुवार को निधन हो गया। वह करनैलगंज नगर व ग्रामीण क्षेत्र में एकता की मिसाल कायम करने व गंगा यमुनी तहजीब को लेकर चलने वाले थे। अकबाल रजा कुरैशी के पिता अलीरजा कुरैशी भी अंजुमन सज्जादिया कमेटी के सदर थे। वह भी करनैलगंज में वर्ष 1990 में हुए सांप्रदायिक दंगें में दूसरे समुदाय के सैकड़ों लोगों की रक्षा करते हुए अपने घर में छुपाया था। उनके इंतकाल के बाद से लगातार अंजुमन सज्जादिया कमेटी के निर्विवाद सदर रहे हैं तथा अपने सहज स्वभाव व लोकप्रियता के चलते वह वर्ष 1988 से अब तक लगातार सभासद चुने जाते रहे हैं।

### आजाद समाज पार्टी के कार्यालय का उद्घाटन आज

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** आजाद समाज पार्टी के जिला कार्यालय का उद्घाटन शुक्रवार को देवीपाटन मंडल अध्यक्ष मोहम्मद आबिद द्वारा किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के जिला अध्यक्ष जयशंकर गौतम ने बताया कि पार्टी का कार्यालय लखनऊ रोड स्थित पोटरगंज में खोला जा रहा है। कार्यालय के उद्घाटन के बाद मंडल अध्यक्ष पत्रकारों से प्रेस वार्ता भी करेंगे।

### पौधरोपण का महाकुंभ आज

**इटियाथोक, अमृत विचार :** राष्ट्रीय छात्र पंचायत के द्वारा बहलोलपुर कार्यालय पर कल पांच जुलाई को वृक्षों का महाकुंभ पेड़ों का भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम गोंडा नेहा शर्मा रहेगी यह जानकारी राष्ट्रीय छात्र पंचायत अध्यक्ष शिवम पांडे ने दी है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण महाकुंभ के तहत जो लोग पेड़ लेना चाहते हैं वे बहलोलपुर कार्यालय पर पहुंचकर पेड़ ले सकते हैं।

### लेखपाल को दी प्रतिकूल प्रविष्टि

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** सरकारी जमीन पर लगी फसल को कटवाना व रिपोर्ट ना देना महंगा पड़ गया। एसडीएम सदर ने आरोपी लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है। सदर तहसील अंतर्गत धलौनी गांव के व्यक्ति द्वारा सरकारी जमीन पर सरसों बोई गई थी ,जिसकी शिकायत हुई थी ,जांच के लिए संबंधित क्षेत्र के लेखपाल को निर्देशित किया गया था। एसडीएम की से लेखपाल से रिपोर्ट मांगी गई थी। लेकिन लेखपाल ने कोई कार्यवाही नहीं की। जिस पर एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी ने लेखपाल मस्तराम वर्मा को प्रतिकूल प्रविष्टि दी है।

### एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण


जिगना में पौधरोपण करते राज्यमंत्री प्रतिनिधि कमलेश पांडेय। अमृत विचार

**धानेपुर, अमृत विचार :** वन महोत्सव के तहत चल रहे एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत बृहस्पतिवार को पंडरी कृपाल रेंज के ग्राम पंचायत जिगना में पौधरोपण किया गया। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के प्रतिनिधि कमलेश पांडेय ने वन क्षेत्राधिकारी सुशान्त शुक्ला के साथ पौधरोपण किया तथा ग्रामीणों को पौधे वितरित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान जिगना अजय वर्मा, राम शब्द इंटर कॉलेज प्रबंधक हरिओम तिवारी, डिप्टी रेंजर रामचंद्र सिंह, वन दरोगा श्यामू तिवारी, देव नारायण पांडेय समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### जिला गन्ना अधिकारी ने पशु आश्रय केंद्र का किया निरीक्षण

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** वजीरगंज क्षेत्र अंतर्गत जिला गन्ना अधिकारी सुनील सिंह ने मझारा व अनुभुला पशु आश्रय केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। मझारा पशु आश्रय केंद्र पर मौजूद 150 गोवंशों के चारा पानी की व्यवस्था को परखा। उन्होंने केंद्र पर पर्याप्त जगह होने पर नर व मादा गोवंशों को अलग–अलग रखने तथा परिसर में ही हरी घास की बुआई करने का निर्देश प्रधान व सचिव को दिया। अनुभुला में 89 गोवंश मिले। गौशाला में जगह की कमी बतायी गयी। उन्होंने गौशाले में बंधे गोवंशों को चराने की सलाह दी। गो आश्रय केंद्र पर भूसा की उपलब्धता रही। पशुओं को संक्रामक रोगों से बचाव के टीकाकरण के बारे में भी पूछताछ की। प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी डॉ विजय बहादुर वर्मा ने बताया कि गौशाला के सभी पशुओं को टीका लगाया जा चुका है। निरीक्षण के समय सचिव मौजूद नहीं रहे । डॉ पूजा आर्या व प्रधान प्रतिनिधि उपेंद्र सिंह आदि मौके पर मौजूद रहे।

# खौलते तेल में गिरा युवक, हालत गंभीर

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** वजीरगंज थानाक्षेत्र के नगवा में बुधवार शाम को तिलक समारोह का भोजन बनने को लेकर हुई मारपीट के दौरान धक्का लगने से एक आदमी का हाथ गर्म तेल के कड़ाही में गिरने से झुलस गया। जिसका इलाज मेडिकल कालेज में हो रहा। नगवा निवासी अनिल कुमार वर्मा ने थाने पर केस दर्ज कराया है। पीड़ित के अनुसार वह नगवा में तिलक समारोह में भोजन बनाने गया था। पूर्व कहासुनी विवाद को लेकर गांव के ही सोनू वर्मा व विजय वर्मा आये और गाली देते हुए धक्कामुक्की करने लगे जिससे वो गिर गया और हाथ कड़ाही में रखे गर्म तेल में चले जाने से झुलस गया।

# ऑनलाइन हाजिरी के आदेश का किया विरोध

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** 15 जुलाई से परिषदीय स्कूलों की पंजिकाओं के डिजिटाइजेशन, छात्रों-शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के आदेश पर शिक्षकों ने विरोध जताया है। गुरुवार को विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों ने शिक्षक संघर्ष समिति के बैनर तले बैठक की और सीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मिश्र का कहना है स्कूल शिक्षा महानिदेशक की तरफ से विद्यालय की सभी पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन करने तथा छात्र छात्राओं व शिक्षकों को ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने का निर्देश दिया गया है लेकिन शिक्षकों की दर्जनों समस्याएं वर्षों से लंबित पड़ी है उस पर विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि परिषदीय स्कूल प्रायः दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित है। जहां आवागमन एवं नेटवर्क आदि की समस्या हमेशा बनी रहती है। ऐसे में ऑनलाइन उपस्थिति व पंजिकाओं या डिजिटाइजेशन का आदेश पूरी तरह से अव्यावहारिक है। अटेवा जिला अध्यक्ष अमर यादव ने कहा कि इस तरह का आदेश जारी करने से पहले अफसरों को शिक्षकों की लंबित मांगों पर ध्यान देना चाहिए। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिला मंत्री सतीश पांडेय ने कहा कि शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस इलाज, प्रमोशन आदि मांगें लंबित हैं।



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघर्ष समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

### पत्र में इन समस्याओं के समाधान की मांग

- सभी शिक्षकों की पुरानी पेंशन बहाल की जाए।
- बेसिक शिक्षा विभाग में कई सालों से लंबित प्रमोशन प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए।
- शिक्षकों को अर्ध दिवस का आकस्मिक अवकाश अनुमन्य किया जाए।
- बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा पूर्व में प्रदत्त व्यवस्था के अनुरूप स्कूल में तीन दिन विलंब से उपस्थित होने की दशा में शिक्षकों का एक आकस्मिक अवकाश समायोजित हो।
- परिषदीय शिक्षकों के लिए अर्जित अवकाश अनुमन्य किये जाए, जिससे वह भी अपने सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन कर सके।
- परिषदीय शिक्षकों को 30 ईएल की सुविधा प्रदान की जाए।
- परिषदीय शिक्षकों को शिक्षण कार्य के आलावा समस्त गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए। सूचनाओं हेतु समस्त विद्यालय में लिपिक की व्यवस्था की जाए।

8– परिषदीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के संचालन से शिक्षकों को मुक्त रखा जाए।

9– विभाग मे समय से स्पष्टीकरण देने के बावजूद समय से पूर्व ही आनलाइन माध्यम से शिक्षकों की वेतन कटौती कर दी जा रही है जिससे शिक्षकों में रोष व्याप्त हैं। अत: शिक्षकों के स्पष्टीकरण के आधार पर ही कारवाई सुनिश्चित की जाए।

**परखी सुरक्षा** | तीसरी रेललाइन का रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिमंडल प्रणजीव सक्सेना ने किया निरीक्षण

# 120 किलोमीटर की रफ्तार से ट्रेन चलाकर किया सफल ट्रायल

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** दो दिवसीय संरक्षा परीक्षण के अंतिम दिन गुरुवार को रेल संरक्षा आयुक्त पूर्वोत्तर परिमंडल प्रणजीव सक्सेना ने मैजापुर-गोंडा कचहरी के मध्य निरीक्षण किया। गोंडा कचहरी-करनैलगंज खंड पर स्पीड ट्रायल भी किया गया।

यात्री सुविधाओं एवं परिचालन के लिए मूलभूत ढांचे में विस्तार के क्रम में गोंडा-बुढ़वल खंड (61.72 किमी.) पर तीसरी रेल लाइन निर्माण परियोजना के प्रथम चरण में गोंडा कचहरी-करनैलगंज खंड (23.65 किमी.) का विस्तार हो गया है। रेल संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण ओपी सिंह, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर सुरेश कुमार तथा लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आदित्य कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) राजीव कुमार समेत मंडल व निर्माण संगठन के अधिकारियों की उपस्थिति में मैजापुर-गोंडा कचहरी के मध्य निरीक्षण किया।

रेल संरक्षा आयुक्त अन्य अधिकारियों के साथ मोटर ट्राली से मैजापुर-गोंडा कचहरी रेल खण्ड के मध्य बनी तीसरी नई लाइन का निरीक्षण किया। सक्सेना ने मैजापुर-गोण्डा कचहरी स्टेशनों के मध्य स्टेशन यार्ड पर पॉइंट एवं क्रॉसिंग, ब्लॉक सेक्शन में स्थित कर्व की नपाई, समपार संख्या 269 स्पेशल, ब्रिज संख्या 357 तथा मेजर ब्रिज संख्या- 363 एवं 359 का निरीक्षण किया। इसके उपरांत गोण्डा कचहरी रेलवे स्टेशन पहुंचने पर तीसरी रेल लाइन एवं विद्युतीकृत रेल खण्ड के मानक के अनुरूप सेफ्टी अभिलेखों, यार्ड प्लान, स्टेशन वर्किंग रूल के अपडेशन, प्लेटफार्म क्लियरेंस, पॉइंट क्रॉसिंग, सिगनलिंग, बैलास्ट, इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग, बैटरी रूम, रिले रूम आदि का संरक्षा के दृष्टिगत निरीक्षण किया तथा ट्रेन परिचालन से संबंधित रेल कर्मियों से संरक्षा संबंधी प्रश्न पूछकर संरक्षा कार्य कुशलता परखी।

नई लाइन पर अधिकतम गति से स्पेशल ट्रेन से स्पीड ट्रायल के दौरान सीआरएस स्पेशल 120 किमी प्रति घंटे की अनुमेय गति से गोण्डा कचहरी-करनैलगंज स्टेशनों के मध्य चलाई गई। रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान गोण्डा कचहरी-करनैलगंज के मध्य किया गया गति परीक्षण सफल रहा। गोंडा-बुढ़वल खंड पर तीसरी रेल लाइन के निर्माण पर रुपये 714.34 करोड़ की लागत आयेगी। तीसरी रेल लाइन का कार्य चार चरणों में पूरा किया जाना है। परियोजना के द्वितीय चरण में करनैलगंज-घाघरा घाट (21.77 किमी.), तृतीय चरण में घाघरा घाट-बुढ़वल (11.77 किमी.) तथा चतुर्थ चरण में गोंडा जंक्शन गोंडा कचहरी (4.88 किमी.) खंड का कार्य पूरा करने की योजना है। तीसरी लाइन निर्माण परियोजना उत्तर प्रदेश के गोंडा, बहराइच एवं बाराबंकी जनपदों में अवस्थित है।


ट्रॉली से निरीक्षण करते मुख्य संरक्षा आयुक्त प्रणजीव सक्सेना। अमृत विचार

## एक नजर

### ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** ब्लॉक रुपईडीह मे नवनियुक्त ग्राम पंचायत अधिकारी राजकुमार ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव ने बताया कि इसके पूर्व वह कर्नलगंज में तैनात थे। उन्होंने बताया कि इन्हें शीघ्र ही विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों का आवंटन कर दिया जाएगा।

### 32 गरीब परिवारों को नहीं मिला आवास

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** ब्लॉक रुपईडीह की ग्राम पंचायत कमड़ावा में आवास विहीन 32 परिवारों को आज तक आवास नहीं आवंटित किया गया है। ग्राम प्रधान नीलम दुबे ने बताया कि आवास न आवंटित होने के कारण सभी परिवार आज भी छप्पर के तले गुजारा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी परिवारों को आवास आवंटित कराए जाने की मांग खंड विकास अधिकारी से की गई है।

### अलग-अलग दो लोगों पर हमला, मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, अमृत विचार :** दो अलग-अलग व्यक्तियों पर लाठी डंडे से हमला कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने दो नामजद सहित पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पचुरखी मनोहर जोत गांव में विधान शुक्ला अपने खेत की ओर जा रहे थे। रास्ते में रंजीत व दुर्गेश मिश्रा ने लाठी से उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इसी गांव के रहने वाले नेवल कुमार तिवारी गोकर्णनाथ शिवाला चौराहे पर एक दुकान पर सब्जी खरीद रहे थे। इसी बीच तुर्क पुरवा गांव के रहने वाले काकू तिवारी तथा तीन अन्य अज्ञात लोगों ने नेवल कुमार पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिसे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का कारण आरोपियों से पुरानी रंजिश बताई जाती है।

# त्योहार में खलल कतई बर्दाश्त नहीं

## सावन मेला व मोहर्रम को लेकर पुलिस ने कोतवाली परिसर में की बैठक, दिए निर्देश

**संवाददाता, मनकापुर**

**अमृत विचार:** दोनों समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ अपना-अपना त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनायें। उक्त बातें गुरुवार को आगामी सावन मास व मोहर्रम त्यौहार को लेकर कोतवाली परिसर में आयोजित शान्ति कमेटी की बैठक में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी यशवंत राव ने कही।



शांति कमेटी की बैठक करते एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि कोई नई परम्परा नहीं रखी जायेगी, जैसा कि शासन का निर्देश है पहले की तरह सभी अपना अपना त्योहार शांतिपूर्ण तरीके व हर्षोल्लास के साथ मनाएं। इसी क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी आरके सिंह ने कहा कि जैसा कि हमें ज्ञात हुआ कि मनकापुर के लोग गंगा जमुनी तहजीब से त्यौहार मनाते हैं कभी कोई विवाद इस क्षेत्र में नहीं हुआ है।

इसी परम्परा पर कायम रहे और दोनों समुदाय के लोग आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनायें। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने ताजियादारों से अपील किया कि आठ फिट से ज्यादा का ताजीया न रखें। बड़े ताजिया रखने से कर्बला ले जाते समस्या हो सकती है।

उन्होंने कहा कि मोहर्रम के दिन अगर कोई विवाद करता है तो त्योहार में खलल कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके तनवीर खान, यासीन खान, कल्लू हाशमी, मोहर्रम अली, सभासद वैभव सिह, विकास हांडा, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष सीके पाठक, अन्नी सिह, विजय चौहान आदि मौजूद रहे। इटियाथोक थाने में भी शांति कमेटी की बैठक हुई।

# संचारी रोग नियंत्रण को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**संवाददाता, परसपुर**

**अमृत विचार:** एक महीने तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर वृहस्पतिवार को आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।



आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जानकारी देते स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी। अमृत विचार

प्रशिक्षण में स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत 11 जुलाई से लेकर 31 जुलाई तक दस्तक अभियान में आशा कार्यकर्ता के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर घर भ्रमण करते हुए लोगों को मच्छरों से बचने के उपाय के बारे में जानकारी देंगे। मच्छर पनपने वाले जगहों को चिन्हित कर उसके निस्तारण में सहयोग करने की कार्रवाई करेंगे। इस दौरान लोगों को साफ सफाई, शुद्ध पेयजल तथा शौचालय के प्रयोग के बारे में जागरूक करने तथा सैम मैम बच्चों का चिन्हांकन तथा प्रबंधन करते हुए एनआरसी के लिए संदर्भित करने के लिए निर्देशित किया गया। जल जनित बीमारियों से बचाव के लिए तथा डायरिया रोको अभियान के बारे में भी जागरूक किया। इस अवसर पर साधना साहू, तृप्ति पांडेय, संजू यादव, ममता सिंह, नीतू सिंह, लीलावती, सरिता, वीना सिंह, उमा सिंह आदि उपस्थित रहीं।

# समाजसेवियों ने मांगों को लेकर सीआरएस रेलवे को दिया ज्ञापन

**संवाददाता, बालपुर**

**अमृत विचार:** मैज़ापुर रेलवे स्टेशन पर समाजसेवियों ने पूर्वोत्तर रेलवे के सीआरएस को ज्ञापन सौंप पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग की।

बताया गया कि कोरोना काल से ही गोंडा-लखनऊ पैसेंजर बंद है। यहां से रोज़ाना हज़ारों लोगों का आवागमन होता था। पैसेंजर ट्रेन का संचालन बंद होने से सैकड़ों लोगों को अपने रोजगार से हाथ धोना पड़ा। वहीं मैज़ापुर स्टेशन के पूर्वी गुमटी से लेकर पश्चिम गुमटी तक सड़क अत्यंत ही जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। यह सड़क मैज़ापुर चीनी मिल व एशिया के सबसे बड़े एथनॉल प्लांट को जोड़ती है। समाजसेवियों ने सड़क निर्माण के मांग के साथ ही पैसेंजर ट्रेन के संचालन की मांग की है। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख राजू ओझा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य इन्द्र बहादुर जायसवाल, पूर्व प्रधान नन्द किशोर ओझा, दिवाकर तिवारी, वरिष्ठ समाजसेवी अश्विनी तिवारी, श्यामनाथ शुक्ला, इब्राहिम, हाफ़िज़, कफील खान, कृष्ण मोहन तिवारी आदि शामिल रहे।



सीआरएस रेलवे को ज्ञापन देते समाजसेवी। अमृत विचार

# जर्जर हॉस्टल में रहने को विवश नर्सेज

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** मरीज की सेवा करने वाली नर्सों का आवास जर्जर है। जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

मेडिकल कॉलेज परिसर में पूर्वी छोर पर नर्सों का रहने के लिए हॉस्टल बना हुआ है। इस हॉस्टल का निर्माण काफी समय पहले किया गया था। इस हॉस्टल में मेडिकल कॉलेज तथा जिला महिला अस्पताल में सेवा देने वाली तीन दर्जन से अधिक नर्स रहती हैं। यह लोग इसी बिल्डिंग में रहते हुए सेवा दे रही हैं। जिला अस्पताल को जब मेडिकल कॉलेज के रूप में घोषित किया गया तब इन लोगों को लगा था कि यह लोग जिस हॉस्टल में रहती हैं उस पर भी प्रशासन की नजर पड़ेगी, लेकिन मेडिकल कॉलेज परिसर में कई नई बिल्डिंग बनी, अभी भी निर्माण हो रहा है। अधिकतर डाक्टर और स्वास्थ्य कर्मी नए भवनों में मरीजों को देख रहे हैं, लेकिन तीन दर्जन से अधिक रहने वाली यहां नर्स किस हालत में हैं उसे पर किसी का ध्यान आज तक नहीं गया है। बरसात होती है तो हॉस्टल के आसपास व परिसर में पानी भर जाता है छत पर पानी इकट्ठा हो जाता है जिससे टपकने की भी आशंका होने लगती है। लेकिन मन मार कर यह लोग इसी बिल्डिंग में रहने को मजबूर हैं। कुछ नर्सों ने जर्जर हॉस्टल को लेकर अफसर को अवगत भी कराया है लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक कार्य नहीं किया जा सका है। पूरे हॉस्टल में विद्युत आपूर्ति के लिए की गई वायरिंग भी लगभग जर्जर हो चुकी है, तार चारो तरफ लटके हुए हैं। पीने के पानी के लिए वाटर सप्लाई किसी तरीके से की जा रही है। काफी समय से बिल्डिंग का रंग रोगन ना होने से हालत खराब है। बताया जाता है कि हॉस्टल में पेयजल का भी संकट है। साफ सफाई न होने से हॉस्टल में बना शौचालय भी खराब होने की स्थिति में है। फिलहाल सबको दवा, चिकित्सा व साफ सफाई के नसीहत देने वाले नर्सों का आशियाना खुद ही बीमार है। नर्स हॉस्टल का उद्धार कब होगा, यह एक सवाल है।



इसी जर्जर आवास में रहती हैं नर्सेज। अमृत विचार

# लापरवाही: ठंडे बस्ते में सामूहिक विवाह कार्यक्रम

## अफसरों की शिथिलता की भेंट चढ़ी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, 15 जुलाई को है शुभ तिथि

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब बेटियों के हाथ पीले कराने वाली योजना समाज कल्याण विभाग के अफसरों की शिथिलता की भेंट चढ गयी है। इस शिथिलता से जुलाई महीने की शुभ तिथियों में सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन का आदेश ठंढे बस्ते में है।

सिर्फ 15 जुलाई तक विवाह समारोह के आयोजन की शुभ तिथि है और इस तिथि के समाप्त होने में सिर्फ एक सप्ताह का समय बचा है इसके बावजूद अभी तक जिले में इसके आयोजन की प्रक्रिया ही नहीं शुरू हो सकी है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जिले को वित्तीय वर्ष 2024 25 में 1961 गरीब बेटियों का विवाह करने का लक्ष्य मिला है। सरकार की तरफ से 966 बेटियों के विवाह के लिए 4.92 करोड़ रुपए का बजट भी आवंटित किया जा चुका है। इसके अलावा सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभाग की तरफ से शुभ तिथियों की तारीख की सूची भी जारी की जा चुकी है इसके बावजूद जिले के अफसर हालत पर हाथ धरे बैठे हैं।

इस शिथिलता ने गरीब बेटियों के हाथ पीले करने वाली योजना में अड़ंगा लगा दिया है। साथ ही उन अभिभावकों की उम्मीदों को गहरा झटका लगा है जो सरकारी सहायता की उम्मीद लगाए बैठे थे। उधर, इस मामले में जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी का कहना है कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम का लक्ष्य और बजट एक सप्ताह पहले आया है। फाइल तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी गयी है। अनुमोदन मिलते ही टेंडर कराया जायेगा।

### पोर्टल पर लंबित पड़े हैं 450 से अधिक आवेदन

ऐसा नहीं है कि इस योजना के तहत आवेदन पत्र नहीं आए हैं। एक अप्रैल से देखें तो इब तक करीब 450 परिवारों ने सामूहिक विवाह योजना के तहत अपनी बेटियों के विवाह के लिए आवेदन किया है। यह सभी आवेदन विभाग के पोर्टल पर दर्ज हैं। सरकार ने बजट भी दे दिया है लेकिन सरकारी शिथिलता इन आवेदकों को भारी पड़ रही है।

### इन तिथियों में होना है सामूहिक विवाह कार्यक्रम

सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन के लिए तिथियों की सूची जारी की जा चुकी है। जुलाई में नौ, 11, 12, 13, 14 व 15 तारीख को सामूहिक विवाह कार्यक्रम के आयोजन का निर्देश दिया गया है। लेकिन जिले में अब तक इस कार्यक्रम के लिए टेंडर तक नहीं कराया जा सका है। ऐसे में समय से इसका आयोजन कठिन लग रहा है।

### प्रति लाभार्थी पर खर्च होते हैं 51 हजार रुपये

सामूहिक विवाह योजना के तहत निर्धन कन्याओं के विवाह पर सरकार 51 हजार रुपये खर्च करती है। इसमें विवाह करने वाली कन्या को सरकार की तरफ से 35 हजार रुपये का चेक उसके बैंक खाते में दिया जाता है। जबकि 10 हजार रुपये के उपहार व 6 हजार रुपये विवाह के आयोजन पर खर्च किए जाते हैं। योजना में शामिल होने के लिए वर और कन्या का विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होता है।

# श्यामा प्रसाद के व्यक्तित्व पर डाली रोशनी

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** गुरुवार को टाउन हॉल में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमर किशोर कश्यप, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष रमाकांत तिवारी, सूर्य नारायण तिवारी, केके श्रीवास्तव एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष अनुपम प्रकाश मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व में समानता थी। वह भारतीय जनसंघ के प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। केके श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन का पल-पल राष्ट्र की एकता, अखंडता और अक्षुण्णता को समर्पित किया।



श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते मुकुट बिहारी वर्मा। अमृत विचार

पूर्व जिलाध्यक्ष रमाकांत तिवारी ने कहा कि देश हित के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने नेहरू मंत्रिमंडल में पद को त्याग करके कश्मीर की आजादी के लिए अपना बलिदान दे दिया। कार्यक्रम में राकेश तिवारी, आशीष त्रिपाठी, जसवंत लाल सोनकर, दीपक अग्रवाल, राजेश राय चंदानी, रमाशंकर मिश्रा, भवानी भीख शुक्ला, शेष राम बारी, राजेंद्र सिंह, दीपक गुप्ता, बीना राय, नन्द किशोर नंदू, प्रिंस चौरसिया आदि मौजूद रहे।

# संपूर्णता अभियान की हुई शुरुआत

**संवाददाता, इटियाथोक**

**अमृत विचार:** आकांक्षी ब्लॉक पंडरी कृपाल में संपूर्णता अभियान सभा की शुरुआत हुई। नीति आयोग के सदस्य आरिफ अख्तर ने अभियान का शुभारंभ किया।

नीति आयोग के सदस्य की अध्यक्षता में अभियान बैठक के तहत विभागों द्वारा प्राप्त लक्ष्यों पर चर्चा की गयी। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पूजा जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग के इंडिकेटर पर प्रकाश डाला तथा गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण एवं टीकाकरण व शुगर और हाइपरटेंशन हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी। संचालन कर रहे सीडीपीओ अभिषेक दूबे ने गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले राशन वितरण की सफलता और उसमे आने वाली चुनौतियों के विषय में बताया। इसी क्रम में कृषि विभाग से एडीओ कृषि व राष्ट्रीय आजीविका मिशन से कुलदीप ने स्वयं सहायता समूहों द्वारा किए जा रहे कार्य और उन्हें जारी किए जा रहे फंड पर प्रकाश डाला। परियोजना निदेशक चंद्रशेखर महोदय ने ब्लॉक की तरफ से मुख्य अतिथि का आभार जताया। मुख्य अतिथि परिसर में ही पौधरोपण भी किया। मंच संचालन का कार्य बाल विकास अधिकारी अभिषेक दूबे ने किया। इस कार्यक्रम में जिला सांख्यिकीय अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, खंड शिक्षा अधिकारी, सीएम फेलो डॉक्टर सुरेंद्र शुक्ला आदि रहे।



स्टॉल का निरीक्षण करते नीति आयोग के सदस्य आरिफ अख्तर। अमृत विचार

# खाली करायी गयी गौशाला, रुद्रगढ़ नौसी में शिफ्ट किए गए 70 गोवंश

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** मुजेहना के खौदी गांव में निराश्रित गोवंशों के लिए बनायी गयी गौशाला में पानी भर जाने के बाद बृहस्पतिवार को गौशाला को खाली करा लिया गया। यहां के 70 मवेशियों को ग्राम रुद्रगढ़ नौसी स्थित गौशाला में शिफ्ट कर दिया गया है। बुधवार को जलभराव के चलते यहां पांच गोवंशों की मौत हो गयी थी। इसके बाद नींद से जागे अधिकारियों ने आनन फानन में यहां से मवेशियों को दूसरी गौशाला में शिफ्ट कराना प्रारंभ किया था।



पानी में डूबी गौशाला, प

मुजेहना ब्लाक के खौदी गांव का मामला

अमृत विचार के गुरुवार के अंक में प्रकाशित खबर। अमृत विचार

मुजेहना ब्लाक के ग्राम पंचायत खौदी में सरयू नहर के किनारे निचले इलाके में गौशाला में बुधवार को बारिश के बाद जलभराव हो गया था। पानी में डूबने से यहां के पांच गोवंशों की मौत हो गयी थी। गोवंशों की मौत से अधिकारियों में अफरा तफरी मच गई थी और उनके शवों का निस्तारण कराये जाने के साथ ही अधिकारी गौशाला को खाली कराने में जुटे थे।

बुधवार की देर शाम 15 गोवंशों को रुद्रगढ़ नौसी स्थित गौ आश्रय केंद्र में शिफ्ट किया गया था। बृहस्पतिवार को भी बीडीओ राजेंद्र यादव की मौजूदगी में गोवंशों को शिफ्ट कराया गया। बीडीओ ने बताया कि खौदी गौशाला से करीब 70 गोवंश रुद्रगढ़ नौसी गौशाला में शिफ्ट कर दिए गए हैं। खौदी की गौशाला को खाली करा दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### एसडीएम से रास्ते में हो रहे निर्माण को रोकने की मांग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गिर्द के संचरही निवासी शहजादा ने तरबगंज एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कहा है कि धर्मेंद्र पांडेय, दिनेश लोहिया व गोविंद चौहान उसके आवागमन के सरकारी रास्ते में पक्का निर्माण कर रहे। जब उन्हें रास्ते पर निर्माण रोकने को कहा गया तो मारपीट को आमादा हो गए। शहजाद ने बताया कि स्थानीय थाने पर भी शिकायत की थी पर कोई सुनवाई नहीं हुई है। उपजिलाधिकारी विशाल कुमार ने प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय को सरकारी रास्ते में हो रहे निर्माण को रोकने का निर्देश दिया है।

### धानेपुर में चबूतरा विवाद का एएसपी पूर्वी ने किया निरीक्षण



धानेपुर के उज्जैनी कला गांव में निरीक्षण करते एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत।

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** धानेपुर थाना क्षेत्र के उज्जैनी कला गांव को मजरे भगन पुरवा में उपजे चबूतरा विवाद का गुरुवार को एएसपी पूर्वी मनोज कुमार रावत ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एएसपी ने मुस्लिम समाज के लोगों से कहा कि राजस्व विभाग ने पैमाइश के बाद जो नवीन परती की भूमि चिन्हित की है चबूतरा उसी जमीन पर बनाएं। मोहर्रम में किसी ने बाधा डालने की कोशिश की तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी। उज्जैनी कला गांव को मजरे भगन पुरवा में मोहर्रम के चबूतरे को लेकर कुछ दिन पहले दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। इसकी जानकारी मिलने पर एसडीएम सदर अवनीश त्रिपाठी व सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने राजस्व टीम के साथ पैमाइश की थी और इस विवाद को सुलझाने का प्रयास किया था। इसके लिए राजस्व टीम ने भूमि की पैमाइश कर गांव के बाहर स्थित नवीन परती की जमीन आवंटित की थी, लेकिन मुस्लिम समाज ने इस पर ऐतराज जताया था और उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत की थी।

### कालाबाजारी के लिए जा रहा खाद्यान्न पकड़ा

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** सरकारी खाद्यान्न को खुले बाजार में बेचे ले जा रहे पिकअप को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया। इसकी सूचना जिलाधिकारी को दी गई डीएम के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षकों ने खाद्यान्न को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। रिपोर्ट जिला अधिकारी को भेजे जाने की बात कही जा रही है। गुरुवार को एक पिकअप पर करीब 50 बोरी गेहूं लद कर मंडी में बिकने को आ रहा था। संदेह होने पर स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना जिला अधिकारी को दी। डीएम नेहा शर्मा ने डीएसओ को जांच करने का निर्देश दिया। मौके पर पूर्व निरीक्षक बालेश्वर मणि त्रिपाठी व जुगल किशोर ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच में प्रथम दृष्टिकोण पाया गया कि खाद्यान्न सरकारी है। चालक द्वारा बताया गया कि एक व्यक्ति ने काजी देवर गाँव खाद्यान्न पहचाने की बात कहकर उसे बुलाया था वह खाद्यान्न लेकर जा ही रहा था कि स्थानीय लोगों ने रोक लिया। पूर्ति निरीक्षकों ने रिपोर्ट डीएम के यहां भेजी है।

**जागरूकता अभियान** — भारतीय न्याय संहिता सप्ताह के तहत नये कानूनों के बारे में दी जानकारी

# कोविड में परिजन खोने वाले बच्चों को दिए लैपटॉप

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** महिला कल्याण विभाग के मिशन शक्ति के तहत 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत भारतीय न्याय संहिता सप्ताह कार्यक्रम व जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता डीएम नेहा शर्मा ने किया। डीएम ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड के तहत 21 बच्चों को लैपटाप का वितरित करते हुए बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि लैपटाप तकनीकी शिक्षा से जुड़ने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें। डीएम ने मिशन वात्सल्य, निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, स्पांशरशिप, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टाप सेंटर, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह सहित महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की समीक्षा की। जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एम. अरून्मौली, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रश्मि वर्मा, क्षेत्राधिकारी शिल्पा वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, सीडब्लूसी अध्यक्ष प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, जेजेबी सदस्य अनुपमा श्रीवास्तव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सत्येन्द्र प्रताप, औषधि निरीक्षक रजिया बानो, डा. सुवर्णा कुमार, अखलाक अहमद, जेपी यादव, चन्द्रमोहन वर्मा, आशीष मिश्रा, चेतना सिंह, यूनिसेफ के अनिल कुमार, रिचा तिवारी, पंकज कुमार राव, सिद्धनाथ पाठक, ध्रुवचन्द्र, नीतू त्रिपाठी, सत्यप्रकाश, प्रदीप जायसवाल आदि मौजूद रहे।




बच्चे को लैपटॉप देतीं डीएम नेहा शर्मा, साथ में सीडीओ एम अरुन्मौली। अमृत विचार

# चकमार्ग की पैमाइश के लिए लेखपाल ने ली 1500 की रिश्वत, वीडियो वायरल

**गोंडा कार्यालय**

**अमृत विचार:** करनैलगंज तहसील में कार्यरत एक लेखपाल द्वारा जमीन पैमाइश के नाम पर एक किसान से 15 सौ रुपये की रिश्वत लेने का मामले सामने आया है। आरोप है कि रुपये लेने के बावजूद लेखपाल ने जमीन की पैमाइश नहीं की। पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो लेखपाल ने उसे धमकी दी। परेशान पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं किसान से 15 सौ रुपये की रिश्वत लेने का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिलाधिकारी को दिये अपने शिकायती पत्र में करनैलगंज क्षेत्र के ग्राम चंगेरी परगना ग्वारिच निवासी राजकुमार शुक्ल ने तत्कालीन हल्का लेखपाल त्रयम्बक तिवारी पर भ्रष्टाचार व घूसखोरी का आरोप लगाते हुए बताया है कि जब वह ग्राम चंगेरी में कार्यरत थे तो वह लेखपाल से मिला था और उसके खेत को जाने वाले रास्ते पर हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की थी। आरोप है कि लेखपाल ने बिना पैसे लिए चकमार्ग की पैमाइश नहीं की। लेखपाल ने पीड़ित से कहा कि कुछ खर्चा दो तभी चकमार्ग नप पायेगा। इस तरह दौड़ते रहोगे और कुछ नहीं होगा। इस पर पीड़ित ने लेखपाल को 15 सौ रुपये दे दिये। बावजूद इसके लेखपाल पैमाइश में आनाकानी करते रहे तथा उससे और पैसे की मांग करने लगे।

# टीबी मरीजों को हेल्थ किट व छह लाभार्थियों को दिए गोल्डेन कार्ड

## जिलाधिकारी और सीडीओ ने दीप प्रज्ज्वलित कर 'सम्पूर्णता अभियान' की शुरुआत की

संवाददाता, श्रावस्ती


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते डीएम अजय कुमार द्विवेदी।

**अमृत विचार।** नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकास खण्ड कार्यक्रम में निर्धारित कुल 40 इन्डीकेटर्स में से 6 इन्डीकेटर के लक्ष्यों को संतृप्त करने के उद्देश्य से प्रदेश के आकांक्षात्मक विकास खण्डों में सम्पूर्णता अभियान चलाया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ डीएम अजय कुमार द्विवेदी एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने द्वीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग द्वारा स्टाल भी लगाये गये, जिसका जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने अवलोकन कर विस्तार से जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने नौ टीबी मरीजों को हेल्थ किट, छः लाभार्थियों को गोल्डेन कार्ड, 20 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य परीक्षण प्रमाण पत्र तथा कृषकों को फसलों के बीज की मिनीकिट का वितरण किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नीति आयोग के तहत आंकाक्षी जनपद आकांक्षी ब्लाक कार्यक्रम के तहत यह अभियान चलाया जा रहा है, जो 4 जुलाई से 30 सितंबर, 2024 तक 3 महीने तक चलेगा। इसका उद्देश्य 6 प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के लिए निरंतर प्रयास किया जायेगा। इसके तहत पहली तिमाही के भीतर प्रसव पूर्व देखभाल एएनसी के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, लक्षित ब्लाक में जनसंख्या में उच्च रक्तचाप के लिए व्यक्तियों का चिन्हांकन, ग्राम्य विकास के तहत ब्लाक में कुल एसएचजी के मुकाबले रिवाल्विंग फंड के इंडीकेटर्स पर विशेष बल देकर शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा एपी सिंह, जिला विकास अधिकारी रामसमुझ, उप निदेशक कृषि सुरेन्द्र चन्द्र चौधरी, डीसी एनआरएलएम राजीव कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजय कुमार यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन राजकुमार त्रिपाठी व अन्य विभागों से सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### क्षेत्र का भ्रमण कर मानिटरिंग की जाए

उन्होंने सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि उक्त सभी 6 इंडीकेटर्स पर लक्ष्य की संतृप्ति हेतु अपेक्षित कार्यवाही की जाए, ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके। इसके लिए विकास खण्ड स्तर पर तीन महीने की कार्ययोजना तैयार किया जाए। विभागीय एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा समवर्ती मूल्यांकन हेतु क्षेत्र का भ्रमण कर मानिटरिंग की जाए। सीडीओ ने कहा कि देश के अपेक्षाकृत पिछड़े और दूरदराज के क्षेत्रों के तेजी से विकास को सुनिश्चित करने के लिए आकांक्षी जिला कार्यक्रम लॉन्च किया गया था। जिसकी सफलता के आधार पर आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा लॉन्च किया गया और इसका उद्देश्य देशभर के 500 ब्लॉकों में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, पेयजल और स्वच्छता जैसे कई क्षेत्रों में आवश्यक सरकारी सेवाओं की पूर्ति करने हेतु 'सम्पूर्णता अभियान' का आज शुभारम्भ किया गया है। जिससे आंकाक्षी ब्लाकों में विशेष ध्यान देकर विकसित ब्लाकों एवं जनपदों की श्रेणी में लाया जा सके।

# उधार का पैसा मांगने पर दोस्त ने मारी थी गोली

संवाददाता, बलरामपुर

- दोस्त की गोली मार कर हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार
- पुलिस ने आलाकत्ल तमंचा, मृतक की मोबाइल तथा एक बाइक भी की बरामद


आरोपी के साथ एसपी विकास कुमार।

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्र के गदुरहवा मोहल्ले में उधार पैसा मांगने से नाराज दोस्त ने युवक को गोली मार दी थी। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को महज 8 घंटे के अंदर नेपाल बॉर्डर स्थित पचपेड़वा थाना क्षेत्र के मजगवां गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर आलाकत्ल तमंचा, मृतक की मोबाइल तथा एक बाईक बरामद की गई है। गुरुवार को एसपी विकास कुमार ने बताया नगर के गदुरहवा मोहल्ले में बुधवार दोपहर करीब 2:00 बजे स्थानीय निवासी मोहम्मद वसीम को उसके मित्र मोहल्ला निबकौनी निवासी फरहान ने गोली मार दी थी। वसीम की बहराइच में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की बहन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। नगर कोतवाल शैलेश सिंह की अगुवाई में टीम ने आरोपी फरहान को थाना पचपेड़वा क्षेत्र के मजगवां गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा, मृतक का मोबाइल तथा एक बाइक बरामद की गई है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मृतक का पैसा उधार था। मृतक द्वारा पैसा मांगने से नाराज होकर उसने उसे गोली मार दी थी। आरोपी के ऊपर नगर कोतवाली में पहले भी आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है ।उधर मृतक का बहराइच जनपद में पोस्टमार्टम किया गया है। गुरुवार देर शाम परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया है ।आरोपी के पास तमंचा कहां से आया उसे यह तमंचा किसने दिया था पुलिस इस दिशा में भी छानबीन कर रही है। शीघ्र ही संभावना जताई जा रही है कि आरोपी को तमंचा देने वाला शख्स भी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## सार-संक्षेप

### दुर्घटना को दावत दे रहे हैं नालियों के टूटे ढक्कन


तुलसीपुर नगर में नालियों के टूटे ढक्कन।

**संवाददाता, तुलसीपुर, बलरामपुर। अमृत विचार।** नगर तुलसीपुर में गायत्री मंदिर से कलश चौराहे तक बनी जल निकासी बनी नालियों के कई ढक्कन टूटे हुए है। नगर के डॉक्टर विकास गुप्ता ने बताया टूटे ढक्कन के कारण कई गाड़ियां इनमे फंसकर क्षतिग्रस्त हो चुकी है और कई व्यक्ति चोटिल भी हो चुके है। ढक्कन टूटे होने के कारण नालियां कूड़े से भरी हुई है जो बारिश के समय जल भराव की समस्या भी पैदा करती है। स्थानीय नागरिकों ने समस्या का समाधान करने की गुहार अधिकारी व जिम्मेदार से लगाई है। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तुलसीपुर ने बताया दुकानों पर ट्रक के द्वारा माल लोड अनलोड होते समय ढक्कन टूट जाता है। एक माह के भीतर ढक्कन लगा दिया जायेगा।

### पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प


पौधरोपण करते नगर पंचायत अध्यक्ष।

**संवाददाता, पचपेड़वा, बलरामपुर,अमृत विचार।** वन महोत्सव के तहत बृहस्पतिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पचपेड़वा रवि वर्मा व जिला पंचायत सदस्य नवीन विक्रम सिंह व सभासद सफ्फू अहमद ने भाभर रेंज के पचपेड़वा वार्ड नंबर 7 नगर पंचायत क्षेत्र में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। रेंज अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह वी बंन दरोगा नुरुल हुदा खां ने कहा कि बरसात के मौसम में पौधे लगाने से उनके देखभाल ज्यादा जरूरत नहीं पड़ती है। इस दौरान वनरक्षक सूर्य नारायण सिंह ,मयंकर सिंह, राजेंद्र सिंह, अरुण कुमार, हीरालाल वर्मा, नियाज अहमद, अशोक मौर्य, प्रकाश यादव, रामकिशोर, भूलन प्रसाद, आदि लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

### कॉलेजों में हुआ गोष्ठी का आयोजन

**संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय महिला कल्याण उ.प्र.के निर्देश तथा डीएम पवन अग्रवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में भारतीय न्याय संहिता सप्ताह मनाये जाने के अवसर पर सुन्दरदास रामलाल बालिका इण्टर कॉलेज धुसाह बलरामपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं को भारतीय न्याय संहिता / मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पान्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना के बारे में बताया गया। इस मौके पर सतीश चन्द्र जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रधानाध्यक प्रदीप कुमार द्विवेदी, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी / प्र0 संरक्षण अधिकारी जिला बाल संरक्षण इकाई, बद्री विशाल परामर्शदाता जिला बाल संरक्षण इकाईक्षबलरामपुर एवं विद्यालय के अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### एसपी ने किया पुलिस लाइन प्रांगण में वृक्षारोपण



**संवाददाता, श्रावस्ती, अमृत विचार।** बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन प्रांगण में पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने वृक्षारोपण किया। पुलिस अधीक्षक ने जनपद वासियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार सहित अन्य कर्मचारीगणों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान फूलदार व फलदार वृक्षों सहित काफी संख्या में विभिन्न प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया गया।

### ब्लाकवार कैम्प लगाकर होगा चिन्हांकन

**संवाददाता,श्रावस्ती, अमृत विचार।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अभिषेक उपाध्याय ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं जैसे-दिव्यांग पोषण अनुदान एवं कुष्ठावस्था पेंशन, शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार, दुकान निर्माण/संचालन एवं कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना में प्रगति लाये जाने हेतु चिन्हांकन किया जाना है। जिसके लिए ब्लाकवार कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड इकौना परिसर में 8 जुलाई को, गिलौला में 9 जुलाई, हरिहरपुररानी में 10 जुलाई, जमुनहा में 11 जुलाई व सिरसिया में 12 जुलाई, 2024 को प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक आयोजित किया जायेगा। इसके लिए सम्बन्धित ब्लाक के खण्ड विकास अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इसके लिए सम्बन्धित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के माध्यम से विकास खण्ड के दिव्यांगजनों को चिन्हांकन शिविर हेतु सूचित करना सुनिश्चित करें, जिससे अधिक से अधिक दिव्यांगजनों का चिन्हांकन कर उन्हें विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

### कटान से दहशत में ग्रामीण, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान


बेला गांव के पास राप्ती नदी में हो रही कटान। अमृत विचार

**संवाददाता, बलरामपुर, अमृत विचार।** विकासखंड तुलसीपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला में राप्ती नदी का कहर देखने को मिल रहा है। वहीं विभागीय अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारी मौके पर आते हैं फोटो खींचते हैं वापस चले जाते हैं। लेकिन कटान रोकने के लिए विभाग ने अभी तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया है। जिसको लेकर बेला गांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमेश यादव, राजेश कुमार, अजय कुमार पांडे, कृष्ण मोहन, राम मूरत, राम नरेश, उदयभान नीरज, त्रिभुवन, जगत राम, शारदा प्रसाद आदि ने बताया कि जिलाधिकारी को पत्र लिखकर समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई दिनों से संबंधित विभाग को राप्ती नदी से हो रही कटान की सूचना लगातार दे रहे है। लेकिन अभी तक कटान रोकने के लिए कोई भी प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। उधर, राप्ती नदी की कटान गांव के तरफ बढ़ रही है। जिससे गांव के लोगों में दहशत का माहौल है।

# आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार : एएसपी

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** महराजगंज तराई थाना परिसर में गुरुवार पीस कमेटी के बैठक में क्षेत्राधिकारी ललिया ज्योति श्री ने कहा की त्योहार संपन्न करने के लिए सभी का सहयोग होना जरूरी है। आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द पूर्ण के साथ मोहर्रम व सावन का पर्व मनाए। अगर कोई गांव कस्बा में अराजक तत्व त्यौहार में व्यवधान डालने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें।

पुलिस गांव गांव में मुस्तैद रहेगी। अगर सोशल मीडिया व अन्य प्लेटफार्म पर किसी भी प्रकार का अफवा फैलाया गया तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अफवाह फैलाने वाले पर पुलिस की नजर बनी है। थाना प्रभारी की गिरिजेश तिवारी ने कहा कि त्यौहार में अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अफवाहों में नवयुवक जल्द फस जाते हैं। इसीलिए सभी अभिभावक अपने युवा बच्चों को सही व उचित मार्गदर्शन आवश्यक हो गया है।

सोशल मीडिया के अफवाहों से दूर रहे। यदि कोई बातों का बढ़ावा देगा तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जुलूस परंपरागत तरीके से निकल जाएगा। अलग से कोई भी कार्यक्रम नहीं आयोजित होगा। इस मौके पर उप निरीक्षक मुनीष चंद्र दुबे, दिग्विजय यादव, गणेश प्रसाद सोनी नंदकुमार वर्मा मोहम्मद शब्बीर अखिलेश्वर चौधरी चरण वर्मा कलाम प्रधान,हाजी अकबाल व गणेश जयसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नाले में उतराता मिला किशोर का शव

**बलरामपुर, अमृत विचार।** ललिया थाना क्षेत्र के सिंह पुर गांव में बुधवार शाम को घर से शौच करने गए बच्चे का शव गांव के पश्चिमी छोर पर उतराता हुआ नाले में पाया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सिंह पुर गांव निवासी चिंता राम सोनकर का 15 वर्षीय इकलौता पुत्र जगदंबा बुधवार के शाम को घर से शौच के लिए निकला था। देर रात तक वापस लौट कर नहीं आने पर मृतक के पिता द्वारा का काफी खोजबीन करने के बाद गुरुवार की शाम को जगदंबा का शव गांव के पश्चिमी छोर पर उतराता हुआ पहाड़ी नाले में मिला है। प्रभारी थाना मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता चिंता राम सोनकर के सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# विधायक ने पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर


पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते सदर विधायक।

**अमृत विचार।** वन महोत्सव के तहत वन विभाग उतरौला रेंज के तत्वावधान में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में सदर विधायक पल्टूराम ने पौध रोपित कर दूसरों को भी पोधरोपण के लिए प्रेरित किया। गुमड़ी में आयोजित कार्यक्रम में विधायक के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। सभी ने एक-एक पौधा लगाने का संकल्प लिया।

विधायक पल्टूराम ने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए धरती को हरा-भरा बनाए रखना जरूरी है। उन्होंने पेड़-पौधों की सुरक्षा पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि पेड़ पौधों की सुरक्षा हम अपने बच्चों की तरह करें तभी पौधरोपण का मकसद पूरा होगा। कहा कि बढ़ती आबादी और घटती हरियाली के कारण कई समस्याएं पैदा हो रहीं हैं। मौसम का चक्र गड़बड़ा गया है। बरसात कम होने लगी है। गर्मी बढ़ रही है अगर अभी न चेते तो आने वाले समय में यह समस्या भयावह रूप ले लेगी। उन्होंने अधिक से अधिक पौधे लगाने और पेड़ों की सुरक्षा पर बल दिया। वन क्षेत्राधिकारी उतरौला कपिल देव सिंह ने कहा कि हमारे नर्सरियों में पौधे तैयार है आप सभी वहां से पौधे निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। इस अवसर पर ब्लॉक श्रीदत्तगंज प्रमुख हेमंत जायसवाल, राम निवास वर्मा, रंजीत गुप्ता, राम निवास वर्मा, बेचन पंडित, राजेश श्रीवास्तव, टिंकु श्रीवास्तव, तुलसीराम जायसवाल, बच्छराज वर्मा, वन दरोगा समीर खान व गौरव सिंह सहित पौधरोपण कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारियों के अलावा बडी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

# 17 महादानियों ने किया रक्तदान

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पचपेड़वा नगर में श्री अग्रसेन सेवा समिति द्वारा राम जानकी मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक विजय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। रक्तदान करके हम किसी का जीवन बचाते हैं और रक्तदान करने से किसी को कोई नुकसान नहीं होता है। ब्लड प्रेशर हार्ट अटैक जैसे खतरों से बचा जा सकता है। शिविर में नंदिता सिंह, सृष्टि अंचला वर्मा, आशीष अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, विपिन, वसीम खां, बिंद्रा गुप्ता उपकारवारी, रामकुमार, रीना चौधरी समेत 17 लोगों ने रक्तदान किया। संयुक्त जिला अस्पताल ब्लड बैंक से आयी संयुक्त टीम अशोक पांडेय, एलटी ऋषि मिश्रा, डॉक्टर आकांक्षा शुक्ला पैथोलॉजिस्ट लालू अहमद, हिमांशु तिवारी व अंजली सिंह समेत आयोजक आशीष अग्रवाल, मनोज तिवारी, डॉक्टर प्रेम सिंह, डॉक्टर रामविलास विश्वकर्मा, अमित, सिंगला, विपिन अग्रवाल का योगदान सराहनीय रहा।

# स्वामी विवेकानंद की मनाई पुण्यतिथि

संवाददाता, बलरामपुर


स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रबंध निदेशक, शिक्षक व विद्यार्थी।

- बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से उनके जीवन वृत्त पर डाला प्रकाश

**अमृत विचार।** पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में 'स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि' मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ. एमपी तिवारी एवं उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा दीप प्रज्ज्वलित करके आरती उतारा।

विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि कलकत्ता के एक कुलीन बंगाली परिवार में जन्में विवेकानन्द अध्यात्मिकता की ओर झुके हुए थे। वे अपने गुरू रामकृष्ण परमहंस देव से काफी प्रभावित थे। जिनसे उन्होंने सीखा कि सारे जीवों में स्वयं परमात्मा का ही अस्तित्व है, इसलिए मानव जाति दूसरे जरूरतमन्दों की मदद करता है। इस अवसर पर पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा भाषण, कला एवं एक लघु नाटक का आयोजन किया गया जिसमें भाषण के अन्तर्गत अविशी, आस्था, आलिया, साहवी, आदित्य, अनुष्का, रत्नप्रिया, रिया, श्रेया, तनय, मरियम, मेधावी, सौम्या, विराट, श्लोक एवं वर्णित ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर अपना-अपना विचार व्यक्त किया। कला के अन्तर्गत नाव्या, आलिया, दानिया, मारिया, सबा, आराध्या, आशिता, रिद्धी एवं अदिती ने स्वामी विवेकानंद का बहुत मनमोहक चित्र बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। लघु नाटक के अन्तर्गत वर्णित एवं तनय ने मनमोहक अभिनय किया। अंत में 'स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि' के अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, सहित समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने मिलकर स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि को मनाया।

# एक ही रात में आधे दर्जन घरों से चोरी

जरवा, बलरामपुर

**अमृत विचार।** थाना कोतवाली जरवा अंतर्गत पिपरा व प्रतापपुर गांव में गत मंगलवार रात चोरों ने खिड़की व दरवाजा तोड़कर 6 घरों से अनाज, नकदी व जेवरात की चोरी कर ली।

ग्राम पिपरा निवासी मिथिलेश तिवारी ने बताया कि मेरे घर के पीछे बनी बाउंड्री वाल को कूदकर चोर रात्रि में अंदर घुसे और नकदी व जेवरात उठा ले गए। प्रतापपुर गांव निवासी राजू मुंशी ने बताया कि खिड़की का सरिया टूटकर बाहर पड़ा हुआ था। अंदर कमरे में खिड़की पर लगे लोहे की जाली वाली चादर को भी चोरों ने काट दिया था, जिससे गैस चूल्हा को निकाल रहे थे, लेकिन ले नहीं जा सके। इसी गांव के निवासी रघुवर वर्मा के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर के पास खटखट की आवाज आ रही थी, तीन लोग घर के पीछे तथा दो लोग अंदर बाहर आ जा रहे थे। मैंने शोर मचाना शुरू किया शोर सुनते ही डरकर भाग खड़े हुए। इसी गांव के पीताम्बर ने बताया कि वह सभी अपने घर के छत पर सो रहे थे। चोरों ने घर को खुला पाकर पर चावल, सरसों, आचार और जेब में रखे पैसे लेकर भाग गए। भुलई ने बताया कि चोर अंदर घर में रखे पायल, बिछिया और पैसे को चुरा ले गए। प्रभु यादव ने बताया कि चोर उसके घर में घूसे ही थे कि मुझे जगता देख चोर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पांडे ने बताया कि इस संबंध में कोई तहरीर प्राप्त नही हुई है। सूचना मिली है गांव में गश्त का समय और बढ़ा दिया जाएगा।

# डीएम की ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण की अपील

संवाददाता, श्रावस्ती


पौधरोपण करते जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी। अमृत विचार

- डीएम ने पौधरोपण कर वन महोत्सव का किया शुभारम्भ
- पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए प्रकृति के अनुपम उपहार: डीएम

**अमृत विचार।** वृहद वृक्षारोपण जन अभियान 2024 के अंतर्गत वन महोत्सव का शुभारंभ कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने मौलश्री का पौधरोपण किया।

इस दौरान उन्होने पौधरोपण कर जन सामान्य से इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं उनका संरक्षण करने की अपील किया। उन्होने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए प्रकृति के अनुपम उपहार हैं। हमारे वन पेड़-पौधे ही नहीं अपितु अनेकों उपयोगी जीव-जंतुओं व औषधियों का भंडार हैं। इससे गिर रहे जलस्तर को भी रोका जा सकेगा। डीएम ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2024-25 में जनपद हेतु 47,14,640 पौध रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें वन विभाग-26,00,000 पौध तथा अन्य विभागों द्वारा 21,14,640 पौध रोपण हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन लगेगा रोजगार मेला, घर बैठे मिलेगी नौकरी

संवाददाता, बलरामपुर

- संगम पोर्टल पर पंजीकृत युवाओं का घर बैठे ही ऑनलाइन होगा साक्षात्कार

**अमृत विचार।** नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। रोजगार मेले में भटकने के बजाय अब युवा घर बैठे इंटरव्यू देकर मनचाही नौकरी पा सकेंगे। इसके लिए बेरोजगार युवाओं को जिला सेवायोजन विभाग के संगम पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण के दौरान अपनी शैक्षिक योग्यता सहित कौशल संबंधित डिग्री का विवरण भी दर्ज करना होगा, जिससे निजी कंपनियों द्वारा युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी का ऑफर दे सकें।

सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से लगने वाले रोजगार मेलों को अब ऑनलाइन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए बेरोजगार युवाओं का संगम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। सेवायोजन विभाग की तरफ से वर्चुअल रूप से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें कंपनी के अधिकारी संबंधित युवक से ऑनलाइन इंटरव्यू लेंगे। जिले में इसकी शुरूआत 15 जुलाई से होने की संभावना है। जिला सेवायोजन विभाग में अभी करीब 9700 युवाओं का पंजीकरण है।

# नियमित कर्मचारी बनाने की मांग

संवाददाता, बलरामपुर


सदर विधायक को मांग पत्र सौंपते पंचायत सहायक। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र सदर विधायक पल्टूराम को सौंपा

**अमृत विचार।** पंचायत सहायकों ने अनुबंध प्रक्रिया को समाप्त कर नियमित कर्मचारी का दर्जा दिलाए जाने की मांग तेज कर दी है। बृहस्पतिवार को पंचायत सहायकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र सदर विधायक पल्टूराम को सौंपकर मांगों पर विचार किए जाने की मांग की है।

पंचायत सहायक ब्लॉक अध्यक्ष अनिल कुमार, पुष्पा वर्मा, मंशा पासवान, गीता, सुंदरी, कर्मा, गुड़िया, रूची शुक्ला, पूनम, रागिनी, रेनू व मोनू जायसवाल आदि ने बताया कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को गति देने व ग्रामीणों को ऑनलाइन सुविधाओं का लाभ देने के लिए पंचायत सहायकों की तैनाती की गई है। पंचायत सहायक सचिवालय के संचालन से लेकर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरा सहयोग करते हैं। पंचायत सहायकों को मानदेय के रूप में छह हजार रुपये दिए जाते हैं। वह भी समय से नहीं मिल पाता है। पंचायत सहायकों के अनुबंध प्रक्रिया को समाप्त करके नियमित कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। साथ ही मानदेय छह हजार से बढ़ाकर कम से कम 10 हजार रुपये किया जाए। पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को संबोधित मांग पत्र सदर विधायक पल्टूराम को सौंपा। सदर विधायक ने समस्याओं को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

# बहराइच में संपूर्णता अभियान की शुरुआत

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** आकांक्षात्मक जनपद के आकांक्षी विकास खण्ड हुजूरपुर में 30 सितम्बर तक संचालित होने वाले सम्पूर्णता अभियान के शुभारम्भ अवसर पर सांवरिया रिसार्ट में आयोजित में समारोह का विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने विधायक कैसरगंज आनन्द कुमार यादव, विधायक बलहा के प्रतिनिधि आलोक जिन्दल, जिलाधिकारी मोनिका रानी व सीडीओ रम्या आर के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम के शुभारम्भ के उपरान्त अतिथियों ने अधिकारियों के साथ कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेशम, ग्राम्य विकास, पशुपालन, उद्यान, पंचायती राज, समाज कल्याण, आईसीडीएस व अन्य विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन किया तथा आरोग्य जन जागरूकता अभियान 3.0 के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा समारोह स्थल पर नीति आयोग के इंडीकेटर्स पर आधारित बनाई गई रंग बिरंगी रंगोली का अवलोकन करते हुए बनाई गई रंगोली की सराहना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मौजूद लोगों को सम्पूर्णता अभियान की शपथ दिलाई। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि वर्मा द्वारा अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ 05 बच्चों को अन्नप्रासन कराया तथा 05 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व ड्रग किट, 05-05 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड व राई बीज के मिनी किट, परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 01 व 02 के छात्र-छात्राओं को पुस्तक तथा स्वयं सहायता समूह की 05 महिलाओं को रिवॉल्विंग फंड का वितरण किया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित करते हुए बताया कि नीति आयोग के निर्देश पर आकांक्षी विकास खण्डों में निर्धारित कुल 40 सूचकांकों में से 06 सूचकांकों में सम्पूर्णता प्राप्त करने के लिए 30 सितम्बर तक अभियान संचालित किया जाना है। अभियान अन्तर्गत पहली तिमाही के भीतर प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण, ब्लॉक में लक्षित आबादी की शत-प्रतिशत उच्च रक्तचाप व मधुमेह की जांच, आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण, मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किया जाएगा। संचालन शिक्षक कवि संतोष सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार, पीडी डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टीपी शाही, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, डीपीएम एनएचएम सरयू खान, डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह व अन्य अधिकारी, विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।



अभियान की शुरुआत करतीं जिलाधिकारी मोनिका रानी। अमृत विचार

## एक नजर

### जनपद सिंचाई बंधु की बैठक नौ जुलाई को

**बहराइच।** सदस्य सचिव एवं अधीक्षण अभियंता-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक नौ जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### दीवार गिरने से दो बच्चे घायल, अस्पताल में भर्ती

**नानपारा, बहराइच।** गुलालपुरवा गांव में गुरुवार को दीवाल गिरने से दो बच्चे घायल हो गए। दोनों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत गुलाल पुरवा गांव निवासी राशिद (9) पुत्र मोहसिन और सना (6) गुरुवार सुबह घर में खेल रहे थे। इसी दौरान दीवाल बच्चों पर गिर गई। जिसकी चपेट में आकर दोनों घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### राज्यमंत्री माध्यमिक शिक्षा का आगमन आज

**बहराइच।** प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश गुलाब देवी का 05 जुलाई को जनपद भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। राज्य मंत्री शुक्रवार को अपरान्ह 12 :30 लोक निर्माण विभाग, बहराइच के निरीक्षण गृह पहुंचकर अपरान्ह एक बजे से माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी तत्पश्चात अपरान्ह 01 :30 बजे से डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व विषय पर आयोजित संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगी। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर ने बताया कि राज्यमंत्री अपरान्ह 03 :30 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगी।

### महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बौंडी, बहराइच।** बौंडी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धर्मपुर निवासी सीता देवी (21) पत्नी संजय सिंह की बृहस्पतिवार शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव छत के कुंडे से लटकता मिला। परिवार के लोगों ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। थानाध्यक्ष ज्ञान सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने वीडियोग्राफी की। मायके कोतवाली देहात के बस्तापुर गांव में सूचना दी गई। मायके के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

### आठ मुख्य आरक्षी बनाए गए उप निरीक्षक

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक/निरीक्षक (नागरिक पुलिस) नियमावली-2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत पात्र एवं उपयुक्तों को ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा जनपद बहराइच में नियुक्त 08 मुख्य आरक्षी पदोन्नति पाकर उप निरीक्षक बनाए गए हैं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि जिले के मुख्य आरक्षी राजेश सिंह, गोपाल कन्नौजिया, रामप्रवेश पाण्डेय, सुदर्शन प्रसाद तिवारी, प्रभूनाथ यादव, सियाराम प्रसाद, अब्दुल हकीम और ध्रुव नारायण यादव को उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत किया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के वाचक कार्यालय में नियुक्त मुख्य आरक्षी सुदर्शन प्रसाद तिवारी को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं दी।

### ग्रामीण पर मगरमच्छ ने किया हमला

**मोतीपुर, बहराइच।** गोपिया गांव में रिश्तेदारी में आए एक ग्रामीण पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। अरनवा निवासी कमलेश कुमार की रिश्तेदारी मोतीपुर थाना क्षेत्र के गोपिया गांव में है। वह यहीं आया था।

# तालाब में डूबकर छात्रा समेत दो की मौत

## पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के पड़ोहिया गांव निवासी एक छात्रा पड़ोसी बालिका के साथ बृहस्पतिवार दोपहर में बाग में जा रही थी। बाग में जाते समय तालाब में डूब कर दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़ोहिया निवासी रोशनी (8) पुत्री जगन्नाथ गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय की छात्रा थी। गुरुवार को वह पड़ोसी लक्ष्मी (5) पुत्री गुड्डी के साथ बाग में जा रही थी। गांव निवासी रामचंद्र की बाग में जाते समय तालाब में दोनों बालिकाएं दोपहर एक बजे डूब गईं। कुछ देर बाद उनके शव तालाब में लोगों को दिखे। इस पर गांव के लोगों ने परिवार के लोगों को सूचना दी। परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे। बालिकाओं के शव को तालाब से बाहर निकाला गया। सभी ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। प्रभारी थानाध्यक्ष रामदेव यादव पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों की मौत तालाब में डूबने से हुई है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। छात्रा और पड़ोसी बालिका की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। लक्ष्मी और रोशनी की मां का रो रो कर बुरा हाल है।


घटना के बाद जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

### मृतक के परिजनों को दी जाएगी आर्थिक सहायता

इस समय बारिश के चलते तालाब और गड्ढों में पानी भरे हुए हैं। जिसके चलते हैं अनजाने में लोग तालाब में गिरकर जान गवा रहे हैं। राम गांव क्षेत्र में दो मौत की जानकारी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि दी जाएगी।

–गौरव रंजन श्रीवास्तव, एडीएम

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए नामांकन की बढ़ाई गई तिथि

**बहराइच।** जिला विद्यालय निरीक्षण नरेन्द्र देव ने बताया कि शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार वर्ष के नामांकन के लिए आवेदन की अन्तिम तिथि 15 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु अर्हता रखने वाले राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक/शिक्षक अपना ऑनलाइन स्वःनामांकन शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट नेशनल अवार्डस टू टीचर्स डाट एजुकेशन डाट जीओवी डाट इन पर 15 जुलाई तक आनलाइन नामांकन कर सकते हैं।

### सड़क दुर्घटनाओं में छह घायल, रेफर

**बहराइच, अमृत विचार।** दरगाह थाना क्षेत्र के खैर हसन गांव निवासी राजकुमार (20) खिचड़ी चौराहे से घर जा रहा था। अज्ञात वाहन की टक्कर से वह घायल हो गया। कटका मरौठा गांव निवासी रामदीन सीताराम और सुनील रामदीन घर में आयोजित शादी कार्यक्रम का कार्ड बांटने के लिए रिश्तेदारी में जा रहे थे। बिबियापुर गांव के पास साइकिल सवार से टक्कर हो गई। सभी को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बेदौरा गांव निवासी चंदन पुत्र अर्जुन राहुल पुत्र चन्दा बाइक से बाजार जा रहे थे। पारले मिल के पास बाइक सवार पिता पुत्र को चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में दोनों घायल हो गए।

# दवा की दुकानों पर पंजीकृत फार्मासिस्टों की हो जांच

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** अपमिश्रित खाद्य पदार्थों, नकली अधोमानक एवं मिथ्या छाप औषधियों के निर्माण एवं विक्रय की प्रभावी रोकथाम के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई।

डीएम ने निर्देश दिया कि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए स्टेक होल्डर्स एवं जन सामान्य की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाय। कहा कि संग्रहित नमूनों को प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजने के उपरान्त प्रयोगशाला से समय से जांच रिपोर्ट प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में समय-समय पर पत्राचार करने तथा प्राप्त जांच रिपोर्ट पर की गयी अग्रिम विधिक कार्यवाहियों से भी अवगत कराये जाने के निर्देश दिये गये। न्यायिक मजिस्ट्रेट, बहराइच के न्यायालय एवं अपर जिलाधिकारी/न्याय निर्णायक अधिकारी के न्यायालय में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के वादों को शीघ्रता से निस्तारित किये जाने हेतु प्रभावी पैरवी करने के लिए सहायक अभियोजन अधिकारी को नामित कराते हुए लम्बित वादों की सूची प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये। डीएम ने निर्देश दिया कि पेयजल विक्रय एवं निर्माण प्रतिष्ठानों की नियमित जांच करते हुए, सुनिश्चित किया जाये कि जनपद में उचित गुणवत्ता के पेयजल की आपूर्ति हो। डीएम ने दवा की दुकानों पर पंजीकृत फार्मासिस्टों की उपस्थिति एवं उनके पंजीकरण की नियमित जांच ही दवा प्रतिष्ठानों पर उपलब्ध दवाओं के स्टाक एवं उनसे सम्बन्धित अभिलेखों का सत्यापन करने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, डीपीओ राजकपूर, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय, सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, ईओ प्रमिता सिंह सहित अन्य अधिकारी, गैर सरकारी सदस्य बृजमोहन मातनहेलिया व मनीष मल्होत्रा सहित अन्य मौजूद रहे।


कलेक्ट्रेट में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

# आपत्तियों के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** बहराइच महायोजना 2031 (प्रारुप) के विषय में व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी मोनिका रानी व नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर से मिलकर अपनी आशंकाओं व सुझावों से संबंधित ज्ञापन दिया है। व्यापार मंडल ने ज्ञापन की प्रतियां मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ व मुख्य सचिव को भी प्रेषित की हैं।

उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक सोनी दाऊजी ने बताया कि महायोजना 2031 (प्रारूप) को लेकर व्यापार मंडल सन् 2022 से शासन, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से अपनी आपत्तियां, आशंकाएं व सुझाव दर्ज कराता रहा है। पहले भी हम कई बार ज्ञापन देकर व प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर व बैठकों में अपनी बात रख चुके हैं। उक्त पत्र मूल रूप से उन्हीं बातों का अनुस्मारक जैसा है। बताया कि गुरुवार को दिए गए पत्र में हमने अपने पूर्व में दिए गए ज्ञापनों के पुर्नावलोकन का आग्रह किया है। व्यापार मण्डल ने शासन से बताया था कि महायोजना की विवरण पुस्तिका में दर्ज प्रस्ताव त्रुटिपूर्ण व भ्रामक थे तथा बाजार के मार्गों की दर्ज माप मौके पर वास्तविक माप से भिन्न थी। 2022 में व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने स्वयं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ लगकर लगातार तीन दिन तक बाजारों की वास्तविक स्थलीय भौतिक माप कराई थी।


जिलाधिकारी को आपत्तियों के लिए ज्ञापन सौंपते व्यापारी। अमृत विचार


गांव में जलभराव को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

### ग्रामीणों ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार।** जिले के ग्राम पंचायत रखौना निवासी ग्रामीणों ने जल भराव की समस्या से परेशान होकर बृहस्पतिवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन भेजकर कार्यवाई की मांग की। शिवपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रखौना के मजरा तकिया में जल निकासी के लिए नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। इसके चलते पानी लोगों के घरों में भर रहा है। जल निकासी न होने के चलते गंदा पानी घरों में प्रवेश हो रहा है। इसके विरोध में बृहस्पतिवार को ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। गांव निवासी अली हुसैन, अकबर, शमशाद, रामकुमार राधेश्याम, नानकुन्ने, कुट्टू अली और समरी देवी का कहना है कि ग्राम प्रधान और अन्य अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे जल निकासी की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। सभी ने प्रदर्शन के बाद बीडीओ को ज्ञापन भेजा।

## सार-संक्षेप

### एसडीएम ने रेवली आदमपुर तटबंध का किया निरीक्षण

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** बाढ से पूर्व तैयारियो का जायजा लेने के लिए एसडीएम पंकज दीक्षित ने रेवली आदमपुर तटबन्ध का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बांध की मरम्मत कराए जाने के निर्देश दिए। एसडीएम दीक्षित दोपहर मे रेवली आदमपुर होते हुए अहाता पहुंचे और वहां पहुंच कर उन्होंने तटबन्ध की वास्तविक स्थिति को देखा। उन्होंने तटबन्ध मे हुए रैट होल को दुरुस्त कराए जाने की निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाढ़ राहत केंद्र आदि निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को और चुस्त दुरुस्त करने के निर्देश दिए।


कैसरगंज में तटबंध का निरीक्षण करते एसडीएम।

### हाजियों की वतन वापसी पर परिजनों में खुशी की लहर

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** कैसरगंज क्षेत्र के ग्राम पंचायत सौगहना के प्रधान मोहम्मद नसीम अपनी पत्नी फातीमुल निशा के साथ के हज के लिए रवाना हुए थे। हज की अरकान अदा करने के बाद अपने वतन वापस आने पर लखनऊ एयरपोर्ट पर परिजनों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया और खुशी के कारण लोगों के आसू छलक गए। ज्ञात हो कि इस बार हज के दौरान हुई भगदड़ में कुछ लोगों की मौत भी हो गई जिस कारण परिजनों में मायूसी नजर आ रही थीं परिजन सुबह से ही लखनऊ एयरपोर्ट पर इंतजार कर रहे थे एक के बाद एक हाजी एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही अपने मुल्क में अमन चैन के लिए एयरपोर्ट पर ही हाथ उठाकर दुआएं मांगी। इस मौके पर उनके पुत्र चांदबाबू, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद तालिब मोहम्मद तारीक, सिराज अहमद मोहम्मद राशिद मोहम्मद आसिफ, युवा समाजसेवी मुहीब अहमद, मोहम्मद अंसार, मोहम्मद फैज, जोया बेगम आदि ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।


हजयात्री का स्वागत करते लोग।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरीः अजीत सिंह

**कैसरगंज/हुजूरपुर, अमृत विचार।** हुजूरपुर के केपीएस इंटर कालेज हरिहरपुर मे वन महोत्सव पर ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम मे ग्रामीणो को सात सौ पौधे सागौन, 200 नींबू 200 आंवला 100, अमरुद के 200 पौधो का वितरण किया गया। पौध वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख अजीत प्रताप सिंह ने कहा पौधारोपण अति महत्वपूर्ण और आवश्यक कदम है। तेजी से बढ़ते औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण वन क्षेत्र कम होते जा रहे हैं, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ रहा है। पेड़ और पौधे हमारे वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पौधारोपण केवल पर्यावरणीय लाभ ही नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक लाभ भी प्रदान करता है। अतः, पौधारोपण के महत्व को समझते हुए, हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और उनके संरक्षण के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में उप प्रभागीय वनाधिकारी अजीत सिंह, वनसुरक्षा प्रभारी दीपक सिंह व वन विभाग की पूरी टीम उपस्थिति रही।


कार्यक्रम को संबोधित करते अधिकारी व मौजूद ब्लॉक प्रमुख।

### 22 लोगों ने सीएचसी में किया रक्तदान


सीएचसी में लोगों को प्रमाण पत्र देतीं एमएलसी। अमृत विचार

**मिहींपुरवा, बहराइच, अमृत विचार।** बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में सीएचसी प्रभारी डॉ.अनुराग वर्मा, डॉ.अरविंद कटियार, डॉ. आर.बी. वर्मा, दिलीप वर्मा, विनीत चौधरी, राम रूप गुप्ता, संतोष वर्मा, आदित्य यादव, सुमित जायसवाल, मो. नासिर, दिलीप वर्मा, कंचन सिंह, रेनू चौधरी, राजेन्द्र चौधरी, चंद्रसेन भारती, सुमित वर्मा, दीपक चौधरी, मनोज वर्मा, राजा बाबू, राजू वर्मा समेत 22 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। सभी रक्तदान करने वाले महादानियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

### बारिश से आफत, विद्यालय में भरा पानी

**बिछिया, बहराइच, अमृत विचार।** जिले के संविलियन विद्यालय बड़खडिया में बारिश का पानी भर गया है, जिससे पठन-पाठन कर प्रभावित है। छात्र पानी के बीच से पढ़ने के लिए विद्यालय जा रहे हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित होने लगा है। अब जलभराव लोगों को परेशान करने लगा है। मिहींपुरवा विकासखंड अंतर्गत न्याय पंचायत कारीकोट के संविलियन विद्यालय बड़खड़िया परिसर में पानी भरा हुआ है। जिसके चलते लोगों को दिक्कत हो रही है। पठन पाठन कार्य भी प्रभावित है। लेकिन छात्र मजबूरी में पानी के बीच से होकर पढ़ाई के लिए जाने को विवश हैं। शिक्षकों के साथ ग्रामीणों ने जल निकासी की मांग की है।


मिहीपुरवा के विद्यालय में भरा पानी।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लिए करें आवेदन

**बहराइच, अमृत विचार।** उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना वर्ष 2024-25 अन्तर्गत उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की इकाईयों की स्थापना हेतु पात्रता रखने वाले इच्छुक व्यक्ति विभागीय वेबसाइट डीआईयूपीएमएसएमई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओयू डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि आनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी को पासपोर्ट साइज की फोटो, प्रोजेक्ट रिपोर्ट/परियोजना समरी कार्ड, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, कार्य अनुभव प्रमाण पत्र, परिवार के अश्रितों की संख्या, मकान का विवरण, पापुलेशन सर्टीफिकेट तथा रुपये 10 मूल्य के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र की आवश्यकता होगी। मुख्यमंत्री युवा स्वरोज़गार योजना की पात्रता की जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मूल निवासी जिनकी आयु 18-40 वर्ष, न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल अथवा समकक्ष उत्तीर्ण हों तथा पूर्व में लाभार्थीपरक किसी अन्य योजना अथवा इस योजना में अनुदान प्राप्त न किया हो, आवेदन के लिए अर्ह होंगे। योजना अन्तर्गत विनिर्माण उद्योग हेतु रूपये 25 लाख एवं सेवा उद्योग के लिए 10 लाख का प्राविधान है। जिस पर लाभार्थी को 25 प्रतिशत् अनुदान देय होगा। श्री वर्मा ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति किसी कार्यावधि में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इलाज पर दें ध्यान

85 दिव्यांग कुष्ठ रोगियों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास का मिल चुका है लाभ

# जागरूकता अभियान के बीच जिले में मिले 214 कुष्ठ रोगी

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में जागरूकता कार्यक्रम के बीच अधिक मात्रा में कुष्ठ रोगी मिल रहे हैं। ऐसे में लोगों को इससे बचाव के साथ इलाज पर भी ध्यान देने की जरूरत है। कुष्ठ रोग का इलाज संभव है और बीमारी की शुरुआत में ही इलाज कराने से इससे होने वाली दिव्याङ्गता को रोका जा सकता है। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. पीके वर्मा ने बताया कि लक्षण के आधार पर मरीजों को चिन्हित करने और बीमारी की शुरुआत में ही उपचार देने से न सिर्फ इस रोग का प्रसार दर कम हुआ है बल्कि इस रोग से होने वाली दिव्यांगता भी जनपद में शून्य है। वर्तमान में 257 कुष्ठ रोगियों का इलाज किया जा रहा है।

कुष्ठ रोग का भी इलाज करवा सकते हैं और सरकार द्वारा सुविधाएं भी दी जा रही हैं। इसके बाद भी जिले में वर्ष 2023 से जून तक कराए गए सर्वे में 214 नए कुष्ठ रोगी मिले हैं। डॉ. पीके वर्मा ने बताया कि सरकारी सहायता ऐसे कुष्ठ रोगियों को दिए जाने का प्रावधान है जो किसी कारण से इलाज से वंचित रह गए और इस रोग की वजह से दिव्यांग हो गए। ऐसे दिव्यांगजन कुष्ठ रोगियों को तीन हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन और मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास की भी सुविधा दी जाती है। जनपद में पूर्व में चिन्हित 556 दिव्यांगजन कुष्ठ रोगियों को पेंशन और इन्हीं में से 85 दिव्यांगजन कुष्ठ रोगियों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास की सहायता दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि ऐसे मरीज जो इलाज से स्वस्थ हो चुके हैं या वह दिव्यंगता की श्रेणी में नहीं हैं, वे पेंशन या आवास के लिए पात्र नहीं हैं।


डॉ. पीके वर्मा। अमृत विचार

### पेंशन अथवा आवास पाने की पात्रता

- कुष्ठ रोग के कारण दिव्यांगता का प्रमाण पत्र हो।
- रोगी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो।
- रोगी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहा हो।
- रोगी को कोई अन्य सरकारी पेंशन या लाभ न मिल रहा हो।

### कुष्ठ रोग के संभावित लक्षण

- त्वचा पर लाल या फीके धब्बे के साथ ही उसमें पूर्ण रूप से सुन्नपन या
- सुन्नपन का एहसास होना।
- चमकीली या तैलीय त्वचा होना।
- कर्ण पल्लव (कान के नीचे लटक रहा हिस्सा) का मोटा होना या उसमें गांठ होना।
- त्वचा पर कहीं भी गांठ होना।
- आंखों को बंद करने में दिक्कत, या आंखों से पानी आना।
- भौहों का खत्म होना।
- हाथ-पैर में घाव या दर्द रहित छाले।
- कमीज या जैकेट के बटन बंद करने में असमर्थ होना।
- हाथ या पैर की उंगलियों का मुड़ जाना।
- चलते समय पैर का घिसट जाना।

# आपातकाल के विरोध में निकाला गया मार्च

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से आपातकाल के विरोध में गुरुवार को मार्च निकाला गया। इसके बाद सभी ने कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल को याद किया। जिला पंचायत सभागार में लोकतंत्र सेनानियों के द्वारा गोष्ठी के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री डॉक्टर जितेंद्र त्रिपाठी ने किया कार्यक्रम की संयोजिका जिला मंत्री हेमा निगम ने मंच का संचालन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य प्रदेश उपाध्यक्ष पदम् सेन चौधरी व विशिष्ट अतिथि श्रीनाथ शुक्ल और दिनेश जायसवाल रहे। कार्यक्रम का शुरुआत संविधान की पुस्तक पर मुख्य अतिथि व समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में माल्यापर्ण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। लोकतंत्र सेनानी श्री नाथ शुक्ल ने कहा 25 जून 1975 का दिन बहुत दुखदाई था 25 जून की रात में कांग्रेस सरकार अपनी सत्ता बचाने के लिए संविधान का गला घोटते हुए आपातकाल लगा दिया था। सभी नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। यहां तक की संत महात्माओं की भी गिरफ्तारी करके जेल में डाल दिया गया था। जेल में बंदी हुए लोगों को बहुत यातनाएं दी गई थी। उस समय संपूर्ण देश में एक जन आंदोलन जेल भरो के लिए चलाया गया।



जिला पंचायत के सामने विरोध जताते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

पर्जन्यनाथा : पशवो राजानो मन्त्रिबान्धवा : ।
पतयो बान्धवा : स्त्रीणां ब्राह्मणा वेदबान्धवा : ॥

पशुओं के रक्षक बादल होते है ,राजा के रक्षक उसके मंत्री ,पत्नियों के रक्षक उनके पति तथा वेदों के रक्षक ब्राह्मण ( ज्ञानी पुरुष ) होते हैं।

## संपादकीय

# भारत और एससीओ

आतंकवाद का विश्व और विशेष रूप से भारत पर गहरा प्रभाव पड़ा है। भारत विभिन्न आतंकवादी संगठनों द्वारा की गई आतंकवादी कार्रवाइयों से प्रभावित हो रहा है। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सम्मेलन में गुरुवार को भारत ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। बता दें चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध किया है। भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने कहा कि सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। गौरतलब है कि एससीओ भारत को मध्य एशियाई देशों के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है, जिनके पास प्राकृतिक संसाधनों का विशाल भंडार है। यह प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है।

यह एक राजनीतिक, आर्थिक और सैन्य संगठन है, जिसका लक्ष्य क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखना है। एससीओ में ऐसे सदस्य देश शामिल हैं, जो भिन्न-भिन्न राजनीतिक प्रणालियां, आर्थिक मॉडल और रणनीतिक प्राथमिकताएं रखते हैं। इससे आर्थिक सहयोग और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर आंतरिक संघर्षों एवं असहमतियों की संभावना बनती है। 2001 में शुरू हुए एससीओ के वर्तमान सदस्यों में चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, कज़ाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। ईरान 2023 में पूर्ण सदस्य बन गया और बेलारूस को अस्ताना बैठक के दौरान शामिल किया गया। आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद वे प्रमुख खतरे हैं जिन पर एससीओ विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करता है। संगठन का आतंकवाद विरोधी सहयोग पर विशेष ध्यान है लेकिन इसके आंतरिक अंतर्विरोध चिंता के कारण हैं और सदस्य देशों के बीच संघर्ष को रोकना एससीओ के लिए उच्च प्राथमिकता का विषय है। फिर भी भारत को इस क्षेत्र में आतंकवाद से निपटने के लिए संगठन के सामूहिक प्रयासों से लाभ प्राप्त हो सकता है।

# भीड़ प्रबंधन विज्ञान की पृष्ठभूमि में हाथरस हादसा



**रणवीर सिंह फोगाट**
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं, लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें।

हाथरस में भगदड़ में मारे गए लोगों और घायलों के समाचारों को सरसरी तौर से देखने पर पाया कि इसमें भीड़ प्रबंधन के वैज्ञानिक अनुसंधान के बारे बात नहीं की गई है। भारत में किसी भी स्तर पर-पुलिस, गृह विभाग और अन्य संबद्ध विभागों जैसे कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पास भीड़ प्रबंधन के लिए रोड मैप नहीं है।

क्राउड फोरकास्टिंग एंड मैनेजमेंट जैसे वैज्ञानिक अनुसंधान के मुद्दे हमारे पुलिस और गृह विभाग की प्राथमिकताओं की सूची में है ही नहीं,जो भी उपाय व्यवहार में लाए जा जाते हैं वे भीड़ की हिंसक और ध्वंसात्मक प्रवृत्ति को रोकने के लिए हैं। इनके इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग और संसाधनों की प्रकृति (एप्रोच और यूटिलाइजेशन) वही पुराने ढर्रे या कॉलोजियल टाइम्स की है,जबकि इक्कीसवीं सदी में पुलिस सुधार लागू किए जाने के बाद भी पुरानी तकनीक का इस्तेमाल जारी है। भीड़ प्रबंधन से संबंधित जो शोध हुई हैं, उससे हमारे पॉलिटिशियन्स अधिक वाकिफियत नहीं रखते जबकि राजनीतिक रैलियां और धार्मिक कार्यों के नाम पर कुछ हज़ार से लेकर लाखों लोग भीड़ के रूप आज भी नई कांफ्रेंसिंग और पब्लिक एड्रेस सिस्टम्स मोबाइल फोन टेक्नोलॉजीज, विडियो कॉन्फ्रेंसिंग, सेटेलाइट कनेक्टिविटी,के आगाज के बाद इनके प्रयेग से या तो अधिक परिचित नहीं हैं या इन तक सबकी पहुंच नहीं है। भारत में पुलिस और सिविल अथॉरिटीज का एक्सपोजर क्राउड के साइंटिफिक मैनेजमेंट में किस स्तर का है इस बारे कोई डेटा उपलब्ध नहीं है।

रणनीति के नाम पर हम जीरो तो नहीं हैं,लेकिन रिलीजियस गैदरिंग्स के मौके पर पुलिस अकसर यह सोचकर बेपरवाह हो जाती है कि किसी बाबा या धार्मिक संस्थान द्वारा आयोजित किए गए मेले, प्रवचन या एक सामूहिक इवेंट के दौरान लोगों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए इनके वालंटियर पर्याप्त होंगें। हमारे कुछेक संस्थानों और स्वतंत्र अध्येताओं ने क्राउड कंट्रोल एंड स्ट्रेटेजिक इंटरवेंशन को लेकर अध्ययन किया है। प्रयागराज में सन 2019 में आयोजित अर्द्ध-कुंभ मेले के दौरान किए गए अध्ययन क्राउड मैनेजमेंट एंड स्ट्रेटेजीज फॉर सिक्यूरिटी एंड स्वायलेंस ड्यूरिंग द लार्ज मास गैदरिंग इवेंट्स -द प्रयागराज कुंभ मेला 2019 एक्सपीरियंस का प्रकाशन प्रयागराज स्थित नेशनल एकेडमी ऑफ़ साइंसेज के जर्नल नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज लेटर्स में सन 2022 के मई-जून अंक में किया गया। इस और अन्य जर्नल्स में प्रकाशित अध्ययनों के नोटिस भीड़ प्रबंधन एजेंसीज ने लिया या नहीं,इसका कोई फीडबैक उपलब्ध नहीं है और न ही इसका कोई व्यावहारिक स्वरुप सार्वजनिक प्लेटफ़ॉर्म्स पर दिखाई दिया है।

> हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है।

हाथरस और इससे पहले हुए अनेक हादसों से पहले यह आकलन किया ही नहीं गया था कि जनसमूह का आकार कितना विशाल होगा और उपलब्ध या सीमित स्थान में आकर इसके जमा होने या बैठने की क्षमता है या नहीं और गड़बड़ होने के बाद इसे काबू में रखने का क्या तकनीकी और वैज्ञानिक उपाय तय किया गया है। जनसमूह का आकार अगर धीरे-धीरे बढ़ता है और इसका पूर्वाकलन नहीं किए जाने से संख्या बेतहाशा बढ़ती जाए,जैसा कि हाथरस में हुआ,तब इमरजेंसी मैनेजमेंट के अंतर्गत जो करना चाहिए वह भी संभव नहीं हो पाता। बैरिकेड्स लगाकर भीड़ को नहीं रोका जा सकता और फेंसिंग को तो उग्र भीड़ नाराज़ होकर तोड़ देती है।

किसान आंदोलन के समय दिल्ली में शंभू बॉर्डर बैरिकेड्स पर ऐसा हुआ था। इस स्थिति में फिजिकल और साइकोलॉजिकल उपाय भी अकसर फेल हो जाते हैं। प्रबंधन करने वालों के स्थल की जियोग्राफी और मानव समूह की प्रकृति का ठीक से अध्ययन न किए जाने से इमरजेंसी मेडिकल उपाय भी अमल में नहीं लाए जा सकते। भीड़ नियंत्रण के लिए शास्त्रीय ज्ञान का सृजन करने वाले हमारे मनीषी कहते हैं कि मेले में आए हुए लोगों को मंथर गति से चलना चाहिए, आने और जाने के रास्ते अलग होने चाहिए ताकि लोग आपस में टकराए नहीं। वीआईपी लोगों को जनसमूह जहां जमा है उस रास्ते से बाहर की ओर प्रस्थान नहीं करके पीछे के रास्ते से तुरंत निकल जाना चाहिए,लेकिन मामला हाथरस जैसा हो या कहीं और का, जनसमूह को अभिवादन करते हुए,जयजयकार सुनने की लालसा रखने वाले अधिकतर लोग भीड़ की ओर से निकलने को प्राथमिकता देते रहे हैं। हाथरस में कीचड़ वाले अस्थायी स्थल पर डेढ़ से दो लाख जन कुछ ही समय में इकट्ठा हुए तब प्रबंधन के लिए पूर्व सूचना के बिना समग्र इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली की स्थापना करना कैसे संभव हो सकता था। वह भी तब जब भीड़ प्रबंधन का एबीसी भी न जानने वालों ने इस आयोजन की इजाजत दी हो? अगर नगराधीश या पुलिस कप्तान को असामान्य रूप से विशाल भीड़ की जानकारी विलंब से मिली तब ड्रोन-निगरानी को तो एक्टिवेट किया ही जाना चाहिए था।

सन 2013 में एल्सेविएर ने ह्यूमन स्टैंपीड्स ड्यूरिंग रिलीजियस फेस्टिवल्स ए कम्पेरेटिव रिव्यु ऑफ़ मास गैदरिंग इमरजेंसीज इन इंडिया नाम से एक अध्ययन का प्रकाशन किया,जिसमें बताया गया कि सन 1980 से 2007 के बीच विश्व में अनेक स्थानों पर हुई भगदड़ की 215 घटनाओं में 7069 लोगों की मृत्यु हुई थी और 14000 लोग घायल हुए। भारत में भीड़ के प्रोफाइल की। ठसाठस भरे हुए स्थायी या अस्थायी पंडाल में कई घंटों तक लगभग एक ही मुद्रा में बैठे हुए लोग समापन के समय एक साथ उठते हैं और शारीरिक अकड़न और ऊब से छुटकारा पाने के लिए तत्काल बाहर की ओर प्रांगण अथवा मार्ग पर आने में जल्दबाजी करते हैं। प्रतिष्ठित या लोकप्रिय व्यक्ति की छवि पाने के लिए निकट पहुंचने के लिए मुकाबला करते हुए निकट उपस्थित मनुष्यों को धकियाते हैं, तब भीड़ में मनुष्यों के शरीर सामूहिक तौर पर एक खतरनाक और ताकतवर फ्लूइड की तरह आचरण करते हैं और मार्ग में आने वाले अवरोधों को अचानक प्रकट हुई इसकी ताकतवर धारा के तले रौंदते हुए आगे बढ़ जाना चाहते हैं। इस डायनामिक्स के अंतर्गत ताकत का जो विस्फोट अचानक होता है उसके तले मानव शरीर ही कुचले जाते हैं। उपरोक्त के संबंध में यह जानना रोचक है कि सेरेंघेटी नेशनल पार्क, केन्या में लाखों की संख्या में जंगली पशुओं के सालाना माइग्रेशन के दौरान लाखों की संख्या में होने से इनकी भीड़ और फास्ट मूवमेंट और आकाश में विचरण करने वाले स्टर्लिंग पक्षियों की सामूहिक, सुरक्षित उड़ान के ब्योरे शोधकर्ताओं ने इकठ्ठा क्यों किए? उद्देश्य था इन जीवों में क्राउड कंट्रोल की डायनामिक्स को समझने के लिए सैंकड़ों प्रकार की सूचना जुटाना। भीड़ में मनुष्य की मंथर चाल और गतिमय रहकर परस्पर संवाद करने की प्रवृत्ति का भी अध्येताओं ने रिकॉर्ड रखा है। भगदड़ मचने के दौरान अनियंत्रित, भयभीत जनों के रक्त में एड्रिनालिन नामक हार्मोन का स्तर उच्च पाया गया। ऐसे में लोग होश खो देते हैं। इन दोनों का तत्काल तोड़ किसी भी वैज्ञानिक के पास नहीं है सिवा इसके कि रिस्क को मिनीमाइज करने के उपाय पहले से किए जाने जरूरी हैं।

भारत के नेशनल क्राइम रिकार्ड्स ब्यूरो और गृह मंत्रालय में इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी डिवीज़न सन 1996 से दुर्घटना में मारे गए लोगों और मृत्यु के कारणों का डेटा रखने लगा है। क्राउड कण्ट्रोल स्ट्रेटेजीज के संबंध में जो 13 वैज्ञानिक अध्ययन मैंने देखे हैं इनके निष्कर्षों के आधार पर भविष्य में भगदड़ में मरने वालों की सुरक्षा के लिए पुलिस और गृह विभाग के अलावा डिस्ट्रिक्ट अथॉरिटीज को वैज्ञानिक जानकारी को शेयर करने के अलावा प्रबंधन विज्ञान के नाते से बंदोबस्त को अधिक तकनीकीमय बनाना होगा। भीड़ के साइज का पूर्वानुमान लगाने के लिए रियल-टाइम मैनेजमेंट करना जरूरी होगा,जिसके लिए आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस टेक्नीक्स का इस्तेमाल अपरिहार्य है। आयोजनकर्ता के साथ बैठकर आयोजन के उद्देश्य -जैसे कि धार्मिक या मनोरंजन,पॉलिटिकल या जॉब मेला, प्रतियोगी परीक्षा या कुछ और को स्पष्ट करना होगा। उक्त 13 स्टडीज का निष्कर्ष लोगों में भय पैदा करना, उनसे सख्ती से पेश आना, दुर्व्यवहार करना या रोकना नहीं,बल्कि पिछले हादसों से सबक लेते हुए इनकी संभावना को टालना और जोखिम को कम करना या रिस्क को कम करना होना चाहिए,जिसके लिए ट्रैफिक मूवमेंट डिज़ाइनर्स, साइकोलोजिस्ट्स, क्राउड कण्ट्रोल एक्सपर्ट्स और हाई टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल में दक्ष लोगों को साथ रखने की सिफारिश की गई है।

## प्रसंगवश

# विश्वास बनाम अंधविश्वास

धर्म क्षेत्र में श्रद्धा और विश्वास का बड़ा महत्व है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। गोस्वामी तुलसीदास ने भी प्रतिपादित किया है, "श्रद्धा बिना धर्म नहिं होई। बिनु महि गंध कि पावहि कोई"।। उन्होंने तो भगवान शंकर और माता पार्वती को ही श्रद्धा और विश्वास का मूर्तिमान रूप बता दिया। "भवानी शंकरौ वंदे श्रद्धा विश्वास रूपिणौ'। ऐसे में साधक या भक्त को यह सलाह नहीं दी जा सकती कि विश्वास करो ही नहीं।

आज सामान्य भक्त और श्रद्धालु को अपने विवेक और बुद्धि का ही इस्तेमाल करना होगा। उसे देखना होगा कि कौन साधु, धर्माचार्य, प्रवचनकर्ता या मठाधीश सच्चा है और कौन पाखंडी। स्वर्ग और मोक्ष प्राप्ति तथा असीमित मनोकामनाओं की पूर्ति हेतु आम आदमी हर कथित साधु या धर्माचार्य के बहकावे में आ जाता है और अंधविश्वास करके अभीष्ट प्राप्ति हेतु वहां पहुंच जाता है। जब भीड़ ज्यादा होगी तो कोई भी व्यवस्था चरमरा ही जाएगी। ऐसे धार्मिक जन समूहों पर नियंत्रण करने और उन्हें अनुशासन में रखने हेतु प्रशासन व पुलिस सहसा बल प्रयोग भी नहीं कर सकते। अतः हादसे तो हो ही सकते हैं। क्या ये श्रद्धालु यह नहीं देखते कि जो बाबा, जोगी, धर्मांधी खरबों का साम्राज्य खड़ा किए हैं, चमचमाती मंहगी कारों और वायुयान से चलते हैं, जिनकी अपनी सेना है, जिन पर चारित्रिक आक्षेप भी लगते हैं, वैराग्य, ज्ञान, भक्ति, त्याग और अपरिग्रह का पाठ क्या पढ़ाएंगे? जो रजोगुण में डूबे हैं, वे साधक को सतोगुणी कैसे बनाएंगे? "बहु दाम सवांरहिं धाम जती। विषया हरि लीन न रहि विरती", लेकिन लोग स्वर्गादि प्राप्ति और मनोकामना पूर्ति हेतु जाते जरूर हैं और बहुधा बड़ी संख्या में काल कवलित हो जाते हैं।



**रघोत्तम शुक्ला**
सेवानिवृत्त पीसीएस

भारी मन से यह कहना पड़ रहा है कि ऐसी घटनाओं के लिए कुछ हद तक श्रद्धालुओं का अंध विश्वास भी उत्तरदायी है। इसका मतलब यह नहीं कि ऐसे बाबा, कार्यक्रम आयोजक और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेंगे। वे तो उत्तरदायी हैं ही और दंडित किए ही जाने चाहिए, लेकिन धर्मांधता भी आत्म नियंत्रित की जानी चाहिए।

# बैंकिंग क्षेत्र बेहतर करने को तैयार एआई

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) वैश्विक स्तर पर उद्योगों में क्रांति ला रहा है और बैंकिंग क्षेत्र भी इसका अपवाद नहीं है। भारत में जहां बैंकिंग प्रणाली अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, एआई का एकीकरण पारंपरिक बैंकिंग प्रथाओं को महत्वपूर्ण रूप से बाधित करने के लिए तैयार है। भारतीय बैंकिंग में एआई की शुरुआत 2010 की शुरुआत में हुई जब वित्तीय संस्थानों ने परिचालन दक्षता और ग्राहक सेवा बढ़ाने के लिए एआई की खोज शुरू की।

प्रारंभ में एआई एप्लीकेशन धोखाधड़ी का पता लगाने, जोखिम प्रबंधन और डेटा एनालिटिक्स जैसे बैक एंड संचालन तक सीमित थे। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी विकसित हुई, बैंकों ने अधिक परिष्कृत कार्यों के लिए एआई का उपयोग करना शुरू कर दिया। एआई संचालित डेटा एनालिटिक्स टूल ने बैंकों को ग्राहक व्यवहार और प्राथमिकताओं में गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद की। चैटबॉट्स और वर्चुअल असिस्टेंट की तैनाती ने भारतीय बैंकों द्वारा एआई अपनाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया। एचडीएफसी बैंक का "ईवा" आईसीआईसीआई बैंक का "आईपाल" और एसबीआई का "एसआईए" उल्लेखनीय उदाहरण हैं। ये एआई-संचालित इंटरफेस चौबीसों घंटे ग्राहक सहायता प्रदान करते हैं। नियमित पूछताछ और लेनदेन को कुशलतापूर्वक संभालते हैं।

एआई संचालित वैयक्तिकरण इंजन अनुरूप वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करने के लिए ग्राहक डेटा का विश्लेषण करते हैं। इसने प्रासंगिक और समय पर समाधान प्रदान करके ग्राहकों की संतुष्टि और वफादारी में सुधार किया है। चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट अब ग्राहक इंटरैक्शन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा संभालते हैं। प्रतीक्षा समय को कम करते हैं और सेवा दक्षता में सुधार करते हैं। वे खाते की शेष राशि की पूछताछ, फंड ट्रांसफर और ऋण आवेदन जैसे कार्यों में सहायता करते हैं।



**रजत मेहरोत्रा**
वित्तीय सलाहकार

> एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं।

रोबोटिक प्रोसेस ऑटोमेशन (आरपीए) और एआई डेटा एंट्री, केवाईसी सत्यापन और अनुपालन जांच जैसे दोहराए जाने वाले कार्यों को स्वचालित कर रहे हैं। इससे परिचालन लागत और मानवीय त्रुटियां कम हो जाती हैं। एआई मॉडल सोशल मीडिया गतिविधि और लेनदेन इतिहास सहित डेटा बिंदुओं की एक विस्तृत श्रृंखला का विश्लेषण करके साख का आकलन करते हैं। इसने ऋण प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित कर दिया है और वंचित आबादी के लिए ऋण को अधिक सुलभ बना दिया है।

एआई एल्गोरिदम वास्तविक समय में लेनदेन की निगरानी करते हैं,संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हैं और संभावित धोखाधड़ी को चिह्नित करते हैं। इस सक्रिय दृष्टिकोण ने धोखाधड़ी से संबंधित नुकसान को काफी कम कर दिया है। एआई संचालित जोखिम मूल्यांकन उपकरण संभावित जोखिमों की प्रारंभिक चेतावनी प्रदान करने के लिए बाजार के रुझान और आर्थिक संकेतकों का विश्लेषण करते हैं। इससे बैंकों को सूचित निर्णय लेने और जोखिमों को प्रभावी ढंग से कम करने में मदद मिलती है। भारतीय बैंकिंग में एआई का भविष्य प्रौद्योगिकी में प्रगति और बढ़ती स्वीकार्यता के साथ और अधिक व्यवधान का वादा करता है। हालांकि यह परिवर्तन चुनौतियों और विचारों के साथ आएगा।

एआई संचालित बैंकिंग में बदलाव के लिए कार्यबल को फिर से कुशल बनाने की आवश्यकता होगी। उभरते नौकरी बाजार में प्रासंगिक बने रहने के लिए कर्मचारियों को नई प्रौद्योगिकियों और एआई अनुप्रयोगों में प्रशिक्षण की आवश्यकता होगी। एआई भारतीय बैंकिंग क्षेत्र को बेहतर करने के लिए तैयार है,जो बेहतर ग्राहक अनुभव, परिचालन दक्षता और बेहतर जोखिम प्रबंधन जैसे कई लाभ प्रदान करता है। हालांकि इस परिवर्तन के लिए डेटा गोपनीयता, नैतिक विचारों, नियामक अनुपालन और कार्यबल संक्रमण से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता होगी।

जैसे-जैसे एआई तकनीक का विकास जारी है,भारतीय बैंकों को जिम्मेदार और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करते हुए नवाचार को अपनाना चाहिए। ऐसा करके,वे आने वाले वर्षों में विकास, समावेशिता और ग्राहक संतुष्टि को बढ़ावा देने के लिए एआई की पूरी क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। भारतीय बैंकिंग में एआई की यात्रा अभी शुरू हुई है और भविष्य में एक स्मार्ट, अधिक कुशल वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए रोमांचक संभावनाएं हैं।

## सोशल फोरम

# धार्मिक अंधेरे की देन

21 वीं सदी में धार्मिक सुधार की आवाजों को पूरी तरह दबाकर धार्मिक पागलपन के लिए प्रोत्साहन तरह-तरह से बढ़ा है। उसका एक नतीजा हाथरस में एक सूट-बूटधारी भगवान के धार्मिक आयोजन में मची भगदड़ है, जिसमें 120 से अधिक व्यक्तियों की मौत हो गई। इसमें स्त्रियां ज्यादा मरीं,क्योंकि स्त्रियों तक सबसे कम स्वाधीनता पहुंची है,स्त्रीवाद पर चाहे जितनी गरम बहसें चलती रही हों।

इसके पहले भी धार्मिक भगदड़ों में अनगिनत लोग मारे गए हैं। महाराष्ट्र (2005) के मंधार देवी मंदिर की भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की, राजस्थान (2008) के चामुंडा देवी मंदिर में 250 श्रद्धालुओं की, हिमाचल प्रदेश ( 2008) के नैना देवी मंदिर की भगदड़ में 162 भक्तों की जान गई है। श्रद्धालुओं की अंधी भीड़ के कारण जम्मू (2022), इंदौर (2023) आदि के मंदिरों की भगदड़ों में भी श्रद्धालु मारे जाते रहे हैं। आखिरकार हम अपने धर्म को कैसा बनाते जा रहे हैं कि इसमें भगवान के मंदिर में ही या धर्मसभाओं में इस तरह कुचले जाकर प्राण देना पड़ता है। हर तरफ धर्म का शोर बढ़ा है,पर यह भी नजर आता है कि लोग तरह-तरह से मारे जा रहे हैं। सौ-डेढ़ सौ साल पहले ऐसा नहीं था कि हिंदू ऐसे कुचले जाते हों। लोग अनपढ़ थे,पर ऐसी धार्मिक विमूढ़ता नहीं थी,ऐसा पागलपन न था,बल्कि 19 वीं-20 वीं सदी के उस दौर में धार्मिक रूढ़ियों से स्वाधीनता की भूख थी। भारत के लोगों की स्वाधीनता के मार्ग में कारपोरेट सभ्यता के अलावा दूसरी सबसे बड़ी बाधाएं हैं धार्मिक रूढ़ियां, अंधविश्वास और जाति प्रथा। जाति प्रथा खत्म हो जाए तो दहेज प्रथा भी समाप्त हो जाएगी।



**शंभुनाथ**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

कहना होगा कि ऐसी रूढ़ियों से मुक्ति के मार्ग में सबसे बड़ा रोड़ा सत्ता की वर्तमान राजनीति है। आज की सरकारें धार्मिक रूढ़ियों और अंधविश्वासों की सबसे बड़ी संरक्षक हैं। यदि हाथरस जैसी घटनाओं को रोकना है तो इसके लिए आम जनता को खुद आगे आकर अपनी निर्भीक आवाज बुलंद करनी होगी। यह इसलिए भी जरूरी है कि वह ईश्वर के प्रति अपनी आस्था को प्रदूषण मुक्त कर सके।

**-फेसबुक वॉल से**

# आपातकाल के दंश का भुक्त भोगी

(गतांक से आगे): आपातकाल के दंश ने इंदिरा कांग्रेस की सत्ता का अंत कर दिया था। केंद्र और प्रदेश दोनों का शासन छिन चुका था। उत्तर प्रदेश में रामनरेश यादव, मुख्यमंत्री पद पर आसीन हो चुके थे। उनके ही दल के नेता चौधरी चरण सिंह केंद्र में गृह मंत्री थे। लाल सिंह वर्मा उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग के सर्वोच्च पद 'महानिरीक्षक' के पद पर आसीन थे। उनके बरेली आगमन के समय मैं डीएसपी सिटी के पद पर नियुक्त था। इसी बीच जनपद गोरखपुर तथा वाराणसी में मेरे ज्येष्ठ पुलिस अधीक्षक रहे, विनोद कुमार जैन, डीआईजी बनकर नैनीताल रेंज का प्रभार ग्रहण कर चुके थे। दोनों स्थानों पर मुझको उनका विश्वास और स्नेहाशीष मिल चुका था। उन्होंने मेरी नियुक्ति तीसरी बार अपने अधीन जनपद पिथौरागढ़ का प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक करा लिया था।

तत्कालीन पुलिस महानिरीक्षक उत्तर प्रदेश लाल सिंह वर्मा से मेरी पहली भेंट बरेली में हुई थी। पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों ने उनसे मेरी जो प्रशंसा की थी, उससे वह बहुत प्रभावित थे। जाते समय अकेले में मेरी प्रशंसा करते हुए, उन्होंने मेरी शैक्षिक योग्यता एवं पारिवरिक बैकग्राउंड के विषय मे जानकारी ली थी। पिथौरागढ़ के जनपद पुलिस प्रभारी के पद पर कार्य करते हुए अभी लगभग चार माह ही हुए थे कि एक दिन श्री जैन का बुलावा आया। मेरे नैनीताल स्थित उनके आवास पर पहुंचने पर बताया कि "श्री वर्मा मुझको अपना डीए (डिप्टी असिस्टेंट) बनाना चाहते हैं। एक डिप्टी एसपी के लिए सम्मान की जगह है विशेष वेतन भी है।" मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि क्या कहूं? श्री जैन ने बताया कि वहां पर मुझको पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा शासन में प्रशासनिक उच्चाधिकारियों से भी अनायास संपर्क का सुअवसर मिलेगा। मेरे सामने ही उन्होंने श्री वर्मा से बातकर बता दिया कि मुझ को "उनके निकट सेवा के सौभाग्य पर प्रसन्नता है।" फिर मैं पिथौरागढ़ से आईजी ऑफिस (उस समय एडीजी/डीजी के पद स्वीकृत नहीं थे) लखनऊ आ गया था। बिना मेरी सहभागिता के माता प्रसाद आईएएस को बचाने के लिए "बरेली नाखून कांड" में मुझको बलि का बकरा बनाया गया। मेरी पूर्ण निर्दोषिता को पूरी तरह स्वीकार करते हुए भी भारतीय पुलिस सेवा के उच्चाधिकारी मौखिक सहानुभूति के अतिरिक्त मेरे लिए खुलकर नहीं आए। यही नहीं अवतार नारायण कौल, डीआइजी बरेली रेंज भी बार-बार झूठा आश्वासन के अतिरिक्त मुझको दोष मुक्त करने का निर्णय देने का साहस नहीं दिखा सके, जबकि पीड़ित वीरेंद्र अटल एवं रमेश आनंद ने भी अपने बयानों में माता प्रसाद के आदेश पर हाकिम राय को उत्पीड़नकर्ता बताया था।

वैसे बनारसी दास के शिकायती पत्र में भी माता प्रसाद के स्पष्ट आदेश पर ही कोतवाल अमानवीय उत्पीड़न के कुकृत्य का आरोप लगाया था। श्री दास के अति संक्षिप्त शिकायती पत्र में, आरोप मात्र इतना ही था कि जिलाधिकारी माता प्रसाद के आदेश पर शहर कोतवाल (नाम नहीं था) ने वीरेंद्र अटल और रमेश आनंद को अमानवीय यातना दी थी। वैसे भी सर्वविदित तथ्य है कि भारतीय प्रजातंत्र में वास्तविक सत्ता भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों (वह भी सीधी भर्ती के) के हाथों में ही है। मेरा यह अभिलेखिक/मौखिक प्रमाणिक तथ्यों के नितांत प्रतिकूल प्रमाणित उदाहरण इसका ज्वलंत उदाहरण है, क्योंकि अपनी फरियाद लेकर बार-बार उनके पास जाने और बुलाकर प्रेमपूर्वक बातें करने और मुझको निर्दोष होने का लिखित आश्वासन मात्र आश्वासन ही रह गया। डीए पद पर कार्यरत रहने (निलंबन के बावजूद) के आश्चर्यजनक उदाहरण के कारण मेरा सचिवालय में आना-जाना निर्बाध था।



**डॉ.अजित कुमार सिंह**
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, उप्र

कुछ दिनों के बाद मुझे लगने लगा था कि पीसीएस से आईएएस पदोन्नत दोनों अधिकारी प्रमुख सचिव गृह, श्री बिसेन और विशेष सचिव गृह राम चन्द्र टकरू अपनी मीठी बोली और झूठे आश्वासन से मुझको मात्र बरगला रहे थे। माता प्रसाद के पक्ष में सारा सचिवालय मानो उनको बचाने के लिए लामबंद था, क्योंकि मैंने प्रमुख न्यायिक मजिस्ट्रेट बरेली के न्यायालय में सही बयान देने का दुस्साहस कर दिया था। जैसा कि सत्य उच्चस्तरीय बैठक में रुहेलखंड के गांधी के नाम से सुख्यात श्री आजाद को घर से लाकर कोतवाल हाकिम राय को सौंपकर तुरंत जेल भेजने के निर्देश का 'पाप' स्वयं किया था। उनको कोतवाल के सुपुर्द दिन में लगभग दो-तीन बजे ही कर दिया था। किंतु कोतवाली पुलिस ने रात लगभग आठ बजे कुछ लोगों को टेलीफोन और बिजली का तार काटने एवं आपातकाल के विरुद्ध हिंसात्मक आंदोलन के लिए उकसाने में जेल भेजा था। श्री आजाद अपने विरुद्ध अभियोग में मुझको एक महत्वपूर्ण साक्षी के रूप में न्यायालय से बुलावा भिजवाने में सफल हुए थे। एसएसपी ने मेरी सहायता में असमर्थता व्यक्त कर दी थी। मैं जिला और सत्र न्यायाधीश मुरलीधर जी के घर जा पहुंचा। मेरी बात सुनकर उन्होंने सीजेएम को भी अपने घर पर ही बुला लिया। वहीं पर तय हुआ कि मैं सत्य का साथ दूं तथा उनको कोतवाली लाने तक की बात कहूं। प्रथम सूचना के विषय में सीजेएम मेरी मदद करेंगे और उसके सही-गलत होने पर प्रश्न नहीं पूछेंगे। यही हुआ भी। इससे श्री आजाद के मामले में सत्य की रक्षा भी हो गई, किंतु यही सच्चाई मेरे भविष्य के लिए घातक हो गई।

माता प्रसाद ने नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से कहलवाया कि यदि मैं न्यायालय में यह सशपथ बयान दे दूं कि श्रीमाता प्रसाद मेरी मौजूदगी में कोतवाली आए ही नहीं, न तो युवकों का उत्पीड़न हुआ, तो मैं तुरंत मेरी दोष मुक्ति का आदेश निर्गत हो जाएगा। किंतु मेरी मौजूदगी में मात्र आतंक-प्रचार के उद्देश्य से दोनों युवकों के साथ हुए अत्यंत क्रूर यातना की दारुण स्मृति ने ऐसा नहीं होने दिया। बरेली जेल से पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा वर्तमान मुख्यमंत्री को भेजे गए संक्षिप्त शिकायती पत्र और मेरे द्वारा की गई 'तथाकथित जांच आख्या' मेरे निलंबन एवं मेरे प्रतिशोधात्मक भयंकर उत्पीड़न का कारण बना।

# विकास की गारंटी नहीं विशेष राज्य का दर्जा

भारत में विशेष राज्य का दर्जा किसी राज्य को उसकी विशेष परिस्थितियों के कारण दी जाने वाली सुविधा है, जिसे राज्यों को विशेष वित्तीय सहायता और अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए लागू किया गया था। यह दर्जा आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े राज्यों को विकास की गति देने के उद्देश्य से दिया जाता है। बिहार राज्य भी लंबे समय से इस दर्जे की मांग कर रहा है, लेकिन यह धारणा कि विशेष राज्य का दर्जा बिहार के विकास की गारंटी हो सकता है, वस्तुतः सही नहीं हो सकती।

विशेष राज्य का दर्जा उन राज्यों को दिया जाता है, जो भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक और जनसांख्यिकीय रूप से कमजोर माने जाते हैं। इस दर्जे के तहत, इन राज्यों को केंद्रीय करों में अधिक हिस्सा, केंद्रीय योजनाओं के तहत अधिक अनुदान और बाहरी सहायता प्राप्त होती है। इसका उद्देश्य है इन राज्यों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना और विकास की मुख्य धारा में शामिल करना। विशेष राज्य का दर्जा पाने वाले राज्यों को कई लाभ मिलते हैं। अगर राज्य सरकार में नीति निर्धारण और क्रियान्वयन की क्षमता कमजोर है तो विशेष राज्य का दर्जा भी असरकारी नहीं हो पाएगा। भारत में कई राज्यों को विशेष राज्य का दर्जा दिया गया है, जिनमें से कुछ ने इसका लाभ उठाकर अपने विकास को गति दी है, जबकि कुछ राज्य अभी भी पिछड़े हुए हैं। हिमाचल प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है और उसने इस स्थिति का उपयोग करके अपने बुनियादी ढांचे और सामाजिक सूचकों में सुधार किया है। राज्य सरकार की अच्छी नीतियां और प्रशासनिक दक्षता ने इसे संभव बनाया। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर आदि उत्तर पूर्वी राज्यों को भी विशेष राज्य का दर्जा प्राप्त है, लेकिन इन राज्यों में विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी है। इन राज्यों में चल रहे राजनीतिक अस्थिरता, उग्रवाद और प्रशासनिक कुप्रबंधन इसके मुख्य कारण हैं। बिहार के विकास के लिए केवल विशेष राज्य का दर्जा पर्याप्त नहीं है। इसके लिए एक मजबूत प्रशासनिक तंत्र, राजनीतिक स्थिरता और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की आवश्यकता है।



**प्रीति सिंह**
कानपुर

## एक नजर

### ससुराल गए युवक की तबीयत बिगड़ी, मौत

**कुशीनगर,अमृत विचार।** खड्डा थाना क्षेत्र के तुर्कहा गांव निवासी सुरेंद्र यादव(35) की ससुराल में तिलक समारोह के दौरान तबियत बिगड़ गई, आनन- फानन में उसे रात को तुर्कहां सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सक ने मौत होने की पुष्टि कर दी। युवक के मौत से पत्नी सहित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### संदिग्धहाल में महिला की मौत, हत्या की आशंका

**रिसिया, बहराइच।** जलाल पट्टी गांव निवासी विवाहिता की संदिग्ध हालात में बुधवार की रात मौत हो गई। मृतका के जीजा ने मौत पर संदेह जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिसिया थाना क्षेत्र के जलाल पट्टी गांव निवासी महिला ललिता (24) की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मृतका के जीजा खैरीघाट थाना क्षेत्र के कोठरपुरवा चौकसाहार निवासी सियाराम ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उन्हें साली के ससुर ने बुधवार को फोन पर जानकारी दी कि ललिता की बीमारी के चलते मौत हो गई है। शादी तीन साल पहले घनश्याम से की थी। जिससे एक पुत्र है। मौत पर संदेह जताते हुए शव का पीएम कराने की मांग की। मौत से परिजनों में मातम पसरा हुआ है। प्रभारी निरीक्षक रिसिया प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता चलेगी।

### युवक की पिटाई कर बाइक और नकदी छीनी

**हुजूरपुर, बहराइच।** मकसूदपुर गांव निवासी एक युवक श्रमिक बुलाने के लिए बाइक से गया था। वहां पर दबंगों ने बाइक सवार की पिटाई कर नकदी छीन ली। बाइक भी छीनने का आरोप है। रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मकसूदपुर ग्राम पंचायत के मजरा अव्वलपुर गांव निवासी बबलू खान (30) पुत्र इस्लाम गुरुवार को श्रमिक बुलाने के लिए बाइक से जा रहा था। आरोप है कि कोतवाली देहात के भटपुरवा गांव के पास दबंगों ने उसकी पिटाई की। मोबाइल और नकदी छीन ली। इसके बाद दबंग फरार हो गए। आसपास के लोगों की मदद से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाल देहात बीके मिश्रा ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर जांच की जायेगी।

## कागज में ही हो गया पशुशेड का निर्माण

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** स्थानीय विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत थरौली में कागजों में तेरह पशु सेड लाभार्थियों का नाम दर्शाकर सरकारी धन हड़पने का मामला सामने आया है। एक शिकायतकर्ता की शिकायत पर बीते दिनों बीडीओ ने भुगतान किए गए कार्यों का अवलोकन कराते हुए जहां सत्यापन कराया था वहीं जांच के दौरान पशु सेड निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर अनियमितता मिली थी। कई लाभार्थियों ने ग्राम प्रधान पर बिना कार्य कराए ही भुगतान लेने का आरोप लगाया था। इस मामले को लेकर बीडीओ ने दोबारा जांच बैठाई है। जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। जो दो दिनों के अंदर जांच कर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

# आपसी सौहार्द से त्योहार मनाएं लोग: एसडीएम

संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन में आगामी श्रावण मास, कांवड़ यात्रा और मोहर्रम आदि त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, क्षेत्र में शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के दृष्टिगत बृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह की उपस्थिति में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान उपस्थित लोगों से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही मीटिंग में उपस्थित


मेंहदावल थाने पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

गणमान्य व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से अपील की गई कि सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें, साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों, असामाजिक तत्वों पर निगाह रखने के साथ ही किसी भी प्रकार की आपराधिक अवांछित गतिविधियां दिखाई देने पर इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें बल्कि अफवाह की पुष्टि उच्चाधिकारियों से करें। जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाए रखने में पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही सोशल मीडिया पर ऐसे कमेंट न करें जिससे किसी की धार्मिक भावनाएं आहत हों। किसी भी प्रकार की भड़काऊ, गलत और अशोभनीय पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर न करें। उप जिलाधिकारी ने लोगों से शांति और आपसी सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि त्यौहार हमें प्रेम, बंधुत्व और आपसी भाईचारे को मजबूत बनाने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि त्यौहारों को उनकी गरिमा के अनुरूप ही मनाना चाहिए। प्रभारी निरीक्षक रामकृपाल सिंह ने कहा कि त्यौहार के दौरान गड़बड़ी पैदा करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। किसी भी दशा में नई परम्परा कायम नहीं होने दी जाएगी। कांवर यात्रा के दौरान डीजे की ऊंचाई और ध्वनि मानक के अनुरूप ही होनी चाहिए। बैठक में थाने पर तैनात पुलिस कर्मियों, नगर के सभासदों के साथ ही विभिन्न धर्मों के धर्मगुरू और सम्भ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त व आईजी जोन ने कांवड़ यात्रा और मोहर्रम को लेकर की बैठक

## मार्गों की मरम्मत, सफाई, यातायात डायवर्जन आदि को लेकर दिए निर्देश


अधिकारियों के साथ बैठक करते मण्डलायुक्त व आईजी जोन। अमृत विचार


तामेश्वरनाथ मंदिर की सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का जायजा लेते एडीजी जोन, मण्डलायुक्त और अधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह और पुलिस महानिरीक्षक बस्ती आर.के. भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को संयुक्त रुप से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की उपस्थिति में श्रावण मास, कावड़ यात्रा और मोहर्रम के दृष्टिगत जनपद में कानून और सुरक्षा व्यवस्था सहित त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के संबंध में आवश्यक तैयारियों आदि से सम्बंधित समीक्षा बैठक किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश और मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

बैठक में मण्डलायुक्त ने त्यौहारों को आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाए जाने की अपील करते हुए कहा कि जनपद के शांतिप्रिय और सौहार्दपूर्ण वातावरण की परम्परा को बनाए रखते हुए त्योहारों को भाई-चारे के साथ मनाएं। उन्होंने इलाकों में कानून व्यवस्था, बिजली, पानी, साफ-सफाई के बारे में चर्चा की। पुलिस महानिरीक्षक आर.के. भारद्वाज ने पुलिस अधीक्षक से त्योहारों के दौरान जनपद में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सुनिश्चित रखने के दृष्टिगत की तैयारियों के बारे में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने जनपद में त्योहारों को सकुशल और शांतिपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया।

### तामेश्वरनाथ मंदिर की सुरक्षा का लिया जायजा

**संवाददाता, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मंडलायुक्त बस्ती और अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन डा. के.एस. प्रताप कुमार और पुलिस महानिरीक्षक बस्ती आर.के.भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को जनपद में कावंड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने और सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के साथ महाभारत कालीन शिव मंदिर तामेश्वरनाथ धाम में जलाभिषेक की तैयारियों, जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं और कांवरियों की सुरक्षा के साथ ही मेला स्थल का निरीक्षण किया।

## मूल्यपरक शिक्षा पर मुंबई में व्याख्यान देंगे डॉ. सर्वेष्ट मिश्र

**बस्ती,अमृत विचार।** बस्ती के पीएम श्री विद्यालय मूड़घाट के राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट मिश्र मुंबई में मूल्यपरक शिक्षा पर व्याख्यान देंगे। देश की शिक्षा व्यवस्था में मानवीय मूल्य आधारित शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही संस्था "हेमा फाउंडेशन" द्वारा आयोजित इस कांफ्रेंस में वह 6 तथा 7 जुलाई को मुंबई के योगी सभागार दादर में आयोजित कांफ्रेंस में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनसीईआरटी के निदेशक प्रोफेसर दिलीप सकलानी जी होंगे। इस संबंध में हेमा फाउंडेशन ने डॉक्टर सर्वेष्ट मिश्र को बुलावा पत्र भेजा है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने पत्र जारी कर डॉ सर्वेष्ट मिश्र को कांफ्रेंस में प्रतिभाग करने का निर्देश दिया है और कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम हेतु जनपद के शिक्षक डॉ सर्वेष्ट मिश्र के शामिल होने से जनपद का सम्मान बढ़ा है। डॉ सर्वेष्ट मिश्र के अनुभवों से निश्चित रूप से शिक्षा व्यवस्था में बदलाव आयेंगे और उसका लाभ देश के बच्चों को मिलेगा।

# पहली बारिश में ही बिगड़ी हाईवे की सूरत, सड़क क्षतिग्रस्त



संवाददाता, बस्ती

**अमृत विचार।** तीन दिनों से हो रही घनघोर बारिश के कारण हाईवे छलनी हो गया है। घघौआ से बस्ती तक करीब 500 जगहों पर हाईवे में छोटे-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिसमें बाइक या कार के गिरते ही संतुलन बिगड़ जा रहा है। हाईवे पर जरा सी चूक बड़ी घटना में बदल सकती है। बारिश से पहले एनएचएआई ने मार्ग पर बचाक का कोई इंतजाम नहीं किया, जिसका खामियाजा अब राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

बुधवार को हमने हाईवे की स्थिति को देखी। हर 10 कदम पर दो, चार, छह छोटे-बड़े आकार के गड्ढे दिखे। इनमें हल्के वाहनों के पहिये पड़ने पर उनका संतुलन बिगड़ रहा है। कप्तानगंज से आगे बरदहिया के पास तीन गड्ढे डेढ़ से दो फिट गहरे दिखे। अचानक वाहनों के पहिए पड़ने से बड़े मालवाहक वाहनों का भी संतुलन बिगड़ रहा है। मार्ग पर कट्या, तिलकपुर, खजुहा, गढ़हा गौतम, कप्तानगंज, महराजगंज, पिकौरा सानी, महराजगंज फ्लाईओवर, झलियहवा, संसारीपुर, खैरी, भदावल, हरैया मनोरमा पुल, बड़हर कला, बबुरहवा, छावनी में मार्ग पर हर 10 कदम पर गड्ढे हैं। जो देखने में छलनी जैसा प्रतीत हो रहे है।

### बारिश से उफान पर गंडक,सवा लाख क्यूसेक पहुंचा डिस्चार्ज

**कुशीनगर,अमृत विचार।** नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र पोखरा में पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण बड़ी गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने लगी है। बुधवार की सुबह वाल्मीकिनगर गंडक बैराज से 1 लाख 24 हजार क्यूसेक पानी नदी में डिस्चार्ज कर दिया गया। इससे गंडक उफान पर आ गई। खड्डा के भैंसहा गेज पर जलस्तर बढ़ने के बाद नदी 24 सेमी ऊपर बहने लगी। जलस्तर में हुई वृद्धि को देखते हुए खड्डा से लेकर तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के तटबंधों के किनारे बसे गांवों के लोगों की चिंता बढ़ गई। हालांकि, दोपहर बाद डिस्चार्ज में कमी दर्ज की गई। शाम पांच बजे 1 लाख 19 हजार क्यूसेक डिस्चार्ज रहा। डिस्चार्ज में कमी के बाद नदी का जलस्तर भी कम होने लगा और शाम के वक्त नदी चेतावनी बिंदु से नीचे आ गई। दूसरी तरफ, बढ़ते-घटते जलस्तर से कई जगह तटबंधों पर नदी का दबाव भी बढ़ गया है। नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र पोखरा में हो रही बारिश के कारण बुधवार को बड़ी गंडक नदी उफान पर आ गई। वाल्मीकिनगर गंडक बैराज से तीन बार पानी नदी में डिस्चार्ज किया गया। 1 लाख 24 हजार क्यूसेक पानी सुबह डिस्चार्ज किए जाने के बाद गंडक के जलस्तर में तेजी से वृद्धि होने लगी। खड्डा के भैंसहा गेज पर नदी चेतावनी बिंदु 95 मीटर के सापेक्ष 95.24 मीटर यानि 24 सेमी ऊपर बहने लगी। यह देख बाढ़ खंड विभाग के जिम्मेदार सतर्क हो गए।

### पटरियों पर भरे पानी से हो रहा कीचड़

हाईवे की पटरियों लंबे समय से खराब हैं। पटरियों पर गड्ढों में अब पानी भर गया है। संसारीपुर चौराहा, खैरी ओझा, तेनुआ, महराजगंज, पिकौरा, रीठिया, कैप्टननगर, कप्तानगंज चौराहा, बडेवन चौराहे पर पटरियों के गड्ढों में पानी भरा हुआ दिखा। इसकी वजह से हाईवे पर कीचड़ हो रहा है। जिससे हल्के वाहनों को चलने में दिक्कतें आ रही हैं।

### सर्विस लेन की स्थिति बेहद खराब

बारिश में हाईवे के सर्विस लेन की स्थिति बेहद खराब मिली। बड़ेवन, फुटहिया, गोटवा, कप्तानगंज, महराजगंज, तेनुआ, हरैया, छावनी बाजार की सर्विस रोड की हालत बेहद खराब है। गोटवा में तो बारिश का पानी भरा हुआ मिला। छावनी राम जानकी चौराहे पर बड़े-बड़े गड्ढे दिखे। वाहन गुजरने पर गड्ढों में भरे पानी बगल के राहगीर पर पड़ रहे हैं

# रथयात्रा का अभाविप कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत


रथयात्रा निकालते अभाविप कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कालेज परिसरों में विद्यार्थियों की उपस्थिति दर लगातार कम होती जा रही है। इसको लेकर विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 2 जुलाई से 9 जुलाई तक गोरक्ष प्रांत के सभी 17 संगठनात्मक जिलों में रथयात्रा के द्वारा "परिसर चलो अभियान चलाएगी।

रथ यात्रा हरैया से प्रारम्भ होकर बस्ती होते हुए सन्तकबीरनगर पहुंची। यहां अभाविप पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सरैया बाईपास पर रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। जिला कार्यालय पर रात्रि विश्राम के बाद बुधवार को रथयात्रा मेंहदावल क्षेत्र के लिए रवाना हुई। स्वागत के दौरान प्रांतीय अध्यक्ष डा. राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही राष्ट्र के पुनर्निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री आलोक मिश्र, पूर्व जिला संयोजक रवि शंकर सिंह, कृपाचार्य पाण्डेय, मेंहदावल नगर मंत्री राज प्रसून, देव प्रसून, अविनाश, मनीष जायसवाल, देवराज, आदर्श, उपेंद्र सिंह, अंकुश गुप्ता, विश्वजीत गोस्वामी, रितेश श्रीवास्तव, अभ्युदय तिवारी, सूरज राजभर, अमन सहित तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**दिए निर्देश** | सीओ सदर ने पुलिस चौकी मगहर पर की पीस कमेटी की बैठक

# आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील

संवाददाता, मगहर, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर चौकी परिसर में गुरुवार को मोहर्रम पर्व को सौहार्द व शांतिपूर्वक मनाये जाने को लेकर शांति कमेटी के साथ ही तजियादारों की बैठक आयोजित हुई। चौकी इंचार्ज राजीव सिंह की अध्यक्षता आयोजित इस बैठक के मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी खलीलाबाद शैलेश दूबे और पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजेश सिंह रहे। में सम्पन्न हुई।

मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए एसडीएम सदर शैलेश दूबे ने मोहर्रम पर्व की अग्रिम बधाई देते


पुलिस चौकी मगहर पर पीस कमेटी की बैठक करते एसडीएम और सीओ सदर।

हुए कहा कि कबीर की धरती से साम्प्रदायिक सौहार्द का सन्देश पूरे विश्व को जाता है। सभी लोग मिल-जुलकर सौहार्द पूर्वक पर्व को मनाएं। अगर कहीं कोई दिक्कत हो तो प्रशासन को जरूर अवगत कराएं। उन्होंने ताजिया भ्रमण के दौरान नगर में विद्युत तारों के बारे में भी ताजिया दारों से जानकारी हासिल किया। सीओ सदर ब्रजेश सिंह ने कहा कि पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा भी निकाली जाएगी। उसमें बजने वाले डीजे की आवाज मानक के अनुसार ही रहे। परम्परागत तरीके से मोहर्रम पर्व को मिल जुलकर मनायें। नम्बरिंग का विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि जलूस के दौरान पुलिस की पैनी नजर रहेगी। चौकी इंचार्ज राजीव सिंह को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि कस्बे के सभी चौकों, जलूस के रूट और कर्बला का तजियादारों के साथ मिलकर स्थलीय निरीक्षण कर लें। अगर कोई परेशानी हो तो बताएं। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि किसी भी दशा में नई परम्परा की शुरूआत नहीं होने दी जाएगी।नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस हर वक्त मुस्तैद और मौजूद रहेगी। चेयरमैन प्रतिनिधि नूरुज्जमा अंसारी ने कहा कि नगर प्रशासन नगर में साफ-सफाई और पेयजल व्यवस्था आदि के लिये कृत संकल्पित है। नाली नाले की सफाई के साथ ही नगर में विद्युत समस्या के निराकरण के लिये नगर पंचायत तत्पर रहेगा।

इस मौके पर् पूर्व चेयरमैन नूरुज्जमा अंसारी, चौकी इंचार्ज राजीव सिंह, अधिशाषी अधिकारी वैभव सिंह, सेराज खान, अब्दुन्नबी अंसारी, मो असअद अंसारी, बबलू खान, अमीर कादरी, नियाज अहमद, बेचन, सुहेल अख्तर, खादिम हुसैन, नन्दू भाई, जफरुलहसन खान, सभासद अब्दुल कलाम, शब्बीर ठेकेदार, विक्की खान समेत पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## बच्चों से हुए मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़े

**धनघटा, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** धनघटा थानाक्षेत्र के हैंसरबाजार चौराहे पर बृहस्पतिवार की सुबह लगभग 10 बजे सोनडीहा गांव निवासी श्रीकांत का लड़का किसी काम से हैंसर चौराहे पर आया था। वापस घर जाते समय हैंसर चौराहे के निवासी नागेंद्र चौधरी के बच्चों से किसी बात को लेकर उसकी कहा सुनी हो गई। धीरे-धीरे बात बढ़ गई और दोनों के बीच मारपीट हो गई। इस बात की जानकारी जब श्रीकांत को हुई तो वे लगभग 20-25 की संख्या में लाठी डंडा से लैस होकर पुरुष और महिलाओं के साथ चौराहे पर पहुंचकर मारपीट करना शुरू कर दी।

## सार-संक्षेप

### कुशीनगर के दो गांवों का किया चयन

**कुशीनगर,अमृत विचार।** भारत सरकार के केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने ग्रामीण पर्यटन विकास योजना के तहत प्रदेश के 75 गांवों का चयन किया है। इनमें कुशीनगर जनपद के कुड़वा दिलीपनगर व पिपराझाम का भी चयन हुआ है। जल्द ही आर्किटेक्ट टीम इन गांवों में पहुंचकर सर्वे आदि कर योजना बना सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेगी। कसया के कुड़वा दिलीपनगर में कुलकुला देवी स्थान, तीन नदियों- हिरण्यवती, कुकुत्था व सोनरा का संगम, दो सौ एकड़ का जंगल, कुड़वा दिलीप नगर के पूर्व जमींदार परिवार की नई पर्यटन नीति में हेरिटेज होटल के लिए प्रस्तावित 150 वर्ष पुरानी हवेली, केले की खेती, प्राचीन परंपरागत विधि से विविध प्रकार के घरेलू व कृषि में उपयोग में आने वाले उपकरण बनाने वाले लोहार, मूंज से सामान बनाने वाले शिल्पकारों को शामिल किया गया है। जबकि पिपराझाम में मंदिर और पोखरा, मिट्टी, मूंज व बांस से विभिन्न प्रकार के सामान बनाने वाले शिल्पकार हैं। इसी तरह विविधता समेटे अन्य जिलों के गांव शामिल हैं।

### प्रयागराज से गिट्टी लेकर नेपाल जा रहा ट्रेलर पलटा

**बस्ती, अमृत विचार।** बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर सोनहा थाना क्षेत्र के मलुपरवा पेट्रोल पंप के निकट गिट्टी लेकर इलाहाबाद से नेपाल जा रहा ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गीली मिट्टी में धंसकर गड्ढे में पलट गया हादसे में गाड़ी में मौजूद चालक अश्वनी और शमशेर निवासी बस्ती बाल बाल बच गये। चालक अश्वनी व शमशेर ने बताया कि पीछे से सवारी लेकर आ रही तेज रफ्तार रोडवेज की बस को साइड देते समय अचानक सामने से एक कार आ गई जिसे बचाते समय सड़क किनारे पटरी पर बारिश की वजह से गीली मिट्टी में ट्रक का पहिया धंस गया और गाड़ी पलट गई। जिससे सारी गिट्टी गड्ढे बिखर गई और गाड़ी का केबिन क्षतिग्रस्त हो गया। दोनो चालको को मामूली चोटें आयी है। घटना के बाद मौके पर लोगो की भारी भीड जुट गई।

### कौशल विकास केंद्र में रोजगार मेला कल

**बहराइच,अमृत विचार।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में नवीन पोर्टल रोजगार संगम के माध्यम से मल्हीपुर रोड स्थित बिटाना हास्पिटल के निकट कौशल विकास केन्द्र में 06 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय नियोजको के साथ- साथ निजी क्षेत्र के 02 प्रतिष्ठित नियोजकों/कम्पनियों द्वारा रोजगार प्रदान किये जाने हेतु प्रतिभाग किया जा रहा है। जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि रोज़गार मेले में पशुपति नाथ बायोटेक्नालजी प्रालि द्वारा एसआर के 40 पदों पर 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रूपये 9,500 तथा ब्राइट फयूचर हर्बल, आयुवैर्दिक कम्पनी द्वारा मार्केटिंग आफिसर के 56 पदों पर 22 से 45 वर्ष आयु वर्ग के स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मासिक रूपये 15,500 देय होगा। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु उनका चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों का रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। रोजगार मेले में उप्र कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों को अपने साथ बॉयोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रभाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में वंएक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 06 जुलाई को पूर्वान्ह 11 बजे मेला स्थल पर उपस्थित होना होगा।

### प्रधान पुत्र और नाबालिग ले रहे मनरेगा में मिस्त्री का भुगतान

**धनघटा, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** गांवों में मनरेगा के नाम पर लूट मची है। ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक की तिकड़ी बिना कार्य कराए ही लगातार मनरेगा में भुगतान ले रही है। उक्त गुहार नाथनगर ब्लॉक के ग्राम नोक्ता निवासी एक व्यक्ति ने बीडीओ मनरेगा से करते हुए पत्र लिख कर समूचे प्रकरण की जांच कराने की मांग किया है। गांव निवासी सुनील कुमार ने बीडीओ को भेजे पत्र में आरोप लगाया कि एक ही काम को परियोजना का नाम बदल बदल कर दो दो बार भुगतान लिया जा रहा है। आरोप है कि जिस सड़क की पटरी के मरम्मत को दिखा कर भुगतान लिया गया है उक्त सड़क के दोनो तरफ मकान बने हुए हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि गांव में बने इंटरलॉकिंग सड़क में प्रधान पुत्र को ही मिस्त्री दिखा कर भुगतान करा लिया गया है। जबकि दूसरे मिस्त्री के रूप में एक 15 वर्षीय नाबालिक के नाम से भी भुगतान लिया गया है। शिकायतकर्ता ने ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और तकनीकी सहायक की तिकड़ी पर गांव में विकास के नाम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए मनरेगा योजना में खुली लूट करने की बात कही है। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कराने की मांग किया है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ मनरेगा विवेकानंद मिश्र ने कहा कि शिकायती पत्र अभी उनके संज्ञान में नहीं आया है।

### पुलिस की लापरवाही पर भड़का विहिंम, एसपी कार्यालय पर धरना

**बस्ती ,अमृत विचार।** पुलिस की लापरवाही के विरोध में बृहस्पतिवार को विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह एसपी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गये। उन्होने मांग किया कि मोनू की गुमशुदगी और शव बरामद होने के बाद उसे लावारिश दिखा अंतिम संस्कार कर देने वाले पुलिस कर्मियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाय। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के कोपिया गांव का है। सीओ सदर ने विश्व हिन्दू महासंघ जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह को आश्वासन दिया कि 48 घंटे के भीतर प्रकरण में प्रभावी कार्रवाई की जायेगी। इस पर धरना स्थगित कर दिया। एसपी कार्यालय पर धरना देने वालों में मृतक मोनू सिंह के पिता हरिनरायन सिंह, परिजनों और कोपिया के ग्रामीणों के साथ ही ग्राम प्रधान अवनीश सिंह, बब्बू सिंह, सौरभ सिंह, विश्व हिन्दू महासंघ सौरभ त्रिपाठी, राकेश सिंह, विपिन सिंह, राजकुमार उर्फ मन्टू चौधरी, मुन्ना सिंह, जगत मोहन सिंह, महेश हिन्दुस्थानी के अलावा अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गोला बनाते समय मकान में विस्फोट, महिला-बालक बेहोश

**मोतीपुर, बहराइच, अमृत विचार।** जिले के झाला गांव निवासी एक ग्रामीण के यहां गुरुवार को गोला बनाते समय विस्फोट हो गया। जिसके चलते मकान में ऊपर की ओर चीथड़े उड़ गए। पड़ोस के लोग भी चपेट में आ गए। एक महिला और बच्चा घायल होकर बेहोश हुए है। उनका इलाज चल रहा है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत झाला निवासी भुट्टू के मकान में गोला का निर्माण होता है। गुरुवार को गोला बनाते समय मकान में विस्फोट हो गया। जिसके चलते मकान का आधा हिस्सा धराशाई हो गया। वहीं पड़ोस निवासी अशफाक के मकान को भी नुकसान पहुंचा है। उनके मकान में गोले के टुकड़े कई जगह गिरे हैं। विस्फोट होने से पड़ोसी अशफाक के यहां शादी का कार्यक्रम खराब हो गया। सभी में दहशत फैल गई। नानपारा से आए रिश्तेदार रईस ने बताया कि विस्फोट काफी तगड़ा था। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची हैं। जांच चल रही है। वहीं विस्फोट के बाद एक महिला और बालक बेहोश हुआ है। जिसका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर तहसीलदार अंबिका प्रसाद चौधरी पुलिस टीम के साथ पहुंचे और जांच की। थानाध्यक्ष दद्दन सिंह ने बताया कि गोला सुखाने के दौरान हादसा हुआ है। वह लाइसेंस धारी है।

### मेंहदावल कस्बे में अतिक्रमणकारी बेलगाम


मेंहदावल कस्बे की मुख्य सड़क पर अतिक्रमण कर लगाई गईं दुकानें।

**मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार।** मेंहदावल कस्बे की खूबसूरती पर अतिक्रमणकारियों की नजर लग गई है। सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण का ऐसा जाल फैला हुआ है कि सड़क कम ठेले गुमटियां अधिक दिखाई देती हैं।अतिक्रमणकारी इतने निरंकुश हो चुके हैं कि प्रशासन के चाबुक का असर भी इन पर दिखाई नहीं देता। नगर पंचायत व तहसील मुख्यालय का दर्जा प्राप्त मेंहदावल कस्बा अतिक्रमण की चपेट मे है।अस्पताल तिराहे से लेकर बारह खाल तिराहे तक अतिक्रमणकारियों ने अपना जाल फैला रखा है। इन सड़कों पर इस कस्बे के सड़क की दोनों पटरियों पर अस्थायी दुकानदारों ने अपना कब्जा जमा रखा है। मेंहदावल में अतिक्रमण करियों के आगे प्रशासन का बुल्डोजर थम सा गया है। अतिक्रमणकारियों ने आधी सड़क सड़क पर कब्जा कर लिया है। ठेले गुमटियों व पन्नी तानकर लगने वाली अस्थायी दुकानों ने कस्बे की सूरत ही बदल दी है। तहसील रोड और खलीलाबाद रोड की तरफ से आने वाली सैकड़ों गाड़ियों का इस कस्बे में प्रतिदिन आवागमन बना रहता है। हजारों छात्र छात्राएं भी इसी मार्ग से होकर प्रतिदिन अपने विद्यालयों को आते-जाते हैं। सड़क पर अतिक्रमण होने की वजह से प्रतिदिन कोई न कोई दुर्घटना अवश्य घटित होती है। अतिक्रमणकारी इतने निरंकुश हैं कि कई बार प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की दी गई चेतावनी को भी उन्होंने नजर अंदाज कर सड़क पर ही अपने ठेले और दुकानों के साथ डटे रहते हैं। इस बारे में बात करने पर उप जिलाधिकारी मेंहदावल उत्कर्ष श्रीवास्तव ने कहा कि अतिक्रमण की समस्या वास्तव में बेहद गंभीर है। मेंहदावल कस्बे को इस समस्या से शीघ्र ही निजात दिलाया जाएगा। किसी भी अतिक्रमणकारी को सड़क पर अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा।

## एक नजर

### एके द्विवेदी बने नगर कोतवाल

सुलतानपुर, अमृत विचार : नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय का अमेठी तबादला हो गया है। उनके स्थान पर कुड़वार थाना अध्यक्ष रहे एके द्विवेदी को लाया गया है। राम निरंजन यादव को सिटी ट्रैफिक इंस्पेक्टर का प्रभार दे दिया गया है। यातायात निरीक्षक रहे चंद्रभान वर्मा को कुड़वार थाना अध्यक्ष बना दिया गया है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने बताया कि सभी को नई तैनाती स्थल पर शीघ्र प्रभार ग्रहण करने का आदेश दिया गया है।

### जमीन के विवाद में मां-पुत्री की पिटाई, तीन पर मुकदमा

दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नारा मधईपुर निवासी सुभद्रा देवी व उसके देवर सिद्धू निषाद के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। बुधवार की दोपहर सिद्धू निषाद रास्ते में नीव खोद रहा था, तभी सुभद्रा देवी व उसकी पुत्री सोनिया मना करने लगी। उसी समय सिद्धू निषाद, परवेज कुमार, राजेश तीनों ने मिलकर मां, पुत्री की लाठी-डंडे से पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग खड़े हुए। दोनों चोटहिल थाना पहुंच कर देर शाम सोनिया की तहरीर पर सिद्धू निषाद, परवेज कुमार, राजेश के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया।

### दो बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : दोस्तपुर थाने के पहाड़पुर बस्तीपुर गांव के राजेश त्रिपाठी कस्बे के अनिरुद्ध नगर मोहल्ले में किराए के मकान में रहते हैं। अपने कमरे के सामने 26 जून को उन्होंने अपनी बाइक खड़ी की थी। आरोप है कि अज्ञात चोरों ने बाइक पर हाथ साफ कर दिया। दूसरी, घटना बिजेथुआ महावीरन धाम की है। जौनपुर जिले के खुटहन थाने के अकबरपुर गांव के अनुराग सिंह 2 जुलाई को बिजेथुआ महावीरन धाम में हनुमान जी का दर्शन करने आए थे। उन्होंने अपनी बाइक मंदिर के पूर्वी गेट से लगभग 100 मीटर दूर खड़ी कर मंदिर में दर्शन पूजन करने चले गए। वापस लौटे तो बाइक नदारद थी। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# वीरान पड़ा वेंडिंग जोन, फुटपाथ पर दुकानें गुलजार

## 285 स्थाई तो 315 अस्थाई दुकानें हुई हैं आवंटित, पटरियों पर कब्जा होने से नहीं मिल रहा चौड़ीकरण का लाभ

संवाददाता, सुलतानपुर



वीरान पड़ा नगर पालिका परिषद का वेंडिंग जोन। अमृत विचार



शहर की पटरियों पर दुकानदारों के कब्जा करने से लगता है जाम। अमृत विचार

अमृत विचार : जिला मुख्यालय को जाम से निजात दिलाने फुटपाथ के दुकानदारों को स्थाई जगह उपलब्ध कराने के लिए वेंडिंग जोन बनाया गया था। आलम यह है कि वेंडिंग जोन वीरान पड़ा है, सड़कों पर दुकाने गुलजार है। जिसके चलते शहर के मुख्य मार्ग अतिक्रमण की चपेट में आ गए हैं, लोग जाम से जूझ रहे हैं।

शहर के राजकीय इंटर कॉलेज के पीछे सवा करोड़ की लागत से बने वेंडिंग जोन का पूर्व सांसद मेनका गांधी व अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में 2 नवंबर को लोकार्पण किया था। वेंडिंग जोन के लोकार्पण के बाद स्थानीय लोगों को लगा कि अब अतिक्रमण के साथ जाम से भी निजात मिल जायेगी। वहीं, दुकानदार दुकान आवंटन के लिए पैरवी में लगे रहे। वेंडिंग जोन में बनाई गई 285 स्थाई दुकानों का आवंटन कर दिया गया। साथ ही 315 अस्थाई दुकानें भी आवंटित की गईं।

**मवेशियों व स्मैकियों की बनी है शरण स्थली :** वेंडिंग जोन में दुकानें संचलित न होने से छुट्टा मवेशी अपनी शरण स्थली बना लिए हैं। वहीं दिन भर नशेड़ियों की महफिल सजी रहती है। दिनदहाड़े नशेड़ी शराब, गांजा व स्मैक का नशा कर रहे हैं।

### आवंटित हुई दुकानें, नहीं पहुंचे दुकानदार

वेंडिंग जोन में करीब छह सौ दुकानदारों को दुकान आवंटित की गई, लेकिन वेंडिंग जोन वीरान पड़ा रहा। प्रशासन की सख्ती पर कुछ दुकानदार आवंटित दुकानों पर पहुंचे तो कुछ ने जाना ही मुनासिब नहीं समझा। नगर पालिका ने जब अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया तो दुकानदार सुबह वेंडिंग जोन में तो दोपहर से फुटपाथ पर बैठने लगे। अधिकारियों ने जब स्थलीय निरीक्षण शुरू किया तो थोड़ा सा सामान रख वेंडिंग जोन में बाकी फुटपाथ पर ही दुकानदार बैठते थे। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही सभी दुकानदारों ने फिर से फुटपाथ पर अतिक्रमण कर लिया।

### सांसद बदलते ही ठंडे बस्ते में चला गया वेंडिंग जोन

शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए बनाए गए वेंडिंग जोन का मामला सांसद बदलने के बाद ठंडे बस्ते में चला गया है। अधिकारियों की ओर से अभी तक पटरी दुकानदारों को शिफ्ट नहीं कराएं जाने से शहर में जाम की समस्या बनी हुई है। लोग खासकर सब्जी मंडी व चौक इलाके में रोज जाम की समस्या से जूझ रहे हैं।

> वेंडिंग जोन में दुकान नहीं लगाने वाले आवंटियों का आवंटन अब निरस्त कर दूसरे को दिया जायेगा। हर हाल में जोन का संचालन जल्द करवाया जायेगा।
> – लालचंद सरोज, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सुलतानपुर

# विधायक ने सोनू-मोनू को बताया अपराधी

## सोनू सिंह ने विधायक पर लगाया था केस दर्ज कराने का आरोप

संवाददाता, सुलतानपुर



विधायक विनोद सिंह।

अमृत विचार : बीते दिनों गोसाईगंज में प्रधान के भाई की हुई सड़क दुर्घटना में मौत मामले में नामजद पूर्व विधायक सोनू सिंह की ओर से भाजपा विधायक विनोद सिंह पर लगाए गए साजिश के आरोप में गुरुवार को विधायक ने प्रेसवार्ता कर पलटवार किया है। पूर्व मंत्री और सुलतानपुर सीट से भाजपा विधायक विनोद सिंह ने पूर्व विधायक चन्द्रभद्र सिंह सोनू और यशभद्र सिंह मोनू पर गंभीर आरोप लगाए।

जिला पंचायत में आयोजित प्रेसवार्ता में भाजपा विधायक विनोद सिंह ने कहा कि दोनों भाई पर गैंगस्टर-गुंडा एक्ट में कार्रवाई हो चुकी है। अब उनके खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई भी कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि मेनका गांधी ने अपने संसदीय कार्यकाल में दोनों भाइयों पर नकेल लगाया था।

कहा कि जनता को अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से दूरी बना लेनी चाहिए। विधायक सिंह ने दोनों भाइयों को बाल बुद्धि अपराधी की संज्ञा देते हुए कहा कि अपने गांव के रामदेव निषाद प्रधान से पहले विकास मद के लाखों रुपये निकलवा लिए। उसके बाद जब उसने उनसे दूरी बना ली तो उसे धमकी दी जाने लगी। उसके खिलाफ षड्यंत्र करने लगे। इस बीच गांव प्रधान के भाई की सड़क दुर्घटना में मौत में जब उनके ऊपर हत्या का केस दर्ज हो गया तो इसमें साजिशन मेरा नाम अनावश्यक घसीट रहे हैं। आपराधिक कृत्य में दो मामलों में उन्हें एक में दो वर्ष और दूसरे में डेढ़ वर्ष की कोर्ट से सजा भी मिल चुकी है।

दूसरी ओर विधायक ने कहा कि उनके प्रयास से नगर पालिका के सहयोग से शहर में दीवानी के पास वाहन पार्किंग स्थल और गोपालदास पुल के पास बेडिंग जोन का निर्माण कराया गया है। गोलाघाट-टढ़ुई फोरलेन सड़क का निर्माण जल्द शुरू कराया जाएगा। अमहट में ऊपरीगामी सेतु निर्माण की बाधाएं भी दूर कराई जाएंगी।

### एससी-एसटी एक्ट में तीन पर मामला दर्ज

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : तीन माह पूर्व आदिवासी महिला व उसके पति के ऊपर हुए हमले के मामले में पुलिस ने भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव गौरी शंकर पांडेय समेत तीन आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के पिलखिनी निवासी मुशहरा आदिवासी लालती देवी पत्नी राकेश कुमार मजदूरी करती है। उसने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि वीरमपुर मोड़ के पास बगल गांव गारापुर के हरिशंकर मिले और बोले कि, तुम जो प्रार्थना पत्र दी हो, उसमें सुलह समझौता कर लो। समझौता करने से मना किया तो मुझे तथा मेरे पति को लात, घूंसे, डंडे से मारने लगे और जाति सूचक गाली भी दी।

# निजी अस्पताल में बच्चे की मौत, भड़के परिजन, दी तहरीर

संवाददाता, सुलतानपुर



सीओ सिटी को ज्ञापन देते पीड़ित परिजन। अमृत विचार

अमृत विचार : निजी अस्पताल में बच्चे की मौत से भड़के परिजन एसपी ऑफिस पहुंच गए। चिकित्सक व स्टाफ पर बच्चे की हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

लंभुआ के घाटमपुर निवासी अंजू पत्नी संदीप यादव ने बुधवार को अपने चार वर्षीय पुत्र आयन को मिश्रा हॉस्पिटल में भर्ती कराया। बच्चे को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। परिजनों का आरोप है कि बच्चे की तबीयत रात में ज्यादा खराब हो गई, लेकिन स्टाफ सोता रहा। सुबह चिकित्सक ने बच्चे के पेट व सीने पर इतना दबाव डाला कि उसकी मौत हो गई। आक्रोशित परिजन एसपी कार्यालय पहुंच गए। सीओ सिटी शिवम मिश्रा ने परिजनों को समझा बुझाकर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वहीं, अस्पताल के संचालक डॉ. संजय मिश्रा ने बताया कि बच्चे को फेफड़े में इंफेक्शन के चलते सास लेने में दिक्कत हो रही थी। इलाज किया गया था, बच्चा सरवाइव नहीं कर पाया। सीपीआर किया गया था। परिजनों को लगा कि सीने व पेट पर दबाव डाला गया है।

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में जमकर मारपीट

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचार : पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

कोतवाली के मलिकपुर नोनरा गांव के हंसराज एवं राम जियावन के बीच रंजिश चल रही थी। हंसराज का आरोप है कि 2 जुलाई को रात लगभग 9:30 बजे वह अपने घर पर मौजूद थे। तभी विपक्षी लाठी-डंडा लेकर उनके घर आए और गालियां देने लगे, मना करने पर लाठी-डंडे से मारने लगे। डर से घर में घुस गया तो विपक्षी घर में घुसकर भी पीटने लगे तथा जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जिससे काफी चोटें आई हैं।

दूसरे पक्ष राम जियावन का आरोप है कि 3 जुलाई को सुबह 6:30 बजे वह गांव के ही सुरेश की डेयरी पर दूध देने गए थे। तभी पहले से ही घात लगाए बैठे विपक्षी गाली देते हुए लाठी-डंडे एवं हॉकी से उन्हें मारने लगे, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। पुलिस ने हंसराज की तहरीर पर राम जियावन एवं राम स्वारथ के विरुद्ध तथा राम जियावान की तहरीर पर गांव के ही हंसराज, घोल्लर, निंहू एवं सत्यम, शिवम के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह के मामले में सुनवाई 12 को

सुलतानपुर, अमृत विचारः भाजपा की पूर्व विधायक गरिमा सिंह व उनके पुत्र अनंत विक्रम सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी । कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 जुलाई की तारीख नियत की है। मामला अभियोजन के गवाह तत्कालीन कांस्टेबल पंकज द्विवेदी के साक्ष्य हेतु नियत है। अमेठी जिले के थाना क्षेत्र गौरीगंज में छह वर्ष पूर्व आचार संहिता की उल्लंघन के मामले में 6 फरवरी 2017 को तत्कालीन एसओ आरपी शाही ने बिना अनुमति जुलूस निकालने पर आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

# दो घरों में घुसे चोर, ले गए आभूषण

## एक ही थाना क्षेत्र के दो गांवों में चोरों का धावा

गोसाईगंज, सुलतानपुर

अमृत विचार : बुधवार की रात चोरों ने एक ही थाना क्षेत्र के दो गांवों में दस्तक दी। दो घरों में घुसे चोरों ने लाखों के आभूषण और नगदी समेट फरार हो गए। एक गांव में चोरी करते संदिग्धों का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। थाने पर पहुंच पीड़ितों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव निवासी सुशील कुमार बुधवार की रात भोजन के बाद परिजनों के साथ सो रहे थे। देर रात अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में घुस दरवाजे की कुंडी काट कमरे में रखी आलमारी



मिश्रौली गांव में चोरी के बाद बिखरा सामान।

का लॉक और बक्से का कब्जा तोड़ दिया। ताला तोड़ उसमें रखा तीन चांदी के सिक्के, दो जोड़ी पायल चांदी की, सोने का एक जोड़ी टॉप्स, सोने की अंगूठी, चांदी की करधन व मंगलसूत्र और 1500 रुपये नकद समेट कर फरार हो गए। चोरी की घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसमें चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। वहीं दूसरा मामला इसी थाना क्षेत्र के सैदपुर गांव का है। देर रात गांव निवासी सचिन शर्मा के दरवाजे की सिटकनी खोलकर अज्ञात चोर घर में घुस आए। घर में रखा आलमारी, बक्सा, अटैची का लॉक तोड़कर उसमें रखी एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी छागल, दो लॉकेट सोने का, एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, एक करधन, दो जोड़ा चुल्ला लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिजन सुबह जगे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। दोनों पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया, दोनों स्थानों पर पुलिस टीम को भेजा गया था। जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप



गोसाईगंज में पौधरोपण करते थाना प्रभारी व अन्य समाजसेवी। अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार : कटका क्लब सामाजिक संस्था लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग ले रही है। इसी क्रम में संस्था द्वारा लगातार पौधारोपण का कार्य भी चल रहा है। गुरुवार को कटका क्लब की टीम गोसाईगंज थाने में प्रभारी धीरज कुमार के साथ पौधरोपण किया। थाना प्रभारी ने मौजूद पुलिसकर्मियों को पौधरोपण के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सभी को अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण करना चाहिए। संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र ने कहा कि पेड़ ही जीवन है। पेड़-पौधों के बिना जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। यदि पेड़ पौधे नहीं हों तो हम सब सांस नहीं ले सकते। इसलिए बेहतर जीवन के लिए हम सब को पौधों को लगाने और उन्हें बचाने का संकल्प लेना चाहिए। किसान नेता रिजावन अहमद ने कहा कि जिस तरह हम हवन में आहुति डालने से पर्यावरण स्वच्छ होता है उसी तरह से पेड़ पौधे भी पर्यावरण स्वच्छ करते हैं। पौधारोपण में अशोक यादव, सुधीर यादव, दीवान अशोक तिवारी, मुंशी अमित, विनय, अमित, रोहित कुमार आदि रहे।



सांसद राम भुआल निषाद का जयसिंहपुर चोरमा में स्वागत करते सपा नेता।

### आभार सभा में बोले सांसद, सम्मान में नहीं आने देंगे कमी

सुलतानपुर, अमृत विचार : चुनाव जीतने के बाद पांच दिवसीय क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे सपा सांसद राम भुआल निषाद का जगह जगह स्वागत किया गया। सपा के पूर्व सदर विधायक अरुण वर्मा के संयोजन में सदर विधान सभा अध्यक्ष विजय यादव ने धन्यवाद एव आभार सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सदर विधानसभा के चोरमा स्थित एक निजी पीजी कालेज में किया गया। शाम क़रीब चार बजे धन्यबाद व आभार सभा में पहुंचे सांसद का पूर्व विधायक अरुण वर्मा व सपा नेताओं ने स्वागत किया। सांसद राम भुआल निषाद ने कहा कि आप लोगों के सम्मान में कमी नहीं आने देंगे। क्षेत्र के विकास के साथ हमेशा आपके बीच उपस्थित रहूंगा। आप लोगों से जो वादा किया है उसे पूरा करने का प्रयास जारी रहेगा। पूर्व विधायक अरुण वर्मा के पिता की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कालेज में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौतम वर्मा ने किया। धन्यवाद एवं आभार सभा में सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव , पूर्व जिलाध्यक्ष राम सहाय यादव व शारदा यादव ने लोगो को संबोधित किया।



प्रेस वार्ता के दौरान सांसद किशोरी लाल शर्मा। अमृत विचार

### हाथरस में हुई मौत में दोषियों पर हो कार्रवाई : केएल शर्मा

सुलतानपुर, अमृत विचार : गुरुवार को सुलतानपुर पहुंचे अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा का जिले भर के कांग्रेसियों ने जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने स्वागत किया। पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार मे आयोजित स्वागत कार्यक्रम में सांसद केएल शर्मा ने कार्यकर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं, शाम को कांग्रेस नेता संदीप तिवारी पिंटू के आवास पर पत्रकार वार्ता की। पत्रकार वार्ता के दौरान हाथरस में हुई घटना पर प्रशासन को दोषी ठहराया। साथ ही कार्यवाही की मांग भी की। वहीं, भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि राहुल गांधी के बयान को काटकर दिखाया गया है। क्या जो कांग्रेस में है वह हिंदू नहीं है। कांग्रेस हिंदू विरोधी नहीं है। अमेठी के साथ सुलतानपुर को भी विकसित किया जाएगा।

### नए कानूनों को स्थगित करने की मांग की

सुलतानपुर, अमृत विचार : दीवानी के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने देश में लागू किए गए तीन नए कानूनों को जल्दबाजी में उठाया गया कदम बताते हुए स्थगित करने की मांग की है। विहिप विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एडवोकेट अरविन्द सिंह राजा ने नये कानून व्यावहारिक व पुराने कानून की समीक्षा करते हुए कहा, पुराना कानून दो साल की चर्चा व परिचर्चा के बाद लागू किया गया था, वहीं नये कानून को मात्र छह माह के भीतर लागू करना उचित नहीं है। अधिवक्ता अब्बास अहमद खान ने कहा सरकार को पुराने कानून में संशोधन करना चाहिए। शेख नजर अहमद ने कहा, नये कानून को अभी लागू करना उचित नहीं है।

# अतिक्रमण पर चला बुलडोजर

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

अमृत विचार : ढेमा गांव में नाली के खाते की भूमि को बांस कोठ लगाकर कब्जा कर लेने के मामले में प्रशासन ने गुरुवार को कार्रवाई की। आरोप है कि भूमि पर काफ़ी अरसे से हरिराम व श्रीराम यादव ने कब्जा कर रखा था। इसकी शिकायत परशुराम पुत्र बैरागी ने 2019 में उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर से की थी। इसका संज्ञान लेते हुए तत्कालीन एसडीएम राम अवतार ने मौका मुआयना कर पैमाइश कराकर कार्रवाई का निर्देश दिया था। फिर भी कब्जेदारों ने कब्जा नहीं छोड़ा था।

मामला हाईकोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने तहसील प्रशासन को कब्जा हटवाने का आदेश दिया। इस पर तहसील प्रशासन ने कब्जा बांस को ग्राम प्रधान की सुपुर्दगी में कर दिया। ग्राम प्रधान ने ग्राम सभा की बैठक बुलाकर बांस कोठ की नीलामी कराई, सूरज निषाद को बहुमत से 2000 रुपये में बांस कोठ की नीलामी मिली, फिर बुलडोजर से कब्जा हटाया गया। नायब तहसीलदार गरिमा वर्मा ने बताया की सारी प्रकिया पूरी करने बाद ही कब्जा हटवाया जा रहा है चूंकि वन विभाग ने इसी महीने 10 जुलाई के अंदर ही बांस कटवाने की अनुमति दी है, मुझे प्रशिक्षण में जाना है, इसलिए आज ही कब्जा हटवाया जा रहा है। इस मौके पर पुलिस बल के साथ राजस्व कर्मी ग्राम प्रधान समेत ग्रामीण भी मौजूद रहे।

### विदुषी सिंह बनी लंभुआ की एसडीएम

सुलतानपुर, अमृत विचारः जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने जिले के तीन उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। बल्दीराय की उपजिलाधिकारी विदुषी सिंह को इसी पद पर लम्भुआ भेजा गया है।

लम्भुआ के उपजिलाधिकारी दीपक वर्मा को कलेक्ट्रेट में एनएच 56 का प्रभार दिया है। अपर उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार को बल्दीराय तहसील का उपजिलाधिकारी बनाया गया है। प्रवीण कुमार और विदुषी सिंह ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण किया है।

# 190 संस्थानों को आज मिल जाएंगे स्मार्टफोन व टैबलेट

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार : उच्च शिक्षा में इस बार स्नातक, परास्नातक व व्यावसायिक शिक्षा के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को जल्द ही स्मार्टफोन व टैबलेट मिल जाएगा। शासन से प्राप्त स्मार्टफोन सदर तहसील में सुरक्षित रखवाया गया है। जहां से शुक्रवार को उच्च शैक्षणिक संस्थानों को वितरित किया जाएगा।

जिले के 190 संस्थानों के लिए शासन की महत्वाकांक्षी स्मार्टफोन व टैबलेट आ चुका है। सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर ने बताया कि यह कार्य नोडल अधिकारी एडीएमई गौरव शुक्ल के नेतृत्व में वितरण कार्य पांच जुलाई से शुरू हो जाएगा। 28,358 स्मार्टफोन और करीब 19,000 टैबलेट शासन से प्राप्त हो चुका है। 2023-24 सत्र में उत्तीर्ण हुए स्नातक, परास्नातक व व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थी इस योजना से लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि महाविद्यालयों व तकनीकी संस्थानों को पत्र जारी किया गया है। संबंधित महाविद्यालय के प्रतिनिधि शुक्रवार को सुबह 10 बजे सदर तहसील में पहुंच जाएंगे। जहां से क्रमवार उन्हें वितरण किया जाएगा। इसके बाद वे अपने-अपने संस्थानों में समारोह आयोजित कर अपनी सुविधा अनुसार सूची में शामिल छात्र-छात्राओं को वितरित करेंगे।

# एसएफआई ने शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

संवाददाता, सुलतानपुर

**एनटीए को समाप्त करने को लेकर आंदोलन**

अमृत विचार : स्टूडेंट फेडरेशन आफ इंडिया ने अपने केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर पेपर लीक केस के विरोध में गुरुवार को स्टूडेंट्स स्ट्राइक कार्यक्रम के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को अपने एक कक्षा का बहिष्कार करने का अभियान चलाया। एसएफआई के प्रदेश सचिव विवेक विक्रम सिंह ने कहा, एनटीए को समाप्त किया जाए, शिक्षा मंत्री तत्काल इस्तीफा दें।

प्रदेश सचिव ने कहाकि एनटीए तथा शिक्षा मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय परीक्षा आयोजित करने में की गई घोर गैर जिम्मेदारी के कारण गहरे संकट तथा रोष में छात्र हैं। जैसा कि एनईईटी परीक्षा में पेपर लीक, सीयूईटी परीक्षा में विसंगतियां उत्तर प्रदेश पुलिस पेपर लीक, आरओ परीक्षा लीक पीसीएस जे घोटाला तथा यूजीसी नेट 2024 परीक्षा की सत्यनिष्ठा के साथ वर्तमान समझौते से स्पष्ट है। इसने देश भर के लाखों छात्रों के जीवन तथा कैरियर को बुरी तरह प्रभावित किया है। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।

# पौधरोपण अभियान की शुरुआत

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार : नगर पालिका के पौधारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए चेयरमैन प्रवीन कुमार अग्रवाल ने सामाजिक संगठनों के साथ गुरुवार को पयागीपुर स्थित प्रजापति ब्रम्हकुमारीज विश्वविद्यालय आश्रम परिसर में पौधरोपण की शुरुआत की। उन्होंने कहाकि जिन पौधों का पौधारोपण किया जाएगा, वह सूखने न पाएं। इसके लिए टीगार्ड आदि की भी व्यवस्था की गई है।

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि शहर को स्वच्छ हरित सुलतानपुर बनाने के लिए लक्ष्य से पौधरोपण किया जा रहा है। पालिका में पौधरोपण को लेकर सामाजिक



पयागीपुर स्थित ब्रह्माकुमारीज आश्रम में पौधा रोपित करते चेयरमैन प्रवीन अग्रवाल।

संगठनों व बुद्धजीवियों के सलाह पर पीपल, नीम, इमली, जामुन, अमिलताश, कदम, गुलदार, बरगद आदि का पौधरोपण कराया जा रहा है। यह महाअभियान तब तक चलता रहेगा, जब तक सुलतानपुर पूरी तरह से हराभरा नहीं हो जाएगा। पार्कों व सड़कों के किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर पौधरोपण कराया जाएगा। इस मौके पर प्रभागीय वन निदेशक अमित कुमार सिंह, गायत्री परिवार की ओर से डॉ. सुधाकर सिंह, डॉ. रमेश आदि रहे।

### संस्कृत महाविद्यालय का स्थापना दिवस मनाया

सुलतानपुर, अमृत विचार : संस्कृत महाविद्यालय करौंदिया का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक और बार एसोसिएशन सुलतानपुर के प्रत्याशी अध्यक्ष शारदा प्रसाद मिश्र विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में शारदा प्रसाद मिश्र ने कहा कि संस्कृत महाविद्यालय करौंदिया ने शिक्षा, संस्कृति और नैतिक मूल्यों को समाज में स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरविंद पांडेय, पूर्व अध्यक्ष अरुण उपाध्याय, रवि शुक्ल, रामविशाल तिवारी, सोमांश त्रिपाठी, वरुण मिश्र, विपिन मिश्र, अशोक शुक्ल, राम अक्षयबर तिवारी, करुणाशंकर द्विवेदी, श्रीकांत पांडेय, राहुल मिश्र आदि रहे।

## एक नजर

### 15 हजार के इनामी दो शातिर गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद के कठेला समय माता पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के 15 हजार इनामी दो वांछित बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कठेला समय माता के थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे कि इटवा मार्ग के बेला हवा मोड़ से निजाम तथा मुआज अहमद निवासी सेमरा को गिरफ्तार कर लिया। दोनों बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### अंत्येष्टि से पूर्व पुलिस ने कब्जे में लिया महिला का शव

**सिद्धार्थनगर ,अमृत विचार।** मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव में एक महिला का शव अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट पर ले जाया जा रहा था। गांव के ही किसी व्यक्ति ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि महिला की मौत का पता पोस्टमार्टम से पता चलेगा।

### जताया शोक

**गोरखपुर , अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर महामंत्री विनोद राय के नेतृत्व में पदाधिकारियों के साथ टीटीई आशीष कुमार चौधरी गोंडा के निधन पर शोक सभा की गयी। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री सहायक महामंत्री एनएफआईआर विनोद राय ने बताया कि स्व. आशीष कुमार चौधरी कार्य के प्रति लगनशील थे। इस मौके पर कामेश्वर राय, दीपक चौधरी, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, सतीश श्रीवास्तव, बृजपाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, अंशुमान पाठक, निशांत यादव, अजय त्रिपाठी, दीपक प्रजापति, मनोज शुक्ला, विनोद मिश्रा, धीरज यादव, विनय, हरिकेश, वैभव पांडे, विनय गुप्ता मिथिलेश कुमार राय कैलाश अमित गुप्ता इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# सिद्धार्थनगर को विकसित जनपद की श्रेणी में लाना है : सांसद

## लोहिया कलाभवन में संपूर्णता अभियान की जगदंबिका पाल ने की शुरुआत

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सम्पूर्णता अभियान की शुरुआत गुरुवार को लोहिया कलाभवन में दीप प्रज्ज्वलित कर सांसद जगदम्बिका पाल ने की। यह अभियान 4 जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा। सांसद के साथ विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान आदि मौजूद थे। डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री द्वारा आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम की घोषणा की गयी थी। सांसद ने कहा कि जब तक गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि अच्छा नहीं होगी तब तक हमारी अर्थव्यवस्था नहीं बढ़ सकती है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत हो। जनपद सिद्धार्थनगर को भी विकसित जनपद की श्रेणी में लाना है।

बांसी के विधायक विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों का गठन सभी गांवों में हो गया है। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बकरी पालन, पशुपालन, मुर्गी पालन, मशरूम एवं पोषाहार बनाकर आय में वृद्धि कर रही हैं तथा जनपद को अग्रणी जनपद बनाने में सहयोग कर रही हैं। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा एवं सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने भी सम्पूर्णता अभियान के बारे में जानकारी दी।

डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने कहा कि ने अभियान के तहत 6 सूचकांक निर्धारित किये गये हैं। सभी विभागों द्वारा कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य को पूर्ण कराया जायेगा। सभी विकास खण्डों व ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह कार्य की समीक्षा की जायेगी। सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, डीएम, सीडीओ जयेन्द्र कुमार द्वारा परिषदीय विद्यालय के बच्चों को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। सीडीओ जयेन्द्र कुमार ने आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसी एनआरएलएम योगेन्द्र लाल भारती, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी बीएसयादव, डीपीआरओ पवन कुमार, बीएसए देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी मो. मुजम्मिल, समस्त खण्ड विकास अधिकारी व अन्य संबधित अधिकारी उपस्थित थे।



परिषदीय विद्यालय के बच्चों को सांसद व विधायकों ने पुस्तकें वितरित कीं। अमृत विचार

### शादी अनुदान के लिए 193 आवेदन पत्र किये गये स्वीकृत

**सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत शादी अनुदान दिये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता एवं विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में जनपद स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली शादी अनुदान योजना के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा 1697 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसके सापेक्ष अब तक कुल 865 अवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें से 193 आवेदन स्वीकृत किये गये है तथा 634 आवेदन पर कार्यवाही चल रही है। जिलाधिकारी निर्देश दिया कि इस योजना का पम्पलेट छपवाकर ग्राम प्रधान व खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराये। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन आदि मौजूद थे।

# शैक्षिक पंचांग के अनुसार होगी पढ़ाई

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** माध्यमिक विद्यालयों में अब शैक्षिक पंचांग के अनुसार पढ़ाई होगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद से जारी हुए पंचांग के अनुसार किस माह में कितना कोर्स पूरा कराना है और खेलकूद गतिविधियां कराई जानी है, यह पहले से नियत होगा। डीआईओएस निरीक्षण कर सत्यापन करेंगे। जिविनि की ओर से सभी प्रधानाचार्यों को 10 बिंदुओं का पत्र भेजकर अनुपालन करने के लिए निर्देशित किया है।

शैक्षिक सत्र में विद्यालय स्तर पर शैक्षिक गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन के लिए मासिक शैक्षिक पंचांग के अनुसार विद्यालयों में शिक्षण कार्य कराया जाएगा। एक जुलाई से विद्यालयों में पढ़ाई शुरू हो चुकी है। स्टाफ की मीटिंग में शैक्षिक पंचांग के महत्वपूर्ण बिंदुओं की जानकारी दी गई है। छात्र-छात्राओं के परिचय पत्र एवं पुस्तकालय कार्ड बनाकर मुहैया कराए जाने समेत अनुशासन, स्वच्छता, खेलकूद, विज्ञान एवं सांस्कृतिक परिषद समितियों का गठन जल्द करने का निर्देश दिया गया है। प्रयोगशालाओं की तैयारी तथा प्रत्येक विषय के प्रयोगात्मक कार्य का मासिक विभाजन होना चाहिए। पंचांग में हर माह कितना कोर्स पूरा होना हैं और क्या-क्या अन्य गतिविधियां की जानी है। इस संबंध में दिशा निर्देश दिए गए हैं। इनको समय से पूरा कराने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालयों का निरीक्षण करना होगा। डीआईओएस सोमारू प्रधान ने बताया कि विद्यालयों का संचालन 30 सितंबर तक सुबह 7.30 से दोपहर 1.30 बजे तक तथा एक अक्तूबर से 31 मार्च तक सुबह 9.30 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक होगा।

> शैक्षिक पंचांग के अनुसार शैक्षिक कार्य व अन्य गतिविधियां कराने समेत विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों को श्यात-प्रतिशत कराने के लिए सभी प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया है। औचक निरीक्षण के दौरान पूर्व में दिए गए 10 बिंदुओं पर मानीटरिंग की जाएगी, इसमें लापरवाही मिलने पर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> – सोमारू प्रधान, डीआईओएस

### अवैध ई-टिकटों के साथ एक गिरफ्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** 3 जुलाई को आरपीएफ, आजमगढ़ ने खोरासन रोड रेलवे स्टेशन आरक्षण केन्द्र से आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को 1 आरक्षित टिकट के साथ गिरफ्तार किया। इसी दिन आरपीएफ मैलानी द्वारा राजामण्डी बाजार लखीमपुर खीरी स्थित एक दुकान से ई-टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को 29 ई-टिकटों के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी दिन रेलवे सुरक्षा बल, कासगंज को निगरानी के दौरान प्लेटफार्म संख्या-1 पर 10 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड लाइन कासगंज को सुपुर्द किया गया।

## सार-संक्षेप

### डीएम ने किया तहसील बांसी का निरीक्षण



तहसील बांसी के एक पटल का निरीक्षण करते डीएम।

सिद्धार्थनगर , अमृत विचार। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. द्वारा तहसील बांसी.का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा सर्वप्रथम उपजिलाधिकारी कोट को देखा गया। उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार के कोर्ट केस पत्रावली में 05 वर्ष से लम्बित प्रकरणो पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि शीघ्र निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देश दिया। धारा-67 का मौके पर जाकर निस्तारण कराये। पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र, आर.सी.वसूली, ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण-पत्र आदि पत्रावली का गहनता से जांच किया गया। आई0जी0आर0एस0 निस्तारण आख्या को जिलाधिकारी द्वारा पढ़ा गया। संबधित आई0जी0आर0एस0 शिकायतकर्ता को फोन लगाकर जानकारी प्राप्त की गयी कि शिकायत की निस्तारण से संतुष्ट है शिकायताकर्ता द्वारा अवगत कराया गया कि लेखपाल मौके पर नही आया था जिस पर जिलाधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तहसीलदार को मौके पर जाकर निस्तारण कराने का निर्देश दिया। इसके पद्यचात अभिलेखागार, भूलेख, संग्रह अभिलेखागार, नजारत, खतौनी कक्ष, आपूर्ति कार्यालय, डाक डिसपैच रजिस्टर, आर0के0पटल, आदि विभिन्न पटलो का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा तहसील परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपजिलाधिकारी बांसी.कुणाल, उपजिलाधिकारी न्यायिक प्रदीप कुमार यादव, तहसीलदार बांसी, नायब तहसीलदार बांसी व अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### मार्ग पर जलभराव से राहगीर परेशान



आखेरैया मार्ग पर जलभराव व कीचड़ के बीच खड़े ग्रामीण। अमृत विचार

**शोहरतगढ/सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** जिले के ब्लाक एनएच-730 के परसा गांव से आखेरैया मार्ग पर जल भराव और गड्ढे के कारण लोग गिरकर चोटिल हो रहे है परसा स्टेशन से आखेरैया तक प्रधानमंत्री सड़क लगभग 2 किलोमीटर तक सड़क खराब हो गया है। जिस रोड़ से 50 गांव के लोग शोहरतगढ़ तहसील और मुख्यालय सिद्धार्थनगर आते जाते है। अगर परसा स्टेशन से आखेरैया गांव तक आरसीसी रोड़ हो जाता तो जल भराव और गड्ढे कचरे से मुक्ति मिल जाती। लेकिन सूत्रों की मुताबिक इस रोड़ पर शिकायत की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों और नेताओं के ऊपर कोई प्रभाव नहीं पड़ रहा है। जनता की बेचैनी इस कदर बढ़ गयीं है कि लोग कीचड़ में हर हाल में आने जाने को मजबूर हैं। बारिश होते ही परसा स्टेशन गांव के सड़क पर जल भराव जमा हुआ है।कचरे की समस्या आम बात हो गयीं है। ग्रामीणों में काफी दिनों से नाराजगी व्यक्ति किया गया है।परसा स्टेशन से आखेरैया तक दुकानदार और व्यापारियों द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव में बड़ी-बड़ी घोषणाएं की जाती है, लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद किसी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अब इस रोड पर दिखाई नहीं दे रहे हैं। परसा स्टेशन से सिसवा चौराहे पर जाने के लिए 4 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ता है। लोग इसी रास्ते से स्कूल बस के आयें दिन फस जाते हैं। वहीं बच्चों को पढ़ाई भी नुकसान होता है और बच्चे इसी रास्ते गिरते पड़ते स्कूल जाते हैं।

### परिवार परामर्श केंद्र ने दो परिवारों को बिखरने से बचाया




परिवार परामर्श केंद्र में मौजूद पुलिसकर्मी। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर गुरुवार को महिला थाना पर परिवार परामर्श केंद्र नई किरण टूटते परिवार को जोड़ने की एक पहल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 3 पत्रावली विचारार्थ प्रस्तुत हुई। जिसमें परामर्श के बाद 2 पत्रावली का निस्तारण कर 2 परिवार को बिखरने से बचाया गया व 1 पत्रावली में वार्ता प्रचलित है। 2 परिवार को बिखरने से बचाने में थानाध्यक्ष शाइस्ता, उप निरीक्षक सुरेश प्रसाद, महिला हेड कांस्टेबल सविता सिंह ,महिला हेड कांस्टेबल सत्या त्रिपाठी, काँ नेहा सिंह का योगदान रहा। वहीं निस्तारित पत्रावली द्वारा बबीता पत्नी ध्रुव प्रसाद निवासी दूल्हाजनूबी थाना मोहाना एवं अमीना पत्नी शहजाद निवासी अडवाडीह थाना शोहरतगढ़ रहने वाली है।

### चार फेरों के लिए चलेगी गोरखपुर-महबूबनगर विशेष ट्रेन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा 05303/05304 गोरखपुर-महबूबनगर-गोरखपुर विशेष गाड़ी का संचलन 6 से 27 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से तथा 7 से 28 जुलाई तक प्रत्येक रविवार को महबूबनगर से 4 फेरों के लिये किया जायेगा। फलस्वरूप 05303 गोरखपुर-महबूबनगर विशेष गाड़ी 06 से 27 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को गोरखपुर से 08.30 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 09.10 बजे, दूसरे दिन इटारसी से 00.55 बजे, जदचर्ला से 18.02 बजे छूटकर महबूबनगर 19.15 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05304 महबूबनगर-गोरखपुर विशेष गाड़ी 7 से 28 जुलाई तक रविवार को महबूबनगर से 22.10 बजे प्रस्थान कर जदचर्ला से 22.30 बजे, दूसरे दिन काचीगुडा से 00.30 बजे, मलकाजगिरी से 00.52 बजे, काजीपेट से 03.42 बजे, रामगुंडम से 05.12 बजे, बेल्लमपल्ली से 05.42 बजे, सिरपुर कागजनगर से 06.17 बजे, बल्हारशाह से 07.35 बजे, नागपुर से 10.50 बजे, इटारसी से 16.20 बजे, भोपाल से 18.05 बजे, तीसरे दिन वीरांगना लक्ष्मीबाई जं. से 01.35 बजे, उरई से 02.37 बजे, कानपुर सेन्ट्रल से 05.45 बजे, ऐशबाग से 07.25 बजे, गोण्डा से 10.00 बजे, बस्ती से 11.35 बजे तथा खलीलाबाद से 12.07 बजे छूटकर गोरखपुर 13.15 बजे पहुंचेगी।

### दो घंटे देरी से चलेगी मोतिहारी एक्सप्रेस

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मुण्डेरवा यार्ड में इंजीनियरिंग कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का पुनर्निर्धारण किया जायेगा। **पुनर्निर्धारण :** 6 जुलाई को आनन्द विहार टर्मिनस-बापूधाम मोतिहारी एक्सप्रेस एएनवीटी से 2 घंटे पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी । 8 जुलाई को अमृतसर-कटिहार एक्सप्रेस गोमतीनगर से 1 घण्टा पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी। **नियंत्रण :**7 व 8 जुलाई को कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस 30 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। 7 जुलाई को 12522 एर्नाकुलम-बरौनी एक्सप्रेस 50 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# खजुरिया मार्ग से हटवाएं अतिक्रमण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डीएम डॉ. राजागणपति आर. खजुरिया मार्ग के निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण न हटवान पर बहुत नाराज दिखे। उन्होंने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि कि राजस्व कर्मियों की तरफ से चिन्हित अतिक्रमण लोग स्वयं हटा लें, नहीं तो प्रशासन इसे हटाने के साथ विधिक कार्रवाई भी करेगा। उन्होंने एसडीएम नौगढ़ डॉ. ललित कुमार मिश्र को अतिक्रमण हटाने के लिए तत्काल कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। बता दें कि कलक्ट्रेट, विकास भवन और जिला न्यायालय तक ले जाने इस मार्ग की हालत इतनी खराब है कि अब इस पर चलने के लिए आटो वाले भी इंकार कर रहे हैं।



खजुरिया मार्ग का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

शहर के खजुरिया मार्ग के चौड़ीकरण के लिए तहसील एवं नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण कर बने मकानों एवं दुकानों को चिन्हित किया था। इस सड़क को 13 मीटर चौड़ा करने के लिए दोनों तरफ किए गए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है। इसी कार्य का जायजा लेने के लिए डीएम ने बरसते पानी में मौके का निरीक्षण किया और सड़क की हालत देख कर आग बबूला होते हुए सीधे कहा कि यदि लोगों ने अपना अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया तो प्रशासन हटवायेगा। उन्होंने शहर के मुख्य मार्ग से खजुरिया मोड़ पर हुए अतिक्रमण एवं चिन्हित स्थल को देखा।

# 10 हजार नॉन एसी कोच बनाने की रेलवे की योजना

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** भारतीय रेल ने अगले दो वर्षों के लिए लगभग 10 हजार गैर वातानुकूलित कोचों के उत्पादन की योजना बनाई है। अधिकारियों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान, लगभग 10 हजार कोचों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसमें 5,300 से अधिक जनरल कोचों की रिकॉर्ड संख्या शामिल है। वित्त वर्ष 2024-25 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोचों सहित 2,605 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोचों सहित 1,470 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोचों सहित 323 एसएलआर कोच, 32 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 55 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है। वित्त वर्ष 2025-26 में, रेलवे ने अमृत भारत जनरल कोच सहित 2,710 जनरल कोच, अमृत भारत स्लीपर कोच सहित 1,910 नॉन एसी स्लीपर, अमृत भारत एसएलआर कोच सहित 514 एसएलआर कोच, 200 उच्च क्षमता वाले पार्सल वैन और 110 पेंट्री कार बनाने की योजना बनाई है। रेल सेवा की मांग परिवर्तनशील है तथा सीजन के अनुसार, यात्री यातायात की वृद्धि आदि के आधार पर घटती/बढ़ती रहती है।

# बच्चों के नामांकन का लक्ष्य करें पूरा : डीएम

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 5 जुलाई को मण्डलीय समीक्षा बैठक के संबध में तैयारी बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान की समीक्षा की और नामांकन का लक्ष्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ओवर टैंक का निर्माण आदि की समीक्षा की गयी। लघुउद्योग योजना, एक जनपद एक उत्पाद, टूल किट वितरण आदि के बारे में समीक्षा की गयी। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा रोजगार कार्यक्रम, निवेश मित्र पार्टल आदि की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने बाढ़ से बचाव हेतु किये गये कार्यो की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि बन्धों पर ठोकर लगवा दें। डीएम ने संचारी रोग हेतु चलाये जा रहे अभियान को सफल बनाने हेतु संबधित विभागो को निर्देश दिया। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग, कृषि व अन्य सभी विभाग अपने माइक्रोप्लान बनाकर तथा उसका लक्ष्य पूर्ण करने के बारे में बैठक में जानकारी देगें। बैठक में डीएफओ पुष्प कुमार के., सीएमओ डॉ. डीकेचौधरी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी आदि मौजूद थे।



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर.।

# जिले में सीए की पढ़ाई की व्यवस्था नहीं

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिले में सीए की पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है। युवा लखनऊ, दिल्ली सहित अन्य बड़े शहरों में पढ़ाई के लिए जाने को मजबूर हैं।

चार्टर्ड एकाउंटेंट (सीए) की सलेक्शन प्रणाली के चलते इसके कोर्स को बहुत कठिन माना जाता है। इस वजह से तमाम छात्रों का पहले से ही आत्मबल कम होने लगता है लेकिन सही तरीके और बेहतर इंस्टीट्यूट की मदद से यह परीक्षा आसानी से पास की जा सकती है। इस कारण कई युवा इस ओर कदम ही नहीं बढ़ा पाते। सीए बनने के लिए 10 वीं के बाद कॉमर्स स्ट्रीम लेनी होती है। उसके बाद 12 वीं की परीक्षा पास करने के बाद सीए क्षेत्र की तैयारी शुरू कर सकते हैं।



तोहब



खुशबू

सीए के लिए चार विषय पढ़ने पड़ते हैं। इसकी परीक्षा पास करने में लोगों को पांच से सात वर्ष तक लग जाते हैं। कुछ युवा तीन से साढ़े तीन साल की तैयारी में एग्जाम क्लियर कर लेते हैं। लेकिन ग्रामीण युवाओं को मार्ग दर्शन बेहतर नहीं मिलने से तैयारी नहीं हो पाती है। जबकि जिले में कॉमर्स से पढ़ाई करने के लिए एक ही प्राइवेट कॉलेज है। इससे जिले के युवा इस प्रोफेशनल क्षेत्र में कदम नहीं रख रहे है। जबकि आर्थिक रूप से सक्षम परिवारों के कुछ युवा सीए की पढ़ाई करने के लिए जिले से बाहर जा रहे है।

सीए की तैयारी के लिए परेशान छात्रा तोहब हफीज का कहना है कि जिले में वाणिज्य वर्ग से इंटर की पढ़ाई नहीं होती है। ऐसे में लखनऊ में प्रवेश लेने के लिए आवेदन किया है। यदि जिले में इसकी पढ़ाई की व्यवस्था हो जाये तो हम जैसे हजारों युवाओं का काफी सुविधा मिल जाती। इसी सिलसिले में खुशबू नाम की एक अन्य छात्रा बताती है कि हर साल सैकड़ों छात्र जिले से वाणिज्य की पढ़ाई करने के लिए जिले से बाहर जाते है। जबकि इससे छात्रों को परिवार से दूर रहने के साथ पैसा भी अधिक खर्च करना पड़ता है।

**रेलवे** | गोंडा-बुढ़वल रेल खंड के मैजापुर-गोंडा कचहरी के मध्य बिछाये गये रेलवे ट्रैक का लिया जायजा

# रेल संरक्षा आयुक्त ने किया नई रेलवे लाइन का निरीक्षण

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** गोंडा-बुढ़वल खंड पर तीसरी रेल लाइन निर्माण के संरक्षा परीक्षण के दूसरे दिन गुरुवार को रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर परिमंडल, प्रणजीव सक्सेना ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अभय कुमार गुप्ता, मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण ओ.पी. सिंह, मुख्य विद्युत वितरण इंजीनियर सुरेश कुमार तथा लखनऊ मंडल के मंडल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार, अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इंफ्रा) राजीव कुमार समेत मंडल व निर्माण संगठन के अधिकारियों की उपस्थिति में मैजापुर-गोंडा कचहरी के मध्य निरीक्षण किया।



रेल लाइन का निरीक्षण करते रेल संरक्षा आयुक्त। अमृत विचार

रेल संरक्षा आयुक्त ने वरिष्ठ रेल अधिकारियों के साथ मोटर ट्राली से मैजापुर-गोण्डा कचहरी रेल खण्ड के मध्य विद्युतीकरण सहित बनी तीसरी नई लाइन का संरक्षा निरीक्षण किया। इस दौरान श्री सक्सेना ने मैजापुर-गोण्डा कचहरी स्टेशनों के मध्य स्टेशन यार्ड पर पॉइंट एवं क्रॉसिंग, ब्लॉक सेक्शन मे अवस्थित कर्व की नपाई, समपार संख्या- 269 स्पेशल, ब्रिज संख्या 357 तथा मेजर ब्रिज संख्या-363 एवम् 359 का व्यापक संरक्षा निरीक्षण किया तथा विद्युतीकृत रेल खण्ड की कार्य प्रणाली के अनुरुप समपारों की कार्यशीलता एवं संरक्षा को परखा।यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### गोरखपुर-बांद्रा विशेष ट्रेन 12 से

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 05053/05054 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 12 से 26 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को तथा बांद्रा टर्मिनस से 13 से 27 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को तीन फेरों के लिये निम्नवत किया जायेगा। 05053 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस गाड़ी 12 से 26 जुलाई तक प्रत्येक शुक्रवार को गोरखपुर से 09.30 बजे प्रस्थान कर, दूसरे दिन कोटा से 01.05 बजे, पालघर से 16.12 बजे तथा बोरीवली से 17.15 बजे छूटकर बांद्रा टर्मिनस 18.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05054 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर गाड़ी 13 से 27 जुलाई तक प्रत्येक शनिवार को बांद्रा टर्मिनस से 21.15 बजे प्रस्थान कर बोरीवली से 21.50 बजे, दूसरे दिन सूरत से 01.41 बजे, वड़ोदरा से 03.12 बजे, रतलाम से 06.50 बजे, शामगढ़ से 08.50 बजे, भवानी मण्डी से 09.15 बजे, कोटा से 10.45 बजे, गंगापुर सिटी से 12.55 बजे, बयाना से 14.15 बजे, आगरा फोर्ट से 17.15 बजे, टुण्डला से 19.00 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 22.50 बजे, तीसरे दिन ऐशबाग से 00.55 बजे, खलीलाबाद से 05.15 बजे छूटकर गोरखपुर 06.25 बजे पहुंचेगी।

## एक नजर

### दरवाजे पर खड़ी पिकअप ले उड़े चोर, केस दर्ज

**जगदीशपुर।** बीती रात दरवाजे पर खड़ी पिकअप अज्ञात चोर ले गए। भाले सुल्तान शहीद स्मारक वारिसगंज थाना क्षेत्र के तहत दौलतपुर लोनहट गांव निवासी जाहिद खां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रात लगभग डेढ़ बजे वाहन चोरी हो गया। पुलिस ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

### सभासद पर पुलिस ने दर्ज किया केस

**जायस, अमेठी।** नगरपालिका परिषद जायस के वार्ड संख्या सात के सभासद रामप्रकाश द्वारा एक महिला से भूमि बैनामा और कब्जे के नाम पर पांच लाख रुपये लेने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर सभासद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### राशनकार्ड की समस्या को लेकर लगेगा शिविर

**अमेठी।** जिलापूर्ति अधिकारी नीलेश उत्पल ने बताया कि डीएम की ओर से राशनकार्ड से संबंधित शिकायतों व समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के लिए तहसील दिवसों पर विशेष शिविर लगाए जाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके क्रम में प्रत्येक तहसील दिवस के दौरान राशनकार्ड संबंधी शिकायतों व समस्याओं के निस्तारण के लिए आपूर्ति कार्यालय की ओर से शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### बिजली से गिरने से बचाव को जारी की एडवाइजरी

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि वज्रपात से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने बताया है कि वज्रपात के बाद घर के अंदर तब तक रहें जब तक आसमान साफ न हो जाए, स्थानीय प्रशासन को क्षति और मृत्यु की जानकारी दें। यदि कोई व्यक्ति वज्रपात की चपेट में आ गया है तो 112 पर कॉल करें और यथाशीघ्र पीड़ित को अस्पताल ले जाएं।

# संजय गांधी हृदयालय का अमेठी सांसद शर्मा ने किया उद्घाटन

## मेडिकल कॉलेज बनाने का होगा प्रयास, लोगों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

संवाददाता, अमेठी


संजय गांधी अस्पताल में फीता काटकर उद्घाटन करते अमेठी सांसद।

**अमृत विचार।** सांसद किशोरी लाल शर्मा गुरुवार को एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मुंशीगंज संजय गांधी अस्पताल में हृदय रोगियों के लिए कैथ लैब का फीता काटकर लोकार्पण किया। कहा कि अस्पताल सबके लिए है। किसी एक व्यक्ति के लिए यहां यह सुविधा नहीं है। अस्पताल में सभी का बेहतर इलाज हो यह सभी की जिम्मेदारी है।

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्येंद्र तिवारी और कार्डियोलाजिस्ट डॉ. दीपक द्वारा हृदय के मरीजों का ऑपरेशन एवं धमनी ब्लॉकेज जैसी अन्य बीमारियों का उपचार किया जाएगा अस्पताल में 24 घंटे यह सुविधा रहेगी। संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट के प्रशासक मनोज मुट्टू ने कहा अस्पताल निरंतर लोगों को सुविधाएं दे रहा है। कार्यक्रम का संचालन सीईओ संजय गांधी अस्पताल अवधेश शर्मा ने किया। इस मौके पर सीईओ शर्मिला राय चौधरी, ट्रस्ट के वित्त अधिकारी सुरेन्द्र कुमार जैन, आशीष शुक्ला, डा. नरेंद्र मिश्र, अशोक सिंह हिटलर, रोहित सिंह आदि मौजूद रहे।

# कर्मचारी कभी रिटायर नहीं होता: रामविलास


सेवानिवृत्त कर्मचारी को विदाई देते विभागीय लोग। अमृत विचार

शुकुल बाजार, अमेठी

**अमृत विचार।** कर्मचारी कभी रिटायर नहीं होता। सरकारी सेवा से रिटायरमेंट के पश्चात भी वह समाजसेवा के जरिए जनता के हित में काम करता रहता है। ये उद्गार बाजार शुकुल सहायक चकबंदी कार्यालय में चकबंदी अधिकारी राम विलास गुप्ता ने चकबंदी राजस्व निरीक्षक दिनेश कुमार वर्मा के सेवानिवृत्त के बाद आयोजित विदाई समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सेवारत लेखपालों को इनसे नसीहत लेनी चाहिए। विदाई समारोह को सहायक चकबंदी अधिकारी जयशंकर पांडे व कानूनगो श्यामलाल ने सेवानिवृत्त दिनेश कुमार वर्मा को प्रेरणा स्रोत बताया। संचालन लेखपाल कपिल पाठक ने की। इस मौके पर बृजेश सिंह, उमाशंकर, कपिल देव पाठक, जगदीश पाल, अभिषेक शुक्ला, राहुल पांडे, विपिन ओझा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अमेठी में पीस कमेटी की बैठक


पीस पार्टी की बैठक करते थानाध्यक्ष। अमृत विचार

**अमेठी, अमृत विचार।** मोहर्रम और कांवड़यात्रा पर्व पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांति पूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने को गुरुवार को कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में कोतवाल अमर सिंह ने शासन के निर्देशों की जानकारी देते हुए लोगों से मोहर्रम पर शांति और सौहार्द कायम रखने की अपील की। बैठक में रामलीला कमेटी, उद्योग व्यापार मंडल, जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के साथ पंचायत प्रतिनिधि भी शामिल हुए।

### जांच में कोटेदार की अनियमितता आई सामने


राशनकार्ड मामले में जांच करती टीम। अमृत विचार

**अमेठी, भादर।** सरकारी राशन की दुकानों पर कोटेदारों की ओर से वितरण में मनमानी और लाभार्थियों को राशन न देने की शिकायतों की जांच का काम गुरुवार को एक महीने बाद पूरा हो गया। आपूर्ति निरीक्षक सुषमा सिंह ने सवनगी में कोटेदार के विरुद्ध हुई शिकायत की जांच की। नौगिरवा के उचित दर विक्रेता के विरुद्ध आरोप पत्र जारी किया गया है। सवनगी की राशन की दुकान रिक्त है। यहां के राशन लाभार्थियों को सरैया अग्निहोत्री की दुकान से संबद्ध किया गया है। आरोप है कि कोटेदार प्रदीप कुमार ने मई और जून के राशन का ठीक से वितरण नहीं किया है। गुरुवार को वरिष्ठ लिपिक अनिल कुमार राजवंशी को साथ लेकर जांच करने गांव में गईं सप्लाई इंस्पेक्टर सुषमा सिंह ने 60 लाभार्थियों के बयान दर्ज किए। बुधवार को उन्होंने ब्लॉक कार्यालय की टीम के साथ दूसरी बार नेवढ़िया कोटेदार के विरुद्ध हुई शिकायत की जांच की थी। जांच के समय ग्राम प्रधान ललई राम सहित दो दर्जन से अधिक लाभार्थी मौजूद रहे।

### गांव में चला सफाई अभियान, दवा का किया छिड़काव

**मुंशीगंज, अमेठी, अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत नोडल अधिकारी बनाए गए डिप्टी सीएमओ डॉ. पीके उपाध्याय ने रामदयपुर में साफ-सफाई के काम का निरीक्षण किया। नालियों की सफाई कराने के साथ ही एएनएम सेंटर पर बैठक कर विटामिन ए माह की प्रगति और टीकाकरण सत्र की समीक्षा की। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार पटेल के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन के मॉनीटर भी मौजूद रहे। डिप्टी सीएमओ ने सबसे पहले एएनएम सेंटर के पास गुजर रही नाली की सफाई कराई। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष त्रिभुवन दत्त ने सफाईकर्मियों की टीम के साथ गांव की नालियों को साफ कराया।


नालियों की सफाई करते कर्मचारी।

### उधार दिये रुपये मांगने पर युवक को पीटकर किया घायल

**शुक्लागंज।** गंगाघाट कोतवाली के शंकरपुर सरायं गांव में रहने वाले एक दलित युवक ने गांव के एक युवक को रुपये उधार दिये थे, मांगने पर उसे मारापीट कर घायल कर दिया। घायल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शंकरपुर सरायं निवासी देवेन्द्र कुमार ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसके भाई महेन्द्र से गांव के आलोक लोधी ने पांच सौ रुपये उधार लिये थे, मंगलवार को भाई ने उससे पैसे मांगे, जिस पर वह आग बबूला हो गया और जातिसूचक गालियां देते हुये भाई की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिससे उसका हाथ टूट गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिये भेजा और तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दलित उत्पीड़न और मारपीट की एफआईआर दर्ज की है।

## पौधरोपण का लक्ष्य किया निर्धारित

**अमेठी।** ककवा रोड स्थित वन विभाग कार्यालय परिसर में गुरुवार को वन महोत्सव के तहत गोष्ठी व पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें 43 पौधा लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। पौधरोपण के प्रति जन सामान्य के बीच जन-जागरूकता को वन महोत्सव के कार्यक्रम सात जुलाई तक आयोजित किए जाएंगे। गुरुवार को अमेठी क्षेत्र ककवा रोड स्थित वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय परिसर में वन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। वन क्षेत्राधिकारी मो. इब्राहिम ने परिसर में पौधरोपण किया। गोष्ठी की अध्यक्षता समाजसेवी अवधेश मिश्रा बेलौरा ने की।

## प्रेमी सहित सुपारी किलर गिरफ्तार

अमेठी

**अमृत विचार।** लखनऊ एसटीएफ टीम की मुस्तैदी से एक युवक की जान जाने से बच गई हैं। हत्या की सुपारी देने वाले युवक सहित हत्या की योजना बना रहे सुपारी किलर को एसटीएफ टीम ने गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से 50 जिंदा कारतूस दो मोबाइल फोन और 520 रुपए बरामद हुए हैं। बताया जा रहा है कि प्रेमी युवक ने अपनी प्रेमिका के पति की हत्या की सुपारी पांच लाख रुपए में एक सुपारी किलर को दी थी।

पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र से जुड़ा है। जहां एसटीएफ लखनऊ को सूचना मिली कि इसी थाना क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर जाखा चौराहा स्थित राहुल ट्रेडर्स के पास दो व्यक्ति मौजूद है, जो किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। इनके पास बड़ी मात्रा में अवैध कारतूस है। सूचना मिलते ही हरकत में आई एसटीएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों व्यक्तियों पर बल प्रयोग करते हुए धरदबोचा। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के पास से पुलिस ने 50 जिंदा कारतूस, दो मोबाइल फोन और 500 रुपए नगद बरामद किए हैं। गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों पर मुसाफिरखाना थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा शूटर संजय सिंह यादव शातिर अपराधी है और इस पर हत्या समेत कई आपराधिक मामले दर्ज है।

## आयकर जागरूकता अभियान शुरू

**अमेठी, अमृत विचार।** आयकर प्रावधान एवं अन्य आयकर मुद्दों पर आयकर अधिकारी सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आयकर विभाग द्वारा आयोजित तहसील मुख्यालय मुसाफिरखानामें ई-वेरिफिकेशन स्कीम 2021 एवं अन्य आयकर प्रावधान संबंधित आयकर जागरूकता का आयोजन किया गया। ार्यक्रम में तहसील मुसाफिरखाना के समस्त करदाता, अध्यक्ष एवं सचिव टैक्स बार एसोसिएशन, अध्यक्ष व सचिव चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन, अध्यक्ष एवं सचिव व्यापार मण्डल संगठन एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

## सफाई कर्मचारी संघ ने डीएम से की शिकायत

**गौरीगंज।** सफाईकर्मियों के स्थानांतरण व समायोजन के मामले में डीपीआरओ की ओर से जारी आदेश के विरुद्ध उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने डीएम से शिकायत करने के साथ ही हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीपीआरओ मनोज कुमार त्यागी ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान पूरा होने तक समायोजन रद कर दिया है। उत्तर प्रदेश पंचायती राज सफाई कर्मचारी संघ का कहना है कि डीपीआरओ ने शासन के निर्देश के विपरीत 10 फीसदी से अधिक समायोजन कर दिए हैं।

# एसडीएम व तहसीलदार ने संभाला चार्ज

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** एसडीएम उदित नारायण सेंगर व तहसीलदार साक्षी राय ने विधिवत कार्य ग्रहण करते हुए कहा कि पीड़ितों की शिकायतों का निस्तारण कराना पहली प्राथमिकता होगी।

जिलाधिकारी गौरांग राठी ने तहसील स्तर पर फेरबदल दो जुलाई को किया था। जहां पुरवा एसडीएम रहे रनवीर सिंह को अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रथम बनाया गया हैं। वहीं पुरवा न्यायिक एसडीएम उदित नारायण सेंगर को पुरवा तहसील का एसडीएम की कमान सौपी गयी। एसडीएम उदित नारायन सेंगर पीसीएस 2021 बैच के हैं। इससे पहले बांगरमऊ के एसडीएम रहे। एसडीएम उदित नारायण ने कहा शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन कराना प्राथमिकता होगी। कहा कि किसी भी दशा में क्षेत्र में खनन नहीं होने देंगे।

## अमृत सरोवर व शौचालय से चोरों ने पार किये 98 इंगल

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव सधीरा में चोरों ने अमृत सरोवर व शौचालय में ऱखे 98 लोहे के इंगल पार कर दिये। गांव की प्रधान सोनी के पति सुजीत कुमार ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र दिया कि गांव में बने अमृत सरोवर के चारो ओर लोहे के इंगल लगे थे। साथ ही कुछ इंगल शौचालय में रखे थे। कुल 98 इंगल चोर उठा ले गये हैं।

# छेड़छाड़ के आरोपी चाचा को पांच साल की कैद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** भतीजी से छेड़छाड़ के दोषी चाचा को कोर्ट ने पांच साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

माखी थानक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि चार सितंबर-2017 को उसकी तीन वर्षीय बेटी से कंजौरा गांव निवासी भाई विनोद ने छेड़छाड़ की थी। बच्ची के रोने की आवाज पर पर उसकी पत्नी के पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर अरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की दलील व साक्ष्य के आधार पर एडीजे शैलेंद्र कुमार सिंह ने विनोद को दोषी करार देते हुए उसे पांच साल की सजा सुनाई है।

### मारपीट के दोषी पर लगा पांच हजार का जुर्माना

- **उन्नाव।** मारपीट के एक मामले में पुलिस ने पीड़ित मंशाराम की तहरीर के आधार पर गदनखेड़ा कोतवाली क्षेत्र के भंड तिवारी पर एससी एसटी और मारपीट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट एडीजे ने सत्यवान सिंह ने भंड तिवारी को मारपीट का दोषी मानकर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं आरोपी को एससी एसटी एक्ट में दोष मुक्त करार दिया गया।

## प्रशिक्षार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र

**नवाबगंज।** विकासखंड क्षेत्र के गांव जैतीपुर में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, बैंक ऑफ इंडिया, आरसेटी, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रशिक्षण के बाद प्रमाणपत्रों का वितरण किया गया।

जिला पंचायत सदस्य बीपी आनंद ने इसमें पहुंचकर स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के इस कार्यक्रम में प्रमाणपत्र बांटे। वहीं देवेंद्र वर्मा ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी और प्रमाणपत्रों का वितरण किया। स्वयं सहायता समूह खाटू श्याम दीक्षा साहू ने साहस संस्था द्वारा ग्रामीण स्वक्षता सृजन कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। गुड़िया, धीमान, कमला साहू, अन्नू रहे।

# शिकायत पर गांव पहुंचीं बीडीओ ने किया निरीक्षण


नाले का निरीक्षण करतीं बीडीओ पल्लवी सचान। अमृत विचार

संवाददाता बिछिया उन्नाव

**अमृत विचार।** ब्लॉक के गांव दुआ क मजरे बजरहा खेड़ा के उन्नाव-पड़री मार्ग पर जिला पंचायत से बने नाले पर सीमेंट के ढक्कन न होने से भाजपा नेता अरुण दीक्षित ने 26 जून को सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा को शिकायती पत्र दिया था।

मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान गुरुवार को दुआ गांव पहुंची और जिला पंचायत से बने नाले का निरीक्षण किया। साथ ही उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में बने शहीद चंद्रशेखर आजाद अंतरिक्ष प्रयोगशाला, आरआरसी सेंटर व क्षतिग्रस्त पड़े तालाब का निरीक्षण किया। साथ ही बच्चों के खेलकूद का मैदान न होने पर जगह का चिन्हांकन के साथ ही जल्द बनवाने का आश्वासन दिया। बीडीओ पल्लवी सचान ने बताया निरीक्षण सम्बंधित आख्या मुख्य विकास अधिकारी को भेजी गई हैं। इस दौरान एडीओ उदयवीर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी दीपा विमल, सरपंच अजय सिंह सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### कल्याणी नदी की क्षतिग्रस्त पुलिया दे रही हादसों को दावत

**परियर उन्नाव।** विकासखंड सिकंदरपुर सरोसी के देवीपुरवा गांव में अधिक वर्षा के कारण कल्याणी नदी में बनी पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई है। जिससे स्थानीय किसानों के आवागमन में हादसे का भय बना हुआ है। क्षेत्र के देवीपुरवा गांव के पास कल्याणी नदी में बीते चार साल पहले खेत व बाग जाने के लिए किसानों की मांग पर सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा रपटा पुलिया का निर्माण कराया गया था। जो चार वर्ष में ही क्षतिग्रस्त हो गई है। बीते दो-तीन दिनों से हो रही अधिक वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त पुलिया से किसानों को अपने खेतों व बागों से फसल आदि लाने ले जाने की समस्या उत्पन्न हो गई है। किसानों में रामचंद्र यादव, राजकुमार, राजेंद्र निषाद, विनोद, महावीर व कमलेश आदि ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया क्षतिग्रस्त होने से उन लोगों को अपने खेतों तक जाने में मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है।

**बोले सदर विधायक**

सदर विधायक पंकज गुप्ता ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुलिया की जानकारी मिली है। जल्द ही किसानों की इस समस्या को दूर किया जाएगा।


क्षतिग्रस्त पुलिया से निकलते किसान।

# साइबर ठगों ने खाते से पार किये 67 हजार

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** अज्ञात साइबर ठगों ने यूनियन बैंक शाखा में संचालित एक बचत खाते से बीते बुधवार पांच बार में 67 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल में मैसेज आने के बाद खाताधारक को इसकी जानकारी हो सकी। पीड़ित की शिकायत पर बैंक कर्मी ठगों के खातों का पता लगाने में जुटे हैं।



कोतवाली क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर आंबापारा निवासी अनीस अहमद का बचत खाता नगर के लखनऊ मार्ग स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में है। बीती बुधवार दोपहर अज्ञात साइबर ठगों ने उसके बचत खाते से पहले 50 हजार फिर तीन बार में 15 हजार व पांचवीं बार 2000 कुल 67 हजार रुपये निकाल लिए। रात में अनीस के मोबाइल पर रुपये निकलने का मैसेज आया तो उसे इसकी जानकारी हो सकी। गुरुवार सुबह बैंक खुलने पर अनीस ने मामले से संबंधित शिकायती पत्र शाखा के उप प्रबंधक को दिया।

**लापरवाही** पुराने अड्डों से अवैध रूप से हो रहा वाहनों का संचालन, जाम लगने से लोगों को होती है परेशानी

# चौराहों पर हर समय लगा रहता है जाम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** शहर के अंदर से और मुख्य चौराहों पर अवैध रूप से संचालित हो रहे स्टैंड को हटाने के आदेश के बाद भी अधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहे है।

इससे चौराहों पर हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे लेकर शासनादेश भी जारी किया था। जिसमें शहर के अंदर और चौराहों से अवैध रूप से संचालित हो रहे, अवैध स्टैंडों को तत्काल हटाने के निर्देश दिए थे और इससे शहर से बाहर स्थान भी चिह्नित कर संचालन भी शुरू हो गया था। शासनादेश आने के बाद कुछ दिन तक तो शहर के अंदर और चौराहों पर संचालित हो रहे अवैध स्टैंड को हटवाने का प्रयास किया गया, लेकिन अब स्थिति दोबारा पुराने अड्डों से संचालित हो रहे हैं।


शहर स्थित आईबीपी चौराहे पर खड़ी बसें। अमृत विचार

आलम यह है कि शहर के आईबीपी चौराहा, हरदोई पुल, जिला अस्पताल गेट, रामलीला मैदान के सामने उन्नाव शुक्लागंज, एसपी ऑफिस बांगरमऊ मार्ग आदि चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की मौजूदगी में ही चालक बेतरतीब ढंग से वाहनों को खड़ा कर देते हैं और सवारियों को बैठाते है।

### सायरन की आवाज दिलाती है ड्यूटी की याद

- चौराहों पर मौजूद पुलिस कर्मी दिनभर आराम फरमाते रहते हैं। जैसे ही किसी वाहन के सायरन की आवाज सुनाई देती है। वैसे ही उन्हें अपनी ड्यूटी की याद आती है और वे तत्काल चौराहों पर यातायात संचालित करते हुए दिखाई देने लग जाते हैं।

## अधेड़ को मारी गोली, घायल

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के बहुराजमऊ गांव में लेनदेन को लेकर चली आ रही एक माह पुरानी खुन्नस के चलते ढाबा संचालक ने घर में चढ़ाई कर गालीगलौज शुरू कर दी। बीघापुर कातवाली क्षेत्र के बहुराजमऊ निवासी समरजीत सिंह ( 50 ) का बड़ा बेटा सूरज एक माह पूर्व अचलगंज थानाक्षेत्र के भैंसई नौबस्ता निवासी राजा सिंह के ढाबे पर खाना खाने गया था। जहां नशे के बाद लेनदेन को लेकर उनमें विवाद हुआ था। इसमें मारपीट भी हुई थी। इस पर पिता सरजीत ने भी राजा से विरोध दर्ज कराया था। छोटे बेटे संदीप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार रात नौ बजे राजा सिंह अपने साथी सनी व साले आलोक के साथ कार से उसके घर पहुंचा और गालीगलौज करने लगा।

# राहुल की फोटो पर कालिख पोतने पर कांग्रेसियों में उबाल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। इसमें नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की गई है। कांग्रेसियों ने पार्टी के सांसद राहुल गांधी के पोस्टर पर कालिख पोतने को घृणित कृत्य बताया है।


ज्ञापन देतीं जिलाध्यक्ष आरती वाजपेयी व पार्टी नेता। अमृत विचार

संसद में हिंदुओं को लेकर दिए गए बयान के विरोध में कांग्रेस सांसद के पोस्टर पर कालिख पोतकर नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के लोगों ने विरोध जताया था, जिसमें संस्था अध्यक्ष के अलावा अन्य लोग भी शामिल थे। हिंदू संगठन के विरोध प्रदर्शन का संज्ञान लेते हुए कांग्रेसियों ने गुरुवार को पार्टी की जिलाध्यक्ष आरती वाजपेयी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा गया है कि संबंधित लोगों ने कालिख पोतने का घृणित कार्य किया है। इसलिए उनके खिलाफ नियमानुसार उचित कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने सात दिन में दोषी के विरुद्ध कार्रवाई न किए जाने पर सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी है।

## एक नजर

### एकेटीयू को हरा भरा करने का लिया संकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर को हरा भरा करने के लिए कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में पौधरोपण अभियान की शुरुआत हुई। जिसके तहत परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधों को लगाया गया। कुलपति ने कहा कि परिसर को हरा भरा करने का हमें संकल्प लेना होगा। कुलसचिव रीना सिंह ने भी पौधे लगाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### लविवि में 37 विषयों का परीक्षाफल घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 37 विषयों का परीक्षाफल घोषित हो गया है। इसमें आर्ट, पेंटिंग, सोशियोलॉजी, फोटोग्राफी सहित अन्य विषय शामिल हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि सभी 37 विषयों का परीक्षाफल विवि की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

# पावर हाउस बंद, लोग बहा रहे पसीना

## टांडा व हरदुआगंज की छह इकाइयां भेजी गईं रिजर्व शट डाउन पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- कुल 10 इकाइयां बंद होने से बिजली संकट गहराया
- समय सारिणी बदलकर काटी जा रही गांवों की बिजली

**अमृत विचारः** प्रदेश में बिजली की मांग में कमी आने के बाद भी लोगों को बिजली के लिए तरसना पड़ रहा है। वजह यह है कि 24 घंटे बिजली देने के बजाय समय सारणी बदलकर ग्रामीण क्षेत्र, नगर पंचायत, तहसील क्षेत्र और बुंदेलखंड क्षेत्र में बिजली काटी जा रही है। इस बीच, गुरुवार को टांडा व हरदुआगंज की छह इकाइयां 'रिजर्व शट डाउन' पर भेज दी गईं। पहले से बंद चल रही इकाइयों समेत कुल 10 इकाइयां बंद होने से प्रदेश में पन्द्रह सौ मेगावाट से ज्यादा बिजली उत्पादन घट गया। इससे बिजली संकट और गहरा गया है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार गुरुवार को टांडा की 110 मेगावाट की चार इकाइयां व हरदुआगंज की 105 व 250 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयों में उत्पादन बंद कर दिया गया। इन इकाइयों को रिजर्व शट डाउन के नाम पर बंद किया गया है। ऊंचाहार की 210 मेगावाट, हरदुआगंज की 250 मेगावाट और ओबरा की दो-दो सौ मेगावाट की दो इकाइयां तकनीकी खराबी के कारण बंद चल रही हैं। गुरुवार को उत्पादन निगम के बिजलीघरों में 1522 मेगावाट उत्पादन घट गया। एनर्जी एक्सचेज व अन्य स्रोतों से बिजली लेकर बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जाती रही। पिछले महीने तक चौबीस घंटे बिजली पाने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे, नगर पंचायतों व तहसील मुख्यालयों में 21.30 घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र में 20 घंटे बिजली आपूर्ति की जाती रही। इससे इन क्षेत्रों के लोग बिजली के लिए बेहाल रहे।

### घटा दी गई है गांवों की आपूर्ति

भीषण गर्मी में भारी मांग के बाद भी प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति मुहैया कराने के लिए प्रयास जारी थे, पर इस महीने से गांवों, नगर पंचायत, तहसील व बुंदेलखंड क्षेत्र की बिजली आपूर्ति घटा दी गई है। नई समय सारिणी के अनुसार अब गांवों के लिए 18 घंटे, तहसील मुख्यालयों व नगर पंचायतों को 21.30 घंटे व बुंदेलखंड क्षेत्र को 20 घंटे ही बिजली मुहैया कराई जा रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। उन्होंने कहा कि एक साथ छह इकाइयों को 'शट डाउन' में रखा जाना कतई उचित नहीं है।

## इतिहासविद प्रो. शिवाजी के निधन पर योगी ने जताया शोक

**अमृत विचार, लखनऊः** इतिहासविद प्रो. शिवाजी सिंह के निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत प्रो. सिंह को भारतीय इतिहास लेखन को नई दिशा देने वाला बताते हुए कहा है कि उनका निधन राष्ट्र एवं समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

योगी ने प्रो. शिवाजी सिंह की पुत्री, खोराबार क्षेत्र के दिव्य नगर गोल्ड निवासी प्रो. शशिप्रभा सिंह को भेजे शोक संवेदना संदेश में कहा कि भारतीय इतिहास पुरातत्व एवं संस्कृति के मर्मज्ञ प्रो. शिवाजी सिंह ने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग एवं दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में चार दशक तक अध्यापन एवं शोध निर्देशन के साथ अध्यक्ष पद से सेवानिवृत्ति होने के बाद भी पुरातत्व पर अध्यनरत रहे।

# राशन की दुकानों की निगरानी के लिए तैयार होगा नया साफ्टेवयर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने शुरू की प्रक्रिया

**अमृत विचारः** सरकारी राशन की दुकानों की निरंतर निगरानी के लिए नया 'साफ्टेवयर' विकसित होगा। इससे 'ई-पॉस' से लैस राशन की दुकानों पर सतर्क नजर रखी जा सकेगी। कालाबाजारी रुक सकेगी और कार्ड धारकों को निर्धारित राशन मिल सकेगा।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश की सभी राशन की दुकानों में ई-पॉस उपकरणों के लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाई जा रही है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग ने उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को इसकी निगरानी के लिए सॉफ्टवेयर का विकास करने की जिम्मेदारी सौंपी है। इस क्रम में यूपीडेस्को की ओर से एक एजेंसी की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह एजेंसी प्रदेश की सभी राशन की दुकानों को ई-पॉस मशीनों से युक्त करने के साथ ही उसके स्वतः संचालन व निगरानी की प्रक्रिया को सुनिश्चित करेगी। यूपीडेस्को की ओर से एजेंसी निर्धारण के लिए सूचीबद्ध एजेंसियों से आवेदन मांगे गए हैं। मालूम हो कि प्रदेश में 79,500 सरकारी राशन दुकानें हैं, जिनके जरिये प्रदेश के 3.59 करोड़ परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। लगभग 80 लाख कुंतल खाद्य सामग्री राशन की दुकानों के जरिए कार्डधारकों को मुहैया कराई जा रही हैं।

# सुरक्षित न हों, तो बंद कराएं जर्जर सेतुओं पर यातायात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का निरीक्षण कराएं : योगी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 50 वर्ष से अधिक पुराने सेतुओं का निरीक्षण कराया जाय, सुरक्षित न हो तो इन्हें तत्काल बंद करा दिया जाय। उन्होंने कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है, इसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जाय। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर लोक निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के मार्गों के चौड़ीकरण के मानकों को और बेहतर किया जाना चाहिए। सड़कें और चौड़ी हों, इससे आवागमन और अधिक सुविधाजनक होगा। प्रदेश में आम लोगों की सुविधा के लिए सड़कों के चौड़ीकरण के मानक में बदलाव जरूरी है। उन्होंने कहा कि नई सड़क पर बरसात से कटान हो तो उसका सुधारीकरण तत्काल कराया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते सात वर्षों में प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 के सापेक्ष 2024 में स्टेट हाइवे 7002 किमी से बढ़कर 10,214 किमी हो गया है, जबकि ग्रामीण मार्गों की लंबाई 1,87,517 किमी से बढ़कर 1,93,581 किमी हो गई है। इसी प्रकार प्रमुख जिला मार्गों और अन्य जिला मार्गों का संजाल में भी विस्तार हुआ है। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन नौ किमी मार्गों का चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण हो रहा है और हर दिन गांवों में लगभग 11 किमी नई सड़क बन रही है। विकास के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की आवश्यकता है, इसे और बेहतर करने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

### कांवड़ यात्रा से जुड़े मार्गों की तत्काल कराएं मरम्मत

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में कांवड़ यात्रा को लेकर सभी जिलों में संपर्क मार्गों को शत-प्रतिशत गड्ढामुक्त किया जाय। 15 जुलाई तक यह कार्य पूरा करा लिया जाय। ऐसे मार्ग जहां जलभराव होता है, उन स्थानों पर जल निकासी की व्ययस्था सुनिश्चित की जाय। ब्लॉक मुख्यालयों को दो लेन सड़क की कनेक्टिविटी देने का संकल्प समय से पूरा होना चाहिए। प्रदेश के अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों पर भव्य द्वार बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा किया जाय।

# राज्य सरकार मामले को दबाने का षड्यंत्र कर रही : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** हाथरस हादसे मामले को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राज्य सरकार पर घेरते हुए कहा कि सरकार मामले को दबाने का षड्यंत्र कर रही है

अखिलेश, गुरुवार को सपा कार्यालय में बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान के शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाथरस हादसा षडयंत्र नहीं है। इसे दबाने की कोशिश करना षडयंत्र है। घटना में बड़ी संख्या में गरीब महिलाओं व बच्चों की जान गई है। इसमें प्रशासन की पूरी जिम्मेदारी है। सपा प्रमुख ने कहा कि सत्संग में भारी भीड़ जुटी थी, किसी को भीड़ का अंदाजा नही था। प्रशासन के खुफिया तंत्र की असफलता है, प्रशासन को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।



सपा प्रदेश कार्यालय पर हाजी फजलुर्रहमान के साथ अखिलेश यादव। अमृत विचार

- बसपा के पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान सपा में शामिल

इस अवसर पर हाजी फजलुर्रहमान के साथ बसपा के तमाम चेयरमैन नगर पंचायत, पूर्व सांसदों के कई साथी, जिलाध्यक्ष, पूर्व मेयर प्रत्याशी, पूर्व ब्लाक प्रमुख, सदस्य जिला पंचायत, पार्षद नगर निगम, व्यापारी नेता, प्रधान पूर्व सभासद आदि समाजवादी पार्टी में शामिल हुए।

## राजधानी समेत आठ जिलों में डेंगू का खतरा ज्यादा

**अमृत विचार, लखनऊः** डेंगू तथा चिकनगुनिया रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए प्रदेश में जुलाई माह को डेंगू रोधी माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य मच्छरों से बचाव के लिए जन जागरूकता फैलाना तथा अन्य विभागों का सहयोग लेना है। प्रदेश में राजधानी समेत आठ संवेदनशील जिलों में रोकथाम के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

सयुंक्त निदेशक मलेरिया एवं वीबीडी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि वैसे तो डेंगू पूरे प्रदेश में फैला है लेकिन लखनऊ, झांसी, बरेली, अयोध्या, बाराबंकी, प्रयागराज, गोंडा एवं कानपुर नगर (आठ जिले) संवेदनशील हैं। इस साल जनवरी से अब तक कुल 352 डेंगू के केस सामने आ चुके हैं।

# न हो हाथरस जैसा हादसा, सरकार बनाएगी एसओपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आयोजन से पहले देनी होगी सुरक्षा, सुविधा और वैकल्पिक व्यवस्था की गारंटी

**अमृत विचारः** हाथरस जैसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए सरकार बड़ा कदम उठा रही है। आयोजन में भारी भीड़ जुटाने से पहले आयोजक को सुरक्षा, नागरिक सुविधा और वैकल्पिक व्यवस्था की गारंटी देनी होगी। इसके लिए एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिव प्रोसीजर) तैयार हो रहा है। इसका उल्लंघन करने पर भीड़ जुटाने वालों पर केस दर्ज किया जाएगा।

प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बताया कि तीन प्रमुख बिंदुओं पर एसओपी बनाई जा रही है। भीड़ की संख्या अनुमन्य करने से पहले आयोजन के मुख्य व्यक्ति का स्तर भी देखा जाएगा। जनसरोकर से जुड़े धार्मिक आयोजन का आंशिक या पूरा व्यय सरकार वहन करेगी। लेकिन आयोजन से आयोजक, वक्ता या किसी का लाभ जुड़ा होने की स्थित में पूरा खर्च उसे ही उठाना होगा। उन्होंने बताया कि हाथरस की घटना में आयोजक और प्रशासन की लापरवाही सामने आ रही है। आयोजक ने कार्यक्रम की अनुमति लेते समय न तो आने वाले भीड़ की सही संख्या बताई और न ही उसके पास आपात स्थिति के लिए उनके पास वैकल्पिक व्यवस्था थी। प्रशासन एकत्र भीड़ का अंदाजा नहीं लगा पाया और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं किए गए। दोनों तरफ से हुई लापरवाही की वजह से 121 लोगों की जान चली गई।

### आपात स्थिति

आपात स्थिति के लिए इंतजाम जिसमें एंबुलेंस सेवा, भीड़ के अनुपात में प्रवेश और निकास द्वार की जानकारी को शामिल किया गया है। प्रशासन के अलावा आयोजन की तरफ से सुरक्षा के इंतजाम क्या होंगे, यह भी अनुमति से पहले तय होगा।

### नागरिक सुविधाएं

आयोजन की अनुमति लेते समय आयोजक को कार्यक्रम स्थल पर मूल भूत नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने का शपथ पत्र देना होगा। इसमें पेयजल, बिजली, शौचालय, प्राथमिक उपचार, बैठक जैसी व्यवस्थाओं की गारंटी देनी होगी।

### वैकल्पिक व्यवस्थाएं

कार्यक्रम स्थल पर अनुमान से अधिक भीड़ जुटने पर मूलभूत सुविधाओं की वैकल्पिक व्यवस्था, भीड़ बढ़ने पर उसे नियंत्रित करने के उपाय और यातायात प्रबंधन के लिए लगाए जाने वाले वालंटियर की संख्या की जानकारी देनी होगी।

> नागरिक सुरक्षा को ध्यान में रखकर आयोजन के लिए कड़े नियम बनाए जा रहे हैं। एसओपी का पालन करते हुए ही किसी भी आयोजन की अनुमति दी जाएगी। इससे कार्यक्रम में जुटने वाली भीड़ का पता रहेगा और प्रशासन भी अपनी तैयारी करेगा। नियम का उलंघन करने वालों की जवाबदेही तय करना आसान होगा।
>
> -असीम अरुण, समाज कल्याण मंत्री, उप्र सरकार

## वर्ग पहेली-121

**बाएं से दाएं**

1. कर्नाटकी संगीत का एक राग।
5. जयकार, सामूहिक रूप से बार-बार प्रशंसा करने की क्रिया।
6. सजीला, सजा-धजा, अच्छी धजवाला, छबीला, सुंदर।
7. 1. साड़ी

**ऊपर से नीचे**

2. 1. एक ही जाति के, एक ही गोत्र के 2. एक वर्ग या वर्ण के 3. समान, सदृश, समान प्रकार के।
3. (डिब्बा) जिसे बंद करने पर न तो हवा डिब्बे के भीतर से बाहर निकल सके और न बाहर से भीतर डिब्बे में प्रवेश कर सके, वायुरोधक।
4. 1. लोहा 2. अग्नि 3. हथियार 4. सोना।
5. 1. (पुराण) एक प्रसिद्ध राक्षस जिसका वध विष्णु ने किया था 2. नाथ संप्रदाय के एक योगी 3. एक प्रकार का रोग जिसमें सूजन के साथ पेट में पानी भर जाता है, जलोदर, (ड्राप्सी)।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | 3 |
| ■ | | ■ | 4 | ■ | |
| 5 | | | | | |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| 6 | | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 7 | | |

### वर्ग पहेली -120 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 दु | ■ | 2 वा |
| ■ | 3 न | ज़ | र | बं | दी |
| ■ | फ़ा | ■ | भि | ■ | ■ |
| ■ | स | ■ | यो | ■ | 4 रो |
| 5 पी | त | ■ | ज | ■ | च |
| ह | ■ | 6 सु | न | गु | न |
| री | ■ | खी | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू-34

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | 7 | 3 | |
| | 1 | 7 | | 3 | | | 4 | 8 |
| 6 | | | 5 | 4 | | | | |
| 2 | | | | 7 | 1 | | 9 | |
| | 4 | | | | | | 5 | |
| | 3 | | 8 | 2 | | | | 6 |
| | | | | 6 | 2 | | | 7 |
| 8 | 6 | | | 5 | | 3 | 1 | |
| | 7 | 5 | | | | | | 4 |

### सुडोकू -33 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 1 | 3 | 4 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 4 | 5 | 2 | 7 | 8 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 2 | 9 | 7 |
| 3 | 9 | 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 6 | 9 | 3 | 8 | 4 |

# अंतरराष्ट्रीय मोटरसाइकिल धावक प्रदेश में भरेंगे फर्राटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इन्वेस्ट यूपी कराएगा आयोजन बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में होगी रेस

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश ने वैश्विक खेल जगत में भारत की दावेदारी को और मजबूत करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राज्य की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने गुरुवार को विश्व में सफलतापूर्वक मोटोजीपी रेस का आयोजन कराने वाली स्पोर्ट्स कम्पनी डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

यह अनुबंध उप्र. को वैश्विक खेल पटल पर नई पहचान देगा। मुख्य सचिव-सह-अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी की ओर से अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जबकि डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. की ओर से कर्मेलो इज़पेलेता ने अनुबंध पर हस्ताक्षर कर मोटोजीपी की उप्र. में वापसी पर मुहर लगा दी।

मोटोजीपी भारत के सुचारू संचालन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है जिसके सदस्य नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी एवं डोर्ना स्पोर्ट्स एस एल के मुख्य खेल अधिकारी आदि होंगे। रेस ग्रेटर नोएडा स्थित बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी।



अनुबंध को दिखाते मुख्य सचिव।

## ऑनलाइन बढ़ा सकेंगे 20 किलोवाट तक लोड

**अमृत विचार, लखनऊः** अब बिजली उपभोक्ता 20 किलोवाट तक आनलाइन लोड बढ़ा सकेंगे। इसके साथ ही, आईटीजीएस व एनईएफटी के जरिये ऑनलाइन बिजली बिल जमा हो सकेगा। कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि बिजली उपभोक्ता यूपीपीसीएलऑनलाइनडॉटकॉम पर जाकर अपना लोड बढ़ा सकेंगे। वितरण निगमों के अधिकारियों को इन सेवाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया गया है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जुलाई शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 6 जुलाई 04.26 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**मेष:** आज किसी बड़े काम के बनने से आप काफी खुश रहेंगे। अविवाहितों को विवाह योग्य अच्छा रिश्ता मिल सकता है। मित्रों के सहयोग से आपको काम में आसानी होगी। आप अपने कामों को किसी दूसरे के भरोसा न छोड़े।

**वृष:** आज कुछ विरोधाभासी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। जीवन में आ रहे बदलावों को स्वीकारने का प्रयास करें। विवादित मामलों में बहस से आपको दूरी बनाकर रहना होगा। अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**मिथुन:** आज योजनाओं को क्रियान्वित करने में आसानी होगी। परिजनों से अपने मन की बात शेयर करेंगे। मतभेदों को भुलाकर आगे बढ़ने का प्रयास करें। आप अपने कामों में कोई परिवर्तन कर सकते हैं। अपनी वाणी पर संयम रखें।

**कर्क:** आज सरकारी कार्यों में रुकावटों का सामना करना पड़ सकता है। लीगल मामलों में उलझने की आशंका है। उच्च शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी करना बेहतर रहेगा।

**सिंह:** आज परिजनों का आना-जाना लगा रहेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपकी खुशी होगी। पैतृक संपत्ति संबंधित विवाद जो आपको परेशान कर रहा था, तो उसमें आपको जीत मिलने की संभावना है। विदेश यात्रा का योग बन रहे है।

**कन्या:** आज कार्यक्षेत्र में आपका जबरदस्त प्रभाव रहेगा। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को नए प्रोजेक्ट्स मिलने की प्रबल संभावना है। किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेंगे है।

**तुला:** आज आपको जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के लिए पछतावा होगा। यदि आपने जानकारी रखी थी, तो वह परिवार के सदस्यों के सामने आ सकती है। आपको मेहनत के साथ भाग्य का भी भरपूर सहयोग मिलेगा। जनसंपर्क के कारण आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** आज विरोधियों को आप आसानी से पराजित कर पाएंगे। परिवार के साथ छुट्टियां मनाने के लिए जा सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी सहभागिता के कारण आपकी प्रशंसा होगी। निवेश की प्लानिंग करने का उचित समय है।

**धनु:** आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें किसी को पार्टनर बनाने के बारे में न सोचे। यदि आपने किसी से पहले धन उधार लिया था, तो वह आपसे वापस मांग सकते है। कर्मचारियों को ज्यादा स्वतंत्रता न दें। ज्यादा लोकप्रिय होने के प्रयास में आप चूक कर सकते हैं।

**मकर:** आज आप अपनी संतान की पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देंगे, जिस कारण आप उसमें कोई बदलाव कर सकते हैं। आपके मान सम्मान में वृद्धि होगी। यदि कोई काम लंबे समय से रुके हुए काम की पूरी होने की संभावना है।

**कुंभ:** आज आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखने की आवश्यकता है। किसी अजनबी पर अत्यधिक भरोसा न करें, नहीं तो वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। आपको किसी से धन उधार लेने से बचना होगा।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में आपको अपने विरोधियों की चालों को समझकर आगे बढ़ना होगा, नहीं तो वह आपको फंसाने की कोशिश करेंगे। धन को उधार में देने के कारण आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 06 जुलाई 04.06 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

## आज की फिल्में

- लोहा — सुबह : 11.02
- शास्त्र — रात : 07.00
- धड़क — सुबह : 11.14
- मिशन रानीगंज — रात : 08.00
- पैसिफिक रिम — सुबह : 11.11
- जॉन विक : चैप्टर 2 — रात : 09.00
- धमाल — दोपहर : 12.31
- नाग भूमि — रात : 08.00
- बाजी — सुबह : 11.30
- कार्तिकेय 2 — शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

स्कूटी से गिरने के बाद पप्पू ने एक्स-रे करवाया।
डॉक्टर- एक्स-रे में आपकी हड्डी टूटी है।
पप्पू- भगवान का शुक्र है कि हड्डी एक्स-रे में टूटी है।
सच में टूटी होती तो खर्चा बहुत होता।
पप्पू की बात सुन डॉक्टर बेहोश...

मोनू-यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
गोलू-सिर दर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात किया कर।
मोनू-क्यों?
गोलू- तूने सुना नहीं जहर ही जहर को मारता है।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,049.67 | 24,302.15 |
| बढ़त | 62.87 | 15.65 |
| प्रतिशत में | 0.08 | 0.06 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर :** शिवालिक-965 फ्लैग-1085 डीएमओ-830 बोल्ड-1120
**चन्दौसी :** शिवालिक- 950 फ्लैग-1100 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 890

## देश के 12 बंदरगाहों पर माल आवाजाही जून में 6.8% बढ़ी

**मुंबई।** देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों पर माल की आवाजाही जून में 6.8% बढ़कर 6.90 करोड़ टन हो गई जो एक साल पहले समान अवधि में 6.46 करोड़ टन थी। प्रमुख बंदरगाहों के शीर्ष निकाय भारतीय बंदरगाह संघ (आईपीए) के आंकड़ों के मुताबिक, 10 बंदरगाहों पर माल की आवाजाही में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई जबकि दो पर गिरावट देखी गई।

जून में महाराष्ट्र स्थित जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पर माल ढुलाई में सर्वाधिक 15.12% की वृद्धि हुई। इसके बाद कोचीन बंदरगाह (15.12%), कामराजर (10.70%), दीनदयाल बंदरगाह (8.57%) और न्यू मैंगलोर बंदरगाह (8.53%) का स्थान रहा। देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों में दीनदयाल (कांडला), मुंबई, मुरगांव, न्यू मैंगलूर, कोचीन, चेन्नई, एन्नोर (कामराजार), तूतीकोरिन (वी ओ चिदंबरनार), विशाखापत्तनम, पारादीप और कोलकाता (हल्दिया सहित) और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह शामिल हैं।

# सीजेआई ने बाजार में तेजी के बीच सेबी सैट को दी सतर्क रहने की दी सलाह

## प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ बोले- सैट के अधिकारियों से नई पीठें खोलने पर करें विचार

मुंबई, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बाजार नियामक सेबी और सैट को शेयर बाजारों में उल्लेखनीय उछाल के बीच सावधानी बरतने की गुरुवार को सलाह दी। उन्होंने अधिक न्यायाधिकरण पीठों की भी वकालत की ताकि इनकी स्थिर नींव सुनिश्चित की जा सके।



• प्रधान न्यायाधीश ने नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का किया उद्घाटन

प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने यहां नए प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) परिसर का उद्घाटन करते हुए अधिकारियों से सैट की नई पीठें खोलने पर विचार करने का आग्रह किया, क्योंकि अधिक मात्रा में लेन-देन तथा नए नियमों के कारण कार्यभार बढ़ गया है। बीएसई के 80,000 अंक का आंकड़ा पार करने को उल्लास से भरा क्षण बताने वाली खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं नियामक प्राधिकरणों के लिए यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल देती हैं कि जीत के बीच हर कोई अपना संतुलन व धैर्य बनाए रखे।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप शेयर बाजार में जितनी अधिक तेजी देखेंगे, मेरा मानना है कि सेबी तथा सैट की भूमिका उतनी ही अधिक होगी। ये संस्थान सतर्कता बरतेंगे, सफलताओं का जश्न मनाएंगे लेकिन साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि इसकी नींव स्थिर रहे।

### अब तक 6,700 से अधिक अपीलों का हुआ है निपटारा

सीजेआई ने कहा कि भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और सैट जैसे अपीलीय मंच के स्थिर तथा पूर्वानुमानित निवेश वातावरण को बढ़ावा देने के पीछे उनका अत्यधिक राष्ट्रीय महत्व हैं। सैट के पीठासीन अधिकारी न्यायमूर्ति पीएस दिनेश कुमार ने कहा कि सैट में 1,028 अपीलें लंबित हैं। 1997 में स्थापना के बाद से 6,700 से अधिक अपीलों का निपटारा किया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि वित्तीय क्षेत्र में समय पर कार्रवाई और त्रुटियों को सुधारना बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधान न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को सैट की नई वेबसाइट भी पेश की। इसे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल क्षेत्र में प्रगति के साथ न्याय तक पहुंच की अवधारणा पर पुनर्विचार करने की आवश्यकता है।

## थ्रेड्स के दुनिया में 17.5 करोड़ उपयोगकर्ता, भारत सबसे सक्रिय : मेटा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया दिग्गज मेटा ने कहा है कि उसकी सोशल नेटवर्किंग सेवा थ्रेड्स के लिए भारत सबसे सक्रिय देशों में से एक है। थ्रेड्स के वैश्विक स्तर पर 17.5 करोड़ से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच का संचालन करने वाली मेटा से आई यह जानकारी इस लिहाज से अहम है कि ट्विटर (एक्स) के प्रतिद्वंद्वी के रूप में थ्रेड्स को पेश किए जाने के एक साल पूरे होने जा रहे हैं। मेटा ने कहा कि 17.5 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। भारत वैश्विक स्तर पर थ्रेड्स के लिए सबसे सक्रिय देश है। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि थ्रेड्स को इस भरोसे के साथ पेश किया गया था कि हर किसी के पास कहने के लिए कुछ मूल्यवान है।

# धोखाधड़ी रोकने को संस्थागत व्यवस्था अनिवार्य : सेबी

नई दिल्ली, एजेंसी



• दुरुपयोग रोकने और पता लगाने को तंत्र स्थापित करने को कहा

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए शेयर ब्रोकिंग कंपनियों को धोखाधड़ी यानी बाजार के दुरुपयोग को रोकने और उसका पता लगाने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करने के लिए कहा है।

सेबी ने गुरुवार को परिपत्र में ब्रोकिंग कंपनियों के लिए कारोबारी गतिविधियों और आंतरिक नियंत्रण की निगरानी के लिए प्रणालियां लागू करने और व्हिसल-ब्लोअर नीति की शुरुआत को अनिवार्य कर दिया है। ये सभी प्रावधान सेबी (शेयर ब्रोकर) (संशोधन) विनियम, 2024 का हिस्सा हैं जिसका उद्देश्य बाजार की अखंडता और निवेशक सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित करना है। नियामक ने परिपत्र में कहा है कि परिचालन के तौर-तरीकों एवं इसके कार्यान्वयन संबंधी मानकों को ब्रोकर उद्योग मानक मंच (आईएसएफ) सेबी के परामर्श से तैयार करेगा। मानकों का कार्यान्वयन शेयर ब्रोकर के आकार पर निर्भर करेगा। 50,000 से अधिक सक्रिय विशिष्ट ग्राहक कोड (यूसीसी) वाले ब्रोकर के लिए एक जनवरी, 2025 तक इसका अनुपालन करना जरूरी है। 2001 से लेकर 50,000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकर को 1 अप्रैल, 2025 तक इसका अनुपालन करना होगा। वहीं 2000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकरों को 1 अप्रैल, 2026 तक इसका अनुपालन करना होगा।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 92600 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 74500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55500-55700 |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,900 |
| चांदी आभूषण | 90,700 |

## जापान का निक्की 225 नए रिकॉर्ड स्तर 40,913.65 पर बंद

**तोक्यो।** जापानी सूचकांक निक्की 225 गुरुवार को 40,913.65 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। प्रौद्योगिकी और निर्यातोन्मुखी शेयरों की भारी खरीद से सूचकांक में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सूचकांक का सर्वकालिक उच्च स्तर दिन के कारोबार के दौरान 41,087.75 अंक था जो 22 मार्च को बना था। बंद होने का अभी तक का इसका रिकॉर्ड स्तर 40,888.43 अंक था। यह भी 22 मार्च को दर्ज हुआ था। यह बढ़त वॉल स्ट्रीट पर रात भर की तेजी के अनुरूप थी, जहां एसएंडपी 500 और नैस्डैक ने भी नए रिकॉर्ड बनाए।

## जिप्र इलेक्ट्रिक ने 7.3 करोड़ डिलीवरी की उपलब्धि की हासिल

**नई दिल्ली।** ज़िप इलेक्ट्रिक ने 7.3 करोड़ डिलीवरी का रिकार्ड बनाने की घोषणा करते हुये कहा है कि इससे उसके गिग वर्कर्स (अस्थायी कर्मचारियों) की कमाई में ज़बरदस्त वृद्धि हुई है। कंपनी ने आज यहां कहा कि कमाई में यह वृद्धि दर्शाती है कि ज़िप इलेक्ट्रिक अपने डिलीवरी पार्टनरों को कमाई के स्थायी और आकर्षक अवसर प्रदान करने और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। ज़िप इलेक्ट्रिक भारत का अग्रणी टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड ईवी-एज़-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म है। ज़िप पायलट मुख्य रूप से ईवी राइडर हैं, जिनकी उम्र 27 वर्ष है। इन पायलटों ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।आठ प्रतिशत पायलट अब हर महीने 50,000 रुपये से अधिक कमा रहे हैं, जिसमें मार्च से 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

# देश में माल ढुलाई या कार्गो विमानों की संख्या बढ़ने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

• सरकार लॉजिस्टिक्स केंद्र विकसित करने को कर रही काम
• वर्तमान में भारतीय कंपनियों के पास 18 मालवाहक जहाज

देश के हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और इसके उपयोग के लिए प्रक्रियाओं में और सुधार लाने के साथ-साथ तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।

नागर विमानन मंत्रालय में वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र का भविष्य उज्ज्वल है और देश में माल ढुलाई या कार्गो विमानों की संख्या बढ़ने की संभावना है। वर्तमान में भारतीय कंपनियों के पास 18 मालवाहक जहाज हैं।

उन्होंने दिल्ली में एसीएफआई (एयर कार्गो फोरम इंडिया) द्वारा आयोजित सम्मेलन में कहा कि हवाई माल ढुलाई क्षेत्र में कारोबार को और आसान बनाने तथा तेजी से काम पूरा करने पर ध्यान दिया जाएगा। कोविड-19 महामारी की मार झेलने के बाद यात्री खंड में सुधार हुआ है। 2023-24 में देश में हवाई माल ढुलाई 33.6 लाख टन से थोड़ा ज्यादा था।

# स्टेट बैंक ने की 11 नई पहलों की शुरूआत

नई दिल्ली, एजेंसी



• बैंक ने डिजिटल बैंकिंग के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की

देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक ने अपने 69वें स्थापना दिवस पर 11 नई पहल के साथ बैंकिंग अनुभव को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता जताई है।

बैंक ने इस मौके पर बेहतर डिजिटल बैंकिंग अनुभव के लिए इनोवेटिव सुविधाओं की घोषणा की है जिसमें आसान डिजिटल भुगतान के लिए यूपीआई टैप-एंड-पे की शुरुआत, सूर्य घर लोन, छोटे व्यवसायों के लिए योनो बिजनेस और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग तक पहुंच की सुविधा, ग्राहकों को ऋण प्रस्तावों पर स्वचालित सूचना की शुरुआत, 35 नए एग्रीकल्चर सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटरों का शुभारंभ, ई-डीएफएस के लिए बीआरई का शुभारंभ, आरोग्य एडवांस्ड प्लान लॉन्च, पटियाला में ग्लोबल एनआरआई सेंटर की शुरुआत, उच्च न्यायालय शाखाओं का नया रूप, उत्तर और दक्षिण में दो आउटबाउंड संपर्क केंद्रों का शुभारंभ, एसएमईसीसी मॉडल अब नए रूप में शामिल है।

भारतीय स्टेट बैंक बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप पर टैप-एंड-पे और योनो ऐप पर म्यूचुअल फ़ंड के बदले एंड-टू-एंड डिजिटल लोन जैसी दो रोमांचक सुविधाओं की शुरुआत करके डिजिटल भुगतान के अनुभव को बदल रहा है। नियर फ़ील्ड कम्युनिकेशन (एनएफसी) तकनीक का लाभ उठाते हुए, बीएचआईएम एसबीआई पे ऐप का टैप-एंड-पे तेज़ और सहज डिजिटल भुगतान के एक नए युग का प्रतीक है। 500 रुपये से कम के लेन-देन में पिन-लेस अनुभव के लिए यूपीआई लाइट का लाभ उठाया जाता है, जबकि इससे ज्यादा के लेन-देन में सुरक्षित भुगतान के लिए यूपीआई पिन की ज़रूरत होगी।



## एक नजर

### नोएडा में महिला के साथ बलात्कार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 58 में महिला ने मामला दर्ज करा कर आरोप लगाया है कि एक व्यक्ति ने उसे होटल में ले जाकर उससे बलात्कार किया है। थाना सेक्टर 58 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि महिला ने बीती रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नवीन मोहंती नामक व्यक्ति ने उसके साथ बलात्कार किया। आरोप है कि आरोपी उसे कुछ समय पूर्व थाना सेक्टर 58 क्षेत्र में स्थित होटल में लेकर आया तथा वहां पर उसने उसके साथ बलात्कार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह यह मामला दिल्ली से स्थानांतरित होकहर नोएडा आया है।

### अबू सलेम को तलोजा से भेजा गया नासिक जेल

**ठाणे।** 1993 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को गुरुवार को नवी मुंबई की तलोजा जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच नासिक की केंद्रीय जेल में स्थानांतरित किया गया है। अधिकारी ने बताया कि सलेम को पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तलोजा जेल से निकालाकर वहां शिफ्ट किया गया। 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किए सलेम को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार विस्फोट मामले में 2017 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत से कहा था कि उसे नासिक केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित करने की जरूरत है, क्योंकि तलोजा जेल में उच्च सुरक्षा वाली कोठरी जर्जर हालत है जिसकी मरम्मत की आवश्यकता है।

### टीएमसी के दो विधायकों का धरना छठे दिन भी जारी

**कोलकाता।** टीएमसी के दो नवनिर्वाचित विधायकों का गुरुवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा परिसर में धरना छठे दिन भी जारी है। विधायकों की मांग है कि उन्हें सदन में शपथ दिलाई जाए, न कि राजभवन में। बड़नगर से विधायक सायंतिका बंद्योपाध्याय और भगवानगोला से विधायक रेयात हुसैन सरकार ने कहा कि उन्होंने धरना प्रदर्शन 27 जून से शुरू किया था और यह जारी है। दोनों राज्य विधानसभा उपचुनाव में निर्वाचित हुए हैं लेकिन उनके शपथ ग्रहण की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई है और जनप्रतिनिधि के रूप में उन्होंने अभी तक काम शुरू नहीं किया है। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से हस्तक्षेप की मांग की थी। वह इस मुद्दे पर आज संवाददाताओं से बातचीत कर सकते हैं। बंद्योपाध्याय और सरकार बीआर आंबेडकर की प्रतिमा के पास धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

# कॉलेजियम की सिफारिश रद करने के कारण नहीं किए जा सकते सार्वजनिक : हाईकोर्ट

## संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और जजों की नियुक्ति प्रक्रिया को करेगा बाधित

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम की ओर से उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिशों को अस्वीकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने कहा कि इसके कारणों को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह संबंधितों के हितों के लिए हानिकारक और नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करेगा।



• उच्चतम न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय ने की खारिज

उच्च न्यायालय ने उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए सिफारिशों को स्वीकार नहीं करने के विस्तृत कारण बताने के लिए उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम को निर्देश देने संबंधी याचिका खारिज कर दी गई थी। उसने कहा कि उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में किसी न्यायाधीश की नियुक्ति एक एकीकृत, परामर्शात्मक और गैर-प्रतिकूल प्रक्रिया है जिसे नामित संवैधानिक पदाधिकारियों के साथ परामर्श की जरूरत या प्रधान न्यायाधीश की सिफारिश के बिना नियुक्ति या हस्तांतरण के मामले में पात्रता की किसी शर्त की कमी के अलावा कानून की अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि इसके अलावा, अस्वीकृति के कारणों का प्रकाशन उन लोगों के हितों और प्रतिष्ठा के लिए हानिकारक होगा जिनके नामों की सिफारिश उच्च न्यायालयों द्वारा की गई है, क्योंकि (शीर्ष अदालत का) कॉलेजियम उस जानकारी के आधार पर विचार-विमर्श और निर्णय लेता है जो विचाराधीन व्यक्ति के लिए निजी है। यदि ऐसी जानकारी सार्वजनिक की जाती है, तो इसका असर नियुक्ति प्रक्रिया पर पड़ेगा।

## कोटा में बिहार के कोचिंग छात्र ने की आत्महत्या

**कोटा।** राजस्थान के कोटा में एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि 16 वर्षीय छात्र ने यहां पेइंग गेस्ट (पीजी) में स्थित अपने कमरे में फांसी लगा ली। कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों द्वारा संदिग्ध आत्महत्या का जनवरी से अब तक यह 13वां मामला है।

2023 में कोटा में 26 छात्रों ने आत्महत्या की थी। पुलिस ने बताया कि बिहार के नालंदा जिले का मूल निवासी संदीप कुमार कुर्मी पिछले दो साल से कोटा में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के लिए तैयारी कर रहा था और महावीर नगर-3 में पीजी में रहता था। महावीर नगर पुलिस थाने के प्रभारी (एसएचओ) महेंद्र मारू ने बताया कि गुरुवार सुबह लगभग 7 बजे किशोर का सहपाठी उसके कमरे में गया, जहां उसने देखा कि कुर्मी छत के पंखे से लटका हुआ है।

उन्होंने बताया कि कुर्मी के सहपाठी ने पीजी की देखरेख करने वाले व्यक्ति को इसके बारे में सूचना दी। बाद में पुलिस को इस संबंध में सूचित किया गया। एसएचओ ने बताया कि छात्र ने बुधवार और गुरुवार की दरम्यानी रात को आत्महत्या की।

# दिल्ली में 5 हजार शिक्षकों के तबादले पर लगी रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



• शिक्षा मंत्री आतिशी ने मुख्य सचिव को तबादले वापस लेने के दिए निर्देश

दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में दस साल से ज्यादा समय से पढ़ा रहे शिक्षकों के अनिवार्य तबादले के आदेश पर तुरंत रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। आतिशी ने गुरुवार को कहा कि 11 जून को दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग ने एक आदेश जारी किया। इसमें कहा गया कि दिल्ली के स्कूलों में काम करने वाले वह शिक्षक जो एक ही स्कूल में 10 साल से ज्यादा समय से काम कर रहे है, उनका अनिवार्य तबादला होगा।

उन्होंने कहा कि यह आदेश बिलकुल ग़लत है, शिक्षा विरोधी है और इस आदेश को ख़ारिज करने के एक जुलाई को दिल्ली के शिक्षा सचिव और शिक्षा विभाग के निदेशक को निर्देश दिए। यह आदेश इसलिए ग़लत है कि यह दिल्ली सरकार के स्कूलों के वे शिक्षक ही है, जिनके पिछले 10 साल की कड़ी मेहनत से दिल्ली के सरकारी स्कूलों का कायापलट हुआ है। इन्ही शिक्षकों की मेहनत से दिल्ली सरकार के स्कूलों के बच्चे आईआईटी में जा रहे है। जेईई-नीट पास कर रहे है। इन्हीं के कारण दिल्ली के स्कूलों के नतीजे प्राइवेट से बेहतर आ रहे है।

शिक्षा मंत्री कहा कि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी स्पष्ट रूप से कहती है कि शिक्षकों के लिए बार बार तबादले की प्रक्रिया, बड़े स्तर पर तबादले की प्रक्रिया नहीं होनी चाहिए। उन्हें एक स्कूल में ही होना चाहिए और जब तक बहुत विशेष परिस्थितियाँ न हो, तब तक शिक्षकों को एक ही स्कूल में पढ़ाना चाहिए। सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए सिर्फ और सिर्फ उनके टीचर ही उन्हें पढ़ाने के लिए उपलब्ध होते है। ऐसे में जब एक झटके में स्कूल के आधे शिक्षक बदल दिये जाते हैं तो पूरा स्कूल अस्त-व्यस्त हो जाता है और पढ़ाई का माहौल ख़राब हो जाता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मेरे आदेश के बावजूद दो जुलाई को देर रात 5000 शिक्षकों के तबादले के आदेश निकाल दिए जाते है। क्या अब ऐसा समय आ गया है कि दिल्ली सरकार के स्कूलों के अफ़सर ही दिल्ली के सरकारी स्कूलों को ख़राब करना चाहते है? एक और चिंताजनक खबर आ रही है कि इस तबादले की प्रक्रिया में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है।

## एनसीईआरटी परीक्षा पे चर्चा को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में कर रही है काम

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी प्रधानमंत्री मोदी के वार्षिक परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को ऑनलाइन प्रारूप में पुन : प्रस्तुत करने की दिशा में काम कर रही है। उनके भाषणों को पेश करने के लिए पोर्टल को विकसित करने के प्रस्ताव पर काम किया जा रहा है जहां छात्र प्रधानमंत्री के साथ इनट्रैक्टिव 2डी/3डी तरीके से सेल्फी भी ले पाएंगे। यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है जब प्रतियोगी परीक्षाएं कथित अनियमितताओं को लेकर विवादों में हैं और विपक्ष देश में परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठा रहा है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी पर तंज कसते हुए मांग की है कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के मुद्दे को लेकर भी परीक्षा पे चर्चा करें। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने परीक्षा पे चर्चा के लिए वर्चुअली एग्ज़ीबिशन विकसित करने के वास्ते कंपनी की पहचान करने के लिए इस हफ्ते अभिरूचि पत्र (ईओएल) जारी किया है। योजना है कि एक ऐसा डिजिटल मंच विकसित किया जाए जो इनट्रैक्टिव 2डी/3डी से लैस हो तथा उसके माध्यम से छात्र जुड़ सकें और संवाद कर सकें।

# दवाओं की ऑनलाइन बिक्री पर नीति बनाए केंद्र : कोर्ट

चेन्नई, एजेंसी

• मद्रास ने दिल्ली हाईकोर्ट के दिये आदेश के अनुरूप उसे अधिसूचित करने का दिया निर्देश

मद्रास हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार को दवाइयों की ऑनलाइन बिक्री से संबंधित नीति को दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से 4 मार्च 2024 को दिये गए आदेश के अनुरूप जल्द से जल्द अंतिम रूप देने और उसे अधिसूचित करने का निर्देश दिया है।

न्यायमूर्ति एस एम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति सी कुमारप्पन की खंडपीठ ने एम/एस. प्रैक्टो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और सात अन्य द्वारा दायर अपीलों का निपटारा करते हुए अपने हालिया आदेश में यह निर्देश दिया। याचिकाकर्ताओं ने दवाओं और सौंदर्य प्रसाधनों के ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगाने वाले एकल न्यायाधीश के दिसंबर 2018 के आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि जब तक केंद्र द्वारा नीति तैयार नहीं कर ली जाती या दिल्ली उच्च न्यायालय मामले का अंतिम निपटारा नहीं कर देता तब तक आज तक जारी यथास्थिति बरकरार रहेगी। इस शर्त के अधीन दवाओं की ऑनलाइन बिक्री केवल लाइसेंस प्राप्त दवा विक्रेताओं के माध्यम से ही की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि किसी भी उल्लंघन की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी कानून के अनुसार अपराधियों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने के लिए बाध्य हैं।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न का मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

• राजभवन की महिला कर्मचारी ने राज्यपाल बोस के खिलाफ दाखिल की याचिका

प. बंगाल राजभवन की एक महिला कर्मचारी ने राज्यपाल सी वी आनंद बोस के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। अपनी याचिका में महिला दावा किया कि राज्यपाल को दी गई संवैधानिक प्रतिरक्षा के कारण वह उपचारविहीन हो गई है।

याचिकाकर्ता ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाई है कि यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच करने के लिए वह प. बंगाल पुलिस को निर्देश दे। याचिका में संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत संवैधानिक व्यक्ति को प्राप्त प्रतिरक्षा की सीमा तक दिशानिर्देश और योग्यता निर्धारित करने का भी अनुरोध किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 361 (2) में कहा गया है कि राष्ट्रपति या कि राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही न तो शुरू की जा सकती या जारी नहीं रखी जा सकती है। याचिका में उक्त प्रावधान का हवाला देते हुए दलील दी गई है कि ऐसी शक्तियों को पूर्ण नहीं समझा जा सकता, जिससे राज्यपाल को ऐसे कार्य करने का अधिकार मिल जाए जो अवैध हों या जो संविधान के भाग तीन की बुनियाद पर प्रहार करते हैं। याचिकाकर्ता ने शिकायतों को उजागर करते हुए राजभवन को शिकायत भी लिखी थी, लेकिन अधिकारियों के निष्क्रियता से अपमानित किया गया। उसे राजनीतिक हथियार बताया गया, जबकि उसके आत्मसम्मान की सुरक्षा नहीं की गई। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि संवैधानिक छूट की आड़ में राज्यपाल को अनुचित कार्य करने और लैंगिक हिंसा करने की अनुमति नहीं है, जबकि देश के हर दूसरे नागरिक को ऐसा करने से प्रतिबंधित किया गया है।

# अग्निपथ योजना : कांग्रेस बोली- श्वेत पत्र लाए सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

• राहुल गांधी के बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जवाब के बाद पैदा हुआ विवाद

कांग्रेस ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के अग्निवीर के संदर्भ में दिए बयान और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की ओर से इसका प्रतिवाद किए जाने के बाद पैदा विवाद के बीच गुरुवार को कहा कि सरकार को अग्निपथ योजना को लेकर श्वेत पत्र लाना चाहिए ताकि देश को वास्तविक स्थिति का पता चल सके।

पार्टी के पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल (सेवानिवृत्त) रोहित चौधरी ने कहा कि सरकार में आने पर कांग्रेस इस योजना को खत्म कर पुरानी भर्ती प्रक्रिया को बहाल करेगी। चौधरी ने कहा कि संसद में रक्षा मंत्री ने देश के सामने आधी-अधूरी जानकारी रखी, जिससे एक संशय का माहौल बन गया। विपक्ष के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि सेना और अग्निवीरों के साथ जो भेदभाव हो रहा है, उन मुद्दों को उठाएं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का कहना है कि सैनिकों, सेना और शहीदों के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह सिर्फ शहीद अग्निवीर अजय सिंह का नहीं, बल्कि शहीद हुए 13 अग्निवीरों, सेना में सेवारत अग्निवीरों, ट्रेनिंग ले रहे अग्निवीरों और देश की सुरक्षा का मामला है। सरकार को अग्निपथ योजना, अग्निवीरों और नियमित सैनिकों के बीच भेदभाव, शहीदों के परिवरों को मिलने वाली सहायता राशि पर श्वेत पत्र पर लाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिवंगत अग्निवीर अजय सिंह के परिवार को सरकार से सिर्फ 48 लाख रुपये मिले, जबकि उन्हें पंजाब सरकार से एक करोड़ रुपये और एक निजी बैंक में खाते के चलते 50 लाख रुपये की राशि मिली। सेना ने बुधवार को सोशल मीडिया पोस्ट में किए गए उन दावों को खारिज कर दिया कि ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निवीर अजय कुमार के परिजनों को मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया। सेना ने कहा कि परिवार को देय राशि में से 98.39 लाख रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है।

### मोदी के ढाई घंटे में महंगाई का जिक्र नहीं : ख़रगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए कहा कि वह संसद में ढाई घंटे तक भाषण देते रहे लेकिन मुद्रास्फीति का जिक्र नहीं किया गया जबकि महंगाई ने लागों की कमर तोड़ दी है। खरगे ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट में कहा कि महंगाई आसमान छू रही है और आवश्यक वस्तुओं के दाम लोगों के बस से बाहर हो गए हैं लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है और मोदी सिर्फ भाषण दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री को संबोधित पत्र में उन्होंने कहा, मोदी जी, आप ढाई-ढाई घंटे के भाषण देते हैं, पर महंगाई के मुद्दे के बारे में ढाई शब्द नहीं बोल पाते।

# विश्वविजेता टीम के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब

- सुबह दिल्ली पहुंची टीम ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात
- मुंबई रोड शो में स्वागत को पहुंचे लाखों लोग, सड़कें जाम




## विजय जुलूस में गूंजा इंडिया... इंडिया

**मुंबई।** टी-20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के स्वागत के लिए आयोजित विजय जुलूस (विक्ट्री परेड) में गुरुवार को यहां जनसैलाब उमड़ पड़ा जिससे दक्षिण मुंबई का यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से अनुसार विजय जुलूस नरीमन पॉइंट में नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) से शाम पांच बजे शुरू होकर वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे समाप्त होना था लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम नई दिल्ली से देर से यहां पहुंची, जिससे परेड 7 : 30 मिनट के बाद ही शुरू हो पाई। इस विजय जुलूस का साक्षी बनने के लिए लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मरीन ड्राइव पर पहुंचे। वानखेड़े स्टेडियम को प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया और कुछ मिनट में ही स्टेडियम खचाखच भर गया। वानखेड़े में सचिन...सचिन और मुंबईचा राजा, रोहित शर्मा! और इंडिया...इंडिया के पारंपरिक नारों के साथ माहौल जीवंत हो उठा।

नई दिल्ली, एजेंसी

टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की।

खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे सैकड़ों प्रशंसक मौसम की परवाह किए बिना विभिन्न नारे लिखे बैनर और राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई दी। खिलाड़ियों की वापसी के दौरान नाच-गाना हो रहा था, खूब सारे केक थे और सड़कों पर प्रशंसक थे जो दर्शा रहे थे कि क्रिकेट देश में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला खेल क्यों है। थके हुए खिलाड़ी भी हवाई अड्डे से होटल पहुंचने के बाद मस्ती में शामिल हुए और पार्टी का माहौल पूरा किया।

वर्ष 2011 में जीते पिछले विश्व कप का जिक्र करते हुए एक प्रशंसक ने कहा हम पिछले 13 साल से इस पल का इंतजार कर रहे थे। टीम ने विश्व कप जीतकर हमें गौरवांवित किया है। उत्साह से लबरेज प्रशंसक स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के पोस्टर लेकर नारे लगा रहे थे। खिलाड़ियों को आईटीसी मौर्या शेरेटन होटल ले जाने के लिए टी थ्री टर्मिनल के बाहर दो बसें खड़ी थी। होटल पहुंचने पर ढोल और पारंपरिक भांगड़ा डांस से उनका स्वागत किया गया। कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत सहित अधिकांश खिलाड़ियों ने भांगड़ा कर रहे डांसरों के साथ डांस किया।

कुछ देर बाद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने उनके आवास के लिए रवाना हो गए। होटल लौटने से पहले भारतीय दल ने बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की मौजूदगी में प्रधानमंत्री के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर करीब दो घंटे बिताए। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में खिलाड़ियों को मोदी के साथ हल्की-फुल्की बातचीत करते देखा जा सकता है। कोहली ने इंस्टाग्राम पर प्रधानमंत्री के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मिलना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। हमें प्रधानमंत्री आवास पर आमंत्रित करने के लिए आपका धन्यवाद। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप हारने के बाद यह विश्व कप जीतना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण था। शनिवार को भारत ने अपना दूसरा टी-20 विश्व कप जीता और आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म किया। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। भारत ने इसके पहले विश्व कप खिताब 1983 (एकदिवसीय), 2007 (टी20) और 2011 (एकदिवसीय) में जीते थे।










1. विजय जुलूस से पहले मुंबई के मरीन ड्राइव पर भारतीय टीम के स्वागत को जुटे लाखों प्रशंसक ।
2. मरीन ड्राइव पर डबल डेकर बस में सवार भारतीय टीम के खिलाड़ियों ने किया प्रशंसकों का अभिवादन।
3. दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते खिलाड़ी।
4. दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान बातचीत करते भारतीय खिलाड़ी।
4. प्रधानमंत्री मोदी को नमो 1 की जर्सी भेंट करते बीसीसीआई अधिकारी रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह।

# भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी दूसरे दौर में

लंदन, एजेंसी

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी ने गुरुवार को यहां पुरुष युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में प्रवेश किया जबकि ओलंपिक दल के सदस्य एन श्रीराम बालाजी और ल्यूक जॉनसन की जोड़ी विम्बलडन चैम्पियनशिप से बाहर हो गई। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी ने कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक और एलेक्जैंडर श्वेचेंको की जोड़ी को 58 मिनट में 6-4 6-4 से पराजित किया। अब भांबरी और ओलिवेटी का सामना जर्मनी के क्राविट्ज और टिम पुएट्ज की जोड़ी से होगा।

बालाजी और जॉनसन को पहले दौर में सर्बिया के मेट पाविक और अल साल्वाडोर के मार्सेलो अरेवालो की चौथी वरीय जोड़ी से 4-6 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

बोपन्ना और एब्डेन ने बुधवार को बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी। बोपन्ना और एब्डेन पिछले साल सत्र के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे। इससे पहले सुमित नागल और उनके सर्बियाई जोड़ीदार दुसान लाजोविच को पहले दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज और जॉमे मुनार से हार का सामना करना पड़ा।




### मेदवेदेव अगले दौर में पहुंचे, ओसाका हारी

**लंदन।** विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में डेनिल मेदवेदेव जहां अपना मुकाबला जीतकर अगले दौर में पहुंच गए, वहीं नाओमी ओसाको को हार का सामना करना पड़ा है। महिला एकल के अन्य मुकाबलो में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। इसके अलावा बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। दूसरी तरफ पुरुष एकल में पांचवी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को भी सेंटर कोर्ट पर कठिन शुरुआत मिली। उन्हें एलेक्जेंडर मुलर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन मेदवेदेव ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 6-7(3) 7-6(4) 6-4 7-5 से जीत दर्ज की। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनर ने अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6, 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# राजावत ने गेम्के को हराया कनाडा ओपन के दूसरे दौर में

**कैलगेरी (कनाडा)।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने यहां कनाडा ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले डेनमार्क के रासमुस गेम्के को हराया।

दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने आठवें वरीय गेम्के को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में एक घंटे और 10 मिनट में 17-21 21-16 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। राजावत अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। वह अगले दौर में जापान के ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में हिस्सा ले रहे दो अन्य भारतीयों आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा। शेट्टी को जापान के छठे वरीय कोकी वातानाबे के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि शंकर को फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में तान्या हेमंत और अनुपमा उपाध्याय भी दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहीं। तान्या ने कनाडा की जैकी डेंट को हराया जबकि अनुपमा ने आयरलैंड की रैशेल डेरेग को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। तान्या अगले दौर में थाईलैंड की तीसरी वरीय बुसानन ओंगबैमरुंगफान से भिड़ेंगी जबकि अनुपमा को कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ खेलना है।

## खेल डायरी

### डोप जांच में विफल रही दीपांशी, नाडा ने किया निलंबित

**नई दिल्ली।** नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50 .92 सेकेंड) के बाद 52 .01 सेकेंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिए गए डोप नमूने में एनाबोलिक स्टेरायड मिला है। ये नमूने 27 जून को हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में लि गए। राष्ट्रीय अंतर्राज्यीय चैंपियनशिप 27 से 30 जून में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था।

### त्वेसा संयुक्त 24वें और दीक्षा 46वें स्थान पर

**लंदन।** भारतीय महिला गोल्फर त्वेसा मलिक संधू यहां अरामको टीम सीरीज लंदन के पहले दौर में इवन पार 73 के कार्ड से संयुक्त 24वें स्थान पर रहीं। उनकी साथी भारतीय दीक्षा डागर दो ओवर 75 के कार्ड से संयुक्त 46वें स्थान पर बनी हुई हैं जबकि प्रणवी उर्स ने सात ओवर 80 का निराशाजनक कार्ड खेला जिससे उनके कट में प्रवेश की संभावना नहीं है। दीक्षा अगले हफ्ते मेजर एवियन चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी, उन्होंने तीन बर्डी लगायीं जबकि तीन बोगी और एक डबल बोगी की।

### अमेरिका महिला क्रिकेट टीम के कोच बने मोरिंग

**न्यूयॉर्क।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर हिल्टन मोरिंग को अमेरिका की राष्ट्रीय महिला और अंडर-19 टीम का कोच नियुक्त किया गया। अमेरिका की क्रिकेट संस्था ने यह घोषणा की। मोरिंग वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर शिवनारायण चंद्रपाल की जगह लेंगे और इस साल बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम को तैयार करेंगे। दक्षिण अफ्रीका महिला टीम के कोच रह चुके 46 वर्षीय मोरिंग ने कहा कि वह अमेरिका में क्रिकेट के विकास में योगदान करना चाहते हैं।

### शतरंज : गुकेश ने करुआना को बराबरी पर रोका

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे। अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय करुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4 .5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं। नेपोमनियाची 3 .5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है।

### बिलियर्ड्स चैंपियनशिप: आडवाणी ने पारिख को हराया

**रियाद।** भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए। मैच में पारिख ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला फ्रेम 101-38 से जीता। दूसरे फ्रेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन पारिख ने 100-99 से आडवाणी को हराकर 2-0 की बढ़त बनाई। आडवाणी ने दो फ्रेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरा फ्रेम 101-0 से जीता। चौथे फ्रेम में पारिख 95 के ब्रेक के बावजूद आडवाणी को 101-95 से जीतने से नहीं रोक पाए। आडवाणी पांचवें फ्रेम में हावी रहे और 87 के ब्रेक के साथ 104-2 की जीत से 3-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे।

# ओलंपिक में 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे। तोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले और मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में डायमंड लीग के अंतिम चरण में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

भारतीय एथलेटिक्स टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इनमें एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले, तेजिंदरपाल सिंह तूर और बाधा दौड़ के धावक ज्योति याराजी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश शामिल हैं। इस टीम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की टीम को पीछे छोड़कर सनसनी मचा दी थी। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं 1 अगस्त से 11 अगस्त तक होगी।



- 1 से 11 अगस्त तक आयोजित होंगी ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं, 11 महिलाएं, 17 पुरुष शामिल

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय एथलेटिक्स टीम में पुरुष : अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज़), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अबुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी पैदल चाल), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4x400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4x400 मीटर रिले), सूरज पंवार (पैदल चाल मिश्रित मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद)। **महिला :** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज़ और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4x400 मीटर रिले), प्राची (4x400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी पैदल चाल)।

# द. अफ्रीका के खिलाफ तैयारी पुख्ता करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है। इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

टीम ने बेंगलुरू में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी-20 श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है। टीम इस आंकड़े को बेहतर करना चाहेगी। दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजी में अच्छी शुरुआत के लिए कप्तान लॉरा वोलवार्ट पर बहुत अधिक निर्भर होगा। वोलवार्ट ने एकदिवसीय श्रृंखला और एकमात्र टेस्ट में शतक लगाकर अपनी शानदार फॉर्म की झलक दिखाई। अगर दक्षिण अफ्रीका को पिछले साल जनवरी के बाद टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला जीतनी है तो सलामी बल्लेबाज वोलवार्ट का प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा।

**टी-20 श्रृंखला**




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### जापान में नसबंदी का शिकार हुए लोगों को मुआवजा देने का आदेश

**तोक्यो।** जापान के उच्चतम न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसले में बुधवार को सरकार को उन पीड़ितों को उचित मुआवजा देने का आदेश दिया जिनकी अब निरस्त किए जा चुके यूजेनिक्स प्रोटेक्शन लॉ के तहत जबरन नसबंदी की गयी थी। यह कानून शारीरिक रूप से अक्षम लोगों के संतान न पैदा करने के लिए बनाया गया था। ऐसा अनुमान है कि पैदा होने वाली संतानों में किसी प्रकार की शारीरिक कमी को रोकने के लिए 1950 से 1970 के बीच इस कानून के तहत बिना सहमति के करीब 25,000 लोगों की नसबंदी की गयी थी।

### कनाडा में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में एक की मौत

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिम में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। सीटीवी रिपोर्ट के मुताबिक, घटना कोलंबिया के पास बीसी अलबर्टा बोर्डर के नजदीक कोलंबिया वैली क्षेत्र में मंगलवार शाम को हुई। हेलिकॉप्टर में सवार तीन लोगों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जो पायलट था और दो लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एक महीने में तीसरे जापानी पर्वतारोही ने गंवाई जान

**पेशावर।** उत्तरी पाकिस्तान के सबसे ऊंचे पहाड़ों में से उतरते समय एक जापानी पर्वतारोही की मौत हो गई। एक महीने से भी कम समय में इस पहाड़ पर किसी जापानी के साथ यह ऐसी तीसरी घटना है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### भारत की यात्रा के बाद चीन जाएंगी हसीना

**बीजिंग।** चीन ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अगले सप्ताह की शुरुआत में बीजिंग का दौरा करेंगी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग सहित देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात करेंगी, जिससे आपसी राजनीतिक विश्वास बढ़ेगा और द्विपक्षीय संबंध एक नए स्तर पर पहुंचेंगे। हसीना 8 से 10 जुलाई तक चीन की यात्रा पर रहेंगी। भारत यात्रा के कुछ दिनों बाद उनकी इस यात्रा को भारत और चीन के बीच संबंधों को संतुलित करने के एक स्पष्ट प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### जापानी शख्स को जेल के साथ बेंत से मारने की सज़ा

**कुआलालंपुर।** सिंगापुर में नशे में धुत छात्रा पर क्रूर हमला करने और बलात्कार के जुर्म में एक जापानी हेयर स्टाइलिस्ट को 17 .5 साल की जेल और 20 बेंत मारने की सजा सुनाई गई है। उसके वकील ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बचाव पक्ष के वकील एड्रियन वी ने बताया कि 39 वर्षीय किता इक्को ने बलात्कार और अश्लील फिल्म बनाने के आरोप को सोमवार को स्वीकार कर लिया था।

समाचार एजेंसी 'क्योदो' ने सिंगापुर में जापानी दूतावास के हवाले से कहा कि सिंगापुर में बेंत से मारने की सज़ा पाने वाला किता पहला जापानी है।

# बारिश का मौसम आया... सांपों से जरा बचके रहें



बारिश का मौसम शुरू होते ही सांपों का खतरा बढ़ जाता है। देशभर में कई जगह से सर्पदंश से होने वाली मौत की खबरें आती रहती हैं। दुनियाभर में सांपों की अनगिनत प्रजातियां पाई जाती हैं। अगर भारत की बात करें तो देश में सांपों की लगभग 300 प्रजातियां पाई जाती हैं। इन प्रजातियों में से करीब 50 प्रजातियां बेहद ही जहरीली होती हैं। भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में से केवल 15 से 17 प्रतिशत ही विषैले होते हैं, जिनमें समुद्री सांप भी शामिल हैं। भारत में 16 जुलाई को विश्व सर्प दिवस मनाया जाएगा। इसी के मद्देनजर सांपों के हमले से बचाव और प्रजातियों पर एक नजर डालते हैं।

### देश में पाए जाने वाले सांप

भारत में अजगरों की तीन प्रजातियां पाई जाती हैं – भारतीय रॉक अजगर, बर्मीज अजगर और जालीदार अजगर। जिन्हें दुनिया की सबसे बड़ी सांप प्रजाति माना जाता है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा विषैला सांप है। कॉमन करैत, रसेल वाइपर, सॉ स्केल्ड वाइपर, चश्माधारी कोबरा, पिट वाइपर, बैंडेड करैत, बैम्बू पिट वाइपर और अंडमान पिट वाइपर।

### सबसे ज्यादा प्रजातियों वाला राज्य

दुनियाभर में सबसे ज्यादा सांपों की प्रजातियां ब्राजील के अमेजन के जंगलों में पाई जाती हैं। इनमें से एनाकोंडा सबसे प्रमुख है। वहीं भारत का केरल एक ऐसा राज्य है, जहां सबसे ज्यादा प्रजाति के सांप मिलते हैं। लेकिन लक्षद्वीप एक ऐसा केंद्र शासित प्रदेश है, जहां पर एक भी सांप नहीं पाया जाता है। वहीं मध्य प्रदेश में सांपों की 36 प्रजातियां पाई जाती हैं।

### सांप काटने के लक्षण

जहरीले सांप के काटने से शरीर में काटने वाली जगह पर दर्द और सूजन, ऐंठन, मतली, उल्टी, अकड़न या कपकपी, एलर्जी, पलकों का गिरना, घाव के चारों ओर सूजन, जलन, लाल होना, त्वचा के रंग में बदलाव, दस्त, बुखार, पेट दर्द, सिरदर्द, जी मिचलाना, मांसपेशियों की कमजोरी, प्यास लगना, लो बीपी, घाव से खून बहना, बहुत पसीना आना और अंगों के आसपास के हिस्से का सुन्न पड़ना शामिल है।

### सांप के काटने पर क्या करें

सांप काटने पर तुरंत इलाज के लिए मरीज को अस्पताल ले जाएं। जिस जगह सांप ने काटा है, उस स्थान को बिल्कुल न हिलाएं। ब्लीडिंग होने पर खून को बहने दें। खून रोकने के लिए बीटाडीन का इस्तेमाल कर सकते हैं। पीड़ित व्यक्ति को शांत रखें और जितना संभव हो व्यक्ति को स्थिर रखें। घाव को ढीली और साफ पट्टी से कवर करें।

### भारत में सबसे जहरीली प्रजाति

भारत में पाए जाने वाले सभी सांपों में सबसे जहरीला सांप रसैल वाइपर है। इसके काटने से कुछ ही घंटों में इंसान की मौत हो जाती है। जानकार बताते हैं कि रसैल वाइपर के काटने से इंसान के शरीर के खून में थक्के जमने लगते हैं और कुछ ही देर में इंसान काल के गाल में समा जाता है।

ये रखें सावधानी

- जूते, टंगे कपड़ों आदि को झाड़कर ही पहनें।
- घर के कॉर्नर आदि को साफ सुथरा रखें।
- नीचे रखे बैग, पुराने सामान को चेक करते रहें।
- आंगन से अनावश्यक घास, पेड़-पौधों को हटवा दें।
- घास आदि में चलते समय जूते जरूर पहनें।

### ऐसे रखें सांपों को दूर

- लेमनग्रास, गेंदा का फूल, स्नैक प्लांट, तुलसी, कैक्टस आदि पौधे घर के आसपास लगाएं।
- घर में फिनाइल का छिड़काव कर दें। इसकी जगह पर आप विनेगर या मिट्टी का तेल भी स्प्रे कर सकते हैं।
- सांप निकलने पर आप लौंग और दालचीनी के तेल को मिक्स करके उस पर स्प्रे कर सकते हैं।

# एससीओ का लक्ष्य आतंकवाद से लड़ाई

## शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्र प्रमुखों के समक्ष विदेश मंत्री जयशंकर ने उठाया मुद्दा

अस्ताना, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को अलग-थलग करने और बेनकाब करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया करोते हैं और आतंकवाद को नजरअंदाज करते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है।

कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विचारों को रखते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का एक मूल लक्ष्य आतंकवाद से लड़ना है। जयशंकर ने सम्मेलन में कहा हममें से कई लोगों के अपने अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे सामने आते हैं। यह बात स्पष्ट होनी चाहिए कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा बन सकता है। किसी भी रूप या स्वरूप में आतंकवाद को उचित नहीं ठहराया जा सकता या माफ नहीं किया जा सकता। सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। जयशंकर ने पाकिस्तान और उसके सहयोगी चीन के परोक्ष संदर्भ में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन देशों को अलग-थलग करना चाहिए और बेनकाब कर देना चाहिए जो आतंकवादियों को पनाह देते हैं, सुरक्षित पनाहगाह प्रदान करते हैं और आतंकवाद को बढ़ावा देते हैं।

चीन ने अक्सर पाकिस्तान के वांछित आतंकवादियों को काली सूची में डालने के लिए संयुक्त राष्ट्र में प्रस्तुत प्रस्तावों को अवरुद्ध किया है। उन्होंने कहा सीमापार आतंकवाद के लिए निर्णायक प्रतिक्रिया चाहिए और आतंकवाद के वित्तपोषण तथा भर्ती से दृढ़ता से निपटना होगा।

हमें हमारे नौजवानों के बीच कट्टरता फैलाने के प्रयासों को रोकने के लिए सक्रियता से कदम उठाने चाहिए। जयशंकर ने कहा कि पिछले साल भारत की अध्यक्षता के दौरान इस विषय पर जारी संयुक्त बयान नई दिल्ली की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

**मिलेट फूड फेस्टिवल, एससीओ फिल्म फेस्टिवल का किया जिक्र :** भारत ने अपनी अध्यक्षता के दौरान एससीओ मिलेट फूड फेस्टिवल, एससीओ फिल्म फेस्टिवल, एससीओ सूरजकुंड क्राफ्ट मेला, एससीओ थिंक-टैंक सम्मेलन और साझा बौद्ध विरासत पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। हम स्वाभाविक रूप से अन्य देशों के इसी तरह के प्रयासों का समर्थन करेंगे। विदेश मंत्री ने सफल मेजबानी के लिए कजाखस्तान की तारीफ की।

**बीजिंग से संचालित होता है एससीओ :** एससीओ का कामकाज बीजिंग से संचालित होता है। इसके नौ सदस्य देशों में भारत, ईरान, कजाखस्तान, चीन, किर्गिज, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान हैं। यह एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा समूह बनकर उभरा है। बेलारूस इसमें 10वें सदस्य के रूप में शामिल हुआ है।



सम्मेलन में बात रखते जयशंकर।



चीन व रूस के राष्ट्रपति समेत उपस्थित कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष। • एजेंसी

### जलवायु परिवर्तन चिंतनीय, भारत उठा रहा कदम

**अस्ताना।** जयशंकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन दुनिया के सामने एक प्रमुख चिंता का विषय है और भारत उत्सर्जन में संकल्पित कमी लाने तथा जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण करने की दिशा में काम कर रहा है। जिसमें वैकल्पिक ईंधन की ओर बदलाव, इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाना और जलवायु के अनुरूप लचीला बुनियादी ढांचा निर्माण शामिल है। भारत की एससीओ अध्यक्षता के दौरान परिवहन क्षेत्र में कार्बन से मुक्ति पर एक संकल्पना पत्र को मंजूरी दी गई थी। सम्मेलन के दौरान मोदी ने कहा था कि भारत पहले ही 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य की घोषणा कर चुका है।

### 2025 में सम्मेलन की अध्यक्षता करेगा चीन

**अस्ताना।** एससीओ की अगली बैठक 2025 में चीन में होगी और चीन एससीओ की अध्यक्षता भी करेगा। एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद के अस्ताना घोषणापत्र में कहा गया आगामी समय के लिए एससीओ की अध्यक्षता चीन को सौंपी जा रही है।

### एससीओ की सुरक्षा बनाए रखना मुख्य कार्य : पुतिन

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि एससीओ के सदस्य देशों की सुरक्षा संगठन की प्राथमिकता बनी हुई है और इस कार्य को पूरा करने के लिए एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद रोधी संरचना में बदलाव लाया जाएगा। पुतिन ने बैठक में कहा, बेशक, बाहरी सीमाओं के दायरे के साथ राज्य प्रतिभागियों की सुरक्षा का रखरखाव एससीओ की प्राथमिकताओं में से एक रहा है और रहेगा। एससीओ क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी संरचना को एक सार्वभौमिक केंद्र में बदलने पर आज लिए गए निर्णय सुरक्षा खतरों की पूरी श्रृंखला को जवाब देने में सक्षम है।

# ऋषि सुनक का चुनावी भविष्य मतपेटी में कैद

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में गुरुवार को आम चुनाव के लिए वोट डाले गए, जिसमें प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और लेबर पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी कीर स्टार्मर सहित लाखों लोगों ने मतदान किया। सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति उत्तरी इंग्लैंड के यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन के अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय मतदान केंद्र पर पहुंचे।

थोड़ी देर बाद स्टार्मर और उनकी पत्नी विक्टोरिया लाल रंग की पोशाक पहने उत्तरी लंदन के कैमडेन में अपने मतदान केंद्र पर पहुंचे। इस चुनाव में प्रधानमंत्री एवं कंजर्वेटिव पार्टी के नेता ऋषि सुनक (44) के राजनीतिक भविष्य का फैसला होगा। सुनक का मुख्य मुकाबला लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर से है। सुनक ने मतदाताओं से कर बढ़ाने वाली लेबर पार्टी को बहुमत नहीं देने का आग्रह किया है। इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े किए गए हैं।

दो मुख्य दलों के अलावा, लिबरल डेमोक्रेट्स, ग्रीन पार्टी, स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी), एसडीएलपी, डेमोक्रेटिक यूनियनिस्ट पार्टी (डीयूपी), सिन फिएन, प्लेड सायमरू, रिफॉर्म पार्टी ने भी अपने उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। कई निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं।

### ब्रिटेन में डाले गए वोट



पत्नी के साथ वोट डालने जाते सुनक।

- इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में 650 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए उम्मीदवार खड़े

### 40,000 मतदान केंद्र, चार करोड़ 60 लाख मतदाता

देश भर में बनाए गए करीब 40,000 मतदान केंद्र स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे खुल गए जिनमें लगभग चार करोड़ 60 लाख मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार का चुनाव कर सकेंगे। इस बार मतदान केंद्र पर पहचान पत्र साथ ले जाना अनिवार्य है। मतदान स्थानीय समयानुसार रात दस बजे समाप्त होंगे जिसके पश्चात चुनाव बाद के सर्वेक्षण आने प्रारंभ हो जाएंगे जिनसे इस बात की झलक मिलेगी कि देश में राजनीतिक परिदृश्य कैसा रहने वाला है। सुनक ने बुधवार को लोगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा यही बात हमें एकजुट करती है।

## फ्रांस की सरकारी प्रवक्ता पर चुनाव प्रचार के दौरान हमला

**पेरिस।** संसदीय चुनाव से कुछ ही दिन पहले, फ्रांसीसी सरकार की प्रवक्ता प्रिस्का थेवेनोट पर चुनाव प्रचार के दौरान हमला होने की खबर है। प्रधानमंत्री गेब्रियल अट्टल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, मैक्रों के नेतृत्व वाले मध्यमार्गी गठबंधन एनसेंबल की उम्मीदवार थेवेनोट, उनकी सहायक और एक पार्टी कार्यकर्ता 7 जुलाई को होने वाले चुनाव से पहले बुधवार रात पेरिस के पास चुनावी पोस्टर लगा रहे थे, तभी एक समूह ने उन पर हमला कर दिया। मीडिया की खबरों में बताया गया कि थेवेनोट घायल नहीं हुई हैं और वह अपना प्रचार जारी रखेंगी।

## कमांडर की हत्या पर हिज्बुल्ला ने इजराइल पर दागे 200 रॉकेट

बेरूत, एजेंसी

वरिष्ठ कमांडर की हत्या के प्रतिशोध में चरमपंथी संगठन हिज्बुल्ला ने इजराइल के कई सैन्य ठिकानों पर 200 से अधिक रॉकेट दागे हैं। यह हमला ईरान समर्थित आतंकवादी समूह द्वारा किया गया सबसे बड़ा हमला था। हाल के हफ्तों में इस इलाके में तनाव बढ़ गया था।

इजराइली सेना ने कहा कि लेबनान से कई प्रक्षेपास्त्र उसके क्षेत्र में दागे गये थे, जिनमें से कई को बीच में ही नष्ट कर दिया गया। हताहतों की तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली है। इजराइल ने बुधवार को स्वीकार किया कि उसने एक दिन पहले दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के तीन क्षेत्रीय डिवीजनों में से एक का नेतृत्व करने वाले मोहम्मद नामेह नासिर को मार गिराया था। इसके कुछ घंटों बाद, हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल और कब्जे वाले सीरियाई गोलन पहाड़ियों पर भारी आयुधों के साथ दर्जनों कत्युशा और फलक रॉकेट दागे।



## द.अफ्रीका में 34 हजार साल पुराने दीमक के टीले मिले

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिकों को यह जानकर हैरानी हुई कि देश के शुष्क क्षेत्र में मौजूद दीमक के टीले 30,000 से अधिक वर्ष पुराने हैं जिसका मतलब है कि वे दीमक के अब तक के ज्ञात सबसे पुराने सक्रिय टीले हैं।

स्टेलेनबॉश विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि रेडियोकार्बन डेटिंग में नामाक्वालैंड में बफेल्स नदी के पास के कुछ टीले मिले हैं। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में वरिष्ठ व्याख्याता मिशेल फ्रांसिस ने कहा हम जानते थे कि ये पुराने हैं लेकिन यह पता नहीं था कि इतने पुराने हैं। उनका शोधपत्र मई में प्रकाशित हुआ।

# गाजा के सुरक्षित क्षेत्र में भी जीवन पर खतरा

**खान यूनिस (गाजा पट्टी)।** गाजा में इजराइल द्वारा घोषित किए गए सुरक्षित क्षेत्र में भी लोगों का जीवन खतरे में है जहां भोजन की किल्लत है और लोग इजराइली हमलों के डर में जी रहे हैं। बुधवार को खान यूनिस के एक प्रमुख अस्पताल के पास एक रिहायशी इमारत पर इजराइल की ओर से किया गया हमला इसका ताजा उदहारण है।

गाजा के खान यूनिस शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थित नासेर अस्पताल के पास किए गए हवाई हमले में सात लोग घायल हो गए। इजरायल की सेना द्वारा उपलब्ध कराए गए मानचित्र के अनुसार यह शहर सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है और फिलिस्तीनियों को इस क्षेत्र में शरण लेने को कहा गया है। संरा के अनुमान के अनुसार इस सप्ताह की शुरुआत में इजराइल की ओर से दिए गए निकासी आदेश का असर लगभग ढाई लाख फिलिस्तीनियों पर पड़ा है। नासेर अस्पताल के पास हुए हमले हवाई हमले के बाद के दृश्य का वीडियो एक संवाददाता द्वारा बनाया गया, जिसमें चारों तरफ धूल उड़ती दिख रही है और लोग भाग रहे हैं। साथ ही दो युवक एक व्यक्ति को ले जा रहे हैं जो संभवता हमले में घायल हुआ है। खान यूनिस के पूर्वी हिस्से से विस्थापित हुए परिवारों को सिर छिपाने के लिए जगह ढूंढ़ने के वास्ते एक और जंग लड़नी पड़ रही है।

- भोजन की किल्लत व इजराइली हमले का डर भी सता रहा

### युद्ध विराम को लेकर कतर, मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श

**गाजा।** फिलीस्तीन स्थित इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने गाजा पट्टी में इजरायली युद्ध को समाप्त करने के लिए कतर और मिस्र के मध्यस्थों के साथ परामर्श किया है। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) ने बुधवार को कहा हमने अपने फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ आक्रामकता को रोकने के लिए मध्यस्थ भाइयों के साथ कुछ विचारों का आदान-प्रदान किया। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि इजरायल को मध्यस्थों से हमास का जवाब मिला है। उन्होंने पुष्टि की कि इजरायल हमास की प्रतिक्रिया पर विचार करेगा और उस पर प्रतिक्रिया देगा।

## बॉलीवुड हलचल

### सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में मचायी धूम

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने सिडनी में कॉन्सर्ट में धूम मचा दी। देश में सबसे ज़्यादा पसंद किए जाने वाले और प्रतिभाशाली संगीत जोड़ियों में से एक के रूप में मशहूर सचिन-जिगर के दुनिया भर में बहुत ज्यादा फैंस हैं। भेड़िया के अपना बना ले, जरा हटके जरा बचके के फिर और क्या चाहिए और तेरे वास्ते जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट गानों के लिए मशहूर इस जोड़ी ने हाल ही में हॉरर कॉमेडी फ़िल्म 'मुंज्या' के अपने नए एल्बम से लोगों का दिल जीत लिया। इस जोड़ी ने सिडनी में एक दमदार परफॉरमेंस के साथ अपने पहले बहुप्रतीक्षित ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत करके अपने हिट ट्रैक पर अंतरराष्ट्रीय दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

### अनुष्का शर्मा ने ननद की पोस्ट पर दिया प्यार भरा रिएक्शन

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अनुष्का शर्मा ने अपनी ननद के पोस्ट पर कॉमेंट किया है जो उन्होंने अपने भाई यानी विराट कोहली के लिए उनकी जीत को सेलिब्रेट करने के लिए किया है। दरअसल विराट कोहली गुरुवार सुबह बारबाडोस से घर वापस लौटे हैं और दिल्ली में आईटीसी मौर्य होटल में ठहरे हैं। उनसे मिलने के लिए कोहली की बड़ी बहन भावना कोहली ढींगरा अपने हसबैंड और बच्चों के साथ होटल पहुंचीं और इस मुलाकात की कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी पोस्ट कीं। भावना ने इस मौके की कई तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें क्रिकेटर अपने परिवार और भतीजे-भतीजी के साथ पोज देते दिख रहे हैं।



### वाणी कपूर के साथ काम करेंगे फवाद खान!

**मुंबई।** पाकिस्तानी फिल्मों के जानेमाने अभिनेता फवाद खान, बॉलीवुड अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। फवाद ने ए दिल है मुश्किल, खूबसूरत और कंपूर एंड संस जैसी बॉलीवुड फिल्मों में काम किया है। बहुत जल्द वाणी कपूर के अपोजिट एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। फवाद और वाणी कपूर इंटरनेशनल फिल्म प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे। फिल्म की कहानी दो ऐसे लोगों के बारे में है जिनका ब्रेकअप हो गया है।

## भारतीय नौसेना प्रमुख ने बांग्लादेशी समकक्ष से की मुलाकात

**ढाका।** भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने बांग्लादेश के नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल वकर-उज-जमान से मुलाकात कर मजबूत द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की और दोनों सशस्त्र बलों के बीच सहयोग के नए अवसरों के बारे में विचार-विमर्श किया। एडमिरल त्रिपाठी द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने व समुद्री क्षेत्र में सहयोग के नए अवसरों की तलाश करने के लिए 30 जून को बांग्लादेश की पांच दिवसीय यात्रा पर गए थे। भारतीय नौसेना की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि भारत और बांग्लादेश के बीच नौसेना सहयोग पारंपरिक रूप से मजबूत रहा है, जिसमें बंदरगाहों पर यात्रा और द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास के माध्यम से परिचालन संबंधी बातचीत के साथ-साथ क्षमता निर्माण, क्षमता वृद्धि और प्रशिक्षण पहल शामिल हैं।

तनाव

एक संसद सदस्य ने युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की

# ऑस्ट्रेलिया की संसद में घुसे फिलिस्तीन समर्थक

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया की संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देते हुए फिलिस्तीन समर्थक कुछ प्रदर्शनकारी गुरुवार को भीतर दाखिल हो गए और भवन की छत से बैनर लहराए। इस बीच, संसद के एक सदस्य ने गाजा युद्ध को लेकर फैसले से असहमति जताते हुए सरकार से बाहर होने की घोषणा की।

पांच सप्ताह के अवकाश के बाद संसद की कार्यवाही के अंतिम दिन हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। ग्रेट वेरंडा के नाम से विख्यात इमारत के अग्रभाग पर चार प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे से अधिक समय तक युद्ध अपराध और नरसंहार शब्दों के साथ-साथ फिलिस्तीनी रैली के प्रमुख नारे नदी से समुद्र तक, फिलिस्तीन स्वतंत्र होगा नारे वाले बैनर लहराए। चारों प्रदर्शनकारियों को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया।

अफगानिस्तान में जन्मीं सीनेटर फातिमा पायमन ने घोषणा की कि गाजा पर पार्टी के रुख को अस्वीकार करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ लेबर पार्टी छोड़ दी है। फातिमा पायमन एकमात्र ऑस्ट्रेलियाई सांसद हैं, जिन्होंने सदन की बैठकों के दौरान हिजाब पहना। फातिमा ने संवाददाताओं से कहा मेरा परिवार युद्धग्रस्त देश से भागकर शरणार्थी के रूप में इसलिए यहां नहीं आया है कि मैं निर्दोष लोगों पर हो रहे अत्याचारों को देखकर चुप रहूं। उन्होंने कहा हमारे समय के सबसे बड़े अन्याय के प्रति हमारी सरकार की उदासीनता को देखकर मैं पार्टी के रुख पर सवाल उठाने को मजबूर हूं।

पहली बार सीनेटर बनीं फातिमा ने पिछले सप्ताह एक छोटे दल के प्रस्ताव का समर्थन करके अपने सरकारी सहयोगियों की अवहेलना की थी, जिसमें संसद से फिलिस्तीन को मान्यता देने की मांग की गई थी।




संसद की दीवार पर बैनर टांगते प्रदर्शनकारी।

### ऑस्ट्रेलिया ने देश के रूप में नहीं दी है मान्यता

ऑस्ट्रेलिया फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देता है। ऑस्ट्रेलियाई सरकार द्वि-राष्ट्र समाधान को लेकर प्रतिबद्ध है जिसमें इजराइल और भविष्य का फिलिस्तीन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर शांति और सुरक्षा के साथ सह-अस्तित्व में रह सकें। पुलिस ने कहा कि चारों प्रदर्शनकारियों पर संसद भवन में अवैध रूप से प्रवेश का आरोप लगाया जा सकता है।